हृदन्तरज्ञान-तमो-वितान-निवारणं पण्डित-मण्डलीड्यम्। त्रिकालदर्शि

श्री शंकरः शं करोतु।

भारतीय एवं पाश्चात्य ज्योतिष के विषयों

पंचांग-प्रवर्तकः

अखिल भारतोपयोगी

विक्रम संवत् २०५९, शक संवत् १९२४
सन् २००२-२००३, जय हिन्द संवत् ५५-५६

भीमाय व्योमरूपाय शब्दमात्राय ते नमः।
महादेवाय सोमाय अमृताय नमोऽस्तु ते॥

दैवज्ञरत्न राजज्योतिषी
स्व० पं० श्री मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्योतिषाचार्य

श्री मार्त्तण्ड पञ्चांगम्

पञ्चांगप्रवर्तक

अनेक ग्रंथों के यशस्वी लेखक स्व० पं० श्री मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्योतिषाचार्य

सम्पादक मण्डल

श्री प्रियव्रत शर्मा, M.A., सिद्धान्तज्योतिषाचार्य (बनारस), साहित्याचार्य, स्वर्ण-रजत पदक प्राप्त

दृक्सिद्धान्तभास्कर डॉ० शक्तिधर शर्मा M.Sc, Ph.D. (Nuclear Physics), (U.S.A.), F.R.A.S. (LONDON), M.A., सिद्धान्तज्योतिषाचार्य (बनारस), तीन स्वर्ण पदक प्राप्त

ज्योतिर्भूषण श्री इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, M.A., ज्योतिषाचार्य,

प्रकाशक: रुचिका पब्लिकेशन्स
7/6411 देवनगर, आर्य समाज रोड़, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

मूल्य ७५.००

श्री मार्तण्ड पंचांग के 75 वें वर्ष प्रवेश की मांगलिक वेला पर

प्रिय पाठकों को हार्दिक बधाई

श्री शंकरः शं करोतु।

भीमाय व्योमरूपाय शब्दमात्राय ते नमः।
महादेवाय सोमाय अमृताय नमोऽस्तु ते॥

60 वर्ष (1941 से 2000 ई. तक) का चन्द्र सहित सभी ग्रहों का सूक्ष्मतम राशि प्रवेश काल (भा.स्टे.टा.)

देखें पृष्ठ 362 से 414

विक्रम संवत् २०५९, शक संवत् १९२४

सन् २००२-२००३, जय हिन्द संवत् ५५-५६

पंचांग-प्रवर्तकः

दैवज्ञरत्न राजज्योतिषी
स्व. पं. श्री मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्योतिषाचार्य

श्री मार्त्तण्ड पञ्चांगम्

राजा शनि

मंत्री शनि

पञ्चांगप्रवर्तक

अनेक ग्रंथों के यशस्वी लेखक स्व. पं. श्री मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्योतिषाचार्य

सम्पादक मण्डल

श्री प्रियव्रत शर्मा, M.A., सिद्धान्तज्योतिषाचार्य (बनारस), साहित्याचार्य, स्वर्ण रजत पदक प्राप्त

• दृक्सिद्धान्तभास्कर डॉ. शक्तिधर शर्मा M.Sc, Ph.D. (Nuclear Physics), (U.S.A.), F.R.A.S. (LONDON), M.A., सिद्धान्तज्योतिषाचार्य (बनारस), तीन स्वर्ण पदक प्राप्त

ज्योतिर्भूषण श्री इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, M.A., ज्योतिषाचार्य,

प्रमुख वितरक : अग्रवाल बुक डिपो

460, खारी बावली दिल्ली-6 दूरभाष : 3943254, 3936116, निवास: 5721403

मूल्य ७५.००

इस पञ्चाङ्ग में प्रयुक्त ज्ञातव्य सांकेतिक शब्द

अ.-	अस्त, अश्विनी, अनुराधा (नक्षत्र)। अतिगण्ड (योग), अग्नि (वाण)।
अं.-	अंग्रेजी (तारीख, मास), अंश।
आव.-	आवश्यकता में।
उ.-	उपरान्त, उदित, उत्तर।
उ. गो. -	उत्तर गोल।
क. -	करण, कर्क, कला।
कृ. -	कृष्णपक्ष, कृत्तिका (नक्षत्र)
क्रां. सा. -	क्रान्तिसाम्य (महापात)
गोधू. -	गोधूलि (लग्न)
घ. -	घड़ी।
घं. -	घण्टा।
चो. -	चोर (वाण)
ति. -	तिथि।
द. -	दक्षिण।
द. गो.	दक्षिण गोल।
दा. -	दान, पूजन।
दि. -	दिन।
दि. मा. -	दिनमान।
दि. ल. -	दिन का ल. न।
न. -	नक्षत्र।
निं. -	निम्बार्कों के लिए।
ने. -	नेप्च्यून।
नृ. -	नृप (वाण)।
प. -	पल, परिघ (योग), पश्चिम।
प्र. -	प्रविष्टा (पंजाबी तारीख)।
प्रा. -	प्रारम्भ।
भ. -	भद्रा, भरणी (नक्षत्र)।
भा. -	भाद्रपद।
मा. -	मार्गी।
मि. -	मिनट, मिथुन।
मृ. -	मृगशिरा, मृत्यु (वाण)।
या. -	यावत् (=तक)।
रा. -	रात्रि, राशि।
रो. -	रोग (वाण), रोहिणी।
ल. -	लग्न।
व. -	वक्री, वक्रगति से, वणिक्, वज्र, वरीयान् (योग)
वा. -	वार
वि. -	विकला, विष्टि (करण), विष्कम्भ, विशाखा।
वि. मु. -	विवाहमुहूर्त।
वै. -	वैष्णवों के लिए, वैधृति (योग) वैशाख।
व्र. स. -	व्रत सबके लिए।
शु. -	शुक्लपक्ष, शुक्रवार, शुक्र (ग्रह) शुभ, शुक्ल (योग)।
श. -	भारत सरकार द्वारा संचालित शक संवत्, तारीख-मास।
स. -	समाप्त।
सं. -	संक्रान्ति, संवत्।
सां. का. -	साम्पातिक काल।
सा. -	सायन।
स्मा. -	स्मार्तों के लिए।
ल. -	लग्न

इस पंचाग के तिथि, नक्षत्र, योग, ग्रह भोगांश और ग्रहों के क्रान्ति-शर की गणित डा. शक्तिधर शर्मा द्वारा विकासित *Computer Program* से की जातीं है।

इस पञ्चाङ्ग के लिए आवश्यक निर्देशन

(१) इस पञ्चाङ्ग का निर्माण ग्रीन्विच से पूर्व रेखांश ७६°।५२' एवं उत्तर अक्षांश ३०°।४४' के आधार पर किया गया है, अतः यहां जहां विशेष निर्देश न किया गया हो वहां 'सूर्योदय' से हमारा अभिप्राय इसी स्थल के सूर्योदय से रहता है।

(२) यहां सर्वत्र निरयणपद्धति को अपनाया गया है। जहां सायनगणना की गई है, वहां निर्देश कर दिया गया है। चित्रापक्षीय अयनांश प्रामाणिक माने हैं। इस पञ्चाङ्ग में दिए गए अयनांश धूनन-संस्कार-संस्कृत (स्पष्ट) हैं।

(३) तिथि, नक्षत्र एवं करणों के सम्मुख दिए गए घटी-पल उनका सूर्योदय से समाप्तिकाल बतलाते हैं।

(४) इस पंचांग में केवल सूर्योदयव्यापी ही करण लिखे गए हैं, दूसरे नहीं।

(५) चन्द्रसञ्चार वाले कालम में राशियां के साथ दिए गए घड़ी-पल चन्द्रमा के राशिप्रवेश का काल बतलाते हैं।

(६) चंन्द्रसंचार के आगे वाले कालमों में सूर्य के उदयास्त, जोकि भा. स्टैं. टा. में हैं, उपरोक्त स्थल के ही हैं। इनका सम्बन्ध सूर्यकेन्द्र से है। ये सूर्योदयास्तकाल किरण-वक्री-भवन संस्कार रहित हैं। प्रत्यक्ष देखने के लिए दो मिनट सूर्योदय में घटाएं एंव सूर्यास्त में जोड़ें।

(७) घड़ी-पलों वाले २४ पक्षों के लस्टर में पंचक-भद्रा की प्रारम्भ-समाप्ति, ग्रहों के उदयास्त, वक्र-मार्ग तथा राशि-नक्षत्र-प्रवेश आदि के सभी काल भी घड़ीपलों में ही हैं। यह घड़ीपल उपरोक्त स्थल के सूर्योदय से बीता काल बतलाते हैं।

(८) पंक्तियों (अष्टमी, पूर्णिमा, अमावस्या) के स्पष्टग्रहों के नीचे दैनिक-गति, उसके नीचे मार्गी या वक्री, उसके नीचे उदित या अस्त, फिर चरण सहित नक्षत्र का (जिस में ग्रह है उसका) निर्देश किया गया है।

(९) पंक्तियां की सभी कुण्डलियां सूर्योदय-कालिक हैं।

(१०) पञ्चाङ्ग की गणित, आचार्यों एवं ऋषियों द्वारा अनुमोदित सूक्ष्म दृक्तुल्य पद्धति द्वारा की गई है।

(११) यहां दिए गए ग्रह एवं शर भूमध्य दृश्य हैं।

(१२) जिस घटीपलात्मक तिथि, योग, नक्षत्र के आगे (६०/०) लिखा है, उस तिथि योग नक्षत्र की वृद्धि समझें। घण्टामिनटात्मक तिथि, नक्षत्र योग के आगे (. . . .) ऐसा चिह्न उस तिथि, नक्षत्र, योग की वृद्धि बतलाता है।

(१३) यहां दिया गया भा. स्टैं. टा. ८२°/३०' पूर्व-रेखांश के स्थल का स्थानीयमध्यमकाल है।

(१४) दैनिक लग्न सारणियां चण्डीगढ़ के लिए हैं, ये सारणियां चित्रा-पक्षीय निरयणलग्नों का समाप्तिकाल बतलाती है।

(१५) पञ्चाङ्ग में क्षीणतिथि, नक्षत्र, योग के समाप्तिक्षण ही दिए गए हैं, पूर्ण भाग नहीं।

संक्षिप्त विषय सूची (सं . २०५९ वि .)

हीरकजयन्ती के अवसर पर विशेष सामग्री

अनन्त श्रीविभूषित श्रीकांचीकामकोटि- पीठाधिपति, जगद्गुरु श्रीशंकराचार्य जी का शुभाशीर्वाद (मुद्रा)

श्रीमत्परमहंस – परिव्राजकाचार्यवर्य्य – श्रीमच्छंकर– भगवत्पाद – प्रतिष्ठित – श्रीकांचीकामकोटिपीठाधिप – जगद्गुरु – श्रीमच्चन्द्रशेखरेन्द्र – सरस्वती – श्रीपादैः क्रियते नारायणस्मृतिः।

श्रीसदाशिव आप्टे- महोदयस्य शिष्यैः श्रीमुकुन्दवल्लभशर्मभिः प्रवर्तितम्, अधुना श्रीप्रियव्रतशर्म– श्रीशक्तिधरशर्म – श्रीमदिन्दुशेखर– शास्त्रिभिः तन्त्रद्वारा शुद्ध–स्फुट– गणितरीत्या परिशोध्य स्वीकृतया दृग्गणितपद्धत्या सम्पाद्यते। एतत्पञ्चांगं धर्मशास्त्रसम्मतैकमात्र – दृग्गणितपद्धत्यनुसारि–व्रत–पर्वादि – धार्मिक – कृत्यानुष्ठाने धार्मिकैः प्रयोज्यम्–इति सम्मन्यामहे। एतस्य सम्पादकः डॉ.शक्तिधरशर्मा ज्योतिष–गणितादि–विषयेषु महत्प्रागल्भ्यं भजते, इति अस्माभिः सः सप्रसादं " दृक्सिद्धान्तभास्करः ' इति विरुदेन पूर्वमेव सभाजितः। अधुना श्रीमार्तण्ड–पंचांगमेतत् स्वर्णजयन्ती–महोत्सवमनुभवत्, अशेषास्तिक–लोकोपकारकं सत् श्रीचन्द्रमौलीश – कृपया प्रचुरं प्रचारं प्राप्नुयादित्याशास्महे।

काञ्चीक्षेत्रम् नारायणस्मृतिः

'अनल' चैत्रामावस्या (सन् १९७६ ई.)

विशेष आकर्षण एवं उपहार :- सन् १९४१ से २००० ई. तक का चन्द्रसहित सभी ग्रहों का राशिप्रवेशकाल (भा. स्टै. टा.), जिसकी सहायता से इन ६० वर्षों की अवधि में उत्पन्न जातक की जन्मकुण्डली तुरन्त बनाई जा सकती है, (देखें पृष्ठ ३६२-४१४)।

'श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' :- एक सिंहावलोकन

लेखक- डॉ. गोपालचन्द शर्मा, वार्ड नं. 8, नालागढ़ (हि.प्र.)

पञ्चांग प्रवर्त्तक- पं. श्री मुकुन्दवल्लभ मिश्र, ज्यौतिषाचार्य

पं. श्री मुकुन्दवल्लभ मिश्र, ज्योतिषाचार्य एक ऐसा नाम है जो भारतीय ज्योतिष-जगत् में परिचय की अपेक्षा नहीं रखता। बीसवीं शताब्दी में हिन्दीभाषी भारतीय प्रान्तों पर ज्योतिष के क्षेत्र में आपका एक अविस्मरणीय प्रभावशाली प्रभुत्व रहा, और इस शास्त्र पर अद्‌भुत आधिपत्य के कारण आपको लोग ज्योतिष का अपर पर्याय सा मानने लगे। आपने इस भारत विख्यात "श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग" को संस्कृत (हिन्दी), उर्दू और पंजाबी- इन तीन भाषाओं में पृथक्-पृथक् प्रकाशित करना प्रारम्भ किया, जो कि आजकल इन भाषाओं में प्रकाशित होने वाले पंचांगों में सर्वाधिक प्रामाणिकता एवं लोकप्रियता लिए हुए हैं। क्योंकि पण्डित जी ने कुराली (रोपड़, पंजाब) में स्थित अपने 'श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय' से इन पंचांगों का सम्पादन-प्रकाशन किया, अतः ये तीनों पंचांग 'कुराली वाले' पंचांगों के नाम से प्रसिद्ध हैं। कुराली, पंजाब के रोपड़ जिले का एक छोटा सा नगर है, जो आज पण्डित जी की प्रख्याति के कारण भारतीय ज्योतिष के मानचित्र पर मोटे अक्षरों में अंकित किया जाता है। आज इस कुराली को अनेक लोग 'ज्योतिषी की कुराली' या पंजाबी में 'जोशी दी कुराली' भी कहते हैं।

पं. श्री मुकुन्दवल्लभ जी कुराली के भरद्वाज गोत्रीय एक विद्वान् ब्राह्मण परिवार में उत्पन्न हुए। इनके पिता श्री रामचन्द्र जी और माता श्रीमती शिवदेवी- दोनों यौवनावस्था के प्रारम्भिक वर्षों में ही, श्री मुकुन्दवल्लभ जी (जिनका बचपन का नाम कुन्दनलाल था), और उनके छोटे भाई श्री वीरभानु जी को बाल्यावस्था में ही छोड़कर दिवंगत हो गये। माता-पिता के अभाव में इनके दादा श्री नानकचन्द जी ने, जो ज्योतिष एवं आगम के विद्वान् थे, इन दोनों भाइयों का पालन-पोषण किया। तात्कालिक परम्परानुसार कुमारावस्था में ही श्री मुकुन्दवल्लभ जी का विवाह हो गया। विवाह के बाद उग्र ज्ञानलिप्सा से प्रेरित होकर वे अपनी धर्म-पत्नी श्रीमती पूर्णा देवी की प्रेरणा से ज्योतिष पढ़ने के लिए सुदीर्घ प्रवास पर जयपुर चले गये। वहां प्रसिद्ध खगोलवेत्ता पं. श्री केदारनाथ जी ज्योतिषाचार्य (जयपुरीय ज्योतिष वेधशाला के अध्यक्ष) के पास वर्षों रहकर नवीन एवं प्राचीन ज्योतिष के मूल ग्रन्थों का परिशीलन किया। वहां से वे उज्जैन गये, जहां उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त प्राच्य एवं पाश्चात्य ज्योतिष के महाविद्वान् श्री गोविन्दसदाशिव आप्टे (प्रिंसिपल- माधवराव कॉलेज, उज्जैन एवं अध्यक्ष- जिवाजी वेधशाला, उज्जैन) से पाश्चात्य एवं दृक्पक्षीय ज्योतिष के नव्यतम सिद्धांतों का परिपूर्ण ज्ञान प्राप्त किया, साथ ही वेधयन्त्र आदि की प्रयोगात्मक कुशलता भी। प्रवासकाल की इस सुदीर्घ अवधि में पंडित जी ने गणित के साथ-साथ फलित का भी गंभीरता से परिशीलन किया। ज्योतिष की इन दो प्रमुख शाखाओं में पारंगत होने के बाद जब पण्डित जी उज्जैन से अपने घर (कुराली, पंजाब) के लिए प्रस्थान करने ही वाले थे, तभी पं. हरदेव शर्मा त्रिवेदी (सम्पादक- "श्री विश्वविजय पंचांग व ज्योतिष्मती") के बड़े भाई उनके (पं. मुकुन्दवल्लभ जी के) पास पहुंचे और उनसे अपने छोटे भाई हरदेव जी को, जिनका उस समय नाम हस्तिमल्ल था, ज्योतिष पढ़ाने का आग्रह किया। पंडित जी ने उनका आग्रह मान लिया और वे हस्तिमल्ल को अपने साथ कुराली, पंजाब ले आये, और वहां हस्तिमल्ल तिवारी का नाम बदल कर हरदेव शर्मा त्रिवेदी कर दिया गया। श्री हरदेव त्रिवेदी ने कुराली में पूज्य पण्डित जी के घर पर ही अन्तेवासी शिष्य के रूप में रहते हुए फलित एवं पंचांगगणित का ज्ञान पूज्य पण्डित जी से प्राप्त किया।

पूज्य पण्डित जी द्वारा पञ्चांग प्रवर्त्तन एवं उनके पट्टशिष्य श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी का सहयोग

पाश्चात्य एवं पौरस्त्य ज्योतिषशास्त्र के गंभीर अध्ययन के बाद पूज्य पण्डित जी के मन में एक सर्वाङ्गशुद्ध पंचांग प्रकाशित करने की धारणा उज्जैन में पढ़ते हुए ही बन गई थी, लेकिन पंचाग जैसे श्रमसाध्य प्रकाशन के लिए अकेले ही प्रवृत्त होने का साहस कई वर्षों तक उन्हें नहीं हुआ। इसीलिए अपने पट्टशिष्य श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी को पंचाग की पूरी गणित उन्होंने हृदय से सिखाई। श्री हरदेव शर्मा जैसे योग्य शिष्य की सहायता से उनके मन में पंचांग-प्रकाशन के लिए उत्साह जागा और वि. संवत् 1985 में श्रीमार्त्तण्डपंचांग का प्रकाशन उन्होंने प्रारम्भ किया। श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी ने सम्पादन कार्य में अपने गुरु को पुत्रवत् अन्तरात्मना सहयोग दिया। लगभग 14-15 वर्षों तक वे श्रीमार्तण्डपंचाग के सम्पादन में दक्षिण हस्त की भान्ति पं० जी को सहयोग देते रहे। तदनन्तर अपने गुरु पूज्य पण्डित जी की अनुमति लेकर

सोलन (हि०प्र०) में जा बसे और वहां उन्होंने अपने निजी पंचांग(विश्वविजय)का प्रकाशन प्रारम्भ किया। श्री हरदेव त्रिवेदी एवं उनकी धर्मपत्नी पूज्य पण्डित जी के परिवार में एक सदस्य के रूप में लगभग 8-9 वर्ष तक एक साथ रहे। गुरुकुलीय शिष्य की भांति श्री हरदेव एवं उनकी धर्मपत्नी ने 15 वर्ष तक पूज्य पण्डित जी एवं उनकी धर्मपत्नी की नितान्त विनय-सम्मानपूर्वक पुत्र एवं पुत्रवधू की भान्ति जो सेवा की उसका दृष्टान्त आजकल की गुरु-शिष्य परम्परा में शायद ही मिले। इसी गुरुसेवा के फलस्वरूप श्री हरदेव त्रिवेदी जी को ज्योतिष क्षेत्र में स्पृहणीय सम्मान मिला- यह श्री हरदेव त्रिवेदी जी स्वयं भी स्वीकार करते थे।

पूज्य पण्डित जी राजज्योतिषी बने

त्रिस्कन्ध ज्योतिष पर पं० मुकुन्दवल्लभ जी के अद्भुत आधिपत्य और 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' की गणित आदि की प्रामाणिकता से प्रभावित महामहोपाध्याय पं० मथुरा प्रसाद जी दीक्षित, राजगुरु सोलन नरेश ने, सोलन (हि.प्र.) के राजा (**बघाट नरेश) श्री दुर्गासिंह जी पंवार** को प्रेरित किया, कि वे पण्डित जी को राजज्योतिषी के पद से सम्मानित करें। तदनुसार सोलन नरेश ने पण्डित जी को राजज्योतिषी पद देकर सम्मानित किया और 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' के प्रकाशनार्थ प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता देना भी प्रारभ की। कुछ वर्ष बाद पण्डित जी के अगाध वैदुष्य की ख्याति से प्रभावित पटियाला के तात्कालिक **महाराजा श्री भूपेन्द्र सिंह** जी ने पण्डित जी को अपने राज्य के राजज्योतिषी पद से सम्मानित करने के लिए आमन्त्रित किया। लेकिन पण्डित जी ने इसे स्वीकार करने में अपना असामर्थ्य प्रकट किया। क्योंकि महाराजा साहेब का आग्रह था कि पण्डित जी कुराली को छोड़ पटियाला को ही अपना आवास बनाएं। जब पण्डित जी ने कुराली छोड़ने की बात नहीं मानी तब महाराजा साहेब ने वर्ष में केवल छः मास पटियाला में रहने की प्रतिबन्ध की बात की तो उसे भी पण्डित जी ने अस्वीकार कर दिया। इस पर महाराजा पटियाला ने पण्डित जी से अनुरोध किया कि यदि वे राजज्योतिषी पद को स्वीकार करने असमर्थ हैं तो वे स्वयं किसी योग्य समर्थ ज्योतिषी को इस पद के लिए मनोनीत कर दें। इस विषय में अपने आपको किसी प्रकार के पक्षपात दोष से मुक्त रखने के उद्देश्य से पण्डित जी ने राजज्योतिषी चुनने के लिए एक परीक्षा निर्धारित की। इस परीक्षा के परीक्षक और निर्णायक पण्डित जी ही थे। इस परीक्षा में भारत के अनेक ज्योतिषियों ने भाग लिया जिसमें कालका (हि.प्र.) के पं. देवीदत्त जी शास्त्री इस पद के लिए योग्य घोषित हुए।

पण्डित जी का गणितज्योतिष की ही भांति फलितज्योतिष पर भी अद्भुत प्रभुत्व था। फलितीय योगायोगों के गम्भीर परिशीलन, सुदीर्घ अनुभव एवं विशुद्ध तपोमय जीवन से प्राप्त अलौकिक अन्तर्दृष्टि के कारण पण्डित जी की भविष्यवाणियों की सत्यता वस्तुतः चौंका देने वाली थी। यही कारण था कि उनके कार्यालय (श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली, पंजाब) में प्रतिदिन पचासों व्यक्ति भारत के कोने-कोने से अपनी ज्योतिषसम्बन्धी समस्याओं के समाधानार्थ उनसे मिलने आया करते थे। इसी कारण सर्वसाधारण से लेकर राजा-महाराजा, मंत्री-उद्योगपति आदि सभी वर्ग, धर्म और सम्प्रदाय के लोग उन पर गहरी आस्था रखते थे। उन्हें एक अद्भुत वाक्शक्ति प्राप्त थी। उन्होंने असंख्य वैयक्तिक, राजनैतिक और मेदिनीय भविष्यवाणियां कीं, जो रामबाण की भांति बिना किसी विचलन के ठीक लक्ष्य पर लगीं, जिनसे फलित ज्योतिष के कटु आलोचक भी अवाक् रह गये। क्वेटा के ऐतिहासिक भूकम्प की यथार्थ तिथि और काल तथा बुल्गानिन की पदच्युति आदि उनकी ऐसी अगण्य मेदिनीय और राजनैतिक भविष्यवाणियां 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' में छप चुकी हैं जिनकी सत्यता में आकस्मिक संयोग को कारण बतलाने का साहस कोई तार्किक तो नहीं कर सकता। उनकी भविष्यवाणियों की आश्चर्यजनक यथार्थता के कारण समाज उन्हें एक भविष्यद्रष्टा सिद्ध के रूप में मानता था। उनकी इस दिव्य भविष्यदृष्टि की ख्याति से आकृष्ट होकर इतने लोग प्रतिदिन उनके पास आते थे कि उन्हें अपनी 89 वर्ष की आयु के अन्तिम लगभग 60 वर्षों में एक दिन भी अवकाश पर रहने का अवसर नहीं मिला। अनेक प्रकार के आधिदैविक, आधिभौतिक दुःखों से सन्त्रस्त लोगों की, जो अपनी समस्याओं के समाधानार्थ उनके पास प्रतिदिन दूर-दूर से आया करते थे, अपने प्रति अगाध श्रद्धा को देखकर पण्डित जी अक्सर कहा करते थे- ''इन विनीत श्रद्धालुओं को दुःखों से पूरी तरह कैसे मुक्त करूं, यह मेरी आत्मिक समस्या है।'' उन्होंने अपने वैदुष्य और व्यापक प्रतिष्ठा को अर्थोपार्जन का साधन कभी नहीं बनाया। अर्थ को वे एक महत्त्वहीन अपरिहार्य आवश्यकता समझते थे।

इस प्रकार की भविष्य कथन की लोकेतर आश्चर्यकारी शक्ति का रहस्य पण्डित जी का अगाध शास्त्रपरिशीलन, सुदीर्घ अनुभव और साधनाबल ही था, जिसे ज्योतिषी लोग परमगोपनीय समझकर अपने पास ही सुरक्षित रखते हैं और विरले व्यक्ति को ही इस रहस्य की दीक्षा का अधिकारी समझते हैं। पण्डित जी ने सुदीर्घकाल के अनुभवों से संकलित फलादेश के अपने ये रहस्य और साधना के तत्त्व अपने विद्वान् चारों पुत्रों (श्री सत्यव्रत, श्री प्रियव्रत, श्री शक्तिधर एवं श्री इन्दुशेखर शर्मा) को दिए। लेकिन पिताश्री से प्राप्त भविष्यकथन के इन दुर्लभ रहस्यों का परोपकारी व्यवसाय के रूप में प्रयोग उनके सबसे छोटे पुत्र श्री इन्दुशेखर शर्मा ही कर रहे हैं, जो इन दिनों 'श्री मार्त्तण्ड ज्योतिपकार्यालय, कुराली' में पण्डित जी की गद्दी पर बैठते हैं। दूसरे भाइयों को अध्यापन एवं साहित्य-सर्जन में रुचि होने के कारण व्यवसाय के रूप मे भविष्य

दृष्टि के इन रहस्यों को प्रयुक्त करना वांछित नहीं।

पण्डित श्री मुकुन्दवल्लभ जी का फलित ज्योतिष की ही भांति सिद्धांत ज्योतिष के क्षेत्र में भी समान रूप से प्रशंसनीय योगदान रहा है। "श्री मार्त्तण्ड पंचांग," जिसका प्रवर्त्तन-सम्पादन उन्होंने किया, आज भारत के मूर्धन्य पंचांगों में अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है। इस पंचांग की ग्रहभोगांश, तिथ्यादि, ग्रहण आदि की गणित शुद्धता में आदर्श मानी जाती है। उत्तर भारत में पण्डित जी ने ही अपने पंचांग में सर्वप्रथम ग्रहभोगांश, ग्रहण, गुरु-शुक्रोदयास्त आदि के निमित्त दृक्शुद्ध गणित का प्रयोग आरम्भ किया। 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' के प्रकाशन के प्रारम्भिक वर्षों में उत्तर भारत के प्राचीन-गणितपक्षपाती अधिकतर पंचांगों में कई बार सूर्यग्रहण-काल अक्षम्यरूप से गलत पाया गया, जबकि वह ग्रहणकाल 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' में सर्वथा शुद्ध था। **वि. सं. 1993 में भाद्रपद अमावस के दिन (21 अगस्त सन् 1933 ई. को) कुरुक्षेत्र में कंकण सूर्यग्रहण हुआ, जिसकी गणना सूक्ष्मपद्धति के अनुसार सवंत् 1993 वि. के 'श्रीमार्त्तण्डपंचाग' में ही प्रकाशित हुई थी। अन्य पंचांगों में स्थूल-अशुद्ध गणित होने से इस कंकण सूर्यग्रहण का उल्लेख ही नहीं था। ज्योतिष में तो प्रत्यक्ष ही प्रमाण स्वीकार किया जाता है, अतः तब 'श्री मार्त्तण्डपंचांग' की प्रामाणिकता वास्तविकरूपेण जनता के सामने उभकर आई।** उस कंकण सूर्यग्रहण के स्पर्श-मोक्ष एवं कंकणाकृति के प्रारंभ-समाप्ति के काल श्री मार्त्तण्ड पंचांग की ठीक गणित के अनुसार ही घटित हुए। इसी प्रकार की अन्य कई दृश्य आकाशीय घटनाओं (गुरु-शुक्रोदयास्तादि) द्वारा 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' की गणित की शुद्धता अनेक बार अन्य परम्परागत पंचांगों की अपेक्षा कहीं अधिक शुद्ध प्रमाणित हुई, जिससे विद्वानों ने 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' को प्रामाणिक घोषित किया तथा पण्डित जी को ज्योतिष तथा धार्मिक संस्थाओं ने भी अनेक उपाधियों से अलंकृत कर सम्मानित भी किया। **'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' की शुद्ध गणित की ख्याति से अनेक विद्वान् श्री मार्त्तण्ड कार्यालय में आकर पूज्य पण्डित जी से पंचांगकार्य की शिक्षा प्राप्त करने लगे।** इनमें झबकरा (जिला - गुरदासपुर) के पं. उमादत्त शर्मा एवं विलासपुर निवासी पं. बालमुकुन्द शर्मा मुख्य हैं। उन्होंने पंचांग गणित-शिक्षा के साथ साथ पंचागसंपादन में सहयोग भी दिया । तदनन्तर इन्होंने अपने-अपने प्रदेशों में स्थानीय अक्षांश-रेखांशों के आधार पर पंचांगों का प्रकाशन भी किया।

पंचांगसम्बन्धी अनेक विवादास्पद विषयों पर पण्डित जी द्वारा दी गई व्यवस्थाओं को काशी के विद्वानों ने भी प्रामाणिकता की कोटि में रखा। ज्योतिष के क्षेत्र में प्राचीन परम्परा से किसी कारणवश लुप्त अनेक शास्त्रीय, तर्कसंगत सिद्धान्तों की वैधता उन्होंने सिद्ध की और

अपनी सशक्त लेखनी और वाचिक शास्त्रार्थ द्वारा उनकी शास्त्रीयता को प्रतिष्ठापित करते हुए भारत के ज्योतिर्विदों और पंचांगकारों को उन्हें पुनः स्वीकार करने के लिए बाधित किया। **उदाहणार्थ— अश्विनी, चित्रा, श्रवण, धनिष्ठा- ये चार नक्षत्र गृह्यसूत्र में विवाह कृत्य के लिए ग्राह्य लिखे हुए हैं। किसी अज्ञात कारणवश उत्तर भारत में ये नक्षत्र विवाहमुहूर्त्तों में शताब्दियों से वर्जित किये जाते रहे। लेकिन पण्डित जी ने इन्हें पुनः मान्यता देने के लिए पंचांगकारों को बाधित किया। जिसके फलस्वरूप उत्तर भारत के सभी पंचांगकार जो वर्षों तक इन नक्षत्रों को अग्राह्य घोषित करते रहे, अब अन्य विवाहनक्षत्रों के साथ इन चार नक्षत्रों को भी विवाह के लिए बिना संकोच प्रयुक्त करने लगे हैं।**

इसके अतिरिक्त पण्डित जी ने बहुत से ग्रन्थ लिखकर ज्योतिष और कर्मकाण्ड के साहित्य को समृद्ध किया। आपके लिखे ग्रंथ ये हैं-

(1) षड्वर्गफल प्रकाश (2) 'सर्वानन्द लाघव' की सोदाहरण व्याख्या, (3) कर्मठगुरु (संस्कृत में कर्मकाण्ड-ग्रन्थ), (4) अर्घमार्त्तण्ड (हिन्दी एवं उर्दू में), (5) फलितमार्त्तण्ड, (6) राश्यभिधान कल्पलता (नाम कोष), (7) 'उडुदाय प्रदीप' भाष्य , (8) सदाचारी गुरु (अप्रकाशित)

इन उपरोक्त सात ग्रन्थों के अनेकों संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं, जिससे इनकी लोकप्रियता सूचित होती है। किञ्च संस्कृत के प्रति निष्ठा सेवा तथा कर्मकाण्ड क्षेत्र में प्रकाशन तथा क्रियात्मक निर्देशन के कारण आप पण्डितों में बहुत आदरणीय रहे हैं।

श्री सत्यव्रत शर्मा एवं श्री प्रियव्रत शर्मा 'श्रीमार्त्तण्ड पंचाग' के उपसंपादक बने

वि. सं. 2003 में पंचांग के सम्पादन का भार पं. जी ने अपने दो ज्येष्ठ पुत्रों-श्री सत्यव्रत शास्त्री एवं श्री प्रियव्रत शास्त्री के कन्धों पर डाला । इन कुमार उपसंपादकों ने इस कार्य को बड़ी योग्यता से आगे बढ़ाया। उन दिनों कम्प्यूटर तो बहुत दूर की बात थी, सामान्य कैल्क्युलेटर्ज का भी आविष्कार तब नहीं हुआ था। ग्रहभोगांश-तिथ्यादि-ग्रहण आदि की विकट गणित भी हाथों से (स्लेट एवं कागज पर) ही की जाती थी। खून-पसीना एक करा देने वाली इस पंचांगगणित को इन दोनों भाइयों ने वर्षों तक स्वयं हाथों से किया । उस समय पंचांग सौर-पक्षीय गणितानुसार ही बनाए जाते थे। सौरपक्षीय गणित यद्यपि दृक्पक्षीय गणित से

अपेक्षाकृत आसान थी, लेकिन तब भी वह श्रमापेक्षी तो थी ही। जब मार्त्तण्डपंचाग ने दृक्पक्ष को पूरी तरह अपनाया, उस समय (लगभग सन् 1956 ई.) से तो पंचांगगणित को हाथ से करना और भी दूरूह हो गया। लेकिन यौवनोत्साह में इन दोनों भाइयों ने हिम्मत नहीं हारी, दृक्पक्षानुसारी विकट पंचांगगणित को वे बड़ी दक्षता एवं उत्साह से तब तक [15 वर्षों तक (सन् 1960 तक)] अपने हाथों से ही करते रहे जब तक कि श्री शक्तिधर शर्मा ने पंचांग गणित की कम्प्यूटर-प्रोग्रामिंग नहीं की। यद्यपि पंचाग की सारी गणित इन्होंने अपने पिताश्री से ही प्राप्त की, लेकिन दृक्पक्षीय गणित में निष्णात कराने वाले इनके पूज्यपिताजी के परममित्र '**श्रीवेंकटेश्वर शताब्दि पंचांग**' के सहायक-गणितकार (सिमारला, जिला सीकर, राजस्थान निवासी) **पं. श्री वंशीधर जी जोशी** थे।

श्री सत्यव्रत शर्मा ने पंजाब यूनिवर्सिटी से शास्त्री एवं साहित्याचार्य महाराज-संस्कृत कालेज, जयपुर से प्रथम-श्रेणी एवं प्रथम-स्थान प्राप्त करके उत्तीर्ण किया। आप संस्कृत एवं प्राकृत भाषा के प्रकाण्ड विद्वान् हैं। साहित्यसृजन में इनकी प्रतिभा अद्भुत है। कुमारावस्था की आपकी संस्कृत गद्य-पद्य रचनाएं, जिनमें से कई प्रकाशित भी हैं, इनकी जन्मजात प्रौढ़ प्रतिभा का परिचय देती हैं। गद्यलेखन की भान्ति द्रुत पद्यरचना में इनकी प्रतिभा आश्चर्यान्वित करने वाली है। कई काव्य, नाटक एवं लक्षण ग्रन्थों की रचना इन्होंने की है, जो कि समयानुसार प्रकाशित होंगे। इनकी अनेक रचनाएं आजकल संस्कृत पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रही हैं जिनकी विद्वज्जनों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा हुई है।

श्री प्रियव्रत शर्मा ने भी पंजाब विश्वविद्यालय से शास्त्री एवं महाराज संस्कृत कालेज, जयपुर, से साहित्याचार्य में प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आपने सिद्धांत ज्योतिष का अध्ययन बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के ज्योतिषविभागाध्यक्ष पोस्टाचार्य सिद्धांत-फलित-ज्योतिषाचार्य, **स्व. श्री अच्युतानन्द झा** जी से किया। इनके साहित्य गुरु **पं. श्रीजगदीश शर्मा**, साहित्याचार्य (अध्यक्ष-साहित्य विभाग, महाराज-संस्कृत कालेज, जयपुर) थे। आपने सिद्धान्तज्योतिषाचार्य सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। तत्पश्चात् पंजाब विश्वविद्यालय से एम०ए० संस्कृत की उपाधि प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। आपने संस्कृत साहित्य, धर्मशास्त्र, सिद्धान्त एवं फलित-ज्योतिष का गहन स्वाध्याय किया है, जो कि श्रीमार्त्तण्डपंचाग में प्रकाशित इनकी मौलिक अनुसन्धानपूर्ण लेखमाला, 'समस्याएं एवं समाधान' आदि स्तम्भों में दी गई गणित-फलित एवं धर्मशास्त्र संबंधी दुरूह समस्याओं के शास्त्रीय समाधानों तथा इनकी प्रकाशित अन्य अनेक रचनाओं से स्पष्ट है। इन्होंने लगभग 250 गणित फलित एवं धर्मशास्त्रीय मौलिक अनुसन्धान लेख लिखे हैं तथा लगभग 200 ऐसी फलित, सिद्धान्त, मुहूर्त्त एवं धर्मशास्त्रीय समस्याओं के समाधान का श्रेय इन्हें प्राप्त है, जो कि भारतीय दैवज्ञों को बुरी तरह उलझाए हुए थीं। ये समाधान प्रतिवर्ष 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' में लगभग 16 वर्षों से प्रकाशित होते आ रहे हैं। प्रत्येक समाधान अपने आप में एक मौलिक लेख है।

इन्होंने 14 पुस्तकें लिखी हैं जिनमें से 4 पुस्तकों के सहलेखक श्री शक्तिधर शर्मा हैं। श्री शक्तिधर शर्मा के साथ लिखी इनकी पुस्तकें ये हैं-

1. **क्षयाधिमास विमर्श (संस्कृत-हिन्दी) (प्रकाशित)**
2. **अयनदोलन विमर्श एवं क्षयमास निर्णय (प्रकाशित)**
3. **भारतीय पंचांग विवाद में अशास्त्रीय साहित्य का प्रकाशन (प्रकाशित)**
4. **शास्त्रीय पंचांगमीमांसा (संस्कृत में) (प्रकाशित)**

निम्नांकित ये 10 पुस्तकें श्री प्रियव्रत शर्मा ने स्वतंत्र रूप से लिखी हैं-

1. **हैली-धूमकेतु एवं उसका विश्व पर प्रभाव (प्रकाशित)**
2. **ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन (प्रकाशित)**
3. **गणक मार्त्तण्ड (110 वर्ष का पंचांग) (दोभागों में) (प्रकाशित)**
4. **भारतीय वास्तुशास्त्र के सिद्धांत (जल्दी ही प्रकाशित हो रही है)**
5. **विश्व लग्नसारणी (जल्दी ही प्रकाशित हो रही है)**
6. **हमारे अवतार एवं महापुरुषों की कृत्रिम-जन्मकुण्डलियां (अप्रकाशित)**
7. **फलित ज्योतिष निराधार सिद्धांत (हिन्दी एवं इग्लिश में) (अप्रकाशित)**
8. **नामकोष (हिन्दी-इंग्लिश में) (अप्रकाशित)**
9. **व्रत-पर्व-विवेक (जल्दी प्रकाशित होगा)**
10. **ग्रहचार विचार (जल्दी प्रकाशित होगा)**

श्री प्रियव्रत शर्मा की लेखावली और पुस्तकों के विषय अनेक परम्परागत ज्योतिष-विचारधाराओं से काफी हट कर हैं। फलित ज्योतिष में प्रचलित ऐसी निर्मूल विचारपद्धतियों की इन्होंने आलोचना एवं उनका तर्कसंगत निराकरण किया है, जिन्हें परम्परया भारतीय दैवज्ञ लोग आँख मूंद कर ''बाबावाक्यम्'' मानकर शताब्दियों/सहस्राब्दियों से प्रामाणिक माने हुए थे। निराधार पुरातन-विचार सरणियों की तर्कानुगत प्रतिवादक शैली के कारण आपको 'क्रान्तिकारी ज्योतिर्विद्' कहा जाता है।

श्री शर्मा हि. प्र. की शिक्षा सेवा में प्रथम श्रेणी के राजपत्रित अधिकारी (H.P.P.E.S.-I) रहे हैं। सन् 1989 में वे वरिष्ठ प्राध्यापक पद से गवर्नमेंट कालेज, सोलन (हि.प्र.) से सेवानिवृत्त होकर अब जीवनके शेष क्षणों को फलितज्योतिष के सिद्धान्तों का नीर-क्षीर विवेचन करने में व्यतीत करना चाहते हैं। यही कारण है- सिद्धान्त ज्योतिष की भांति फलितज्योतिष में भी पारंगत होने के बावजूद लोगों की जन्मपत्र आदि से सम्बद्ध वैयक्तिक ग्रह-समस्याओं के समाधान के लिए थोड़ा सा भी समय निकाल पाना आपके लिए संभव नहीं है ।

श्री शर्मा की ज्योतिषयोग्यता का सम्मान करते हुए ''पं. गोस्वा. गिरिधारी लाल फाउण्डेशन, दिल्ली'' के तत्त्वाधान में इन्हें भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री जैलसिंह जी ने 'ज्योतिषसम्राट्' पदवी से अलंकृत किया है। भारत सरकार की Positional Astronomy Centre संस्था द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले Indian Nautical Almanac की व्रत-पर्व-निर्णायिका समिति के भी आप सम्मानित सदस्य हैं।

श्री शक्तिधर शर्मा सम्पादक बने

श्री शक्तिधर शर्मा ने वि.सं. 2012 से पंचांग का सम्पादन कार्य सम्भाला। पंजाब विश्वविद्यालय से शास्त्री करने के उपरांत **आचार्य श्री अच्युतानन्द झा** जी से गणित एवं सिद्धांत ज्योतिष का ज्ञान प्राप्त कर सिद्धांतज्योतिषाचार्य परीक्षा में स्वर्णपदक प्राप्त किया। इन्होंने ज्योतिषाचार्य करने के बाद मैट्रिक, इण्टर, बी.एससी. परीक्षाएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कीं, और कालेज का रोल आफ ऑनर और स्वर्ण पदक प्राप्त किया, एम.एससी.की डिग्री प्रथम श्रेणी में प्राप्त की । बाद में डॉ. शर्मा ने भी विशेष दार्शनिक विषयों के साथ एम.ए.(संस्कृत) डिग्री स्वर्ण पदक के साथ प्राप्त की। अमेरिका की लारेंस में स्थित कैंसास यूनिवर्सिटी के फिजिक्स विभाग से न्यूक्लियर फिजिक्स में पी॰ एच.डी. डिग्री ली। अमेरिका में रहते हुए न्यूक्लियर फिजिक्स की कठिनातिकठिन समस्याओं के समाधान कम्प्यूटर से किये और साथ ही ज्योतिष के विविध विषयों पर गणित-सूत्रों के लिए कम्प्यूटर-प्रोग्राम लिखे। अमेरिका में रहते हुए आपने Oklahoma University, Norman Oklahoma में आयोजित ज्योतिषज्ञों के सम्मेलन में वैदेशिक ज्योतिर्विदों को भारतीय ज्योतिष के महत्त्व से अवगत कराया और Denver तथा Boulder Colorado में भी भाषण दिये। भावातीत समाधि के विश्वप्रसिद्ध युग प्रवर्त्तक **महर्षि श्री 1008 महेश योगी जी** के आमन्त्रण पर स्पेन के Mallorca Island में भारतीय ज्योतिष-गणित पर अनेक भाषण दिये। इनके शोधगुरु Dr. J.P. Davidson इनकी गणित-सिद्धांत की योग्यता की भूरि भूरि प्रशंसा करते रहे हैं। कैंसास विश्वविद्यालय में ही आपने Dr. N.W. Storer (Professor-Astronomy) से ज्योतिष की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के कोर्स लिये ओर सर्वोत्तम ग्रेड प्राप्त किया। Dr. Storer इनकी सिद्धान्त-ज्योतिष विषयक योग्यता से बहुत प्रभावित हुए और इस विषय में आपकी बहुत प्रशंसा करते रहे । Dr. Storer हमेशा कहते थे कि If Jyotisharyas are like Sharma our Kansas University can recognise Jyotisharya Degree.

फरवरी 1971 में भारत आकर आपने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में न्यूक्लियर फिजिक्स एवं ज्योतिष का अध्यापन तथा इन्हीं विषयों पर शोधकार्य प्रारम्भ किया। न्यूक्लियर-भौतिकी एवं घनावस्था-भौतिकी आदि विषयों में भारतीय प्रस्तारपद्धति एवं संख्या-सिद्धान्त आदि जैसे शुद्ध गणितशास्त्र का प्रयोग कर अद्भुत परिणाम आपने प्राप्त किए हैं तथा आचार्य आर्यभट्ट की वल्लीविधि को व्यापक रूप देकर उसे एक प्रबल परिकलन विधि (Powerful algorithm) के रूप में विकसित कर दिया है। आप इन मौलिक प्रयत्नों के लिए भारतीय तथा पाश्चात्य विद्वानों के प्रशंसापात्र बने हैं।

डॉ. शर्मा ने अपने अध्यापनकाल में Nuclear Physics, Astromony (Cometary Studies etc.), History of Astromony (Jain and Vedanga Traditions), Astrophysics (Be stars), Ayurveda, Indian Mathematics (Advancements and applications) and Philosophy(Jain and other Indian systems) इन क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य किया और 11 छात्रों को पी॰ एच.डी. डिग्री में मार्ग-निर्देशन किया और अब भी अनुसंधान कार्य चल रहा है। शोध-निबन्ध इंग्लैण्ड, जापान, हॉलेण्ड , अमेरिका, इण्डोनेशिया एवं स्कॉटलैण्ड आदि देशों की पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। इन क्षेत्रों में 271 शोधनिबन्ध डॉ. शर्मा के प्रकाशित हुए हैं ।

डॉ. शर्मा ने अमेरिका, चैकोस्लोवाकिया, फिन्लैण्ड, सीरिया, पाकिस्तान, फ्रांस, इंग्लैण्ड, स्कॉटलैण्ड, मैक्सिको, स्पेन आदि देशों में तथा भारत की विभिन्न संस्थाओं में Nuclear Physics. Indian Astronomy and Mathematics में भाषण दिये और सत्रों की अध्यक्षता की। इन गतिविधियों में आजतक लगभग 150 के करीब भाषण आपके हुये हैं। डॉ. शर्मा का विशेष उद्देश्य यह रहा, कि भारतीय ज्योतिषशास्त्र के आचार्यों की देन को उचित मान्यता प्राप्त हो और भारतीय गणित के विकास से नये वैज्ञानिक क्षेत्रों की समस्याएं हल की जाएं । इन दोनों उद्देश्यों में डा० शर्मा बहुत सफल रहे हैं।

भारत में कम्प्यूटर युग के प्रारम्भ की कठिन परिस्थितियों में भी डा० शर्मा ने सर्वप्रथम पंचांग के लिए शुद्धतम ग्रहस्पष्ट, तिथ्यादि के प्रोग्राम विकासित किए जिनका प्रयोग हमारे पंचांग में होता रहा है। डॉ. शर्मा Positional Astronomy Centre of Govt. of India Calcutta की एडवाईजरी कमेटी के मैम्बर भी रहे हैं।

डॉ. शर्मा संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित होने के साथ साथ उद्भट वैज्ञानिक भी हैं। इस अद्भुत विषयसंगम के लिए उन्हें इस विगत संस्कृतवर्ष (सन् 2000 A.D.) में पंजाब तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालयों द्वारा अद्भुत व्यक्तित्व के रूप में विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।

अन्य प्रकाशित पुस्तकें १. भौतिकी-गणितम्, २.मान-मन्दिर-वेधालय-वर्णनम्, ३ प्रतोद यन्त्रम् । प्रकाशनाधीन पुस्तकें १. भूमण्डलीय लग्नसारणी (Global Ascendent Tables for, Astrologers, Astronomers/Amateurs),स्व.भ्राता शशिधर शर्मा की पुण्य स्मृति में। २.Indian Mathematics and Applications एवं अन्य लिखित पुस्तकें

श्री सत्यव्रत शर्मा ने पंचांग सम्पादन छोड़ा

पंचांगकार्य बहुत श्रमसाध्य है। श्रद्धास्पद पं. मुकुन्दवल्लभ जी की यह हार्दिक इच्छा थी, कि उनके चारों पुत्र इस पंचांग के सम्पादन का कार्य पूर्ण सहयोग से करें । इसी दृष्टि से उन्होंने अपने पुत्रों को इस रहस्यमयी दिव्य विद्या में पारंगत बनाने का हृदय से प्रयास किया। ज्योतिष का उच्चतम अध्ययन कराने के लिए उन्हें बनारस भेजा गया । लेकिन श्री सत्यव्रत शर्मा, जो पंचांग गणित में पूरी तरह दक्ष होने से उस समय पंचांग संपादन तो करते थे, लेकिन ज्योतिष के प्रति उनकी विशेष रुचि न थी। वे साहित्य में अधिक रुचि रखते थे। अत: साहित्याचार्य करने के बाद ज्योतिषशास्त्र के अध्ययन में पूज्य पिता जी द्वारा बार-बार दी गई प्रेरणा एवं आग्रह का उन्होंने सम्मान नहीं किया, जबकि अन्य भाइयों ने ज्योतिष की उच्चतम परीक्षा ज्योतिषाचार्य उत्तीर्ण की और तदनन्तर भारतीय एवं पाश्चात्य सभी ज्योतिष सिद्धान्तों का गंभीर अध्ययन किया। श्री सत्यव्रत शर्मा ने ज्योतिष के विभिन्न मत मतान्तरों के परिशीलन की बात तो दूर रही, पंचांग -गणितप्रक्रिया से भी अपना हाथ खींच लिया और स्पष्ट शब्दों में कह दिया, कि अब मैं पंचांग कार्य में किसी प्रकार का सहयोग न दूंगा। उन्होंने यह घोषणा सवंत् 2014 (सन् 1957 ई.) में ही कर दी थी। पूज्य पण्डित जी एवं उनके मित्र बन्धुओं ने उन्हें बहुत समझाया कि- सम्मान एवं लाभप्रद इस पैतृक संपदा को ठुकराना अच्छा नहीं है । लेकिन श्री सत्यव्रत ने किसी की नहीं सुनी। पंचांगसम्पादन में इनका यत्किञ्चित् सहयोग न होने पर भी 15 वर्षों (1956 ई. से 1971 ई.) तक के पंचांगों में सम्पादक के रूप में लगातार इनका नाम सर्वोपरि छपता रहा, क्योंकि पण्डित जी को कुछ आशा थी, कि श्री सत्यव्रत जी कभी न कभी अपना दुराग्रह छोड़ देंगे। वे नहीं चाहते थे कि- उनका ज्येष्ठ पुत्र उनके द्वारा प्रवर्तित इस प्रतिष्ठित प्रकाशन के लाभ से वञ्चित रहे। वि. सं. 2029 (1972 ई.) के मार्त्तण्डपंचाग के प्रकाशन से पूर्व पण्डित जी ने अपने शुभचिन्तक मित्र एवं वृद्धबन्धुओं के मध्य श्री सत्यव्रत शर्मा को बुलाकर अन्तिमरूपेण उन्हें अपना हठ छोड़ने के लिए आग्रहपूर्वक कहा। सभी मित्र-बन्धुओं के बार-बार समझाने-बुझाने के बावजूद भी वे टस से मस न हुए। भविष्य में भी पंचांग कार्य में सहयोग न देने पर वे अडिग रहे। उन्होंने उस समय मुद्रण-व्यवसाय करने की इच्छा व्यक्त की। तदनुसार इनके पिताश्री ने अपेक्षित सभी उपकरणों सहित एक मुद्रण प्रैस स्थापित करके उन्हें दे दिया और मार्त्तण्ड पंचांग से पूज्य पण्डित जी ने उनका नाम उनकी (श्री सत्यव्रत जी की)अपनी इच्छा के अनुसार हटा दिया। पंचांग कार्य से उनके विलग होने की सूचना पूज्य पण्डित जी ने वि. सं. 2029 के 'श्री मार्त्तण्डपंचाग' के पृष्ठ नं. 1 पर पाठकों को इस प्रकार दी-

''सूचित किया जाता है, कि विगत 15 वर्षों से लगातार पंचांगसम्पादन में किसी प्रकार का भी सहयोग न देने से एवं बार बार सूचित करने पर भी इस कार्य में सहयोग के लिए सहमत न होने से श्री सत्यव्रत शर्मा शास्त्री, साहित्याचार्य का नाम 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' के सम्पादकमण्डल से पृथक् करना पड़ रहा है, जिसका मुझे भारी खेद है।''

[हस्ताक्षर- मुकुन्दवल्लभ]

अमृतसर में दृक्पक्ष सौरपक्ष पर रोचक शास्त्रार्थ

क्योंकि श्री प्रियव्रत शर्मा एवं शक्तिधर शर्मा ने सौरपक्ष एवं दृक्पक्ष का गंभीर अध्ययन करने पर सौरपक्षगत स्थूलताओं को दृष्टि में रखते हुए पूरे श्रीमार्त्तण्डपंचाग को वेधसिद्ध दृक्पक्षीय गणित के आधार पर बनाना शुरु कर दिया था। अत: बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय आदि से प्रकाशित होने वाले **'विश्वपंचांग'** तथा **'हृषीकेश'** आदि सौरपक्षीय पंचांगों से **'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग'** में दिए जाने वाले व्रतपर्वों में अनेकदा गंभीर वैमत्य पैदा होने लगा। श्रद्धेय स्वामी **श्री करपात्री जी महाराज** एवं बनारस के **श्री रामव्यास पाण्डेय (ज्योतिष विभागाध्यक्ष- बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय)** आदि सूर्यसिद्धान्त के पक्षपाती विद्वान् दृक्पक्षपाती 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' को 'अशास्त्रीय' कहने लगे। दृक्पक्षीय गणित को वे 'पाश्चात्य' कह कर धर्मशास्त्र की दृष्टि से अग्राह्य घोषित करने लगे। इस बारे में उन्होंने जो छोटे मोटे प्रकाशन किए उनका प्रतिवाद दोनों विद्वान्-भाइयों ने अनेक प्रकाशनों द्वारा किया। जब वि. सं. 2020 (ई. सं. 1963) में

क्षयमास घटित हुआ तब दृक्पक्षीय एवं सौरपक्षीय पंचांगों में निर्दिष्ट दीपावली-दशहरा आदि प्रमुख त्योहारों में एक एक मास का अन्तर आ गया। जनता में भारी विभ्रम रहा। इस भारी विभ्रम को देखकर बनारस के विद्वानों ने "भविष्य में सौरपक्ष के अनुसार ही व्रतपर्व आदि धर्मशास्त्रीय निर्णय किए जाएं"- यह एकपक्षीय घोषणा कर दी। धर्मशास्त्रीय निर्णयों में उन्होंने दृक्पक्षीय पंचांगों को अग्राह्य सिद्ध करने का विफल प्रयास किया। इसके विरोध में श्री प्रियव्रत एवं श्री शक्तिधर जी ने दृक्पक्ष के समर्थन में काफी कुछ साहित्य प्रकाशित किया। सन् 1964 ई. के नवम्बर मास में 'सर्ववेदशाखा सम्मेलन' अमृतसर के दुर्ग्याणा मन्दिर में श्री करपात्री जी महाराज के तत्त्वावधान में आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में 18 एवं 19 नवम्बर-दो दिन ज्योतिषसम्मेलन के लिए निर्धारित किये गए। इस सम्मेलन में श्री करपात्री जी एवं **पुरी के शंकराचार्य श्री 1008 जगद्गुरु निरंजनदेव तीर्थ जी महाराज** ने श्री प्रियव्रत जी एवं श्री शक्तिधर जी को इस उद्देश्य से आमन्त्रित किया, कि वे सौरपक्षपाती बनारस के विद्वानों द्वारा उपस्थापित किए गए दृक्पक्ष का खण्डन करने वाले तर्कों का या तो शास्त्रानुसार प्रतिवाद करें या वे पुनः सौरपक्ष को अपना लें। श्री करपात्री जी ने इन दोनों व्युत्पन्न भाइयों के विरोध में बनारस के **श्री मीठालाल व्यास, श्रीराम व्यास पाण्डेय** को एवं अन्य सौरपक्षपाती विद्वानों को आमन्त्रित किया। पुरी के शंकराचार्य जगद्गुरु श्री निरंजनदेव तीर्थ जी महाराज भी इस शास्त्रार्थ में भाग लेने के लिए वहाँ उपस्थित थे। शेष तीन मठों (धामों) के जगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी भी दर्शकों के तौर पर वहाँ विराजमान थे। शास्त्रार्थ की मध्यस्थता श्रीकरपात्री जी महाराज एवं श्री मीठालाल व्यास ज्योतिषाचार्य कर रहे थे। यह शास्त्रार्थ दो दिन चला और 3-3 घण्टों के चार सत्रों में सम्पन्न हुआ। 33 एवं 25 वर्ष के युवाओं के साथ काशी के वयोवृद्ध धुरन्धर विद्वानों का शास्त्रार्थ देखने के लिए लगभग 8-10 हजार व्यक्तियों का कौतूहल भरा जनसमूह वहां एकत्र था, जिसमें स्थानीय कालेजों के प्रोफेसर, अनेकों विशेषज्ञ विद्वान् एवं पत्रकार तथा सामान्य दर्शक थे। दोनों भाइयों द्वारा सभी प्रतिपक्षी विद्वानों के आक्षेपों का शास्त्रीय युक्तियों से दृढ़तापूर्वक किए गए प्रतिपादन को सुनकर जनता स्वतः असली शास्त्रीयपक्ष को समझ गई, क्योंकि बनारस के सौरपक्षपाती विद्वान्, जो कि दृक्पक्षीय नव्य सिद्धांतों से सर्वथा अपरिचित थे, इन युवाओं के तर्कों का न तो खण्डन ही कर सके, और न ही उनके प्रतिप्रश्नों का उत्तर दे सके। जगद्गुरु श्री शंकराचार्य श्री निरंजन देव तीर्थ जी महाराज को तो, जो कि सूर्यसिद्धान्तीय गणित का समर्थन कर रहे थे, पहले दिन के प्रथम सत्र के बीच ही शास्त्रार्थ से विरत होने के लिए बाधित होना पड़ा, क्योंकि श्रीकरपात्री जी महाराज ने जगद्गुरु शंकराचार्य जी को परामर्श दिया, कि जिस उच्चस्तरीय खगोलीय-सिद्धान्तों के आधार पर अपने मत का ये युवक विद्वान् प्रतिपादन कर रहे हैं, वह आपका विषय नहीं है। श्रीरामव्यास पाण्डेय जी की स्थिति भी ऐसी ही रही। प्राचीन सौरादि-गणित में दिए जाने वाले बीजादि संस्कारों की निर्मूलता आदि विवादास्पद विषयों के बारे में उपस्थापित नव्य गणितीय तर्कों का वे तनिक भी प्रतिवाद नहीं कर सके । अनेकत्र तो दोनों भाइयों द्वारा किए गए नव्य खगोल सिद्धान्तों से सम्बद्ध प्रतिपादनों को वे समझ ही नहीं सके । श्रीकरपात्री जी ने भी जब यह देखा, कि उनके पक्ष के विद्वान् श्री शक्तिधर प्रियव्रत जी द्वारा प्रस्तुत ठोस गणितीय तर्कों को समझने एवं निरस्त करने में सर्वथा विफल हो गए हैं, तो शास्त्रार्थ का सहसा पटाक्षेप कर देना ही उन्होंने उचित समझा।

शास्त्रार्थ सभा में उपस्थित शिक्षित दर्शकों, पत्रकारों, ज्योतिपशास्त्रज्ञों एवं सर्वसाधारण का यह कहना था कि इस प्रकार के खुले मंच पर ऐसे गंभीर शास्त्र से सम्बद्ध ऐसा उच्चस्तरीय शास्त्रार्थ आज तक कभी भी देखने को नहीं मिला। इसे उन्होंने **'ऐतिहासिक शास्त्रार्थ'** की संज्ञा दी। शास्त्रार्थ की समाप्ति पर सैंकड़ों प्रशंसक दर्शकों ने इन दोनों भाइयों को घेर लिया। "शास्त्रार्थ में नवयुवक श्री प्रियव्रत एवं श्री शक्तिधर का पक्ष विजयी रहा" यह समाचार पंजाब के ट्रिब्यून, मिलाप आदि समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया। इस शास्त्रार्थ का विस्तृत विवेचन खगोलशास्त्रीय प्रौढ़ गणितप्रतिपादनों के साथ **'शास्त्रीय पंचांग मीमांसा'** नामक पुस्तक में प्रो.श्री प्रियव्रत शर्मा एवं डा० शक्तिधर शर्मा ने संस्कृत में लिखकर प्रकाशित किया। 228 पृष्ठ की यह पुस्तक बनारस के प्रत्येक सौरपक्षपाती विद्वान् को भेजी गई थी। **श्री केदारदत्त जोशी (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के भूतपूर्व ज्योतिष विभागाध्यक्ष)**, अनेक ज्योतिषग्रन्थों के प्रणेता **श्री सीताराम झा, ज्योतिषाचार्य** एवं **श्री रविशंकर भार्गव, ज्योतिषाचार्य** आदि बनारस के अनेक निष्पक्ष ज्योतिषविद्वान् इस पुस्तक को पंचांग-वाद-विवाद पर लिखी गई एक प्रौढ़ प्रामाणिक कृति मानते हैं।

इसके अलावा वि. सं. 2039 (सन् 1982 ई.) में भी एक क्षयमास घटित हुआ, उस समय भी दोनों पक्षानुसार दीपावली-दशहरा में एक एक मास का अन्तर आ गया था। इस विवाद के समाधानार्थ **कांचीकाम कोटिपीठाधीश जगद्गुरु शंकराचार्य श्री 1008 जयेन्द्र सरस्वती जी** के तत्वावधान में दूसरा शास्त्रार्थ गुरुवायूर (केरल)में आयोजित हुआ। इस शास्त्रार्थ में महाराष्ट्र मद्रास, केरल, आन्ध्रप्रदेश के वे सभी पंचांगकर्त्ता विद्वान् आमन्त्रित थे, जो श्री प्रियव्रत-शक्ति धर शर्मा के धर्मशास्त्रीय सिद्धान्तों के प्रतिकूल दशहरा-दीपावली एक-एक मास बाद मनाने के पक्ष में थे। श्री प्रियव्रत शर्मा एवं श्री शक्ति धर शर्मा ने उनके मत का

तर्कन्यासपूर्वक खण्डन करते हुए धर्मशास्त्रीय एवं गणितात्मक शैली से अपने मत को दृढ़तापूर्वक उपस्थापित किया, जिसे सुनकर काञ्चीमठ के जगद्गुरु अनन्त श्री विभूषित शंकराचार्य जी ने अन्तिम निर्णय देते हुए श्री प्रियव्रत शर्मा एवं शक्तिधर के मतानुसार ही दीपावली -दशहरा मनाने की घोषणा की।

दो-दो घण्टों के चार-सत्रों में विभाजित दो दिन चला यह शास्त्रार्थ विशुद्ध संस्कृत माध्यम से ही हुआ था।

श्री इन्दुशेखर शास्त्री सम्पादक बने

वि. सं. २०२४ में पूज्य पण्डित जी के कनिष्ठ पुत्र श्री इन्दुशेखर जी ने भी अपने विद्वान् अग्रजों के साथ 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' के सम्पादन में हाथ बंटाना प्रारम्भ किया। आपने पंजाब विश्वविद्यालय से शास्त्री एवं पंजाब विश्वविद्यालय से ही संस्कृत में एम.ए. परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से ज्योतिषाचार्य भी आपने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। फलितज्योतिष में विशेष-रुचि होने से इन्दुशेखर जी ने पंचांग-सम्पादन के साथ साथ अपने पिताश्री से वर्षों तक जातक-संहिता ग्रन्थों का विशेष अध्ययन किया और अचूक भविष्यकथन के परम-रहस्य उनसे प्राप्त किये। आपने लगभग २५ वर्ष तक अपने पिताश्री के सान्निध्य में रहते हुए '**श्रीमार्त्तण्डज्योतिष कार्यालय**' में देश-देशान्तर से प्रतिदिन आने वाले लोगों की जटिल ग्रहसमस्याओं के समाधान के शास्त्रीय-प्रतिकारों को गंभीरता से हृदयंगम किया है, जिसके फलस्वरूप आप अब अपने स्व. पितृचरणों की अनुपस्थिति में उनके द्वारा प्रदत्त शिक्षा-दीक्षा के बल पर लोगों की उलझी समस्याओं के ज्योतिषशास्त्रीय समाधान करने में सिद्धहस्त हैं। जन्मकालिक-ग्रहस्थिति के आधार पर जातक की भूत, भविष्य एवं वर्तमान घटनाओं को करधृतामलकवत् देख सकने की आपकी अद्भुत शास्त्रदृष्टि के कारण आपके कार्यालय (**श्रीमार्त्तण्डज्योतिष कार्यालय, कुराली (रोपड़) पंजाब**) में प्रतिदिन भारत के अनेक प्रदेशों से अनेकों व्यक्ति अपनी फलितशास्त्रीय समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित होते हैं। अपनी ग्रहसमस्याओं के प्रतीकार के लिए देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति, मूर्धन्य राजनीतिज्ञ तथा समाज के अन्य सभी क्षेत्रों के विशिष्ट-व्यक्तित्व 'श्रीमार्त्तण्ड कार्यालय' में अनेकदा आपसे परामर्श के लिए उपस्थित देखे जा सकते हैं। आपकी सफल भविष्यवाणियों की चर्चा पंजाब, हरयाणा, हिमाचल आदि प्रदेशों के लोग बड़े सम्मान से करते हैं।

आपकी असंख्य राजनैतिक -भविष्यवाणियों ने वस्तुतः लोगों को अनेकदा चौंकाया है। 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' में दी जाने वाली मेदिनी, अर्घकाण्ड तथा राजनीति से सम्बद्ध भविष्यवाणियों के प्रणेता आप ही हैं। आपके द्वारा पंचांग में प्रतिवर्ष '**आकाशी कौंसिल**' तथा '**व्यापार विमर्श**' नामक स्तम्भों में प्रकाशित भविष्यवाणियों की यथार्थता से पंचांग के पाठक भलीभान्ति परिचित हैं। **अभी पीछे श्री अटल विहारी वाजपेयी जी की सरकार के भंग होने की यथार्थ तारीख पंचांग में एकवर्ष पूर्व ही घोषित कर दी गई थी, जोकि लक्ष्य से यत्किञ्चित् भी च्युत न होने वाली आपकी तीव्र भविष्यद्दृष्टि का ज्वलन्त उदाहरण है। आपकी ऐसी विस्मयकारी अनेकों राजनैतिक भविष्यवाणियों की ख्याति के कारण आप अनेकों राजनीतिज्ञों के परामर्शदाता दैवज्ञ के रूप में माने जाते हैं।**

आपकी अव्यभिचरित-भविष्यदृष्टि से आकृष्ट विश्वविख्यात महर्षि **श्री १००८ महेशयोगी जी** ने आपको '**राजज्योतिषी**' पद के लिए निर्वाचित किया था, लेकिन श्री इन्दुशेखर जी ने इस पद को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता प्रकट की, क्योंकि इसे स्वीकार कर लेने पर आपको वर्ष में कम से कम छः मास तक हॉलैण्ड में सम्मान्य श्रीयोगी जी की संस्था में अनिवार्यतः रहने का प्रतिबन्ध था और इस प्रतिबन्ध को स्वीकार करना ७० वर्षों से सुप्रतिष्ठित 'श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय ' के लिए हानिप्रद था।

श्री इन्दुशेखर जी दैवज्ञ होने के साथ साथ संस्कृत के भी विद्वान् हैं। भारतीय फलितशास्त्र के प्रति विशेष आकर्षण होने के कारण ही इन्होंने स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थाओं में शिक्षण का अवसर प्राप्त होने पर भी पदग्रहण की स्वीकृति नहीं दी ।

त्रिस्कन्ध ज्योतिष के पारदृश्वा इन सम्पादकों द्वारा सम्पादित इस पंचांगशिरोमणि ने इन विगत 75 वर्षों की गरिमामय अवधि में ऐसा शोधपूर्ण मौलिक चिन्तन पाठकों को दिया है, जिससे इस शास्त्र में परम्परागत विचारधारा से अपने आप में एक विलग क्रान्तिकारी दर्शन भारतीय-ज्योतिष जगत् में प्रतिष्ठापित हुआ है।

मुझे दृढ़ विश्वास है, कि भविष्य में भी इनकी समर्थ लेखनी से इसी प्रकार की अमूल्य विचारधारा इस ज्ञानशाखा में विशेष क्रान्तिप्रवाह लाएगी। '**हीरक जयन्ती**' की इस मंगलमय वेला पर मैं 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' के प्रबुद्ध सम्पादकमण्डल को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं एवं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि कल्पान्तस्थायी यह 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' अपनी ज्ञानरश्मियों से ज्योतिषशास्त्रगत भ्रान्तधारणाओं के अन्धतमस को सदा के लिए सर्वथा दूर भगा दे।

—: श्रीमार्त्तण्डपंचांग पर विद्वानों की अमूल्य सम्मतियां :—

(आपरितोषाद् विदुषां न मन्ये साधु प्रयोग–विज्ञानम्)

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग पर अनुरक्त असंख्य सम्मान्य विद्वानों की अमूल्य सम्मतियां हमें विगत 74 वर्षों से प्रतिवर्ष उपलब्ध हो रही हैं, जिन्हें हमने विशेष सम्मान से अपने पास सुरक्षित रखा है। इस हीरकजयन्ती के अवसर पर तो इन गुणग्राही अमत्सर विद्वान् पाठकों का हमारे प्रति अनुरागातिशय अनकी प्रशंसामय सम्मतियों की बाढ़ के रूप में प्रकट हुआ है, जिससे अपने परिश्रम की उपयोगिता के बारे में जानकर हमारे हृदय में भारी आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ है। हमारे इस तुच्छ प्रयत्न से महाविद्वानों एवं श्रद्धास्पद धर्माचार्यों के अधिकल्प हृदय भी उत्तरंगित हो उठे हैं– यह वस्तुतः हमारे लिए हर्ष और गौरव का विषय है —— **सम्पादक मण्डल**

श्रद्धास्पद परमादरणीय श्रीभुवनेश्वरी पीठाधीश श्री 1008 घनश्याम जी महाराज, गोण्डल (गुजरात) का शुभ आशीर्वाद

जय भुवनेश्वरी ! अखिल भारतोपयोगी "श्रीमार्त्तण्ड पंचाग" 75 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। भारतीय एवं पाश्चात्य ज्योतिष के विषयों से अलंकृत यह पंचांग का 75 वें वर्ष में पर्दापण हो रहा है। यही सिद्धि एवं साफल्य का प्रतीक बना है।

"श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" को हीरकजयंती तक पहुंचाने में आप सभी की मेहनत, विद्धज्जनों का मार्गदर्शन, ज्योतिषाचार्यों, इस विषय के ज्ञाता एवं सभी का अमूल्य योगदान है ही, जिनकी सफलता एवं यश के अधिकारी आप सभी ही हैं। ज्योतिष सम्बन्धी एवं खगोलीय गति–विधियों में रुचि रखने वाले पाठकों की अभिलाषा एवं पुष्टि इस पंचांग से प्राप्त हो रही है, जो उत्तरीभारत के लिए गौरव की बात है। इस सुअवसर पर मां भगवती भुवनेश्वरी से प्रार्थना है, कि यह पंचांग प्रतिदिन–प्रतिवर्ष अग्रेसर होता हुआ, हरेक घर में आवश्यक बने एवं उच्च सफलता प्राप्त करे।

मां भगवती भुवनेश्वरी तथा हमारी ओर से वेदोक्त आशीर्वाद प्रेषित करते है।

मार्त्तण्डपंचांगस्य हीरकजयन्त्युत्सवं विज्ञाय मनसि महान् प्रमोदस्समजनि। नूनं हि मार्त्तण्डपंचांगमिदानीं पंचांगसरणौ 'मार्त्तण्ड' इव भासते। प्रत्यब्दं नूतनविषयाणां गुम्फनं न केवलमस्य महत्त्ववर्द्धनाय अपितु सर्वजनोपकाराय कल्पते। विवादास्पदानां गूढानां व्यावहारिकाणाञ्च विषयाणां प्रमाणपुरस्सरं समाधानं पंचांगकर्तृभिरतिश्रमेण प्रत्यब्दं क्रियते। भारतीयज्योतिषशास्त्रस्य धर्मशास्त्रस्य च मर्यादामनुपालयदि्भः पंचांगसम्पादकैरत्र व्रतपर्वणां विशिष्टानां मुहूर्त्तादीनाञ्च निर्देशः नैपुण्येन विधीयते, यस्मात् पञ्चनदासन्नवर्तिप्रदेशाति–रिक्तप्रदेशेष्वपि लोकप्रियत्वमस्यास्माभिरनुभूयते। अत्रास्य प्रामाण्यमपि कारणम्। ज्योतिः–शास्त्रस्य जिज्ञासु–पाठकानां ज्योतिषकर्मणि रतानां जनानाञ्चास्य माध्यमेन महानुपकारः पंचांगपरिवारैः क्रियते इति सत्यम् ।

पण्डितवराः दैवज्ञवर्याः श्रीप्रियव्रतशर्ममहानुभावाः शक्तिधरेन्दुशेखराभ्यामनुजाभ्यां ज्योतिषशास्त्राय समर्पिताभ्यां सहातिश्रमेण समुचितेन कालेनास्य प्रकाशनार्थं भूयो–भूयो धन्यवादार्हाः प्रशंसार्हाश्च सन्ति। अत एतस्य हीरकजयन्त्युत्सवे मार्त्तण्डपंचांगपरिवारस्याभि–नन्दनपुरसरं कामये यत् पञ्चाङ्गस्यास्य महिमा गुणाभिवृद्धया सततं वृद्धिमीयात्।

डॉ. रामचन्द्रपाण्डेयः,
आचार्योऽध्यक्षश्च ज्योतिषविभागे,
काशीहिन्दुविश्वविद्यालयः, वाराणसी।

विरुद्धवाक्यकालाहि–कलितान्विषयान्मृतान्। निर्णीय जीवदानेन मार्त्तण्डं मुकुटीयते।।
प्रियः प्रियव्रतः श्रेष्ठः शोधव्रत – विनिर्णयः। त्रिस्कन्ध – मर्मविद्यत्र समस्याः समुपाऽनुदत्।।
प्रिया वाणी प्रियःपाणिः, प्रियं शास्त्रस्य मन्थनम्। निधिरेवं प्रेयसां यः तमहं श्रेयसा युजे।।
जयन्ती हीरकाऽख्येऽस्मिन् विशेषांक–प्रकाशने। श्रीकण्ठ–हृच्छर्म कामा भवन्तु भवभावनात्।।

श्रीकण्ठ शर्मा 'चक्रपाणि' शास्त्री,
गुरु निकेतन, चौक फव्वारा,
अमृतसर (पं.)

श्रीमार्त्तण्डपंचांगं विविध–ज्यौतिष–धर्म–शास्त्रीय–विषयनिकरमण्डितत्वान्नैजं वैशिष्ट्यं भजते। ज्योतिष–सम्बन्धि–विविधसमस्यासमाधान–दक्षस्य श्रीमार्त्तण्डपंचांगस्य 'हीरकजयन्ती' प्रकाशनं विद्वत्तल्लजानां ज्योतिर्विदां नितरां मुदे स्यादिति भृशं कामये।

डॉ. हंसधरःझा, ज्यौतिषप्राध्यापकः,
कें. सं. विद्यापीठः,
गरली, (हि. प्र.)।

सच्छ्रीमार्त्तण्ड–पंचांगं श्रीमुकुन्द प्रवर्तितम्। भ्राजतां ज्योतिषां भव्यमिन्दुशेखरशोभितम्।।
प्रिय–शक्तिसुसम्पन्नं, गणितफलिताञ्चितम्। सुरम्यवरणं नव्यं जयन्त्या हीरकांचितम्।।
नरदेवः शुभाशंसी शास्त्री शास्त्र–वशंवदः। सौख्यं कामयते नित्यं मार्त्तण्डस्य प्रियं सदा।।

डॉ. नरदेव शास्त्री,
प्राध्यापकः संस्कृत विभागे,
हि.प्र. विश्वविद्यालयः, शिमला (हि.प्र.)

रवौ निलीनाः द्युषदो दिने–दिने, तमस्विनीमाप्य विभान्ति केवलम्।।
परन्तु मार्त्तण्डमवाप्य भूचरं, दिनेऽपि रात्राविव भांति ते खगाः।।

ज्ञातव्यानां शकुन–मुहूर्त्त–ग्रहण–फल–खगोल–भूगोलादि–विषयकघटनाविशेषाणां सूक्ष्मातिसूक्ष्मं सरलातिसरलञ्च सिद्धान्त–फलिताधारं निरूपणं प्रतिपृष्ठं सम्पठामः। सत्यं नहि दृष्टम् अस्माभिरेतादृशमन्यत्पंचांगम्। पंचांगमिदं भारतीयेषु शास्त्रशुद्धेषु पंचांगेषु अद्वितीयता–पदं सर्वथाऽर्हत्यलंकर्तुमिति निःशंकमुल्लिखितुं शक्नुमः।

तद्यथा –

श्रीमन्मार्त्तण्ड–पंचांगं, दृक्पक्षेणविनिर्मितम्।
मार्त्तण्डवत्प्रकाशेन, प्रोज्ज्वलं भुवि राजते।।

"हीरकजयन्ती" अवसरे सम्पादकानां भृशमभिनन्दनाय समुत्कण्ठते मे मनः। भगवत्याः श्रीचरणेष्वभ्यर्थये यत् पंचांगमहिमा गुणाभिवृद्ध्या अहर्निशं वृद्धिमीयात्।

श्रीकृष्ण शर्मा, शास्त्री,
वेद–साहित्याचार्यः,
ग्रा. सुन्हाड़, पो. सौर, सोलनम् (हि. प्र.)

मान्यं ग्राह्यं गुणाढ्यं ग्रहगणगणितं धर्मशास्त्रान्वितं च।
सर्वोच्चं विश्वपूज्यं प्रियव्रत – विदुषा पोषितं वर्धमानम्।।
पञ्चाङ्गं देव पाञ्चायतनमिव परं हीरकायां जयन्त्याम्।
श्रीमार्तण्डं जगति विजयतां ज्योतिषां ज्योतिरेतत्।।

श्रीराम कुमार मिश्रः,
स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालयः,
ब्रह्मनिवास आश्रम, वृन्दावनम् (मथुरा)।

दैवज्ञरत्न–श्रीमन्मुकुन्दवल्लभमिश्रैः प्रवर्त्तितं सम्प्रति च तत्पुत्रैः ज्योतिश्शास्त्र–मर्मज्ञैः सम्पाद्यमानं 'श्रीमार्त्तण्डपंचांगम्' अनुगुणसंज्ञं प्रकाशनम्। त्रिस्कन्धज्योतिषपारदृश्वनाम् एतेषां सम्पादकानाम् एतद्दिव्यविद्या–रहस्यव्यंजनाभिः लेखमालाभिः रुचिरं समृद्धं वपुः बिभ्रत् आकृष्ट–विद्वज्जनमानसम् अनन्वयमेतत् पंचांगम् अज्ञान–तमोभेदे सत्यं मार्त्तण्ड एव। अस्य 'हीरकजयन्ती' पर्वणि परममुल्लासं वहतो हृदो मे एता मांगल्यकामनाः– 'प्रत्यहमुदीयमानं मार्त्तण्डपंचांगमेतत् सुमनसां मनसां विकासाय भवेत्, सम्पादकवर्गश्चास्य दीर्घाद्दीर्घतरं निरामयम् आयुः अधिगच्छेत्, येन तस्य ज्ञानराशिना अधिगतेन लोक एषः अपगतभ्रमः युक्तां दिशमाश्रयेत्।'

मार्त्तण्डोऽयं मुकुन्दस्य , कलामासाद्य कालजाम्।
बोधयन्कालविज्ञानं , कल्पान्तं राजतां भुवि।।

डॉ. भक्तवत्सलम् शर्मा, प्राचार्यः,
स.ध.आ. संस्कृत महाविद्यालयः,
डोहगी (ऊना) (हि. प्र.)।

श्रीमार्तण्ड–पञ्चाङ्गेन विगतान् त्रिंशदुत्तराब्दान् अहं व्यवहरामि, पंचाङ्गमेतत् चित्रापक्षीय–दृग्गणितैक्य–वादि–पंचाङ्गेषु मूर्धन्यम् सर्वथा सैद्धान्तिकंसूक्ष्मगणित–विविध–मुहूर्त–मण्डितं, विविध–समस्या–समाधायकं सिद्ध–भविष्य–वाणी–चमत्कृतलोकं सारार्थ–विलास–गर्भं, पंचाङ्गमेतत् मार्तण्डाऽभिधं समग्रे भारतवर्षे ज्योतिष–ज्ञानं सर्वतः विकिरति।

इदानीं मार्तण्ड–पंचांगस्य हीरक–जयन्ती शुभावसरे अस्य साम्प्रतिक–सम्पादक–वर्याणां, लब्ध–स्वर्णपदकादि–प्रशस्तानां सुप्रतिष्ठितानां, राष्ट्रपति–बहुमान– सम्मानितानां खगोल–भूगोलगणितविज्ञाग्रगण्यानां, विभूतये, भृशं भवानीशममीडे। समेषामेतेषां श्रीर्वर्चस्वञ्च वृद्धिमीयात्।

प्रो. कृष्णगोपाल व्रजेश,
साहित्य–ज्यौतिषाचार्यः,
भूतपूर्वः ज्यौतिष विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्यः,
महाराज संस्कृत कॉलेज, जयपुर (राज.)।

श्रीमार्त्तण्ड पंचांग दिव्य, भव्य ज्ञानोपयोगी सामग्री सहित प्राप्त हुआ। आपके यशस्वी प्रकाशन हेतु व्रज के आराध्य श्री श्यामसुन्दर से अहर्निश प्रार्थना है कि उत्तरोत्तर

इसी प्रकार पंचांग अभिवृद्धि करे। साथ ही आप समस्त बन्धुवर्ग का चतुर्दिक मंगलमय **विकास हो।**

डॉ. प्राणगोपाल, आचार्य ,
श्रीरंगलक्ष्मी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय,
वृन्दावन (मथुरा)।

पंचांग अतिविशिष्ट ज्ञानवर्धक एवम् अग्रगण्य है। ' हीरक जयन्ती ' अवसर पर हमारी शुभ कामनाएं स्वीकार करें।

आचार्य गोस्वामी रामगोपाल जी,
श्रीगोपीश्वर महादेव मन्दिर,
वृंदावन (मथुरा)।

लगभग पचहत्तर वर्ष से जनता–जनार्दन की सेवा में संल्लग्न अखिल भारतोपयोगी श्रीमार्त्तण्ड पंचांग अखिल भारत में ज्योतिषतिलक के रूप में सर्वोपरि विराजमान हो चुका है, विश्व के सभी ज्योतिष–मनीषी हृदय से नतमस्तक होकर, इसे सम्मान प्रदान कर रहे हैं। हीरक जयन्ती अवसर पर भगवान् श्रीकृष्ण से सम्पादक मण्डल एवम् पंचांग की अहर्निश उन्नति की कामना है।

भागवत भूषण, श्रीनाथ शास्त्री,
पुराणाचार्य, भागवतशोध संस्थान, गान्धी मार्ग,
वृन्दावन (यू.पी.)

श्रीमार्त्तण्ड पंचांग प्रतिवर्ष नवीन शोधपूर्ण सामग्री से अलंकृत दृष्टिगोचर होता है, इसकी प्रत्यक्ष दृग्गणित अतिसूक्ष्म होने पर भी सरल और बुद्धिगम्य है। अज्ञानी को भी विद्वत्तापथ पर ले जाने वाला यह पंचांग सर्वतोभावेन प्रशंसनीय एवम् अग्रगण्य कहा जा सकता है।

श्रीवृन्दावन बांके बिहारीलाल जी से प्रार्थना है, कि सम्पादकमण्डल को दीर्घायु प्रदान करें। श्रीमार्त्तण्ड पंचांग 'हीरक जयन्ती' के विशेषांक पर हमारी शुभकामनाएं।

गुड फ्राई डे	29 मार्च	श्रीकृष्ण जन्माष्टमी	31 अगस्त	बलि. दिवस श्री गुरु तेगबहादुर जी	8 दिसंबर	मुहर्रम	14 मार्च
गुडी पडवा	13 अप्रैल	श्रीगणेश चतुर्थी	10 सितंबर	क्रिसमस डे	25 दिसंबर		
वैशाखी (पंजाब)	13 अप्रैल	जन्म श्रीहजरत अली	21 सितंबर				

पंजाब , हरियाणा , हिमाचल प्रदेश व जम्मू–काश्मीर, उ.प्र. के मेले (1 जनवरी , सन् 2002 ई. से 1 अप्रैल, सन् 2003 ई. तक)

मेला	तिथि	मेला	तिथि	मेला	तिथि	मेला	तिथि
(सन् 2002 ई.)		आनी आऊटर सिराज (कुल्लू) प्रा.	7 मई	श्री चिन्तपूर्णी (हि. प्र.)	15 अग.	जन्मदिन श्रीवीर वैरागी (नकोदर पं.)	17 नव.
लोहड़ी (दांऊ.बिदरख) रोपड	14 जन.	पिंजौर (हरि.)	12 मई	ब. सन्त बाबा हरचन्द सिंह लौंगोवाल	20 अग.	श्रीरामतीर्थ (अमृतसर पं.)	19 नव.
मुक्तसर (पंजाब)	14 जन.	दूगरी जातर (मनाली) प्रा.	14 मई	श्री अमरनाथ यात्रा (काश्मीर)	22 अग.	कपालमोचन (हरि.)	19 नव.
माणकपुर शरीफ (रोपड) प्रारम्भ	29 जन.	बंजार (कुल्लू) प्रा.	14 मई	कैलाशयात्रा (काश्मीर) प्रा.	5 सित.	श्रीपुष्करराज (राज.)	19 नव.
ब.सन्त बाबा अतर सिंह जी मस्तुआणा(पं.)	1 फर.	साढी जातर, नगर (हि.प्र.) प्रा.	18 मई	श्रीगुसांईआणा, कुराली (पंजाब)	8 सित.	पुरमण्डल, देविका स्नान (जम्मू)	3 दिसं.
वसन्त पंचमी	17 फर.	समागम (8 दिन)हरिहरघाट,मणिकर्ण,		श्रीगणेशोत्सव (मण्डी) हि.प्र. प्रारम्भ	10 सितं.	ब. बा. वैशाखा सिंह, दुदेहर साहब,	5 दिस.
श्रीमहाशिवरात्रि (मण्डी, हि.प्र.) प्रारम्भ	12 मार्च	(कुल्लू) प्रा.	20 मई	मेला पट्ट (काश्मीर) प्रारम्भ	11 सितं.	(अमृतसर)	
नीलकण्ठ महादेव (पौडी, गढवाल)	12 मार्च	पाण्डवों का बाडी मेला (सरयांझ) सोलन,	15 जून	श्रीवामन द्वादशी (अम्बाला,पटियाला)	18 सितं.	जोडमेला फतेहगढ साहिब (पं.) प्रा.	26 दिसं.
जन्म बाबा अतर सिंहजी (नानकसर चीमा)	15–17 मार्च	भुन्तर (कुल्लू) प्रा.	15 जून	बाबा सोढल (जालन्धर)	20 सितं.	संगीत मेला बाबा हरवल्लभ(जालन्धर),प्रा.	27 दिसं.
होला श्री आनन्दपुर साहिब (पं.)	29 मार्च	क्षीर भवानी (जम्मू–काश्मीर)	18 जून	छपार (पं.)	20 सितं.	**(सन् 2003 ई.)**	
श्रीवीरमदास, बधौछी (पटियाला)	2 अप्रैल	श्रीगंगा दशहरा	20 जून	श्रीगोईंदवाल साहिब, (अमृतसर), पं.	21 सितं.	लोहड़ी (दांऊ,बिदरख) रोपड़, पंजाब	13 जन.
श्रीगुरु रामराय (देहरादून)	2 अप्रैल	सपोर यात्रा धारलदा (उधमपुर)	20 जून	श्री आशापति यात्रा (काश्मीर) प्रा.	5 अक्तू.	मुक्तसर (पंजाब)	14 जन.
शीतला माता (कुराली) पं.	4 अप्रैल	नमाणी एकादशी, नौवे गुरु बरहे (बठि.)	21 जून	श्रीज्वालामुखी, तारादेवी (हि.प्र.)	13 अक्तू.	माणकपुर शरीफ (रोपड़) प्रारम्भ	18 जन.
पिहोवा (हरियाणा)	11 अप्रैल	पीपलू , ऊना (हि.प्र.)	21 जून	ज्वालामुखी (हरचोवाल,गुरदासपुर), पं.	13 अक्तू.	ब.सन्त बाबा अतर सिंह जी मस्तुआणा(पं.)	1 फर.
कशाधा, नहयाणी सह (कुल्लू)प्रा.	15 अप्रैल	शुद्ध महादेव यात्रा (उधमपुर)	24 जून	दशहरा (कुल्लू) प्रा.	15 अक्तू.	वसन्त पंचमी	6 फर.
माईसर खाना (पं.)	19 अप्रैल	ब.बा. सन्तोख सिंह जी, नानकसर–	9 जुला.	मेला पीरभीखनशाह(घड़ाम)पटियाला प्रा.	18 अक्तू.	श्रीमहाशिवरात्रि (मण्डी, हि.प्र.) प्रारम्भ	1 मार्च
श्रीमनसादेवी (हरि.)	20 अप्रैल	चीमा प्रा.		श्रीशाकम्भरी देवी (उ.प्र.)	20 अक्तू.	नीलकण्ठ महादेव (पौडी गढवाल)	1 मार्च
बहुफोर्ट (जम्मू–काश्मीर)	20 अप्रैल	शरीक भवानी (जम्मू–काश्मीर)	18 जुला.	देवीमेला हथीहरा (कुरुक्षेत्र)	20 अक्तू.	होला श्री आनन्दपुर साहिब (पं.)	19 मार्च
ज्वालामुखी (हरचोवाल, गुरदासपुर) पं.	20 अप्रैल	गुरु पूर्णिमा, नदीपार आश्रम (कुराली)	24 जुला.	दीपावली (अमृतसर)	4 नवं.	श्री गुरु रामराय (देहरादून)	22 मार्च
माता कासादेवी (कासल, रोपड) प्रारम्भ	25 अप्रैल	बरसी स. बाबा प्यारा सिंह जी,		बालमेला	14 नवं.	श्री वीरमदास, बधौछी (पटियाला)	25 मार्च
देवी मेला हथीहरा (कुरुक्षेत्र)	26 अप्रैल	(झाडसाहिबवाले) चमकौर साहिब	5–7 अग.	बाबा रुद्रानन्द, नारी (ऊना,हि.प्र.)प्रा.	15 नवं.	शीतला माता (कुराली) पं.	27 मार्च
पीपल जातर (कुल्लू) प्रा.	28 अप्रैल	श्रीनैना देवी (हि. प्र.)	15 अग.	रेणुका (नाहन) हि.प्र.	15 नवं.	पिहोवा (हरियाणा)	31 मार्च

गण्डमूल नक्षत्रों का प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

(1 जनवरी, सन् 2002 ई. से 1 अप्रैल , सन् 2003 ई. तक)

सन् 2002 ई.	प्रारम्भ घं. मि.	सन् 2002 ई.	समाप्त घं. मि.	सन् 2002 ई.	प्रारम्भ घं. मि.	सन् 2002 ई.	समाप्त घं. मि.	सन् 2002–03ई	प्रारम्भ घं. मि.	सन् 2002–03ई	समाप्त घं. मि.	सन् 2003 ई.	प्रारम्भ घं. मि.	सन् 2003 ई.	समाप्त घं. मि.
1 जन.	21 04	3 जन.	16 58	9 मई	7 10	11 मई	12 18	13 सित.	5 32	15 सित.	5 33	19 जन.	14 32	21 जन.	12 21
10 जन.	10 41	12 जन.	12 25	18 मई	17 57	20 मई	15 46	22 सित.	20 00	25 सित.	2 04	28 जन.	3 09	30 जन.	1 42
20 जन.	5 24	22 जन	10 28	27 मई	2 41	29 मई	1 15	2 अक्तू.	11 49	4 अक्तू.	8 07	6 फर.	8 14	8 फर.	14 11
29 जन.	7 05	31 जन.	1 37	5 जून	14 40	7 जून	19 53	10 अक्तू.	13 32	12 अक्तू.	12 11	15 फर.	23 58	17 फर.	20 53
6 फर.	16 09	8 फर.	18 26	14 जून	23 31	16 जून	21 10	20 अक्तू.	2 05	22 अक्तू.	8 03	24 फर.	8 30	26 फर.	7 35
16 फर.	12 17	18 फर.	17 51	23 जून	11 24	25 जून	10 25	29 अक्तू.	19 46	31 अक्तू.	17 40	5 मार्च	15 57	7 मार्च	21 48
25 फर.	18 19	27 फर.	12 36	2 जुला.	22 38	5 जुला.	4 09	6 नव.	23 47	8 नव.	21 00	15 मार्च	10 16	17 मार्च	7 21
5 मार्च	22 17	8 मार्च	0 02	12 जुला.	6 34	14 जुला.	3 12	16 नव.	8 31	18 नव.	14 28	23 मार्च	14 47	25 मार्च	13 04
15 मार्च	18 23	17 मार्च	23 56	20 जुला.	18 08	22 जुला.	18 03	26 नव.	1 42	28 नव.	0 45	1 अप्रैल	22 38	-- --	-- --
25 मार्च	4 29	26 मार्च	23 44	30 जुला.	6 27	1 अग.	12 18	4 दिसं.	10 45	6 दिसं.	7 27				
2 अप्रैल	6 32	4 अप्रैल	6 53	8 अग.	15 39	10 अग.	11 16	13 दिसं.	15 48	15 दिसं.	21 49				
12 अप्रैल	0 28	14 अप्रैल	5 45	16 अग.	23 36	19 अग.	0 03	23 दिसं.	7 16	25 दिसं.	6 11				
21 अप्रैल	12 12	23 अप्रैल	9 00	26 अग.	13 36	28 अग.	19 39	31 दिसं.	20 16	2 जन.	17 36				
29 अप्रैल	16 32	1 मई	15 35	5 सितं.	1 56	6 सितं.	21 21	9 जन.	23 55	12 जन.	5 58				

पंचकों का प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

(1 जनवरी, सन् 2002 ई. से 1 अप्रैल , सन् 2003 ई. तक)

सन् 2002 ई.	प्रारम्भ घं. मि.	सन् 2002 ई.	समाप्त घं. मि.	सन् 2002 ई.	प्रारम्भ घं. मि.	सन् 2002 ई.	समाप्त घं. मि.	सन् 2002–03ई	प्रारम्भ घं. मि.	सन् 2002–03ई	समाप्त घं. मि.	सन् 2003 ई.	प्रारम्भ घं. मि.	सन् 2003 ई.	समाप्त घं. मि.
16 जन.	7 16	21 जन	8 09	1 जून	17 03	6 जून	17 26	16 अक्तू.	4 33	21 अक्तू.	5 05	1 मार्च	21 23	6 मार्च	18 45
12 फर.	14 08	17 फर.	15 12	29 जून	1 35	4 जुला.	1 31	12 नवं.	11 16	17 नवं.	11 32	29 मार्च	3 14	-- --	-- --
11 मार्च	20 07	16 मार्च	21 15	26 जुला.	9 41	31 जुला.	9 26	9 दिसं.	19 35	14 दिसं.	18 51				
8 अप्रै.	2 08	13 अप्रै.	03 13	22 अग.	16 44	27 अग.	16 38	6 जन.	4 59	11 जन.	2 54				
5 मई	9 02	10 मई	9 53	18 सितं.	22 46	23 सितं.	23 01	2 फर.	13 59	7 फर.	11 06				

रविवार कैलेण्डर (1 जनवरी, सन् 2002 ई. से 1 अप्रैल , सन् 2003 ई. तक)

2002 ई.	रविवार की तारीखें					2002 ई.	रविवार की तारीखें					2002 ई.	रविवार की तारीखें					2003 ई.	रविवार की तारीखें				
जनवरी	6	13	20	27	–	मई	5	12	19	26	–	सितंबर	1	8	15	22	29	जनवरी	5	12	19	26	–
फरवरी	3	10	17	24	–	जून	2	9	16	23	30	अक्तूबर	6	13	20	27	–	फरवरी	2	9	16	23	–
मार्च	3	10	17	24	31	जुलाई	7	14	21	28	–	नवंबर	3	10	17	24	–	मार्च	2	9	16	23	30
अप्रैल	7	14	21	28	–	अगस्त	4	11	18	25	–	दिसंबर	1	8	15	22	29	अप्रैल	6	13	20	27	–

ग्रहण विवरण (सं. २०५६ वि.)

परिलेखक - प्रियव्रत शर्मा

इसवर्ष (सं. २०५६ वि. में) भूगोल पर निम्नलिखित दो ग्रहण होंगे :-

(१) खण्डग्रासूर्यग्रहण (१०/११ जून २००२ ई.)

(२) खग्रास सूर्यग्रहण (४ दिसम्बर २००२ ई.)

इन दो सूर्यग्रहणों में से नं. (१) वाला खण्डग्रास-सूर्यग्रहण ही भारत के पूर्वोत्तरी कोने में बहुत थोड़े समय के लिए मामूली सा ही दिखाई देगा।

इसवर्ष कोई भी चन्द्रग्रहण भूगोल पर दिखाई नहीं देगा। लेकिन ३ उपच्छाया ग्रहण विश्व के विभिन्न भागों में दिखाई देंगे।

-: भारत में अदृश्य सूर्यग्रहण का संक्षिप्त विवरण :-

खग्रास सूर्यग्रहण- यह ग्रहण मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष, अमावस, बुधवार (४ दिसम्बर, सन् २००२ ई.) को अफ्रीका, दक्षिण-एशिया, आस्ट्रेलिया एवं हिन्दमहासागर में दिखाई देगा। यह ग्रहण भूगोल पर (भा.स्टैं.टा. के अनुसार) ४ दिसम्बर २००२ ई. को १० बजकर २१ मिनट से १५ बजकर ४१ मिनट तक दिखाई देगा।

-: भारत में दृश्य ग्रहण का विवरण :-

खण्डग्रास सूर्यग्रहण (१०/११ जून, सन् २००२ ई., ज्येष्ठकृष्ण अमावस,चन्द्रवार) :-

यह ग्रहण ११ जून को भारत के पूर्वोत्तरी कोने में बहुत थोड़े समय के लिए मामूली सा ही दिखाई देगा। यह माइनामर, थाईलैण्ड, इण्डोनेशिया, फिलिपाइन्स, ताइवान, जापान, उत्तरी एवं मध्य आस्ट्रेलिया, कनाडा, उत्तरी अमेरीका एवं मैक्सिको में दिखाई पड़ेगा। इसकी कंकणाकृति अधिकतर पेसिफिक-समुद्र में ही दिखाई देगी।

यहां दिए गए भारत के मानचित्र में खींची गई 'क-ख' रेखा से दाईं ओर स्थित अरुणाचल, असाम एवं नागालैण्ड के पूर्वोत्तरी थोड़े से भाग में ही यह ग्रहण खण्डग्रास के रूप में कुछ ही मिनटों के लिए ११ जून को सूर्योदय के समय दिखाई देगा। इस 'क-ख' रेखा पर बसे नगरों में सूर्योदय के समय ही ग्रहण समाप्त हो जाएगा। इस रेखा से बाईं ओर यह ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देगा। आसाम के डिब्रूगढ़ नगर में यह ग्रहण ११ जून को भा.स्टैं.टा. के अनुसार सूर्योदय (४ घं. १७ मि.) के बाद ४ बजकर २६ मिनट पर समाप्त हो जाएगा। क्योंकि पंजाब, हरियाणा, हि.प्र., राजस्थान, जम्मू-काश्मीर, दिल्ली, उ.प्र. एवं म.प्र. आदि प्रदेशों में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा,- अतः इस ग्रहण में यहां स्नान-दानादि

खण्डग्रास सूर्यग्रहण (११ जून २००२ ई.)

क-ख = सूर्योदय के समय ग्रहणमोक्ष।

धार्मिक विधानों का कोई महत्व नहीं होगा।

जैसाकि पहले स्पष्ट किया जा चुका है, कि इसवर्ष भूगोल पर कोई भी चन्द्रग्रहण नहीं दिखाई देगा; लेकिन इसवर्ष निम्नांकित ३ उपच्छाया-चन्द्रग्रहण विश्व के विभिन्न भागों में दिखाई देंगे ,-

(१) उपच्छाया चन्द्रग्रहण (वैशाख पूर्णिमा, रविवार, २६ मई २००२ ई.) :-

यह उपच्छाया ग्रहण दिन के ३ बजकर ४२ मिनट से सायं ७ बजकर २४ मिनट तक देखा जा सकेगा। भारत में चन्द्रोदय के समय यह उपच्छाया ग्रहण थोड़ी देर के लिए ही देखा जा सकेगा।

(२) उपच्छाया चन्द्रग्रहण (ज्येष्ठ पूर्णिमा, चन्द्रवार, २४/२५ जून, २००२ ई.) :-

यह उपच्छाया ग्रहण २५ जून को रात्रि के १ बजकर ४८ मिनट से प्रातः ४ बजकर ५ मिनट तक सारे भारत में देखा जा सकेगा।

(३) उपच्छाया चन्द्रग्रहण (कार्तिक पूर्णिमा, बुधवार, २० नवम्बर, २००२ ई.) :-

यह उपच्छाया चन्द्रग्रहण २० नवम्बर को प्रातः ५ बजकर २ मिनट से ६ बजकर ३१ मिनट तक देखा जा सकेगा। यह उपच्छाया चन्द्रग्रहण भारत में सूर्योदय से कुछ देर पहिले ही दिखाई पड़ेगा।

नोट :- चन्द्रमा का उपच्छाया-ग्रहण वास्तविक चन्द्रग्रहण नहीं होता। वास्तविक-चन्द्रग्रहण तो पृथ्वी की वास्तविक छाया में चन्द्रप्रवेश होने पर ही होता है। जब चन्द्रमा पृथ्वी की उपच्छाया में प्रवेश करता है, तब उपच्छाया चन्द्रग्रहण होता है। उपच्छाया चन्द्रग्रहण के समय चन्द्र की चांदनी किंवा बिम्ब धुन्दले पड़ जाते हैं। लेकिन चन्द्रबिम्ब काला नहीं पड़ता। क्योंकि ये उपच्छाया ग्रहण वास्तविक-चन्द्रग्रहण नहीं हैं, अतः इस समय जप-दानादि का कोई महत्त्व नहीं होगा, न ही सूतकादि का विचार इसमें होता है। यह एकमात्र आकाशीय चमत्कार है।

ध्यान दें; - ***सन् २००१ ई. में ५ जुलाई को चन्द्रग्रहण हुआ था। तदनन्तर पूरे सन् २००२ ई. में कोई चन्द्रग्रहण घटित नहीं होगा। अब आगामी चन्द्रग्रहण मई, २००३ ई. में घटित होगा। इसप्रकार एकवर्ष दस महीने की अवधि में कोई चन्द्रग्रहण घटित नहीं हो रहा है ; इसप्रकार की स्थिति बहुत वर्षों बाद आया करती है।***

उपच्छाया ग्रहणों के विषय में
डॉ. शक्तिधर शर्मा
का विशेष लेख पढ़ें → पृ. ६० पर

चन्द्रग्रहण के विषय में ज्ञातव्य कुछ बातें

चन्द्रग्रहण होगा या नहीं ?

यदि पूर्णिमान्त के समय सूर्य का राहु या केतु से अन्तर १३ अंश से कम हो तो चन्द्रग्रहण होने की सम्भावना रहती है। यदि यह अन्तर ६ अंश से कम हो तो चन्द्रग्रहण निश्चित रूप से होता ही है। यदि यह अन्तर १३ अंश से कम और ६ अंश से अधिक हो तो 'चन्द्रग्रहण होगा या नहीं'- इसका निर्णय चन्द्रग्रहणगणित करने पर ही हो पाता है।

चन्द्रग्रहण दिखाई पडेगा या नहीं ?

जहां पूर्णिमा सूर्यास्त से दो घण्टा पहले समाप्त हो रही हो, वहां चन्द्रोदय से पहले ही चन्द्रग्रहण खत्म होने की सम्भावना रहती है। जहां पूर्णिमा सूर्योदय के दो घण्टा बाद समाप्त हो रही हो, वहां चन्द्रग्रहण शुरू होने से पहले ही चन्द्रास्त हो जाने की सम्भावना रहती है। इन स्थितियो में 'उस स्थान पर चन्द्रग्रहण दिखाई पड़ेगा या नहीं' - इसका निर्णय चन्द्रग्रहण की गणित करने पर ही हो पाता है।

चन्द्रग्रहण के दिन चन्द का उदयास्त काल

जिस दिन चन्द्रग्रहण ग्रस्तास्त हो, उस दिन के स्थानीय सूर्योदयकाल का ग्रहणमध्य-काल से अन्तर करके शेष को ३० से भाग दें। यदि सूर्योदयकाल ग्रहणमध्यकाल से अधिक हो तो लब्धि के मिनटों को सूर्योदयकाल में जोड़ने अन्यथा घटाने पर स्थानीय चन्द्रास्त-काल प्राप्त होगा।

जिस दिन चन्द्रग्रहण ग्रस्तोदय हो उस दिन के स्थानीय सूर्यास्तकाल का ग्रहण-मध्यकाल से अन्तर करके शेष को ३० से भाग दें। सूर्यास्तकाल ग्रहणमध्यकाल से अधिक हो तो लब्धि के मिनटों को सूर्यास्तकाल में जोडने अन्यथा घटाने पर स्थानीय चन्द्रोदय-काल प्राप्त होगा।

इस उपरोक्त पद्धति से प्राप्त चन्द्रोदयास्तकाल में सामान्यतः एक - दो मिनट से अधिक अशुद्धि नहीं होती।

शनि की साढेसाती (बृहत्कल्याणी), ढैया (लघुकल्याणी) और गुरु–राहु का गोचरफल (सं. 2059 वि.)

जन्मकुण्डली में शनैश्चर का शुभग्रह से संबंध हो अथवा महादशा का अंतर शुभ चल रहा हो, तो ढैया और साढेसाती का अशुभफल कम होता है। यदि चन्द्र, शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढेसाती व ढैया महान् अशुभ, चिंता, अवनति, धनहानि, झगड़ा, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशु–पीड़ा आदि का कारण बनती है। यदि जन्मकुण्डली में शनि अष्टमेश या मारकेश हो तो भी ढैया, साढेसाती विशेष अनिष्ट फलप्रद होती है। यदि जन्म में शनि लग्नेश, पंचमेश, नवमेश होकर 3, 6, 11 में स्थित हो तो सुख–सम्पत्ति मिलती है, व्यापारादि में लाभ होता है। शनि के अष्टकवर्ग में अधिक रेखाएं हों तो शुभ, कम रेखाएं हों तो अशुभ फल निश्चित होता है। शान्त्यर्थ–सतनाजा को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए या शनिवार को तेल में मुख देखकर उसमें मिष्ठान्न, गुलगुले आदि बनाकर, गरीबों को, भैंसे या कुत्ते को दें या बन्दरों को गुड़–चने डालते रहें। अष्टगंध से शुभमुहूर्त में बना हुआ शनियंत्र धारण करना विशेष शांतिप्रद है।

साढेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का अशुभ फल इस प्रकार है–

मेष राशि वालों को बीच के अढाई वर्ष खराब हैं। वृष को पहिले अढाई वर्ष, मिथुन को अंत के अढाई वर्ष, कर्क को बीच के अढाई वर्ष, सिंह को पहिले 5 वर्ष उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष खराब हैं। कन्या को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। तुला को आखिर के अढाई वर्ष, वृश्चिक को अंतिम 5 वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। धनु को प्रारंभ के अढाई वर्ष, मकर को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी पहिले अढाई वर्ष विशेष खराब हैं। कुंभ को आदि एवं अंत के पांच वर्ष, विशेषतः अंत के अढाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। मीन को पूरे साढेसात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अंत के अढाई वर्ष विशेष अशुभफल देने वाले होते हैं।

सं. 2057 वि. में 6 एवं 7 जून, 2000 ई. की मध्यरात्रि में 24 घं. 57 मिनट पर आश्लेषा नक्षत्र एवं कर्कराशि में स्थित चन्द्र के समय शनि वृषराशि में प्रविष्ट होकर सं. 2059 वि. एवं सन् 2002 ई. की 23 जुलाई तक शनि वृषराशि में ही रहेगा। वृषराशिस्थ शनि की साढेसाती–ढैया आदि का फल बाईं ओर कोष्ठक में दिया गया है।

नोट :– कोष्ठक में जिन राशियों का निर्देश नहीं है, उनराशि वाले व्यक्तियों के लिए वृष राशिस्थ शनि की अवधि में साढेसाती और ढैया नहीं है।

वृष राशिस्थशनि की साढेसाती, ढैया

(संवत् के आरम्भ से 23 जुलाई 2002 ई. तक के लिए)

राशि	ढैया या साढेसाती	पाद	साढेसाती		फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
मेष	साढेसाती	लौह	पाद	उतरती	शरीरपीड़ा, रक्तविकार, पशुधनहानि, स्त्री–पुत्र कष्ट, व्यापारहानि, राजभय।
वृष	साढेसाती	ताम्र	हृदय	– – –	सुख–सम्पत्ति,व्यापार अच्छा, शारीरिक सुख एवं संतानपक्ष से सुख मिले।
मिथुन	साढेसाती	रजत	मस्तक	चढ़ती	व्यापार बढ़े, धन–धान्य–सम्पत्ति लाभ, प्रभाव बढ़े, राजनीति में लाभ व राजा से लाभ।
तुला	ढैया	ताम्र	– –	– – –	सुख–सम्पत्ति, व्यापार अच्छा, शारीरिक सुख, संतान सुख प्राप्त हो।
कुम्भ	ढैया	सुवर्ण	– –	– – –	निजीजनों से विरोध, शत्रु बढ़ें, गृहक्लेश, रोग से परेशानी, व्यर्थ में खर्च, धनहानि हो।

संवत् 2059 वि. में 23 जुलाई (सन् 2002 ई.) को पू.षा. नक्षत्र एवं धनुराशिस्थ–चन्द्र के समय शनिदेव मृगशिरा नक्षत्र के तीसरे चरण एवं मिथुनराशि में 7 घं. 57 मि. पर प्रवेश करेंगें एवं 8 जनवरी 2003 ई. तक मिथुनराशि में ही रहेंगे।

मिथुनराशिस्थ शनि की साढेसाती और ढैया का फल नीचे कोष्ठक में दिया गया है। नीचे कोष्ठक में जिन राशियों का निर्देश नही है, उनराशि वाले व्यक्तियों के लिए मिथुन राशिस्थ शनि की अवधि में साढेसाती और ढैया नहीं है ;– यह जान लें।

मिथुन राशिस्थ शनि की साढेसाती, ढैया

(23 जुलाई 2002 से 8 जनवरी 2003 ई. तक के लिए)

राशि	ढैया या साढेसाती	पाद	साढेसाती		फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
वृष	साढेसाती	लौह	पाद	उतरती	शरीरपीड़ा, रक्तविकार, पशुधनहानि, स्त्री–पुत्र कष्ट, व्यापारहानि, राजभय।
मिथुन	साढेसाती	ताम्र	हृदय	– –	सुख–सम्पत्ति,व्यापार अच्छा, शारीरिक सुख एवं संतानपक्ष से सुख मिले।
कर्क	साढेसाती	सुवर्ण	मस्तक	चढ़ती	निजीजनों से विरोध, शत्रु बढ़ें, गृहक्लेश, रोग से परेशानी, व्यर्थ में खर्च, धनहानि हो।
वृश्चिक	ढैया	रजत	– –	– –	व्यापार बढ़े, धन–धान्य–सम्पत्तिलाभ, प्रभाव बढ़े, राजनीति व राजा से लाभ।
मीन	ढैया	ताम्र	– –	– –	सुख–सम्पत्तिलाभ, व्यापार बढ़े, शारीरिक सुख, सन्तति सुख।

सं. 2059 वि. में 8 जनवरी सन् 2003 ई. को दिन में 13 घं. 52 मि. पर पू.भा. नक्षत्र एवं कुम्भस्थ चन्द्र के समय शनि (वक्र स्थिति में) पुनः वृषराशि में प्रविष्ट होगा और सं. 2059 वि. के अन्त तक वृषराशि में ही स्थित रहेगा।

वृषराशिस्थ शनि की साढेसाती–ढैया का फल आगे कोष्ठक में दिया जा रहा है। कोष्ठक में जिन राशियों का निर्देश नहीं है; उन राशि वाले व्यक्तियों के लिए वृषराशिस्थ शनि की कालावधि में (8 जनवरी 2003 ई. से संवत् के अन्त तक) साढेसाती–ढैया नहीं है।

शनि के (वक्रावस्था में) पुनः वृषराशि में [illegible] साढेसाती–ढैया विचार

(8 जनवरी 2003 ई. से संवत् 2059वि. के अन्त तक के लिए)

राशि	ढैया या साढेसाती	पाद	साढेसाती		फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
मेष	साढेसाती	सुवर्ण	पाद	उतरती	निजीजन एवं कुटुम्ब में विरोध, क्लेश–रोगभय धननाश हो।
वृष	साढेसाती	ताम्र	हृदय	– –	धनलाभ, कार्यक्षेत्र में प्रगति, स्त्री–पुत्रसुख,सम्पत्ति–लाभ, शारीरिक सुख रहे।
मिथुन	साढेसाती	रजत	मस्तक	चढ़ती	व्यापार वृद्धि, धन–धान्य–सम्पत्तिलाभ, प्रभावक्षेत्र बढे, मान बढे, मंगल कार्य हों।
तुला	ढैया	रजत	– –	– –	व्यापार वृद्धि, धनधान्य सम्पत्तिलाभ, प्रभावक्षेत्र बढ़े, मान सम्मान मिले, मंगल कार्य हों।
कुम्भ	ढैया	सुवर्ण	– –	– –	निजीजन एवं कुटुम्बजन विरोध, क्लेश, रोगभय, धननाश हो।

शनिजन्य नेष्टफल शान्त्यर्थ शनैश्चर स्तोत्र

पिप्पलाद उवाच–

"ॐ नमस्ते कोण–संस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते रौद्र – देहाय नमस्ते चांतकाय च । नमस्ते यम–संज्ञाय नमस्ते सौरये विभो ।।
नमस्ते मन्द – संज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते । प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च ।।"

इस स्तोत्र को प्रातः पढने से साढेसाती व ढैया की दुःखद, पीड़ा नहीं होती, अनुभूत है।

गुरु के संचार का फल

गत संवत् 2058 वि. में 16 जून 2001 ई. को गुरु 7 घं. 26 मि. पर रेवती नक्षत्र एवं मीन राशिस्थ चन्द्र के समय मिथुन राशि में प्रविष्ट हुआ था। 5 जुलाई 2002 ई. तक गुरु मिथुन राशि में ही रहेगा, मिथुन राशिस्थ गुरु का फल नीचे कोष्ठक में देखें–

मिथुन राशि के गुरु का शुभाशुभ फल

(16 जून 2001 ई. से सं. 2059 वि. में 5 जुलाई 2002 ई. तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल↓	शारीरिक कष्ट	धनलाभ	भय	आधि–व्याधि	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि

सं. 2059 वि में 5 जुलाई (सन् 2002 ई.) को 12 घं. 26 मि. पर भरणी नक्षण एवं मेष राशिस्थ चन्द्र के समय गुरु पुनर्वसु नक्षत्र के चतुर्थ चरण एवं कर्क (अपनी उच्चराशि)में प्रवेश करके संवत् 2059 वि. के अन्त तक कर्कराशि में ही रहेगा।

[illegible] राशि वाले व्यक्तियों के लिए निम्नांकित कोष्ठक में पढ़ें ;–

कर्क राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

(5 जुलाई सन् 2002 ई. से संवत् 2059 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	अपमान	सौभाग्य	कलह	भय	विनाश	धनलाभ	कलह	दुःख	धननाश	राजभय	महासुख	धनक्षय

राहु के संचार का फल

गत संवत् 2058 वि. में 16 / 17 फर. (सन् 2002 ई.) को 24 घं. 36 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर राहु वृष राशि में प्रविष्ट होकर संवत् 2059 वि. के अन्त तक वृष राशि में ही रहेगा।

वृष राशि के राहु का शुभाशुभ फल

(16 फरवरी 2002 ई. से सं. 2059 वि. के अंत तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	कलह	भय	विनाश	धनलाभ	कलह	दुःख	धननाश	राजभय	महासुख	धनक्षय	अपमान	सौभाग्य

अथ नवग्रह स्तोत्रम्

जपाकुसुम संकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम् । सर्वशास्त्रप्रवक्तारं भार्गवं प्रणमाम्यहम् ।।
तमोऽरिं सर्वपापघ्नं प्रणतोऽस्मि दिवाकरम्।। नीलांजनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम् ।
दधिशंखतुषाराभं क्षीरोदार्णव संभवम् । छायामार्त्तण्डसंभूतं तं नमामि शनैश्चरम् ।।
नमामि शशिनं सोमं शम्भोर्मुकुटभूषणम् ।। अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम् ।
धरणीगर्भसंभूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम् । सिंहिकागर्भसंभूतं तं राहुं प्रणमाम्यहम् ।।
कुमारं शक्तिहस्तं च मंगलं प्रणमाम्यहम् ।। पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रहमस्तकम् ।
प्रियङ्गु कलिकाश्यामं रूपेणाप्रतिमं बुधम् ; रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम् ।।
सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम् ।। इति व्यासमुखोद्गीतं यःपठेत्सुसमाहितः ।
देवानां च ऋषीणां च गुरुं काञ्चन–सन्निभम् । दिवा वा यदि वा रात्रौ विघ्नशांतिर्भविष्यति।।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम् ।। नर–नारी–नृपाणा च भवेत् दुःस्वप्ननाशनम् ।
हिमकुन्द – मृणालाभं दैत्यानां परमं गुरुम् । ऐश्वर्यमतुलं तेषामारोग्यं पुष्टिवर्धनम् ।।

आकाशी कौंसिल का विचार (सं. २०५६ वि.)

संसार की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति का ग्रहगोचर के आधार पर सर्वेक्षण

- संवत् का राजा एवं मन्त्री पद शनि को प्राप्त हैं, अनेकत्र अग्निकाण्ड, बम-विस्फोट एवं युद्धाग्नि से व्यापक क्षति के संकेत।
- धार्मिक-साम्प्रदायिक उलझनपूर्ण-समस्याओं से सरकार विशेष संकट में, सत्तारूढ़ नेताओं का मार्ग अधिक कठिन, विशिष्ट नेता के निधन से शोक।
- शासन की उदारवादी नीति किंवा बाह्य कम्पनियों के निवेश से आन्तरिक-व्यापार प्रभावित, बेरोजगारी एवं असन्तोष, परिणाम दूरगामी।
- पड़ौसी विरोधी देश से आतंकवाद को प्रोत्साहन गुप्तरूप से चले, कठोर पग उठाना पड़े, मुस्लिम देशों की स्थिति चिन्तनीय, आन्तरिक अशान्ति, कहीं प्रधानपद रिक्त हो।
- संवत् के आरम्भ से १८ मई तक सड़क, रेल, यानदुर्घटना से हानि, युद्धाग्नि गुप्तरूप से विषमरूप धारण करे।
- ४ जुलाई से ५ अक्तूबर (सन् २००२ ई.) तक एवं ७ जनवरी (सन् २००३ ई.) से संवत् २०५६ वि. के अन्त तक का समय विश्व के लिए विशेष कठिन, राजनैतिक हत्याकाण्ड, विस्फोट, विशिष्ट नेतृत्व को खतरा, सत्तापरिवर्तन।
- विभिन्न दलों से गठित केन्द्रीय सरकार का भविष्य, सत्तारूढ़दल एवं सहयोगीदलों का तालमेल कब तक ? राजनैतिकदलों के भविष्य एवं राजनैतिक गतिविधियों का सर्वेक्षण।

"संसार का प्रत्येक परमाणु एक निर्धारित नियम से विलग नहीं हो सकता। एक सूक्ष्मतम परमाणु में यदि तनिक भी अव्यवस्था किंवा अनुशासनहीनता आ जाए, तो विराट्ब्रह्माण्ड एकक्षण के लिए भी न टिक सके। एक क्षणिक विस्फोट से अनन्त प्रकृति अग्निज्वालाओं से अतिरिक्त कुछ न रहे," - यह नियामक विधान किसी अदृश्य सत्ता के अस्तित्व को प्रमाणित करता है। इसी प्रकार यह सम्पूर्णब्रह्माण्ड प्रभु के एक निश्चत विधान के अनुसार ही चल रहा है। इस विधान का साक्षात् कृतधर्माऋषियों ने जो अध्ययन व चिन्तन किया है, उसका परिणाम ही ' ज्योतिष ' है।

इस वेदांगरूप ज्योतिष को गुरु-शिष्य परम्परया आजतक जीवित रखा गया है।

" साक्षात्कृत धर्माण ऋषयो बभूवुः। तेऽवरेभ्योऽसाक्षात्कृतधर्मभ्य उपदेशेन मन्त्रान् सम्प्रादुः। उपदेशाय ग्लायन्तोऽवरे बिल्मग्रहणायेमं ग्रन्थं समाम्निषुर्वेदं वेदांगानि च।। " - भास्कराचार्यः ।

ज्योतिष के अनुसार ब्रह्माण्ड के सभी क्रयाकलाप ग्रहों द्वारा नियन्त्रित हैं। आकाश में जो भी ग्रहनक्षत्र हैं, उनसे यह पृथ्वी किंवा सम्पूर्णब्रह्माण्ड अप्रभावित नहीं रहते - यह ज्योतिष का एक मूलभूत सिद्धांत है। लेकिन सिद्धांत की प्रमाणिकता में सन्देह करना तो दुराग्रह ही है।

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार कालात्मा सूर्य को सबग्रहों का प्रधान माना गया है। शुक्ल यजुर्वेद की इस ऋचा पर ध्यान दें-

"आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशन्नमृतं मर्त्यं च।
हिरण्येन सविता रथेनादेवो याति भुवनानि पश्यन्।।"

अर्थात्-सूर्यनारायण सम्पूर्ण भुवनों को देखते हुए परिभ्रमण करते हैं। सभी ग्रहों में एकमात्र सूर्यदेव ही तो हैं, जो प्रत्यक्षरूप से दृष्टिगोचर होते रहते हैं। सम्पूर्ण दिशाओं को प्रकाश देने वाला कालात्मा-सूर्य, स्थावर-जंगमजगत्, ग्रह, पृथ्वी, जल, वायु, आकाश किंवा समस्त भूचक्र का भेद जानता है। सूर्य की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रूपान्तर होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युद्ध, महामारी, अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अतः **स्पष्ट है, कि आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीन घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है। इस तथ्य को वैज्ञानिक-विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।**

बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में भौतिक ज्योतिष की अनेक शाखाओं का विकास हुआ है, जिनके आधार पर फलितशास्त्र की सत्यता के बारे में प्रमाण मिलते ही जा रहे हैं। सूर्य-कलंक-चक्रों, चन्द्रमा एवं ज्वारभाटा सम्बन्धी सिद्धान्तों के परिशीलन तथा ग्रहों के आकर्षण सिद्धांत की प्रक्रिया के आधार पर विवेचन करने से प्राणीशास्त्र-वनस्पतिशास्त्र एवं प्रकृति के प्रत्येक पहलु पर ग्रहों का प्रभाव सत्यसिद्ध हो चुका है। यही कारण है, कि - आजकल के वैज्ञानिक युग में पाश्चात्य एवं पूर्वीय सभी देशों में इस शास्त्र के प्रति आस्था प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इस विषय में मिन्नेसोटा विश्वविद्यालय (अमेरिका) (University of Minnesota) में

डॉ. मार्कग्रोबार्ड (Dr. Mark Graubard) के तत्त्वाधान में हुए फलितशास्त्र सम्बन्धी शोध के परिणाम महत्वपूर्ण हैं। भारत सरकार ने वेदांग ज्योतिषशास्त्र के विश्वविद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन में रुचि प्रदर्शित की लेकिन कुछ सांसदों ने इसे विवाद का विषय बना दिया और मामला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया। यथार्थ बात तो यह है कि ज्योतिष शायद सबसे पुराना विषय है और एक अर्थ में सबसे ज्यादा उपेक्षित विषय भी। उपेक्षित इसलिए कि फलितशास्त्र में शोध के लिए शासन उपेक्षा भाव लिए है। मनुष्यजाति के इतिहास की जितनी भी खोज हो सकी है, उसमें ऐसा कोई भी समय नहीं था जबकि ज्योतिष मौजूद न रहा हो। इसलिए इसे पुरातनतम भी माना गया है।

विज्ञानकार्य-कारण के सिद्धांत पर ही आधारित है। परन्तु आज भी असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं। सिद्धांतों के व्यभिचारमात्र से शास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्य-सिद्धांतों पर आधारित एक विज्ञान है जिसमें अभी अत्यधिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

ऋग्वेद में पचानवें हजार वर्ष पूर्व ग्रहनक्षत्रों का वर्णन उपलब्ध है। महर्षियों द्वारा प्रस्फुरित इस शास्त्र पर गुरु-शिष्य परम्परया चिंतन व संशोधन-संवर्धन होते रहे हैं। प्रत्येक ग्रह जब अपनी गतिस्थिति में अंतर लाता है, तभी विश्व का घटनाचक्र प्रभावित होता देखा गया है। इस पृथ्वी पर जो कुछ भी घटित होता अनुभव करते हैं, वह सब ग्रहों के वक्र-मार्ग आदि के ही परिणाम हैं। इस ग्रहगतिजन्य संकेत के आधार पर ही अपनी मति के अनुसार विश्व में जो भी प्रतिवर्ष घटित होता है, " **श्रीमार्त्तण्डपंचांग** " के माध्यम से प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थित करते हैं और यह इस प्रकाशन का ७५ वां गौरवपूर्ण वर्ष प्रारम्भ हो रहा है।

श्री वि. संवत् २०५६ की ग्रहस्थिति के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं की भविष्यवाणी प्रस्तुत करने से पहिले हम अपने विद्वान्-प्रबुद्ध पाठकों का आभार व्यक्त कर देना उचित समझते हैं, जिन्होंने लगातार ७४ वर्षों तक हमारी भविष्यवाणियों का सही मूल्यांकन करके हमें आज ७५ वें वर्षप्रवेश पर भी इस बारे में कुछ लिखने को प्रोत्साहित किया है। पाठको ! आपका यह पंचांग अपनी सर्वांगशुद्ध गणित एवं आश्चर्यजनक भविष्यवाणियों के लिए भारत में ही नहीं, विदेशों में भी विश्रुत हो चुका है।

आपके इस लोकप्रिय पंचांग में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली आश्चर्यजनक अव्यभिचरित भविष्यवाणियों में साधारणवर्ग के व्यक्ति से लेकर **भारतरत्न श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीमती इन्दिरा- गांधी, प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद** एवं अन्य गण्यमान्य प्रतिष्ठित-ऐतिहासिक महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पंचांग अपनी सफल आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों के कारण तथा ग्रहण आदि पंचांग-गणित की सूक्ष्मता एवं शुद्धि के कारण भारत में ही नहीं, विदेशों में भी लोकप्रिय है और भारत में अग्रणी स्थान प्राप्त कर चुका है।

भारत-पाक विभाजन, बंगलादेश का अस्तित्व में आना, श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीलाल- बहादुर शास्त्री, श्रीमती इन्दिरागांधी के शासन का अंत एवं मृत्यु की सूचना, भारत-पाक युद्ध, भारत-चीन युद्ध, विदेश में घटित होने वाले महत्वपूर्ण घटनाचक्र, समय-समय पर भारत की राजनीति में विशेष परिवर्तनों एवं अन्य घटनाचक्र की सूचना एवं ऐतिहासिक भूकम्प आदि की अव्यभिचरित भविष्यवाणियों के लिए यह पंचांग सम्पूर्ण भारत किंवा विदेशों में भी ख्यातनामा हो चुका है।

सं. २०५६ वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर भावी घटनाओं पर विचार करने से पूर्व स्पष्ट कर देना उचित है, कि संवत् १९८४ से लेकर आजतक सभी स्तब्ध कर देने वाली भविष्यवाणियों की चर्चा करना तो स्थानाभाव के कारण संभव नहीं है। लेकिन गत एक-दो वर्षो की सफल भविष्यवाणियों की चर्चा करना प्रासंगिक समझते हैं, ताकि फलितशास्त्र की प्रामाणिकता को स्थापित किया जा सके।

सं. २०५४ वि. के पंचांग में जो भविष्यवाणियां आश्चर्यचकित कर देने वाली थीं,सभी की चर्चा करना तो सम्भव नहीं, लेकिन उनमें से कुछ प्रमुख भविष्यपाणियों की चर्चा कर देना युक्तिसंगत समझते हैं-

(१) प्रधानमंत्री देवगौड़ा जी के अपदस्थ होने की भविष्यवाणी- सं. २०५४ वि. के पंचांग के पृ. १६, कॉलम २, पर प्रकाशित पंक्तियां पढ़ें,-

" ध्यान दें - कि ५ फरवरी सन् १९९७ ई. को मंगल वक्री भी हो जाता है और १३ मार्च को शनि अस्त हो रहा है। यह ग्रहस्थिति सत्तारूढ़ मोर्चा सरकार के लिए पेचीदा है, इस अवधि में प्रधान नेता को विषम चक्रव्यूह से निकलना कठिन होगा, वैसे तो संवत् २०५४ वि. के प्रारम्भ के लगभग केन्द्र सरकार में विशेष परिवर्तन के योग हैं। "

पाठक जानते हैं कि ११ अप्रैल को देवगौड़ा सरकार भंग हो गई थी। २१ अप्रैल को श्री इन्द्रकुमार गुजराल जी नए प्रधानमंत्री बने।

(२) कांग्रेस पार्टी में श्रीमती सोनिया गांधी के प्रवेश का संकेत सं. २०५४ वि. के ही पंचांग में पृ. २०, कॉलम २ पर, **कांग्रेस शीर्षक** के अन्तर्गत स्पष्टरूप से निम्नांकित शब्दों में किया गया था, पढ़ें,-

" कर्मक्षेत्र (कन्याराशि) का स्वामी बुध होने से मीन के गुरु में किसी पुराने कांग्रेसी नेतृत्व-परिवार की मदद मिलने से पार्टी को पुनः चेतना मिलने का योग है।"

पाठक जानते हैं, कि ८ मई को श्रीमती सोनिया गांधी कांग्रेस में सम्मिलित हो गई।

(३) 'केन्द्रीय-सरकार' से कांग्रेस ने समर्थन वापिस लिया' परिणामस्वरूप शक्तिपरीक्षण असफल एवं पुनः देश राजनैतिक असंतुलन की ओर। पढ़ें - सं. २०५५ वि. के पंचांग में पृ. २५, कॉलम २, स्टैंजा १ की अन्तिम चार पंक्तियां -

"कांग्रेस आदि कुछ राजनैतिक दलों के अग्रणी नेता अपनी महत्वाकांक्षा किंवा सैद्धान्तिक मतभेदों के कारण केन्द्रीय-शासन सत्ता से कभी भी अलगाव की स्थिति पैदा करके देश में राजनैतिक संतुलन को बिगाड़ सकते हैं।"

इस भविष्यवाणी को और स्पष्ट करते हुए आगे लिखा था (पृ. २६, कॉलम १, स्टैंजा ४), -

"सत्ता से अलग प्रभावी पार्टी अपना हाथ खींच लेगी, परिणामस्वरूप प्रधानशासक ऐसे चक्रव्यूह में फंस जायेंगे, जहां से निकलना संभव न होगा और भारत का केन्द्रीय मंत्रिमण्डल शक्तिपरीक्षण में असफल सिद्ध होगा।" और पढ़ें, पृ. २६, कॉलम २, पंक्ति ७ से - **" १५ मई १९९८ ई. से पूर्व ही कोई प्रभावी पार्टी जनहित के नाम पर कांग्रेस ' संयुक्त मोर्चा' से समर्थन वापिस ले लेगी। "** - ठीक इसी प्रकार घटित हुआ और **'संयुक्त मोर्चा सरकार'** गिर गई।

(४) आसाम, गुजरात, महाराष्ट्र में भयंकर बाढ़ की भविष्यवाणी, पढ़ें - सं.२०५५ वि. में पृ. २६, कॉलम २, अंतिम स्टैंजा-

"इसी मध्य २७ जून से १० अगस्त तक मिथुन राशि के मंगल पर नीच शनि की विशेष दृष्टि है। इस अवधि में गुजरात, आसाम आदि प्रान्तों में कहीं प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि, कहीं बाढ़, उत्तरी भारत में कहीं भयंकर अग्निकाण्ड व तूफान, भयंकर बाढ़ से हानि का योग है। आसाम-गुजरात महाराष्ट्र में भी भयंकर बाढ़ से हानि होगी।"

सं. २०५५ वि. के मार्त्तण्ड पंचांग पृ. २७ कॉलम २, पर निम्नांकित पंक्तियां पढ़ें:-

(५) गुजराल सरकार के गिर जाने की भविष्यवाणी -

"संयुक्त मोर्चा की कुण्डली के अनुसार इसवर्ष सत्तारूढ़ दल (संयुक्त मोर्चा) में संवत् के पूर्वार्ध में ही विशेष परिवर्तन आने के योग हैं। नवम्बर '९७ से संयुक्त मोर्चा पर अन्य प्रभावी दलों के प्रहार प्रारम्भ होंगे। घटकदलों में एकता कमजोर होगी और कांग्रेस द्वारा समर्थन छलावा सिद्ध होगा। संवत् २०५५ वि. के प्रारम्भिक मास गुजराल सरकार के लिए ऐतिहासिक घटना वाले सिद्ध होंगे।"

"श्री गुजराल जी की शपथ ग्रहणकालीन कुण्डली में शनि-मंगल का षडष्टकयोग एवं कर्मेश गुरु की नीच राशि में स्थिति ७ जनवरी १९९८ ई. से पूर्व इनके लिए विषम परिस्थितियों को जन्म देने वाली है। इस अवधि में संयुक्त मोर्चा सरकार की गतिविधि पर विशेष आक्षेप होंगे। कुछ पार्टियां अपनी अस्मिता को बनाए रखने के लिए स्वंतत्र सिद्धांतों के कारण विमुख होने लगेंगी। कांग्रेस अपनी कई शर्तें समक्ष रखेगी और इस प्रकार संवत् के पूर्वार्ध से भी पहिले ही गुजराल सरकार संकट को पार करने में असमर्थ अनुभव करेगी। कदाचित् शनि के मीन में आने पर (७ जनवरी के बाद) यह सरकार चलती है तो ४ अप्रैल से १४ मई तक तथा १६ नवम्बर से संवत् के अंत तक का समय सत्तारूढ़ पार्टी के लिए तथा प्रधान नेताओं के लिए विशेष घटनापूर्ण किंवा सत्ता से विलग होने वाला सिद्ध होगा।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता पर हमें देश-विदेश से अनेकों पत्र प्राप्त हुए हैं और आज फलितज्योतिष पर आस्था न रखने वाले व्यक्ति भी ज्योतिषशास्त्र की प्रामाणिकता को स्वीकार करने लगे हैं। यह श्रीमार्त्तण्डपंचांग के लिए गौरव की ही बात है।

(६) सं. २०५५ वि. के पृ. २७ पर सत्तारूढ़ पार्टी 'भाजपा' के बारे में स्पष्ट लिखा था- पढ़ें अन्तिम पंक्तियां-

" राजनैतिक क्षितिज पर भाजपा का विस्तार होता नजर आएगा। आगामी निर्वाचनों में भाजपा पुनः एक सशक्त-प्रबल पार्टी के रूप में उभरेगी, लेकिन सत्ता प्राप्त करना एक प्रबल चुनौती होगी।"

भारत की राजनीतिक पार्टियों के प्रबल विरोध के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्थिति में भाजपा सत्ता में आई एवं सशक्त-प्रबल पार्टी के रूप में भाजपा निर्वाचन में उभरी है ; यह सर्वविदित ही है।

सं. २०५६ वि. की अनेकों सफल भविष्यवाणियों में से कुछ अंश प्रस्तुत हैं -

(७) "काश्मीर-कारगिल में भयंकर युद्ध में हजारों वीर जवानों को शहीद होना पड़ा-" सं. २०५६ वि. में पढ़ें, पृ. २७ :-

"कुछ राष्ट्रों में युद्धभय व्याप्त होगा, जिससे पड़ौसी देश अनिवार्यतः उलझन में आ सकेंगे। लेकिन गुरु के राजा होने से अन्तर्राष्ट्रीय किंवा क्षेत्रीय हस्ताक्षेप से स्थिति नियंत्रण में आ सकेगी।"

ठीक, कारगिल की लड़ाई में अमेरिका के हस्ताक्षेप से पाकिस्तान का मनोबल कमजोर हुआ और भारत को यश प्राप्त हुआ।

(८) १७ अगस्त १९९९ में तुर्की में भूकम्प से १७ हजार व्यक्ति मरे एवं ४० हजार मरने की आशंका व्यक्त की गई -

सं. २०५६ वि., पृ. २६ पर "आर्यमान विचार" में कॉलम २ पर स्पष्ट लिखा था, कि-

"टर्की, लंका, जापान, अमेरिका व किसी मुस्लिमराष्ट्र में तूफान, चक्रवात, ज्वालामुखी विस्फोट किंवा कंही भयंकर प्राकृतिक विनाशलीला का दृश्य उपस्थित होगा।"

ठीक इस भविष्यवाणी के अनुसार २ मई को अमेरिका में भयंकर तूफान से भारी जनधनहानि हुई। ८ मई को इरान में भयंकर भूकम्प से विनाश एवं १७ अगस्त को तुर्की में प्रलयंकारी भूकम्प ने जो विनाशलीला उपस्थित की है, वह ऐतिहासिक है।

ध्यान दें,- हमारी उर्दू जन्त्री में अगस्त मास के संक्रान्ति फलादेश में तुर्की में भयंकर भूकम्प से विनाश की भविष्यवाणी ठीक १७ अगस्त को ही की गई थी। इस भविष्यवाणी पर राजनेता किंवा अन्य पाठक अवाक् रह गए।

इस आशय को स्पष्ट करते हुए संवत् २०५६ वि. के पंचांग में पृ. ३० पर, कॉलम २ की अंतिम पंक्तियों में लिखा था -

"संवत् के आरम्भ से २२ अगस्त तक कहीं अकाल की स्थिति बने। कहीं युद्धाग्नि से अशान्ति....कहीं प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि भी होगी।"

पाठक जानते हैं, इसवर्ष अनेक प्रान्तों मे वर्षा की कमी से किसान चिन्तित रहे। काश्मीरक्षेत्र कारगिल में भयंकर युद्धाग्नि से अशांति रही एवं अमेरिका, इरानं एवं तुर्की में तूफान, भयंकर भूकम्पों से अत्यधिक जनधनहानि हुई है, जो कि उल्लिखित भविष्यवाणी की सफलता का निदर्शन है।

(९) सं. २०५६ वि. में पृ. ३० कॉलम १ में मुस्लिमदेश शीर्षक में जो लिखा गया है, अक्षरशः सत्य घटित हो चुका है ; पढ़ें -

भविष्यवाणी :- " पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति उत्तरोत्तर विषम होती जाएगी, आतंकवाद बढ़ेगा। शासनसत्ता में परिवर्तन किंवा यहां लोकतांत्रिक सरकार के खतरे में पड़ जाने के योग हैं। पाकिस्तान के लिए यह संवत् भयंकर समस्याओं को लेकर आ रहा है। सिन्धप्रान्त में गृहयुद्ध जैसी स्थिति बनेगी- यह पुनः एक और विभाजन की तरफ बढ़ने लगेगा और पाकिस्तान में सैनिकशासन की संभावनाएं ग्रहगति के अनुसार प्रबल हो रही मालूम देती हैं।"

पाठको ! पाक की स्थिति इसी प्रकार है। पाक में सैनिकशासन चल रहा है।

(१०) ५ सितम्बर १९९८ ई. को लेखनीबद्ध की गई इन भविष्यवाणियों में से एक और आश्चर्यचकित कर देने वाली भारतीय राजनीति में सत्ता हथियाने की होड़ की भविष्यवाणी इस प्रकार की गई थी -

पढ़ें- सं. २०५६ वि. , पृ. ३२, कॉलम २ की अन्तिम पंक्तियां -

भविष्यवाणी :-"गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार २६ मई १९९९ ई. से पूर्व, राजनीतिक-परिस्थितियां कुछ इस प्रकार पेचीदा हो जाएंगी, कि सहयोगी दल (सत्तारूढ़ दल का) साथ न देंगे, तब विपक्ष के प्रधाननेताओं की सत्तालिप्सा विभिन्न सिद्धान्तों वाली पार्टियों से भी तालमेल करके सत्ता हथियाने को आतुर रहेगी, जिनमें कांग्रेस प्रमुख होगी। यह खेल २८ अगस्त सन् १९९९ ई. तक चल सकता है।"

यह आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणी अक्षरशः सत्य उतरी है। श्रीमती सोनिया जी ने सत्ता कांग्रेस को प्राप्त करने की नीति से भाजपा सरकार को अविश्वास प्रस्ताव से गिराया। विभिन्न सिद्धांतों वाली पार्टियां भी १६ अप्रैल के बाद सत्तालिप्सा में कांग्रेस के साथ हो गई, परन्तु सफलता हाथ न लगी। अन्ततः ५ सितम्बर को नए लोकसभा निर्वाचन कराने पड़े।

(११) १६ अप्रैल सन् १९९९ ई. को भाजपा सरकार के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित, भारत में एक आश्चर्यजनक परिवर्तन की भविष्यवाणी, पढ़ें - सं. २०५६ वि. में पृ. ३१, कॉलम १, पंक्ति २ के बाद -

भविष्यवाणी :- "गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार संवत् के आरम्भ में ही संवत् का रक्षामंत्री (क्रूरग्रह मंगल) वक्र हो रहा है और गुरु (शुभग्रह) संवत् के शुरु में ही अतिचारी हो रहा है। संवत् के प्रारम्भ से ही शनि-मंगल का समसप्तकयोग २२ अगस्त तक चलेगा,- यह समय केन्द्रीय शासनसत्ता के सामने विशेष समस्याओं को लाकर खड़ा कर देगा और सरकार को १६ अप्रैल १९९९ ई., तक इन समस्याओं को सुलझाना कठिन हो जाएगा, भारत की राजनीति में अविन्तित घटनाचक्र चलेगा। राजनीतिक पार्टियों में नए समीकरण बनेंगे। तोड़-फोड-जोड़ की नीति प्रबल होगी और सत्तारूढ़दल के घटक (सहायक) दल छिटकने लगेंगे, कोई आश्चर्य नहीं यदि इस अवधि में कोई विशेष राजनीतिक परिवर्तन हो जाए।"

भारत की जनता १६/१७ अप्रैल को भाजपा सरकार के गिर जाने से आवाक् रह गई। इस प्रकार भारत में एक विशेष राजनैतिक परिवर्तन आया। इस भविष्यवाणी की सफलता पर देश-विदेश से जिन महानुभावों एवं राजनीतिज्ञों ने प्रशंसापत्र भेजे हैं, हम उनके आभारी हैं।

(१२) सं. २०५६ वि. के पंचांग में पृ. ३१, कॉलम २, संदर्भ ३ में अगस्त से अक्तूबर तक **राजनैतिकदलों में शक्तिपरीक्षण (निर्वाचन) की भविष्यवाणी** भी कम आर्श्चजनक नहीं -

भविष्यवाणी :- "२३ अगस्त को मंगल वृश्चिक राशि में आकर शनि-गुरु के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। अगस्त से अक्तूबर तक की ग्रहस्थिति के अनुसार केन्द्रीय शासन पुनः शक्तिपरीक्षण की ओर बढ़ने लगेगा, राजनैतिक अस्थिरता अनुभव होगी और विभिन्न राजनैतिक दल निर्वाचन संग्राम में कूदने का मन बना लेंगे।"

इस भविष्यवाणी के अनुसार ५ सितम्बर को लोकसभा निर्वाचन की घोषणा कर दी गई, और तदनुसार निर्वाचन हुए।

११-१२-९९ ई. को क्रोशिया के राष्ट्रपति का निधन, १२-१२-९९ ई. को रोमानिया का प्रीमियर अपदस्थ, १४-१२-९९ ई. को सूडान की पार्लियामेंट भंग, १६-१२-९९ ई. को इटली के प्रधानमंत्री का त्यागपत्र।

भविष्यवाणी :-"मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष ८ से २२ दिसम्बर के मध्य कुछ राष्ट्रों की शासन- सत्ता में परिवर्तन हो।" (पढ़ें- सं. २०५६ वि. पृ. ११७),

(१३) **२६ जुलाई (२००० ई.) को फिजी में सत्ता पलट, आन्तरिक हिंसा -**

भविष्यवाणी :- " इसवर्ष सं. २०५७ वि. का राजा बुधग्रह अतिचारी होकर कुछ क्रूर ग्रहों के साथ सम्बन्ध करेगा, संवत् का मंत्री भी मेषराशि में शनि-मंगल एवं आगे सारा साल अपने शत्रुग्रह शुक्र की राशि वृष में शनि के साथ ही मौजूद रहेगा, अतः बुध शुभ होकर भी विश्व के कुछ राष्ट्रों को भयानक एवं अशान्तिप्रद निर्णय लेने को मजबूर करेगा, गुरु ग्रह शत्रुक्षेत्र में क्रूर- शनि के साथ होने से अपना दायित्व ठीक ढंग से नही निभा सकेगा।... कहीं आन्तरिक अशांति व क्रांति से सत्तापरिवर्तन होगा व कहीं सेना द्वारा सत्ता का हथियाना संभव है।" (पढ़ें- श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. २०५६ वि., पृ. २२, कॉलम १)

(१४) **१२-१०-९९ ई. को नवाज़ शरीफ का तख्ता पलट-**

भविष्यवाणी :-" पाकिस्तान में नवाज़शरीफ जी के खिलाफ बगावत होकर संवत् २०५७ वि. के प्रारम्भ से पूर्व ही सत्ता से च्युत हो जाने का योग है। आगे सिन्धप्रान्त में स्थिति विकट होती जायेगी, जो कि आन्तरिक क्रान्ति का रूप आगामी वर्षों में धारण करके पृथक् तंत्र की मांग करेगी। लोकतंत्र खतरे में पड़ेगा, सेना का अधिक दबदबा संभव है।" (पढ़ें- श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. २०५७ वि., पृ. २४ कॉलम २)।

(१५) **१४-०८-२००० ई. को रूसी पनडुब्बी समुद्र में डूबी,** ११८ अधिकारी मरे, २३-०८-२००० ई. को गल्फ एअर लाईन्स का हवाई जहाज ध्वस्त। १-०८-२००० ई. को हि.प्र. में वर्षा व बादल फटने की घटना से १५० व्यक्ति मारे गए। महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश एवं गुजरात में भी जुलाई/अगस्त में बाढ़ से जन-धनहानि के समाचार प्रकाशित हुए हैं।

भविष्यवाणी :- "२२ जुलाई से सितम्बर के प्रथम सप्ताह के लगभग यान दुर्घटना किंवा भयंकर बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि के समाचार मिलेंगे।" (सं. २०५७ वि., पृ. २३, कॉलम २)।

(१६) **भूतपूर्व यूनियन मिनिस्टर श्री राजेशपायलट की दुर्घटना में ११ जून २००० ई. को मृत्यु।**

भविष्यवाणी :- "नववर्षप्रवेश कुण्डली में भारत की प्रभावराशि-मकर में केतु एवं प्रभावराशीश शनि-मंगल एवं गुरु के साथ अपनी नीचराशि मेष में स्थित है। नववर्षेश-कुण्डली 'कालसर्प योग' से प्रभावित है। दक्षिण में किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त हो। भारत के प्रतिष्ठित नेताओं को अपनी सुरक्षा-व्यवस्था को सुदृढ़ कर लेना चाहिए, अन्यथा अकस्मात् दुर्घटना किंवा राजनैतिक दृष्टिकोण से जीवन को खतरा बनेगा।" - (सं. २०५७, पृ. २५, कॉलम १)।

सब जानते हैं, कि श्री राजेश पायलट जी की Z प्लस सुरक्षा कुछ सप्ताह पूर्व ही उठाई गई थी। यदि सुरक्षा पंक्ति रहती तो इस दुर्घटना मे बचने की संभावना थी।

(१७) **आन्ध्रप्रदेश में अगस्त २००० ई. में बाढ़ से भारी विनाश हुआ,** एवं अगस्त में 'अमरनाथ यात्रा ' के समय उत्तराखण्ड के पर्वतीय भूभाग पर भूस्खलन-जलप्लाव से हानि भी हुई।

भविष्यवाणी :- " जून से अगस्त तक कहीं भयंकर बाढ़, उत्तराखण्ड व पर्वतीय भूभाग पर किंवा उत्तरी भारत में जलप्लाव से भयंकर जनधनहानि के संकेत मिलते हैं।" (सं. २०५७ वि., पृ. २७, कॉलम २)।

(१८) गतवर्ष अक्तूबर में लोकसभा निर्वाचन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा को सरकार बनाने का अवसर मिला।

भविष्यवाणी :- "निर्वाचनकालीन गोचरग्रहस्थिति के अनुसार 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा' सरकार बनाने की स्थिति में आ सकेगी।" (सं. २०५७ वि. पृ. २८, कॉलम १)।

(१९) काश्मीर में उग्रवादियों की गतिविधियां तीव्र -

भविष्यवाणी :- "यहां (काश्मीर में) स्थिति गंभीर बनेगी। पाक की कुनीति से सीमाप्रान्तों पर अशान्ति रहे। कुपवाड़ा, अनन्तनाग एवं श्रीनगर में उग्रवादियों की गतिविधियां तीव्र होंगी।" (सं. २०५७ वि., पृ. २८, कॉलम २)।

(२०) सं. २०५७ वि. के पंचांग में की गई भविष्यवाणियों के आकलन करने पर २६ जनवरी २००१ ई. को गुजरात में आने वाले भूकम्प का उल्लेख आश्चर्य चकित कर देने वाला था;-

भविष्यवाणी :- "१३ दिसम्बर को मंगल तुला में आकर २ फरवरी सन् २००१ ई. तक शनि के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। उसके बाद ३ फरवरी से संवत् के अंत तक शनि-मंगल का समसप्तकयोग बना रहता है। यह ग्रहस्थिति विश्व में अघटित घटनाचक्र का आभास कराती है। किसी राष्ट्रविशेष में भूकम्प, जलप्लाव आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि होगी।" (देखें- श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. २०५७ वि., पृ. २८, कालम १)।

भुज, अहमदाबाद आदि गुजरात के गांवों में भूकम्प से बहुमंजली बिल्डिगें धाराशायी हो गईं, लाखों लोग बेघर हुए, लाखों कालकवलित हो गए। रुक-रुक कर फरवरी २००१ ई. तक भूकम्प के झटके आते रहे।

(२१) भाजपा की वरिष्ठ सदस्या 'श्रीमती विजयराजे सिन्धिया' के निधन से शोक व्याप्त-

भविष्यवाणी :- " माघकृष्ण चतुर्थी शनिवार की होने से ... किसी विशिष्ट व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त हो।" - (श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. २०५७ वि., पृ. १३०, लोकभविष्य)।

माघमास में १३ प्रविष्टे (२५ जनवरी २००१ ई.) को राजमाता जी के स्वर्गवास से सारे देश में शोक व्याप्त रहा।

(२२) 'तहलका धमाका' ने भारतीय शासनतन्त्र को हिला दिया।

भविष्यवाणी :- "स्वतंत्र भारत के ५४ वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार लग्नेश मंगल की भाग्यस्थान में नीच स्थिति एवं व्ययेश शुक्र की कर्मस्थान में स्थिति, शनि-मंगल की चतुर्थभाव पर एक साथ दृष्टि भारत की केन्द्रीय शासनसत्ता को अजीब स्थिति में लाकर खड़ा कर देगी। जिससे हमारी धर्मनिरपेक्षता एवं सशक्त-शासनसत्ता को गहरी चोट पहुंचेगी।" (संवत् २०५८ वि.)

उल्लिखित भविष्यवाणी के आधार पर जून में ही 'तहलका धमाका' सशक्त शासनसत्ता को गहरी चोट पहुंचाई, परिणामस्वरूप रक्षामन्त्री श्री जार्ज फर्नाण्डीज और भाजपा प्रधान श्रीलक्ष्मण जी को पदत्याग के लिए बाधित होना पड़ा।

(२३) प्रधानमन्त्री 'श्री अटलबिहारी बाजपेयी जी द्वारा इस्तीफे की पेशकश की :-

भविष्यवाणी :- " १० जून को मंगल वक्री पोजीशन में रहता हुआ फिर से वृश्चिक राशि में आकर शनि के साथ समसप्तकयोग बना लेगा; २५ अगस्त तक यह योग अघटित-घटनाओं को जन्म देगा।.....यदि केन्द्रीय शासनसत्ता ने दूरदर्शिता किंवा कूटनीति से काम न लिया तो आगे हालात विघटक व कोई भी करवट ले सकते हैं। २४ दलों के आश्रित खड़ी इस सरकार के लिए यह समय अग्निपरीक्षा का ही होगा।" (सं.२०५८ वि.)

ठीक इस भविष्यवाणी के अनुसार प्रधानमन्त्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी जी ने प्रधानमन्त्री पद से ICICI के शेयर घोटाले में मिथ्या ही कुछ सांसदों द्वारा नाम उछालने के कारण त्यागपत्र की पेशकश की, लेकिन केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल की दूरदर्शिता एवं प्रधानमन्त्री जी की कूटनीति के परिणामस्वरूप स्थिति पुनः संभल गई; वस्तुतः यह समय सरकार के लिए अग्निपरीक्षा का ही था।

(२४) काश्मीर, आसाम, बिहार आदि में आतंकवादियों द्वारा विध्वंसक कारवाई सरकार के लिए गंभीर चिन्ता का कारण बनी :-

भविष्यवाणी :- " पाक द्वारा पोषित आतंकवादियों को (इस संवत् २०५८ में) भारत को अपनी सशक्ता का भान कराने को मजबूर होना ही पड़ेगा। भारत की प्रभावराशि मकर का अतिक्रमण करके यूरेनस का कुम्भ राशि में पदार्पण भारत के लिए आर्थिक दृष्टि से शुभ है। लेकिन राहु-मंगल का परस्पर समसप्तकयोग कुछ आन्तरिक समस्याओं को जन्म देगा। इस समय सीमा पार से घुसपैठियों, आतंकवादियों व विध्वंसक तत्त्वों से निपटने के लिए भारत की गुप्तचर व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखना होगा, अन्यथा राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर एवं बिहार के साथ ही केरल तथा पश्चिमी बंगाल में तथा काश्मीर, आसाम में शत्रुदेश की कुनीति से अनेक प्रकार के विस्फोट आदि से जनधनहानि सरकार के लिए गंभीर चिन्ता का कारण बनेगी।" (देखें-श्रीमार्त्तण्डपंचांग , सं. २०५८ वि., पृ. २८, कॉलम २ , अन्तिम पहरा)।

ठीक इस भविष्यवाणी के मुताबिक पाक द्वारा पोषित तालिबानी उग्रवादियों का संहार करने एवं अपनी सशक्ता का भान कराने के लिए अन्ततः अमेरीका के साथ मिलकर सक्रिय पग उठाना ही पड़ा। काश्मीर एवं सीमाप्रान्तों पर आतंक (उग्र) वादियों ने हजारों निरपराध लोगों की हत्या कर दी और कर रहे हैं; यह सब जानते ही हैं।

(२५) ताइवान में भूकम्प, फिलीपाइन के होटल में आग एवं उड़ीसा में बाढ़ :-

भविष्यवाणी :- " आषाढ़ चान्द्रमास में (७ जून से ५ जुलाई तक) पांच गुरुवार हैं, साथ ही १० जून को मंगल वक्री पोजीशन में (उल्टा चलता हुआ) फिर से वृश्चिक राशि में दाखिल होकर शनि के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। २५ अगस्त तक इस योग का प्रभाव नेष्ट रहेगा। विश्व के कुछ राष्ट्रों में अघटित घटनाचक्र चलेगा। मुस्लिमराष्ट्रों एवं यूरोप के कुछ राष्ट्रों में कहीं आन्तरिक संघर्ष, भयंकरबाढ़, भूकम्प-प्राकृतिक प्रकोप से भयंकर जनधनहानि के योग हैं। एशिया के कुछ देशों में भयंकर बाढ़ आदि से कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी।

(देखें- श्रीमार्त्तण्डपंचांग संवत् २०५८ वि., पृ. २५, कॉलम २, लाईन ४ से ६ तक)।

पाठक जानते हैं, कि ३१ अगस्त को ताइवान में भूकम्प, १६ अगस्त को फिलिपीन्स के होटल में आग एवं २० अगस्त को उड़ीसा में भारी बाढ़ से कितनी तबाही हुई है।

(२६) सांसद श्रीमती फूलन देवी का निधन :-

भविष्यवाणी :- "१० जून को मंगल वक्री पोजीशन में रहता हुआ, फिर से वृश्चिक-राशि में आकर शनि के साथ समसप्तकयोग बना लेगा। २५ अगस्त तक यह योग ,अघटित घटनाओं को जन्म देगा। अगस्त तक कहीं यान-दुर्घटना से हानि, किंवा किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की आकस्मिक हत्या व निधन से शोक व्याप्त होगा।"

(श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. २०५८ वि., पृ. २६, कॉलम १ पर पढ़ें)।

पाठक जानते हैं, कि - २६ जुलाई को किसी अज्ञात व्यक्ति ने भारतीय महिला सांसद फूलन देवी की नृशंस हत्या कर दी थी एवं सर्वत्र शोकमय वातावरण बन गया था।

(२७) भारत के प्रबुद्ध सांसद, कांग्रेस के वरिष्ठनेता, एवं ग्वालियर के राजा श्री माधवराव सिन्धिया का वायुयान दुर्घटना में निधन :-

भविष्यवाणी :- "२६ अगस्त को मंगल धनु राशि में आकर शनि के साथ षडष्टकयोग बनाता है। यह योग १७ अक्तूबर तक प्रभावी रहेगा। अगस्त-सितम्बर में यानदुर्घटना में जनधनहानि, बाढ़, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि एवं किसी नेता का पद रिक्त होने का योग है।

ठीक ३० सितम्बर २००१ ई.को वायुयान दुर्घटना में भारत के जनप्रियनेता श्रीमाधवरावसिंधिया के निधन के समाचार ने सभी राजनीतिज्ञों-नेताओं को एवं जनता को शोकसन्तप्त कर दिया।

इसी भविष्यवाणी के अनुसार ठीक २ सितम्बर को श्री लंका, रूस एवं हिन्दमहासागर-क्षेत्र में भूकम्प भी आया था :- इन सभी भविष्यवाणियों कों पढ़कर, फलितज्योतिष पर जनता की आस्था सुदृढ़ हुई है।

(२८) " आत्मघाती उग्रवादियों द्वारा अमेरीका पर 'विश्व का सबसे बड़ा हवाई हमला'- विश्व स्तब्ध"

भविष्यवाणी :- "वर्षेश चन्द्र का शुक्र के साथ समभाव है, लेकिन वर्ष के मंत्री शुक्र का वर्षेश चन्द्र के साथ शत्रुभाव होने से संकेत मिलता है, विश्व के राष्ट्रसमुदाय में से किसी देश का कोई राजनीतिज्ञ अपनी हठधर्मिता एवं अविमृश्यकारिता से विश्व के किसी देश-विशेष की शान्ति को भंग करेगा, जिससे विश्व का घटनाचक्र प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगा। इसवर्ष मुस्लिम- समुदाय का कोई राष्ट्र अपनी कुनीति के कारण .... देशों में युद्ध का सूत्रपात करेगा; अपने उग्रवादी-समुदाय द्वारा मुस्लिमराष्ट्र प्रच्छन्नरूप से कुछ राष्ट्रों में वातावरण को अशांत करेंगे।" (श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. २०५८ वि. पृ., २४, कॉलम १, लाईन १२ से १८ तक); साथ ही श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. २०५८ वि. के पृ. २४ पर और भी स्पष्ट किया गया था :-

"इसवर्ष गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व के कुछ मुस्लिम राष्ट्रों में आन्तरिक क्रान्ति, अशांति एवं युद्ध की संभावना भी बनती है। जगत् लग्न कुण्डली में केन्द्र में क्रूरग्रह होने से मेष, वृष, मिथुन, कन्या, कुम्भ, मीन प्रभावराशि वाले देश विशेष प्राकृतिक प्रकोप एवं राजनैतिक घटनाक्रम किंवा हत्याकाण्ड, विस्फोट, ज्वालामुखी विस्फोट आदि की घटनाओं के लिए विशेष चर्चित रहेंगे। पाक, जापान, चीन, रूस, अफगानिस्तान, अमेरीका, कम्बोडिया, इराक, इरान, साइप्रस, पोलैण्ड, आयरलैण्ड, नॉर्वे आदि राष्ट्रों में विशेष घटनाएं घटित होंगी।"

ठीक, उपरोक्त भविष्यवाणी के अनुसार अफगानिस्तानी लाडेन आदि उग्रवादियों के संकेत पर आत्मघाती उग्रवादियों द्वारा विमानों से अमेरीका के दो टावर (वर्ल्ड ट्रेड सैंटर) एवं पैंटागन (सैनिक- मुख्यालय) पर हमला कर देने से अरबों रुपऐ की सम्पत्ति का नाश एवं लगभग २५ हजार से भी अधिक व्यक्ति कालकवलित हो गए।

(२६) 'मुस्लिम-देश' - शीर्षक में पाकिस्तान आदि मुस्लिमराष्ट्रों की जो स्थिति ग्रहस्थिति के अनुसार लिखी थी, तदनुसार ही घटनाचक्र चल रहा है;-(पढ़ें- श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. २०५८ वि., पृ. २६, कॉलम २ पर) ।

भविष्यवाणीः- "२६ अगस्त से १७ अक्तूबर तक मंगल-शनि का षडष्टकयोग एवं ४ अप्रैल २००२ ई. से संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति मुस्लिमराष्ट्रों के लिए विशेष भयावह प्रतीत होती है। ग्रहस्थिति के अनुसार पाकिस्तान में उदारवादी लोकतंत्र की स्थापना शीघ्र संभव नहीं है। पाकिस्तान सर्वाधिक असहिष्णु कट्टर-पन्थी, धर्मान्धदेश के रूप में जाना जाएगा। कट्टरपन्थी- मुल्लाओं से वर्तमान शासक स्वतः तंग आ जाएंगे, इसका दुष्परिणाम पाकिस्तान की आम जनता को भी भोगना होगा।। पाक की आर्थिक स्थिति बहुत ही चिन्तनीय हो जाएगी, जनता का आक्रोश सेना प्रमुख वर्तमान शासक के लिए गंभीर समस्या बन जाएगा। पाक स्वयं आतंकवाद की आग से झुलसने लगेगा। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार पाकिस्तान को १३ दिसम्बर २००१ ई. से २३ जून २००२ ई. तक भारी दुर्घटनाओं, राजनीतिक उलझनों एवं प्रशासनिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद यहां प्रशासनिक परिवर्तन होंगे। अफगानिस्तान, ... में आतंकवाद पनपेगा एवं पड़ौसी देशों के लिए भी संकट पैदा होगा।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता पाठक स्वयं अनुभव कर रहे हैं, आगे भी उल्लिखित भविष्यवाणी के अनुसार ठीक इसी प्रकार घटित होता अनुभव हो रहा है।

इस प्रकार प्रतिवर्ष अनेकों आश्चर्यचकित करदेने वाली अव्यभिचरित भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय ७४ वर्षो से आपके इस लोकप्रिय पंचांग को प्राप्त होता आ रहा है। सभी सफल भविष्यवाणियों का उल्लेख / चर्चा स्थानाभाव के कारण यहां संभव नहीं।

पाठको, श्री मार्त्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गई या की जा रही भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे हैं, वह सब पूर्वाचार्यो एवं ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनता जनार्दन के सौहार्द का परिणाम। हम उन पाठकों के भी आभारी हैं, जो विभिन्न प्रान्तों से पत्राचार द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षो में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

सं. २०५६ वि. की ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव

ग्रहों की प्रभाव-परिधि में ही विश्व का घटनाचक्र अहर्निश चलता रहता है; - "ग्रहाधीना नरेन्द्राणामुच्छाया पतनानि च।" जिसतरह पृथ्वी पर लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण-कर्म स्वभाव-योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों पर पड़ता है, इसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिष्द् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती आकाशीकौंसिल का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलटफेर एवं अघटित घटनाएं होती हैं, उन्हें अपनी तुच्छमति के अनुसार

त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा लिखित ग्रन्थों के आधार पर वि. सं. २०५९ के घटनाचक्र के बारे में कुछ लिखने की चेष्टा कर रहे हैं।

इस वर्ष (विक्रमी संवत् २०५९) की 'ग्रहपरिषद' में ८ पद (अधिकार) **क्रूर ग्रहों को एवं दो पद सौम्यग्रहों को प्राप्त हुए हैं। इस संवत् के राजा एवं मन्त्री दोनों पद महाक्रूर एवं दलितवर्ग के प्रतिनिधि ग्रह-'शनि' को ही प्राप्त हैं।** इसके अतिरिक्त मेघेश (मौसम, वर्षा-पानी का स्वामित्व) भी शनिग्रह के ही अधिककारक्षेत्र में आता है। स्पष्ट है, कि- महत्वपूर्ण तीन पद महाक्रूर ग्रह-शनि के अधिकार क्षेत्र में हैं। २२ जुलाई २००२ तक शनि वृषराशि (मित्र ग्रह की राशि) में ही संचार करता रहेगा। संवत् का राजा शनि होने से संवत् का वाहन महिष (भैंसा) है। सारे संवत् (२०५९ वि.) में शनि की दृष्टि पूर्व दिशा की तरफ ही रहेगी। अतः संकेत मिलता है, कि पूर्वी गोलार्धस्थित देशों एवं प्रान्तों में कहीं राजनैतिक-अस्थिरता, समुद्री तूफान, किसी देश विशेष में राजनीतिक हत्याकाण्डों से अशान्ति एवं सत्तापरिवर्तन हो। कुछ मुस्लिम-यूरोपीय देश युद्धाग्नि में कूदेंगे, विश्वजनीन शान्ति को खतरा पैदा होगा। मुस्लिम देशों में विशेष अशान्ति, किसी प्रतिष्ठत यावनदेश में आन्तरिक अशान्ति से प्रधान नेता को गंभीर परिस्थिति का सामना करना होगा किंवा राजनीति से प्रेरित बमविस्फोट आदि काण्ड में प्रधान शासक की हत्या का प्रयास, सत्ता हस्तान्तरण का भी योग बनता है।

इसवर्ष पूर्वी एवं दक्षिण दिशाओं में स्थित प्रान्तों एवं देशों में भयंकर अग्निकाण्ड, कहीं भयंकर रेल व वायुयान दुर्घटना, दुर्भिक्ष किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक-प्रकोप से भारी जनधन हानि के योग हैं। जून से सितम्बर के मध्य का समय ग्रहगत्यनुसार विशेषरूप से भयावह प्रतीत होता है। इस अवधि में किसी विशेष राजनीतिज्ञ के निधन से शोक व्याप्त होगा।

ग्रह परिषद् में इस वर्ष सुरक्षा-प्रतिरक्षा का स्वामित्व वर्षेश-शनि के मित्रग्रह- शुक्र को उपलब्ध हुआ है, साथ ही शुक्र को फलफूल जड़ीबूटी आदि का स्वामित्त्व (फलेशत्व) भी प्राप्त है। दुर्गेश शुक्र का फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है ;-

" नगर-देशविशेषपतिर्यदा भृगुसुतो बहुसौख्यकरो मतः।
विनय-वाणिज गेहसमः सुखो नग-वने निकटेऽपि च दूरतः।।"

शुक्र के दुर्गेश होने से विभिन्न देशों से सामरिक एवं व्यापारिक-सम्बन्ध दृढ़ होंगे। शस्त्रास्त्र-क्रय विक्रय सम्बन्धी अनेक प्रकार की सन्धियों से भारत लाभान्वित होगा। सैन्यबल-समृद्ध एवं प्रबल-मनोबल वाला होगा ;- ऐसा संकेत मिलता है। पुनरपि वर्षेश शनि एवं वर्ष के प्रधान अमात्य पद पर शनि के होने से एवं दुर्गेश-शुक्र होने पर कुछ मुस्लिम-राष्ट्रों के साथ युद्ध विभीषिका का माहौल बने। ईराक-अफगानिस्तान-लीबिया एवं पाकिस्तान के साथ विश्व के कुछ प्रमुख राष्ट्रों की भूमिका उग्रवाद के विरुद्ध पग उठाने से कठोर एवं युद्धपरक ही रहेगी।

इस संवत् का धनेश चन्द्र होने से विश्व के कुछ देशों में भारी आर्थिक उथल-पुथल होगी। अमेरीका आदि प्रमुख समृद्ध देश में भी यूरो करंसी के प्रसार से किंवा व्यापारिक वैश्वीकरण से भारी परिवर्तन होंगे। कुछ प्रमुख देशों की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होगी। कुछ नकली करंसी का धंधा करने वाले भी पकड़ में आएंगे। इस प्रकार आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष विशेष सावधानी एवं उथल-पुथल वाला मालूम देता है।

सं. २०५९ वि. के चार स्तम्भों के विचार से यह वर्ष विशेष स्वस्थ-समृद्ध प्रतीत नहीं होता। इस- वर्ष जलस्तम्भ ९ प्रतिशत एवं तृणस्तम्भ का आभाव है। विश्व के कुछ देश, प्रान्त आन्तरिक अशान्ति-दुर्भिक्ष किंवा राजनीतिक शत्रुताजन्य प्रतिबन्धों के फलस्वरूप अकालग्रस्त व अभावग्रस्त होंगे, भुखमरी से स्थिति दयनीय होगी। खाद्यान्न वस्तुओं का अभाव रहेगा। पशुधन भी इस अभाव से प्रभावित होगा। पूर्व-दक्षिणवर्ती भूभाग पर अकाल की छाया विशेष होगी, यहां पशुचारा की कमी से पशुधननाश भी देखा जाएगा। जलस्तम्भ के क्षीण होने से इस साल कुछ भाग में वर्षा की भारी कमी अनुभव होगी। अन्न एवं वायुस्तम्भ के ठीक होने से अन्नभण्डारण अधिक होगा, कहीं वायुवेग से भारी जनधनहानि भी होगी।

संवत् २०५९ वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर विश्वजनीन घटनाचक्र का संक्षिप्त विवरण।

जगत् लग्न कुण्डली

जगतूलग्नकुण्डलीगत ग्रहस्थिति के अनुसार लग्नेश गुरु (केन्द्रस्थ) चतुर्थस्थान में शुभ है, लेकिन तृतीयस्थान में द्वितीयेश मंगल का आयेश-व्ययेश शनि के साथ राशिसम्बन्ध विश्व के समृद्ध देशों में भी आर्थिक-व्यावसायिक एवं सुरक्षात्मक अनेकविध समस्याओं को जन्म देगा। जगत् लग्नकुण्डली में शनि-मंगल-राहु का एकत्र होना विश्व के विशिष्ट राष्ट्रों के लिए एवं मुस्लिमराष्ट्रों के लिए भयावह है। कुछ प्रमुख राष्ट्र आतंकवादियों के मानमर्दन किंवा आतंकवाद-समाप्ति हेतु की गईसैन्य कार्रवाई से आगे लम्बे युद्ध का सूत्रपात कर देंगे, जोकि आगे विश्व के देशों में एक विचित्र ध्रुवीकरण की प्रक्रिया को जन्म देगा, जिससे विश्वशान्ति खतरे में पड़ेगी और आगे सन् २००५ ई. तक एक भयंकर युद्ध का कारण बनेगा। जगत् लग्नकुण्डली में द्वितीयेश मंगल का क्रूरग्रहों से सम्बन्ध तथा धनस्थान में सूर्य, बुध, शुक्र, चन्द्र होने से विश्व में आर्थिक उदारीकरण एवं यूरो करंसी प्रचलन से कई देश मुद्रा-मूल्यांकन एवं जालीमुद्रा प्रचलन की वारदातों से प्रभावित होंगे। कुण्डली में सप्तमेश-अष्टमेश (मृत्युभावेश) क्रमशः बुध-शुक्र के द्वितीयस्थान (मृत्युस्थान) में होने से किसी राष्ट्रविशेष में भयंकर-भूचाल, अग्निकाण्ड, ज्वालामुखी-विस्फोट एवं दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि होगी। विश्व के किसी प्रमुख राष्ट्र में आन्तरिक-अशान्ति से जनजीवन अस्तव्यस्त

होगा। इसवर्ष मुस्लिमराष्ट्रों के किसी प्रमुख नेता की हत्या व मृत्यु का योग भी बन रहा है। यूरोप के कुछ राष्ट्रों में हत्याकाण्ड-बमविस्फोट किंवा यानदुर्घटना आदि में विशिष्टव्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त हो। कुछ राष्ट्रों में सैन्यसंघर्ष की स्थिति अनिवार्य प्रतीत होने लगेगी। **ज्येष्ठ-आषाढ़-मार्गशीर्ष एवं पौष मास विशेष घटनापूर्ण रहेंगे।**

मेष-वृष-वृश्चिक-मकर-कुम्भ एवं मीन नाम राशि वाले प्रमुख नेताओं के लिए यहवर्ष ऐतिहासिक किंवा विशेष दुर्घटनापूर्ण एवं कष्टप्रद रहेगा।

सं. २०५९ वि. की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व के घटनाचक्र का सिंहावलोकन

सं. २०५९ वि. का राजा एवं मन्त्री (दोनों) पद क्रूरग्रह शनि को प्राप्त हैं - "स्वयंराजा-स्वयंमन्त्री अग्निचौरादिजं भयम्।" एक ही ग्रह का प्रमुख दो पदों पर आसीन होना शुभ नहीं माना गया। संवत् के प्रारम्भ में ही शनि-मंगल-राहु एक साथ वृषराशि में चल रहे हैं। शनि-मंगल दोनों संवत् के आरम्भ मे रोहिणीनक्षत्र में ही चल रहे हैं। संकेत मिलता है, कि - **" युद्धं नृपाणां गद-तस्कराद्यैर्भ्रमन्ति लोकाः क्षुधिताश्च देशान्।"** विश्व के कुछ देश भयंकर युद्ध में उलझे रहें। जनता अशान्तक्षेत्र से अन्यत्र पलायन के लिए विवश हो। विश्व में विकिरण-प्रक्रिया किंवा प्रदूषणजन्य नेष्टप्रभाव से नानाविध रोग-कष्टों से जनता परेशान हो। किसी देश मे भयंकर अकाल की स्थिति से जनता एवं पशु भूखे मरें। मुस्लिम-राष्ट्रों में शासकों के कठोर-निर्दयतापूर्ण व्यवहार किंवा नीति से जनता को भारी कष्टों का सामना करना पड़ेगा। वर्षा न होने से कुछ भूभाग अकालग्रस्त होगा। इसवर्ष विश्व में एड्स आदि असाध्य भयंकर रोगों के अधिक होने का भय है।

पीछे ४ अप्रैल सन् २००२ ई. को ही मंगल वृषराशि में आकर शनि के साथ राशिसम्बन्ध बना चुका है तथा १६ फरवरी २००२ ई. (शनिवार) को राहु पहले ही वृषराशि में स्थित है। इस प्रकार संवत् २०५९ वि. के प्रारम्भ में ही महाक्रूरत्रयी का एकत्र होना किसी भंयकर युद्ध का सूत्रपात कर सकता है, जिससे विश्व की शान्तिभंग हो जाने से घातक शस्त्रास्त्रों एवं जैविक-शस्त्रास्त्रों के प्रयोग का भय संत्रस्त करेगा। मुस्लिमराष्ट्र अपनी हठधर्मिता से एवं यूरोप के देश एक विशेष लक्ष्य को लेकर युद्ध के मैदान में उतरेंगे, उभयपक्ष के विनाश के सिवा युद्ध किसी को लाभ न देगा।

२० अप्रैल को शुक्र एवं २६ अप्रैल को बुध भी वृषराशि में आकर शनि-मंगल-राहु के साथ मेल करेंगे और इस प्रकार **पंचग्रहीयोग** बन जाता है। यहां २० अप्रैल के लगभग बुध अतिचारी है। यह पंचग्रहीयोग १४ मई तक चलेगा। पंचग्रहों का फल 'भविष्यफल भास्कर' में इस प्रकार लिखा है ,-

"एक राशौ यदा यान्ति चत्वारः पंचखेचराः।
प्लावयन्ति महीं सर्वां रुधिरेण जलेन वा।। "

इसवर्ष अमेरिका एवं चीन में प्रक्षेपास्त्र-प्रौद्योगिकी निर्यात के मुद्दे पर एवं युद्धसामग्री किसी मुस्लिमदेश को देने पर किंवा पाक, इरान, उ.कोरिया एवं लीबिया जैसे देशों की पीठ थपथपाने पर आपसी सम्बन्ध कटु होने के आसार बनेंगे। विश्व के देशों में ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति से विश्वशान्ति को खतरा होगा।

दक्षिण-पश्चिम के देशों में कहीं घोर अशान्ति, मुस्लिम-राष्ट्रों पाक, अफगानिस्तान, इराक, ईरान, लीबिया एवं रूस के समीपस्थ मुस्लिमराष्ट्रों में अराजकता, जनधनहानि किंवा भूकम्पादि प्राकृतिक प्रकोप से भारी जनधनहानि भी होगी। वैशाख कृष्णपक्ष अष्टमी (४ मई २००२ ई.) को मंगल, बुध, शुक्र एवं शनि एक नक्षत्र में ही हैं ; - इस समय से एकमास के अन्दर भूकम्प, अग्निकाण्ड आदि प्राकृतिक आपदा या युद्धमय वातावरण में भयंकर शस्त्रास्त्रों के प्रयोग से भारी जनधनहानि के योग बन रहे हैं; - सर्वज्ञ तो भगवान् ही हैं।

१५ मई को शुक्र मिथुनराशि में आकर अपने शत्रुग्रह गुरु के साथ मेल करेगा। गुरु-शुक्र का सम्बन्ध ८ जून तक बना रहेगा। १६ मई को मंगल मिथुनराशि में आकर गुरु-शुक्र के साथ मेल करेगा। यह ग्रहस्थिति भी किन्हीं दो विरोधी विचारधारा के देशों में युद्धभय का संकेत देती है ;-

"गुरु-शुक्रौ यदैकस्थौ नरयुद्धं तदा भवेत्।
अकाले वा भवेत् वृष्टिः जगत्यां नात्र संशयः।।"

कहीं आकालिक वर्षा से खड़ी फसलों को हानि, व जनधनहानि भी हो।

१४ मई से १४ जून तक शनि-सूर्य-राहु एवं बुध एक राशि में स्थित रहेंगे; लगभग १० जून से १८ जून तक शनि अतिचारी भी रहेगा। ग्रहों की गति एवं दृष्टिविचार से नेपाल में चीन समर्थक माओवादियों का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा। श्रीलंकाई राजनीति में नए मोड़-तोड़, राजनैतिक संकट नए-नए बनेंगे। संयुक्तराष्ट्र के विमानों पर एवं संयुक्तराष्ट्र पर तालिबान समर्थकों द्वारा विध्वंसक गतिविधियों से प्रछन्नरूप में तालिबान समर्थक मुस्लिमराष्ट्रों की पोल खुलेगी।

४ जुलाई को मंगल अपनी नीच राशि (कर्क) में दाखल होगा, साथ ही ४ जुलाई को गुरुग्रह अपनी उच्च राशि (कर्क) में प्रवेश करेगा। ७ जुलाई को गुरु अस्त रहेगा। इसी दिन शुक्र सिंहराशि में आकर वर्षा में रुकावट पैदा करेगा। आषाढ़ शुक्लपक्ष (११ जुलाई से २४ जुलाई) तक बुध अतिचारी रहेगा। तालिबान के प्रति पाकिस्तान की नीति दोगली रहेगी। मध्य एशिया में व्यापकरूप से अस्थिरता में भागीदार पाकिस्तान ही होगा। अफगानिस्तान- मलेशिया आदि में पाक प्रछन्नरूप से उग्रवादियों की पीठ थपथपाता रहेगा। **४ जुलाई से २२ जुलाई तक नीच मंगल पर एवं इसी बीच १६ जुलाई से २२ जुलाई तक सूर्य-मंगल पर भी शनि की नीच दृष्टि** आगामी दो मास के मध्य (सितम्बर तक) कहीं भयंकर भूकम्प, अग्निकाण्ड आदि प्राकृतिक आपदा, विस्फोट व यानदुर्घटना आदि से भयंकर जनधनहानि के योग बन रहे हैं, भगवान् रक्षा करें।

२३ जुलाई को शनि मिथुन राशि में आकर ३१ जुलाई तक शुक्र पर दृष्टि बनाए रखेगा। कहीं शासनसत्ता में परिवर्तन आश्विन के अन्त तक किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद-रिक्त हो। दक्षिणी अफ्रीका में नस्लवाद के विरोध में आवाज उठेगी। विश्व अर्थव्यवस्था में नए बदलाव के कारण आर्थिक असमानता बढ़ेगी।

१ अगस्त को शुक्र कन्या में एवं २ अगस्त को बुध सिंह में आकर शनि से देखा जाएगा। १६ अगस्त को सूर्य भी सिंहराशि में आकर १५ सितम्बर तक शनि की विशेष दृष्टि में ही रहेगा। लेकिन शनि की मंगल पर विशेष दृष्टि ५ अक्तूबर तक बनी ही रहेगी। विश्व के राष्ट्रों में हथियारों की होड़ बढ़ेगी, अशान्ति, भूस्खलन, वर्षा, बाढ़ आदि से अनेकत्र जनधनहानि होगी। कुछ देश परस्पर सैन्यसंघर्ष के लिए उद्यत होंगे, लेकिन कुछ देशों की मध्यस्थता से स्थिति नियन्त्रण में आ जाएगी।

शनि-शुक्र दोनों १०/११ अक्तूबर से २० नवम्बर तक एक साथ वक्री चलते रहते हैं। जुलाई से १४ नवम्बर तक सभी ग्रह राहु-केतु के मध्य ही संचरण कर रहे हैं। इस प्रकार चल रहा 'कालसर्पयोग' राजनीतिज्ञों में वैमनस्य, पश्चिमी भूभाग पर अशान्ति, कहीं दुर्भिक्ष; इटली, रोम, जापान, टर्की, अमेरिका किंवा किसी मुस्लिमदेश में कहीं भूकम्प, अन्य प्राकृतिक प्रकोप किंवा यान दुर्घटना में भारी जनधनहानि के योग बनाएगा। इसी दौरान आतंकवादियों के खिलाफ एक विशेष अन्तर्राष्ट्रीय ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति दिखाई देगी। एड्स एवं अन्य भयंकर संक्रामकरोगों के रोकथाम के उपाय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जाएंगे।

२२ नवम्बर को तुलाराशि का मंगल एवं ४ दिसम्बर को गुरु का वक्री होना, राहु-मंगल का षडष्टकयोग, मार्गशीर्ष मास(१६ नवंबर से १५ दिसंबर तक) के लगभग किसी नेता व बड़े व्यक्ति की मृत्यु किंवा पदच्युत होने का संकेत देता है। ६ दिसम्बर को बुध के उदय होने पर कहीं वायुवेग व भूस्खलन-भूकम्प आदि से जनधनहानि का भी समाचार मिले। १५ दिसंबर '०२ से ७ जनवरी (२००३ ई.) तक शनि-सूर्य का समसप्तकयोग विश्व के कुछ प्रमुख राष्ट्रों में विशेषतः किसी मुस्लिम देश में शासक एवं प्रजा में संघर्ष किंवा आंतरिक क्रान्ति, प्राकृतिक प्रकोप-आपदा से हानि का संकेत देता है।

८ जनवरी को मंगल वृश्चिक राशि में एवं ६ जनवरी को शनि वक्री होकर पुनः वृषराशि में प्रवेश करेगा। शनि-राहु एवं मंगल का यह समसप्तक-योग विश्व में अघटित घटनाचक्र का कारण बनेगा। यह योग २२ फरवरी सन् २००३ ई. तक चलेगा। किसी मुस्लिम-राष्ट्र में अप्रत्याशित-परिवर्तन संभावित है। किसी देश में राजनैतिक कारणों से घोर अशान्ति, सैन्यबल-प्रयोग, सीमाप्रान्तों पर युद्धमय वातावरण बनेगा। जनवरी २००३ से फरवरी के मध्य कहीं भयंकर भूकम्प, तूफान व यानदुर्घटना में या कहीं युद्धज्वाला से भारी विनाश के साथ कहीं वरिष्ठ व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त हो या परिवर्तन होगा। जन. (२००३ ई.) ७, ८, ६, १६ से २०, २२, २७, २८, ३०, फर. १, २, ८, १२, १६ एवं २३ से संवत् के अन्त तक का समय विश्व में विशेष कष्टप्रद घटनाक्रम को जन्म देगा।

२३ फरवरी २००३ ई. से संवत् २०५९ वि. के अन्त (१ अप्रैल २००३ ई.) तक शनि-मंगल का षडष्टकयोग चलेगा। इस समय चीन, अमेरिका, इराक, इण्डोनेशिया, भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अन्य कुछ राष्ट्रों में सीमाप्रान्तों पर सैनिक हलचल एवं कहीं राजनीतिक परिवर्तन व राजनीतिक हत्याकाण्डों से वातावरण अशान्त रहेगा। कहीं सत्ता हस्तान्तरण किंवा यानदुर्घटना में जनधनहानि के समाचार भी मिलेंगे।

यूरोप के देश

यूरोपीय देशों की कुण्डली (१) के चिन्तन से ज्ञात होता है, कि शनि-मंगल का दशम-चतुर्थ दृष्टि सम्बन्ध यूरोप के देशों के सामने जटिल युद्धात्मक समस्याओं को लाकर खड़ा कर देगा, जिसके परिणाम दूरगामी होंगे। कुछ देश मित्रक्षेत्र में होकर भी परस्पर विपरीत विचारधारा के हो जाएंगे और विपरीत सिद्धान्त वाले कुछ देश परस्पर नजदीक आकर एक अप्रत्याशित ध्रुवीकरण की तरफ बढ़ने लगेंगे। यूरोपीय देशों में बर्तानिया, स्कॉटलैण्ड, जापान, रूस आदि में बेरोजगारी बढ़ेगी। प्रमुख देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। यूरोप की कुण्डली ने नं. (१) में शत्रुक्षेत्रीय-मंगल हिंसा-रक्तपात-विध्वंस एवं षडयन्त्रों, यान अपहरण-दुर्घटना आदि से यूरोप में किसी वरिष्ठ व्यक्ति की मृत्यु का संकेत देता है, जिससे विश्वशान्ति को धक्का पहुंचेगा।

यूरोपीय देशों की कुण्डली (१)

७ | ५ | ८ | ६ | ४ चं. | के. ९ शु. सू. | रा. ३ गु. | १० बु. | १२ | २ श. | ११ मं. | १

३१ दिसं. (सन् २००१ ई.) मध्यरात्रि २४ घं.० मि.

यूरोपीय देशों की वर्ष कुण्डली नं. (२) में राहु-मंगल का षडष्टक, सूर्य-शनि का समसप्तकयोग है। राहु-शनि आदि यावन सम्प्रदाय के प्रतिनिधि ग्रहों की स्थिति से संकेत मिलता है, कि यूरोप के कुछ देशों को अशान्ति, युद्ध किंवा आर्थिक उलझनों का लम्बे समय तक सामना करना पड़ेगा। इसवर्ष में यूरोप एवं मुस्लिमदेशों में कहीं हत्याकाण्ड, बम्बार्डमेण्ट, कहीं गृहयुद्ध से अशान्ति का वातारण बनेगा।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार इसवर्ष यूरोप के प्रमुख देशों की अर्थव्यवस्था भी कुछ चर्चा का विषय बनेगी। **गतवर्ष के पंचांग में पृष्ठ २६, कॉलम २ में, पंक्ति ४ में स्पष्ट घेषणा की थी, कि - " आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए कोई यूरोपीय देश आवाज उठाएगा; "** - तदनुसार ब्रिटेन ने U.S. के साथ इसके विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार इसवर्ष संवत् के आरम्भ से १८ मई तक, ४ जुलाई से २२ जुलाई तक, १६ अगस्त से ५ अक्तूबर तक, ७ जनवरी (सन् २००३ ई.) से २२ फरवरी (२००३ ई.) तक की ग्रहस्थिति एवं २३ फरवरी (२००३ ई.) से संवत् के अन्त तक शनि-मंगल का षडष्टकयोग यूरोपीय देशों के लिए अनेक अघटित घटनाओं को लेकर उपस्थित होगा। इस अवधि में कहीं प्रमुख नेता की हत्या के षडयन्त्र एवं हत्याकाण्डों से स्थिति नाजुक होगी; उपरोक्त समयावधियां यूरोप के कुछ देशों के लिए ऐतिहासिक घटनापूर्ण रहेंगी।

यूरोपीय देशों की वर्ष कुण्डली नं. (२)

शु. ७ मं. | ५ | ८ चं. के. | ६ | ४ गु. | ९ सू. | श. ३ | १० बु. | १२ | २ रा. | ११ | १

३१ दिसं. (सन् २००२ ई.) मध्यरात्रि २४ घं.० मि.

अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश की यथालब्ध जन्मांगकुण्डली के आधार पर शनि की महादशा में राहु का अन्तर नवम्बर २००३ ई. के लगभग तक प्रभावी रहेगा। दशा अवान्तर एवं प्रत्यन्तर के विचार से २० अक्तूबर २००१ ई. से २ अप्रैल २००२ ई. तक की समयावधि राष्ट्रपति डब्ल्यू बुश के लिए विशेष चिन्ताजनक स्थिति पैदा करेगी। अक्तूबर २००१ से चला समय अनेक चुनौतियों को लेकर आया है। जातकग्रन्थों के आधार पर शनि में राहु का अवान्तर एवं शनि का प्रत्यन्तर होने से शत्रुपक्ष से भय बना रहेगा। भावचलित कुण्डली का परिशीलन करने से शनि-सूर्य द्वादशस्थ हैं, जोकि अनेक चिन्ताओं से एवं प्रशासनिक समस्याओं से परेशानी कारक ही है। शनि मारकेश है; अतः बुश को अन्तर्राष्ट्रीय उलझनों से निपटना कठिन प्रतीत होता है। शनि- राहु-सूर्य की स्थिति से ज्ञात होता है, कि राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश को अपनी सुरक्षा व्यवस्था को विशेषरूप से सुदृढ़ करना होगा। इन पर शत्रुकृत षडयन्त्र से घातक हमला होगा; स्थिति उत्तरोत्तर कठिन प्रतीत होती है। युद्ध में कहीं जीत कर भी हार न हो जाए, जीवन को भय है। **युद्धकालीन ग्रहस्थिति के अनुसार अफगानिस्तान की भारी क्षति से युद्ध जीता हुआ मालूम देगा, लेकिन यह युद्ध फिर भी सायी मुस्लिमदेशों की मदद से लम्बा चलेगा।** यद्यपि अभी विश्वयुद्ध का खतरा नहीं, पुनरपि आगामी ५/६ वर्षों में (सन् २००५ ई. के

अमेरिकन राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश की कुण्डली

५ मं. | ३ सू. | गु. ६ चं. | बु. ४ शु. श. | २ रा. | ७ | १ | ८ के. | १० | १२ | ९ | ११

अमेरिका की वर्ष कुण्डली

लगभग तक) चिंगारी की तरह सुलगता हुआ, यह युद्ध कहीं विकराल रूप धारण न कर ले,- यह गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार चिन्ता का विषय है।

अमेरिका की यथालब्ध वर्षकुण्डली में सप्तमस्थ-शनि होने से अन्तर्राष्ट्रीय विवादास्पद समस्याओं के समाधान में इसे वर्षों तक सचेत रहना होगा। सामरिक-शक्ति के आधार पर भी समस्याएं लम्बी पड़ेंगी, विश्व में यू. ऐस. की नेतृत्व छवि बनी रहेगी, लेकिन समस्याएं गहराती ही जाएंगी। देश की आर्थिक स्थिति की तरफ भी विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि धनेश मंगल पर शनि-गुरु की दृष्टि है। अंतः इस तरफ ध्यान देना आवश्यक है।

मुस्लिम देश

१ मुहर्रम से एक दिन पूर्व (चन्द्रदर्शन के दिन) १५ मार्च सन् २००२ ई. को सूर्यास्तकाल के समय १८ घण्टा २६ मिनट पर कन्या लग्न में इसवर्ष मुस्लिम नववर्ष का उदय हुआ है।

क्योंकि १६ मार्च को १ मुहर्रम शनिवार को हिज़्री सन् १४२३ की शुरुआत है और हिज़्री सन् का बादशाह भी शनि ही है। विक्रमी संवत् एवं हिज़्री सन् का बादशाह शनि होने से यह वर्ष मुस्लिमदेश के शासकों को भारी उलझनों में फंसा देगा। कहीं भयंकर युद्ध से जन-धन हानि होगी। किसी देश विशेष की राजनीति विश्व में अशान्ति का कारण बनेगी।

मुस्लिम वर्षकुण्डली में लग्नेश एवं कर्मेश बुध शत्रुक्षेत्र में, शत्रुक्षेत्रेश-शनि एवं चतुर्थेश- सप्तमेश-गुरु से विशेषरूप से दृष्ट है। अतः शत्रुपक्ष प्रबल होने पर भी किसी बड़े देश की मध्यस्थता, शान्ति स्थापना के लिए होगी।

नवमेश-शुक्र सप्तमभाव में उच्च है, नवमभाव में शनि-राहु की स्थिति मुस्लिमराष्ट्र के राजनीतिज्ञ-शासकों को किंकर्त्तव्य-विमूढ़ बना देगी और दशमभाव में गुरु होने से किसी बड़े देश की मदद से स्थिति में सुधार आएगा। पाकिस्तान एवं अफ़गानिस्तान की वर्ष कुण्डलियों के अध्ययन से ज्ञात होता है; आगामी समय यहां के शासकों के सामने भयावह है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ साहेब की ग्रहस्थिति ३ नवम्बर २००१ ई.से ६ जनवरी सन् २००२ ई. तक बहुत खराब है। यहां गृहयुद्ध होगा, देशवासी ही विरोध करेंगे, सेना सत्तापलट पुनः कर सकती है। आगे १६ फरवरी २००२ से १८ मई तक, ४ से २२ जुलाई तक, १६ अग. से ५ अक्तूबर तक और ७ जनवरी २००३ ई. से संवत् २०५९ वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति मुस्लिमराष्ट्रों के लिए विशेष घटनापूर्ण सिद्ध होगी। इस समय कुख्यात-आतंकवादी एवं किसी मुस्लिम देश विशेष के प्रमुख व्यक्ति की हत्या का योग है।

मुस्लिम नववर्ष कुण्डली

अफ़गानिस्तान की यथालब्ध संवत्सर कुण्डली में शनि-मंगल का समसप्तक, युद्ध में विनाश के कगार पर पहुंचा देगा। प्रधान पुरुष कालकवलित होंगे। पाकिस्तान में सिन्धक्षेत्र में अधिक उपद्रव होंगे।

सं. २०५९ वि. की ग्रहस्थिति के अनुसार ' भारत ' एवं ' भारत सरकार' के घटनाचक्र का सर्वेक्षण

नववर्ष प्रवेश कुण्डली — स्वतन्त्र भारत कुण्डली — स्वतन्त्र भारत का ५५ वां वर्ष (दृक्पक्षीय) — स्वतन्त्र भारत का ५६ वां वर्ष (दृक्पक्षीय) — भारत का ५३ वां गणतन्त्र वर्ष

नववर्ष प्रवेश कुण्डली: १०, ८ के., ११, ९, ७, १२ सू. चं., ६, १ शु. बु., ३ गु., ५, २ मं. रा. श., ४

स्वतन्त्र भारत कुण्डली: ३ मं., १, शु. श. ४ चं. बु. सू., २ रा., १२, ५, ११, ६, ८ के., १०, ७ गु., ९

१५ अगस्त १९४७ ई. मध्यरात्रि ० घं.० मि.

स्वतन्त्र भारत का ५५ वां वर्ष: १२, १०, १, ११, ९ के., २ श., ८ मं., गु.३ शु. रा. चं., ५ बु., ७, ४ सू., ६

१५ अगस्त २००१ ई.

स्वतन्त्र भारत का ५६ वां वर्ष: सू. गु. मं. ४, २ रा., ५ बु., ३ श., १, ६ शु., १२, ७ चं., ९ मुंथा, ११, ८ के., १०

१५ अगस्त २००२ ई. २ घं. २४ मि. रात्रि

भारत का ५३ वां गणतन्त्र वर्ष: ५, गु. रा. चं. ३, ६, ४ मुंथा, २ श., ७, १, ८, सू. बु. १० शु., १२ मं., ९ के., ११

२६ जनवरी २००२ ई. २७/३० इष्ट

गतसंवत् के अन्तिम चरण का सिंहावलोकन

२६ अगस्त से १६ अक्तूबर २००१ ई. तक शनि-मंगल का षडष्टक अमेरीका-अफगानिस्तान मेंयुद्ध का कारण बन चुका है। युद्धाग्नि उत्तरोत्तर तालिबान का दम तोड़ने वाली सिद्ध होगी। ६ जनवरी, २००२ ई. से पूर्व भारत को शत्रुदेश की गतिविधि से सीमाप्रान्तों पर सावधान रहना जरूरी है। अचानक परेशानी आ सकती है।

३० नवम्बर से ६ जनवरी २००२ ई. तक किसी प्रमुख मुस्लिमराष्ट्र में आन्तरिक क्रान्ति से जनजीवन अस्तव्यस्त होगा, राजनीतिक-हत्याएं एवं प्रधान पद में परिवर्तन, सत्ता हस्तान्तरण के योग हैं। सं. २०५८ के अन्त तक विश्व के देशों में परस्पर मतभेद बढ़ेंगे और आगामी वर्ष में देशों में ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति चिन्ताजनक वातावरण बना सकती है। भगवान् सबको सुरक्षित एवं सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दें- यही प्रार्थना है। **आगामी वर्ष सं. २०५९ वि. किन-किन घटनाओं को लेकर आ रहा है** - यह ग्रहगत्यनुसार लिखने का प्रयासमात्र है; सर्वज्ञ तो प्रभु ही है।

संवत् २०५९ वि. की नववर्ष प्रवेश कुण्डली में लग्नेश-गुरु की लग्न पर पूर्णदृष्टि है, चन्द्र गुरु के क्षेत्र में है;- यह ग्रहस्थिति उदीयमान-संवत् के लिए शुभ है; भारत प्रगतिपथ पर अग्रेसर रहेगा। भारत की प्रतिष्ठा समर्थ देशों में होने लगेगी। लेकिन नववर्ष कुण्डली में व्ययेश-पंचमेश मंगल तथा द्वितीयेश-तृतीयेश शनि-ये दोनों ग्रह राहु के साथ छटे भाव में स्थित हैं; - आर्थिक दृष्टि से देश की स्थिति यद्यपि काफी उलझनपूर्ण रहेगी, पुनरपि **" त्रिषडायगतो भौमः त्रिषडायगतः शनिः। त्रिषडायगतो राहुः सर्वारिष्टान्निवारयेत;"** प्रमाणानुसार देश अनेक प्रकार के विदेशी षडयन्त्रों, धर्मिक- सामाजिक उलझनों से सम्मानपूर्वक निकल जाएगा और शत्रुदेश हतप्रभ हो जाएंगे। वर्षलग्नेश लग्न को देखता है। जोकि शुभ है,-

"यदा शुभग्रहैर्दृष्टं लग्नं स्यात्तु शुभाशुभम्।
धनधान्यादि सम्पूर्णं सर्वं वर्षं शुभावहम्।।"

स्वतन्त्र भारत की जन्मकुण्डली में लग्नेश-द्वितीयेश-तृतीयेश-चतुर्थेश-पंचमेश-षष्टेश एवं भाग्येश-कर्मेश क्रमशः शुक्र, बुध, चन्द्र, सूर्य, पुनः बुध, पुनः शुक्र एवं शनि ये पांचग्रह तृतीय भाव में एकत्र हैं, संकेत मिलता है, कि आगे कर्क राशि में बृहस्पति के आने पर लगभग पांच/सात वर्षों में भारत पूर्णरूपेण समर्थ - समृद्ध एवं सशक्त महानूराष्ट्र के रूप में विश्वमानचित्र पर उदित होगा। पुनरपि शनि की व्ययस्थान पर नीच दृष्टि एवं व्ययेश मंगल की धनस्थान में स्थिति नई औद्यौगिक एवं आर्थिक सम्पन्नता में बाधाएं उपस्थित करेगी, लेकिन समर्थ-शासनतन्त्र नई-नई योजनाओं से इस समस्या को हल करने में सक्रिय योगदान देगा। स्वतन्त्रभारत के जन्मांग में 'कालसर्पयोग' प्रगतिपथ पर अग्रेसर होने के लिए काफी संघर्षात्मक प्रक्रिया में से निकलने का संकेत देता है।

स्वतन्त्रभारत के ५५ वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार व्ययेश एवं लग्नेश शनि चतुर्थ (सुख) भाव में स्वस्थ-मंगल से पूर्ण प्रतियोग बना रहा है, लेकिन लग्न पर बृहस्पति की विशेष दृष्टि है एवं नवमभाव पर भी गुरु की विशेष दृष्टि है। स्पष्ट है, कि बिहार, आसाम, उ.प्र. एवं उत्तरांचल, काश्मीर आदि प्रान्तों की स्थिति को सामान्य करने के लिए इस वर्ष सरकार को चिन्तित रहना होगा और बिहार एवं उत्तरप्रदेश आदि में शासनसत्ता के लिए किए गए शक्ति परीक्षण के परिणाम इन प्रान्तों के मौजूदा-शासकों के अनुकूल न होंगे। बिहार के गण्यमान्य किसी नेता के विरुद्ध न्यायालय अपना निर्णय देकर दण्डित कर सकता है;- ऐसा योग है। शनि-मंगल का समसप्तक सीमाप्रान्तों पर सैन्यहलचल से अशान्ति का भी संकेत देता है। कहीं यान दुर्घटना, अग्निकाण्ड से व बम्बविस्फोट से कुछ स्थानों पर हानि होगी ,- ऐसा ग्रहगोचर से ज्ञात होता है।

शनि संवत् का राजा एवं मन्त्री भी है, शनि-मंगल एवं राहु, ये तीनों ग्रह मार्क्सवादी सिद्धान्तों के प्रतिनिधि ग्रह हैं। इसवर्ष कम्युनिस्टिक-मार्क्सवादी पार्टियों में खाई बढ़ेगी, सशक्त नेतृत्व की कमी अनुभव होगी।

भारत के ५५ वें वर्ष की कुण्डली के अनुसार पाकिस्तान, भारत के काश्मीरी जेहादी बैल्ट से परेशान करके मध्य एशिया में व्यापकरूप से अस्थिरता लाने का प्रयास करेगा; परन्तु पाक की यह चाल पूर्णरूपेण असफल सिद्ध होगी। वर्षलग्न एवं गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 'राजग' पार्टी के कुछ घटकतत्त्वों (शिवसेना, चन्द्रबाबुनायडू, काश्मीर के श्री अब्दुल्ला आदि) से प्रधान नेता को निराशाजनक स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जिससे सरकार कठिन परिस्थिति में आ जाएगी।

स्वतन्त्र भारत के ५६ वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार लग्नस्थ शनि भाग्येश होकर कर्मस्थान को एवं कर्मेश गुरु भी द्वितीयस्थान में उच्च का होकर कर्मस्थान को देख रहा है; - यह ग्रहस्थिति प्रधान राजनीतिज्ञों की प्रतिष्ठा एवं कर्मक्षेत्र में पूर्णस्थायीत्व प्रदान करती है। ५६ वें वर्ष की राजनीति, पिछड़े वर्ग के विकास, औद्यौगिक प्रगति, विश्वव्यापारजन्य कुप्रभावों का अपाकरण आदि जनहितार्थ उपायों से पुनः चेतना प्राप्त करेगी। विकृत-राजनीतिक दाव-पेचों को व्यवस्थित करने के लिए एक स्वस्थ आचार संहिता बनाने के लिए केन्द्र को आगामी निर्वाचनों के लिए सचेष्ट हो जाना पड़ेगा। वर्षलग्न में मुंथेश गुरु उच्च है, लेकिन नीच मंगल एवं सूर्य की सन्निधि में होने से सत्तारूढ़ केन्द्रीय शासकों की आलोचना का कारण कोई प्रमुख विषय बनेगा, जिससे उन्हें आगे सत्ता में आ पाना सन्दिग्ध मालूम देगा।

भारत के ५३ वें गणतन्त्र की ग्रहस्थिति पर ध्यान देने से ज्ञात होता है, कि - मुंथेश गुरु बारहवें भाव में राहु-चन्द्र के साथ है, मंगल की इन पर विशेष दृष्टि है। लग्न को शनि विशेष दृष्टि से देख रहा है। ग्रहस्थिति संकेत देती है, कि हमारा केन्द्रिय नेतृत्व साम्प्रदायिक गतिविधियों से होने वाले जघन्य अपराधों, बम्बविस्फोट आदि काण्डों से परेशान रहेगा। कुछ प्रान्तीय किंवा राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियां सम्प्रदायिकता, जातिवाद को तूल देकर गणतन्त्र की छवि को धूमिल करेंगी। उ.प्र. के कुछ स्थल जातिवाद, धर्मोन्माद के कारण अशान्त रहेंगे। धार्मिक असहिष्णुता किंवा विवादास्पद धार्मिक स्थलों पर निर्माण लोकतन्त्र के लिए चिन्ता का विषय बने ,- समाधानार्थ शासन को कठोर पग उठाने पड़ें। सर्वधर्म सहिष्णुता ही धर्मनिरपेक्ष छवि को दृढ़ करेगी, लेकिन ग्रहस्थिति कुछ और ही संकेत देती है, जिससे अनेक समस्याएं सामने आएंगी। संवत् के प्रारम्भिक ३/४ मासों में किसी प्रान्त में धार्मिकस्थल विवाद का कारण बनेंगे, जिससे कुछ सम्प्रदायों में मतभेद होने से उपद्रवों की आशंका बनेगी। केन्द्रीय शासनतन्त्र से जुड़े गठबन्धन शिथिल होने लगेंगे, जिससे केन्द्रीय सरकार खतरे में पड़ जाएगी।

४ अप्रैल सन् २००२ ई. से १८ मई तक शनि-मंगल-राहु वृषराशि में एक साथ चल रहे हैं। २० अप्रैल को शुक्र एवं २६ अप्रैल को बुध भी वृषराशि में आकर पंचग्रही योग बना देते हैं। यह ग्रहस्थिति भारत के किसी उत्तरी प्रान्त में शासनसत्ता के समक्ष धार्मिक, सामाजिक उलझनों को लेकर उपस्थित होगी। कहीं प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प-जलाप्लाव किंवा साम्प्रदायिक उपद्रवों से प्रधान नेता असमंजस में पड़ जाएंगे, स्थिति पर नियन्त्रण पाने के लिए कठोर पग उठाने होंगे। इस समय काश्मीर एवं अन्य सीमाप्रान्तों पर भी पैनी नज़र रखनी होगी, शत्रुदेश की गुप्तचाल से हानिभय है।

१५ मई को सूर्य वृषराशि में आकर शनि-राहु-बुध के साथ चतुर्ग्रही योग बनाएगा एवं शुक्र मिथुनराशि में आकर गुरु के साथ और १६ मई को मंगल के साथ राशिसम्बन्ध भी कहीं भयंकर बाढ़, अकालिक वर्षा व प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि का भय करे। इस योग का प्रभाव जुलाई तक चलेगा।

११ जून को मंगलवारी ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा एवं १५ जून को शनिवारी मिथुन संक्रान्ति कहीं भयंकर बाढ़ व सूखे से हानि का संकेत देती है। २६ जून से २२ जुलाई तक भी कहीं भयंकर बाढ़ से भारी जनधनहानि होगी। इसवर्ष कहीं भारी सूखा पड़ने से भीषण अकाल की स्थिति भी बनेगी। २३ जुलाई को शनि मिथुनराशि में आकर पश्चिमी देशों एवं प्रान्तों में कृषकों के लिए कठिन परिस्थिति पैदा करेगा, कहीं अकाल की स्थिति चिन्ताजनक बनेगी, पश्चिमी भूभाग पर जंग के बादल मंडराए रहेंगे ,-

"मिथुने च यदा सौरिर्दुर्भिक्षं तत्र दारुणम्।
पश्चिमे दारुणं युद्धं नृपाणां च महद्भयम्।।"

यह समय नेतावर्ग एवं राजनीतिज्ञों के लिए भी उलझनपूर्ण मालूम देता है। आगे श्रावण कृष्ण नवमी (३ अगस्त) को शनिवार होने से आश्विन में (१६ सितम्बर से अक्तूबर मध्य तक) किसी विशिष्ट व्यक्ति का पद खाली होगा। श्रावण शुक्लपक्ष में (६ से २२ अगस्त तक) तिथिक्षय होने से कार्तिकमास (१७ अक्तूबर से १५ नवम्बर के मध्य) किसी वरिष्ठ नेता की मृत्यु से शोक व पदत्याग का योग बनता है। १० अक्तूबर को शुक्र वक्री हो रहा है, साथ ही ११ अक्तूबर को शनि भी वक्री हो जाता है। ये दोनों २० नवम्बर तक एक साथ वक्रस्थिति में ही रहते है,- प्रभावस्वारूप क्षेत्रवाद एवं साम्प्रदायिकता देश को दिशाहीन बना सकते हैं। पूर्वोत्तर - राज्यों के आर्थिक लेखा-जोखा पर विशेष ध्यान रखना होगा। पूर्वोत्तर राज्यों के विकास हेतु अधिक वित्तीय सहायता का उपक्रम बने। इसवर्ष भारत एवं नेपाल में किसी क्षेत्रीय समस्या को लेकर विवाद खड़ा होने के योग हैं, जिससे माउवादियों द्वारा शान्तिभंग की आशंका है। सीमावर्ती देश नेपाल में आगामी वर्षों में पुलिस-प्रशासन माओवादियों के सामने निष्क्रिय मालूम देंगा। चीन इसमें विशेष भूमिका निभाएगा, जिसका प्रभाव भारत की सीमाओं पर दिखाई देगा। कालापानी भारतीय क्षेत्र का संवेदनशील क्षेत्र रहेगा; सुरक्षा की दृष्टि से भारत को इन सीमाओं पर विशेष नजर रखनी होगी। काश्मीर में पाक, पूर्व में चीन-पाक द्वारा प्रोत्साहित पूर्वोत्तर के विद्रोहियों तथा बंगलादेशियों की घुसपैठ से भी भारतीय शासकों को सचेत रहना होगा।

२२ नवम्बर को मंगल तुलाराशि में आकर राहु के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। ग्रहस्थिति के अनुसार हमें यह निश्चय कर लेना उचित होगा, कि अमेरीका के निरस्त्रीकरण सम्बन्धित एकतरफा फैसलों के आगे झुकना स्वीकार्य नहीं; क्योंकि २१ वीं सदी में हमारी सुरक्षा का कार्य प्रमुख है। अतः सैन्यबल को समृद्ध करना होगा। और समयानुसार शासन परमाणुशस्त्र निर्माण में पीछे नहीं रहेगा। जातीय राष्ट्रवाद एवं धार्मिक-राजनीतिक उग्रवाद से सम्बन्धित नई समस्याएं उपस्थित होंगी। मणिपुर, आसाम, बंगाल में अशान्ति रहेगी। ५ दिसंबर को शनि-सूर्य का 'समसप्तकयोग' राहु मंगल का षडष्टकयोग प्रधान राजनीतिज्ञों के समक्ष विषम परिस्थितियां पैदा करे। कहीं यान दुर्घटना में जनधनहानि, कहीं अग्निकाण्ड व भूकम्प जैसे प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो।

७ जनवरी (२००३ ई.) को मंगल वृश्चिक राशि में एवं ८ जनवरी को शनि वक्री होकर फिर से वृषराशि में आ जाएगा। इस प्रकार शनि एवं मंगल का समसप्तकयोग केन्द्रीय शासनसत्ता के लिए अघटित घटनाक्रम को जन्म देगा। नेपाल में चीनियों तथा पाकिस्तानियों द्वारा हजारों मील लम्बी भारत-नेपाल सीमा पर भारत को विशेष सुरक्षाप्रबन्ध करने होंगे। अन्यथा भारत में और उपद्रव, उग्रवादी गतिविधियां तेज होंगी, हानि भी संभव है। विश्व में तालिबानीकरण की प्रवृत्ति (जिसमें बहुत से मुस्लिमदेश शामिल हैं) मध्यएशिया के देशों के लिए भारी चिन्ता का कारण रहेगी। भारत में सामाजिक-आर्थिक एवं पर्यावरण की समस्या प्रबल होती जाएगी।

७ जनवरी (२००३ ई.) से २२ फरवरी तक की ग्रहस्थिति (शनि-मंगल का प्रतियोग) के परिणामस्वरूप यूरोप एवं एशियाई देशों में कहीं आन्तरिक क्रान्ति, रक्तपात, देश का विभाजन, कहीं प्रतिष्ठित-व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा। इस अवधि में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन का पार्टी के कुछ घटक तत्वों से नाता टूट जाने का योग है। उ.प्र. के विधान सभाई निर्वाचनों के बाद गठबन्धन केन्द्रीय सरकार में विशेष परिवर्तन होंगे, यह समय केन्द्रीय-शासन एवं प्रधानमन्त्री श्रीवाजपेयी जी के लिए दुरूह सिद्ध होगा। प्रधानमन्त्री ऐसे चक्रव्यूह में उलझेंगे जहां से निकल पाना संभव प्रतीत नहीं होता, कुछ विशेष परिवर्धन-संवर्धन पार्टी में होने के योग हैं। माघी अमा १ फरवरी (२००३ ई.) शनिवारी होने से माघमास में किसी प्रतिष्ठित गण्यमान्य व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा। सीमाप्रान्तों पर कहीं सैन्यसंघर्ष हो। किसी प्रान्त में सत्ता परिवर्तन के आसार भी है।

२३ फरवरी (२००३ ई.) से संवत् (२०५९ वि.) के अन्त तक पुराने बोफ़ोर्स आदि मुद्दे एवं राजनयिकों एवं विभिन्न पार्टियों के खिलाफ विभिन्न मुद्दे उठाकर प्रतिष्ठित व्यक्तियों की छवि को खराब करने की चाल रहेगी। भारत अपने पश्चिमी क्षेत्र, काश्मीर एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रीय समस्याओं को ठीक करने में व्यस्त रहेगा, सीमाप्रान्तों पर से खतरा पैदा होगा, सैन्यबल को सुसंबद्ध रखना होगा। पूर्वोत्तर भारत में उग्रवाद किंवा अलगाववाद का जुनून बेकाबू होकर खतरा पैदा कर सकता है- सरकार को सावधानी रखनी होगी।

इसवर्ष भारत-पाक किंवा हिमालय के क्षेत्रों में शक्तिशाली भूकम्पों से भारी जनधनहानि के योग हैं। गौचर ग्रहस्थिति के आधार पर मालूम होता है कि इस वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था में निरन्तर गिरावट आएगी, कृषि की विकासदर घटेगी। विश्वबाजार के प्रभाव में हमारे देसी उद्योग धन्धों को गंभीर खतरा पैदा हो जाने के योग हैं और बेरोजगारी बढ़ेगी।

इन सभी चुनौतियों को ध्यान में रखकर भारत सरकार को अपनी नीतियों का निर्धारण फिर से करना होगा।

भारत के प्रमुख राजनैतिक दल

भारतीय जनता पार्टी :- भाजपा के जन्मांग में शनि भाग्येश एवं अष्टमेश है, मंगल षष्ठेश-आयेश है, गुरु कर्मेश एवं सप्तमेश है;- ये तीनों ग्रह राहु की सन्निधि में तृतीयभाव में हैं एवं सभी की नजर भाग्यस्थान पर व भाग्यस्थान में स्थित बुध-केतु पर है। केन्द्रीय सत्ता की प्रमुख पार्टी भाजपा को क्षेत्रीय-सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर चलने से स्वतन्त्र निर्णय लेने की क्षमता कम अनुभव होगी।

भारतीय जनतापार्टी कुण्डली

शनि के मिथुन में आने पर २३ जुलाई २००२ ई. के बाद भाजपा गठबन्धन में काफी उलटफेर होने के योग हैं। लेकिन भाजपा अनेक विषम परिस्थितियों में उलझने पर भी अपना जनाधार बनाने में सक्षम अनुभव करेगी, क्योंकि उस समय भाग्येश शनि की एवं कर्मेश उच्चगुरु की (५ जुलाई '०२ ई. के बाद) कर्मस्थान पर विशेष दृष्टि होगी। प्रतिरोधी किंवा कुछ अन्य पार्टियां इस पार्टी के साथ मिलकर पुनः अपना जनाधार बनाना चाहेंगी। वैसे इसवर्ष केन्द्रीय-शासनतन्त्र को भारी संकटों-समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, स्थिति डगमगा जाएगी, लेकिन भाजपा सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी; ऐसा ग्रहस्थिति के आधार पर लिखा है, सर्वज्ञ तो भगवान् ही हैं।

कांग्रेस पार्टी

कांग्रेस पार्टी :- कांग्रेस पार्टी के यथालब्ध जन्मांग में भाग्येश-कर्मेश (सूर्य-बुध) व्ययस्थान में हैं। लग्नेश गुरु का आयेश शुक्र के साथ आयस्थान में सम्बन्ध, द्वितीयेश-तृतीयेश शनि नीच होकर योजनास्थान में चन्द्र के साथ है। जन्मकालिक ग्रहस्थिति इतनी सशक्त नहीं, कि अपने ही बलबूते पर सत्ता प्राप्त कर सके। लेकिन गोचरग्रहस्थिति के अनुसार ५ जुलाई २००२ के बाद बृहस्पति के कर्कराशि में आने पर योजनापति मंगल पर पूर्णदृष्टि होने से विशेष-सक्रियता पार्टी में नजर आएगी एवं पार्टी का मनोबल पुनः प्रबल होगा, नेतृत्व का मनोबल बढ़ेगा, विशेष परिवर्तन- परिवर्धन सन् २००२ ई. के मध्य इस पार्टी में होंगे, आगे मजबूत स्थिति बनाकर प्रभावक्षेत्र को यह पार्टी पुनः प्राप्त कर लेगी।

संयुक्त मोर्चा

संयुक्त मोर्चा :- शनि-केतु छठे भाव में, मंगल सप्तमेश होकर सप्तमस्थान में, बुध (भाग्येश) के साथ है। अष्टमेश शुक्र भाग्यस्थान में चन्द्रयुत है, लेकिन गुरुदृष्ट भी है। इस दल का नवीकरण नए नाम पर संभव प्रतीत होता है, गुरु के कर्कराशि में आने पर कुछ प्रमुखपार्टियां एवं प्रमुख राजनीतिज्ञ एक सशक्त नई पार्टी बनाकर आगे निर्वाचनक्षेत्र में आकर केन्द्र में शासन कर रही पार्टियों के लिए एक केन्द्रशासन के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करेंगे। इस मंच पर दक्षिण की कुछ पार्टियां एवं राष्ट्रीय स्तर की कोई बड़ी पार्टी सहायक होगी।

राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन

राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन :- इस गठबन्धन सरकार की कुण्डली में नवमेश चन्द्र लग्न में नीच है, दशमेश सूर्य तीसरे भाव में शत्रुक्षेत्रीय है। अष्टमभाव में शनि, गुरु-बुध के क्षेत्र में एवं बुध गुरु के क्षेत्र में परस्पर समसप्तकयोग बना रहे हैं। गोचरग्रहस्थिति के अनुसार यह गठबन्धन बीच-बीच में कमजोर होने पर भी अपने कार्यकाल को पूरा कर जाएगा। सन् २००३ के प्रारम्भ में इसगठ बन्धन में विशेष पीरवर्तन होंगे, लेकिन पुनः मजबूती प्राप्त कर सकेगा। लग्न में नीच चन्द्र, चतुर्थस्थ शुक्र नीचभंगयोग बनाते हैं, जो देश की महिमा को उजागर करेगा। लेकिन गोचर में शनि की स्थिति इस मोर्चे के घटकतत्त्वों में वैमनस्यता बनाकर सरकार को कई बार खतरे में डाल सकती है। आगामी उ.प्र. आदि प्रान्तों के मध्यावधि लोकसभा निर्वाचनों में इस पार्टी को भारी निराशा का सामना करना पड़ेगा।

१३ अक्तू. १९९९ ई. १०/३० A.M.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी

श्री अटल बिहारी वाजपेयी :- सम्मान्य श्री अटल जी की जन्मकुण्डली में शनि केन्द्रेश-त्रिकोणेश होकर लग्न में उच्च है। कर्मक्षेत्र में राहु, नवमेश गुरु, सूर्ययुत बुध राजनैतिक जीवन में प्रखरता, नई योजनाएं एवं राजनीतिक चातुर्य का प्रतीक है। राहु में मंगलान्तर जून २००१ में समाप्त हो गया है। अब बृहस्पति के प्रभावक्षेत्र में चल रहे हैं, बृहस्पति तृतीयेश एवं षष्ठेश होकर शत्रुओं को

प्रबल करेगा; विरोधी पक्ष किंवा अपनी ही पार्टी के कुछ घटकतत्त्व गड़बड़ी करेंगे, जिसे भाग्येश प्रबल बुध गुरुयुत होकर स्थिति को नियन्त्रित कर देगा। जुलाई २००२ से उच्च गुरु की कर्मस्थान में स्थिति आपकी गरिमा-प्रतिष्ठा एवं प्रभुत्त्व को बरकरार रखेगी। लेकिन मारकेश मंगल की छठे भाव में स्थिति स्वास्थ्य के लिए खराब है, स्वास्थ्य रक्षार्थ विशेष सावधान रहना होगा। गोचरग्रहस्थिति के अनुसार १८ मई २००२ ई. तक का समय सरकार के लिए एवं श्री वाजपेयी जी के लिए काफी उलझनपूर्ण है। इस अवधि में राजनीतिक वातावरण किसी विशेष कारण को लेकर क्षुब्ध रहेगा। आगे ४ से २२ जुलाई एवं १६ अगस्त से ५ अक्तूबर २००२ ई. तक की ग्रहस्थिति, २२ नवम्बर '०२ से लेकर संवत् के अन्ततक शनि-राहु का मंगल के साथ समप्तकयोग भाजपा सरकार एवं भाजपा के प्रतिष्ठित नेताओं के लिए भयावह है। इस समय प्रधानमन्त्री एवं श्री आडवानी जी को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखनी चाहिए।

श्रीमती सोनिया गांधी :- यथालब्ध कुण्डली में शनि वक्र है। लग्नेश चन्द्र द्वादशस्थ है। एकादशस्थ राहु की महादशा शत्रुदमनकारक एवं चतुर्थभाव में गुरु-शुक्र की स्थिति परिस्थितियों को अनुकूल बनाती है। दशमभाव पर गुरु-शुक्र की दृष्टि राजनीति में प्रतिष्ठापित तो करती है, लेकिन दशमेश मंगल का मारकेश शनि के साथ षडष्टकयोग भारत के प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने में बाधक है।

श्रीमती सोनिया गांधी

श्रीमती प्रियंका गांधी की ग्रहस्थिति के अनुसार मई (सन् २००३ ई.) के लगभग राजनीति में समावेश के प्रबल योग हैं। इन्हें राजनीति के क्षेत्र में काफी गरिमा-प्रतिष्ठा आगामी वर्षों में उपलब्ध हो सकती है। इनके जन्मांगलग्न (जन्मसमयादि के आधिकारिक रूप से) ठीक प्राप्त न होने से विशेष लिखना संभव नहीं।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब :- मीनराशि से प्रभावित इस राज्य का प्रभावी ग्रह बृहस्पति ४ जुलाई २००२ ई. तक मिथुन राशि में ही रहेगा। २ नवम्बर २००१ को गुरु वक्री हो रहा है, शनि पहले ही वक्र चल रहा है। इस समय राजनीतिक पार्टियां अपना पक्ष मजबूत करने पर जुट जाएंगी एवं निर्वाचनों का संकेत मिलेगा। १८ जनवरी २००२ ई. को बुध के वक्री होने पर यहां की राजनीति में विशेष हलचल एवं जोड़तोड़ की नीति गरमा जाएगी। सत्तारूढ़ दल को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। शनि-मंगल-राहु का संवत् के प्रारम्भ में एक साथ होना यहां के वातावरण को क्षुब्ध करेगा। शासन को विशेष सावधान रहना होगा। संवत् के प्रारम्भ से १८ मई २००२ तक की ग्रहस्थिति, आगे ४ से २२ जुलाई, १६ अगस्त से ५ अक्तूबर एवं ७ जनवरी २००३ से संवत् के अन्त तक शनि-मंगल का समसप्तक इस प्रान्त के लिए कई प्रकार की समस्याओं को लेकर उपस्थित होगा। प्रधान नेता के लिए भी ये उल्लिखित समय कठिन प्रतीत होता है। जनसाधारण कुछ आतंकित, बम्बविस्फोट व हत्याकाण्ड की घटनाएं चिन्ताकारक होंगी। पंजाब में एक नया राजनीतिक समीकरण बनेगा। सितम्बर २००१ से ही इसकी सत्ता अनुभव होगी; लेकिन इस समीकरण (मोर्चा) के परिणामस्वरूप अकाली दल (बादल) को अंततः लाभ होगा।

हरियाणा :- प्रभावराशि मीन, नामराशि मिथुन है। ३ नवम्बर से मई २००२ ई. तक यहां राजनीतिक पार्टियां पदासीन पार्टी की छवि को खराब करना चाहेंगी। लेकिन इस प्रान्त के मुख्यमन्त्री श्री ओमप्रकाश चौटाला जी की जन्मकालिक ग्रहस्थिति के अनुसार इस समय चन्द्र की महादशा में बृहस्पति का अन्तर २८ जनवरी २००२ तक प्रभावी रहेगा, - यह समय श्रीचौटाला जी के प्रभाव को क्षीण न होने देगा। इससे आगे चन्द्र में शनि का अन्तर (२८ अगस्त २००३ तक) विशेष उलझनपूर्ण रहेगा एवं हविपा आदि पार्टियों के मेल से विशेष राजनीतिक - विकल्प इस क्षेत्र में चर्चित होंगे। इस समय कांग्रेस पार्टी भी सक्रिय एवं समर्थ भूमिका में दिखाई देगी। प्रधान नेता को इस महादशा में विशोष राजनीतिक दृष्टि से सावधान रहना होगा। गोचरग्रहस्थिति के अनुसार इस प्रान्त में नई-नई योजनाएं एवं सर्वतोमुखी प्रगति के लिए सरकार की तरफ से बहुमुखी प्रयास होंगे, लेकिन सार्वजनिक पिछड़े क्षेत्रों को मुद्दा बनाकर कुछ राजनीतिक दल अपना प्रभाव बढ़ाने में सफल रहेंगे।

हिमाचल प्रदेश :- प्रभावराशि मीन है, नामराशि मिथुन है। यहां के प्रधान नेता के लिए नवम्बर २००१ से मई २००२ ई. तक का समय राजनीतिक दृष्टि से कठिन परिस्थितियों वाला है। इस प्रान्त में कांग्रेस पार्टी का जनाधार प्रबल होता मालूम देता है। जुलाई २००२ के बाद विकासकार्य अधिक होंगे। लेकिन ४ जुलाई से २४ जुलाई तक एवं १६ अगस्त से ५ अक्तूबर तक, ४ दिसम्बर के लगभग एवं ७ जनवरी २००३ ई. से संवत् २०५९ वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति इस प्रान्त के लिए विशेष खराब रहेगी। यान-दुर्घटनाओं, प्राकृतिक प्रकोप आदि से जनधनहानि के योग बनते हैं। प्रधान नेता को भी इन समयावधियों में अपनी छवि को मुखरित रखने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। यहां के कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक प्रकोप से क्षति संभव है। औद्योगिक क्षेत्रों के विकास हेतु विशेष पग उठाए जाएंगे।

जम्मू-काश्मीर :- प्रभाव राशि तुला है। संवत् के प्रारम्भ से ही तुला राशि का स्वामी शुक्र, शनि-मंगल-राहु के साथ मेल कर रहा है; यहां स्थिति विकट होने से भारतीय शासनतन्त्र को कुछ कठोर पग उठाने होंगे और यह समय २ नवम्बर २००१ से मई २००२ ई. तक अनिवार्य मालूम देगा। अगस्त सितम्बर २००२ ई. एवं ७ जनवरी २००३ ई. से सम्वत् के अन्त तक का समय इस प्रान्त के लिए विशेष भयावह है। **गतवर्ष सं. २०५८ वि. के पंचांग में हमने जम्मू- काश्मीर में इस आज के मौजूदा घटनाचक्र के बारे में पृ. ३ पर, जम्मू-काश्मीर शीर्षक के अन्तर्गत इस प्रकार लिखा था,-** जोकि अक्षरशः सत्य घटित हो रहा है-

"यह सवंत् यहां की जनता एवं शासकों के लिए भारी संकटमय मालूम देता है। अफगानिस्तान तैयार की गई आतंकवादी शक्ति को मुख्य रूप से काश्मीर पर केन्द्रित करेगा। स्थिति कई जगहों पर

विस्फोटक होगी। सीमाप्रान्तों पर युद्धमय वातावरण से देश का वातावरण अशांत हो सकता है, सीमा पार की गतिविधि को ध्यान में रखते हुए सेना को तैय्यार रखना होगा। अप्रैल से अगस्त, नवम्बर से अप्रैल २००२ तक सीमाप्रान्तों पर सावधानी की जरूरत है-प्रतिष्ठित व्यक्ति किंवा राजनीतिज्ञों के लिए समय कठोर है। बिना कठोर सैनिक दण्ड से शान्ति संभव नहीं।"

पाठको ! आतर्क्य भविष्य देखने की क्षमता तो इस कलियुग में कठिन ही है। पुनरपि ज्योतिष विज्ञानदृष्ट्या एवं श्री प्रभुकृपावशात् राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय जो शुभाशुभ घटनाएं मेरी अल्पविषया मति में प्रस्फुरित हुई हैं, आपके समक्ष उपस्थिति कर दी हैं। आगे **कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुम्** समर्थ भविष्य के निर्धारक स्वयं प्रभु ही हैं। उनकी प्रबल मायाशक्ति के सम्मुख मुझ जैसे अल्पज्ञ की भीवष्यलेखन में प्रवृत्ति बालचापल ही तो है :-

" तत्त्वं चात्रेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन।"

शुभचिन्तक -
इन्दुशेखर शर्मा,
श्रीमार्त्तण्ड भवन,
मु.पो.कुराली, रोपड़ (पंजाब)

(लेख पूर्ण होने की तिथि- २६ सितम्बर सन् २००१ ई.)

आभार प्रदर्शन

हमारे परम सहयोगी मित्रवर ज्ञानी श्री करतार सिंह जी 'गढ',

(मालिक, कंवल फोटोस्टेट, चौक माता रानी, कुराली । PHONE 01888-641274)

ज्ञानी श्री करतार सिंह जी विगत १० वर्षों से हमारी 'शिरोमणि तिथपत्रिका' (पंजाबी) और 'श्री मार्त्तण्ड आलम जन्त्री' (उर्दू) के अनुवाद, पाण्डुलिपि-लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का श्रमसाध्य पूरा कार्य अत्यन्त आत्मीयभाव, तन्मयता, परिश्रम तथा निःस्वार्थभाव से करते चले आ रहे हैं; जिससे ये दोनों प्रकाशन प्रतिवर्ष उत्तरोत्तर समृद्ध कलेवर में हमारे पाठकों को उपलब्ध होने लगे हैं। अब तक श्रीमार्त्तण्डपंचांग (हिन्दी) की ही संस्कार-समृद्धि की ओर हमारा अधिक झुकाव रहा । अतः एवं ज्योतिष से सम्बद्ध विशेष लेखमाला तथा अन्य ज्ञानवर्धक स्तम्भ हम इसी (हिन्दी) पंचांग में प्रकाशित करते रहे हैं। उर्दू एवम् पंजाबी की इन जन्त्रियों में ऐसे लेख एवम् स्तम्भों को समाविष्ट करने से, हम अनुवाद आदि के लिए समय की कमी के कारण, आज तक कतराते रहे हैं । लेकिन अब प्रियमित्र ज्ञानी करतार सिंह जी की हमसे निःस्वार्थ घनिष्ठता एवम् उर्दू-पंजाबी भाषाओं में इनकी प्रशस्य दक्षता के कारण इन दोनों प्रकाशनों को भी हम ऐसे लेख-स्तम्भों से श्री मार्त्तण्डपंचांग की ही भान्ति अलंकृत करने में अपने आप को समर्थ पा रहे हैं। विगत कुछ वर्षों से दिए जा रहे नये-नये आकर्षक, ज्ञानवर्धक विषयों से वर्धमान कलेवर वाली 'शिरोमणि तिथपत्रिका' का श्रेय आपको ही है। इन उर्दू-पंजाबी जन्त्रिओं के अनुवाद आदि के भारी उत्तरदायित्त्व को पूरी तरह निभाते हुए आप जेसे-तैसे समय निकालकर हिन्दी के श्रीमार्त्तण्डपंचांग की प्रूफ-रीडिंग आदि में भी हाथ बटाने में हर्ष अनुभव करते हैं। अपने प्रति इस निःस्वार्थ सौहार्दातिशय के लिए हम सभी हृदय से ज्ञानी जी के ऋणी हैं। आप अपने व्यस्त जीवन के क्षणों में भी हमारे लिए प्रचुर पर्याप्त समय सहर्ष निकाल लेते हैं। आपके इस सौहार्दभरे स्पृहणीय सहयोग से हमारा प्रकाशन-कार्यभार काफी कुछ हल्का हुआ है। एतदर्थ हम आपके प्रति विनम्रतापूर्वक आभार प्रकट किए बिना सचमुच नहीं रह सकते।

आपका सहयोग भी हमारे लिए कम महत्त्वपूर्ण नहीं है

श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली के प्रबन्धक, हमारे पूज्य पिताजी के प्रियशिष्य, हमारे अनुजकल्प *चि. प्रेमचन्द्र शर्मा;* संस्कृत के नवयुवा विद्वान आचार्य *श्रीकृष्णशर्मा,* वेदाचार्य, साहित्याचार्य; *चि. दिलबाग शर्मा* पुत्र श्री रामचन्द शर्मा, ग्राम एवं डा. सिनन्द (कैथल - हरि.) एवम् नालावलोग (पंचकूला) के निवासी *चि. सुरेशानन्दशर्मा,* बी.ए., भी 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' (हिन्दी) की पाण्डुलिपि लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का काम बड़ी तत्परता, सावधानी, अपनापन और आदरभाव से करते हैं। इस पंचांग के प्रकाशनकार्य का हमारा भार इन युवाओं के स्वत्व भरे उत्साहपूर्ण सहयोग से हल्का हुआ है। एतदर्थ इनके निरन्तर प्रगतिमय, परमोज्जवल भविष्य के लिए हमारा इन्हें सस्नेह आशीर्वाद है।

' संपादक मण्डल '

व्यापार-विमर्श

(संवत् २०५६ वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं में आने वाली तेजी एवं मन्दी का मासिक विवरण)

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियंत्रण है, सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशिभोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक वस्तुएं, ग्रह की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तु में परिवर्तन आते हैं और इन्हीं परिवर्तनों से बाजारों में घटा-बढ़ी होती है, जिसे हम ' तेजी-मंदी ' कहते हैं। व्यापारी 'तेजी-मन्दी' इन दो शब्दों से अपने भाग्य को आजमाता है। परन्तु मनुष्य का भाग्य कर्मफल किंवा ग्रहचाल के मुताबिक आर्थिक स्थिति को कभी बिगाड़ता है, कभी सुधारता है। रथ के पहिए में लगे आरों की भांति मनुष्य को समाज में कभी ऊपर उठाता है, कभी नीचे गिराता है- **" चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः"** कहने का तात्पर्य यह है कि जो व्यक्ति आज व्यापार में घाटा खा चुका है, वह सदा के लिए डूबा ही रहेगा-यह धारणा भ्रामक है । **व्यापार में बहुत ही आश्चर्यजनक उतार-चढ़ाव आते हैं, न जाने आपको शीघ्र उत्तम धनलाभ हो जाए। जो व्यक्ति धनाढ्य होकर सट्टे का काम विचारपूर्वक नहीं करते, वे शीघ्र ही डूब सकते हैं । व्यापार तो किस्मत के सिकन्दर का ही प्रत्यक्ष साथ देता है। अतः किसी भी तरह का व्यापार करने से पहिले आप पत्राचार द्वारा या प्रत्यक्ष मिलकर ग्रहस्थिति पर विचार करा लें,विश्वास रखें, ग्रहस्थिति के आधार पर किए गए व्यापार से आप हानि में न रहेंगे। आप भारीहानि से भी बच सकते हैं।**

जीवन में ग्रहस्थिति के प्रभाव का अध्ययन करने से यह निःसन्देह सत्य सिद्ध हो चुका है, जितना लाभ आपको होना है, उतना ही होगा, अधिक नहीं " यदस्मदीयं नहि तत्परेषाम्" अर्थात् जो मेरा है, वह मिलेगा ही, उसे और कोई नहीं ले सकता । अतः जीवन पर ग्रहों का संकेत समझकर ही व्यापार करना बुद्धिमत्ता है।

खुलकर व्यापार करने से पहिले अप्रत्याशित हानि से बचने के लिये अपनी व्यक्तिगत ग्रहचाल को ध्यान में रखना सतर्कता है । हानिप्रद ग्रह से संबंधित वस्तु का व्यापार न करें। वर्ष में जो ग्रह लाभप्रद हैं, उन ग्रहों के अधिकारक्षेत्र में आने वाली वस्तुओं का ही व्यापार करें, तभी आप लाभ ले सकेंगे।

हाजर एवं वायदा व्यापारी जो अपने व्यापारिक-जीवन से निराश हो चुके हैं, उनके लिए हम यहां व्यापार-विमर्श में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेजी-मन्दी का मशवरा देते हैं, व्यापारियो, निराश न हों । हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे ।

संवत् २०५६ में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेपच्यून और प्लूटो आदि के चार एवं युति प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है कि इस साल व्यापार जगत् में विशेष लम्बे तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन आऐंगे । इस वर्ष गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन एवं रुई में विशेष लाभ के चांस हैं, तुरन्त फीस भेजकर टेलीफोन से सर्म्पक्र स्थापित करें । विदेशी व्यापारी पत्र द्वारा या टेलीफोन द्वारा सम्पर्क स्थापित करें,उत्तर मिलेगा। कहने का तात्पर्य यह है कि **इसवर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवं राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं । अतः प्रत्यक्ष मिलकर या वर्षभर की फीस भेजकर टेलीफोन के जरिये समय-समय पर, ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें। व्यापार-विमर्श लेख में जिस जगह हम ताजा मशवरा हासिल करने की बात लिखते हैं , वहां व्यापारी अगर प्रत्यक्ष मिलकर मशवरा लें, तो अच्छा रहे ।** 'व्यापार-विमर्श ' लेख में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को प्रतिवर्ष बाजारों के उतार-चढ़ाव से सावधान करते रहे हैं ।

सं. २०४६ वि. में चना के व्यापारी हमारे परामर्श से भारी लाभ उठा चुके हैं । सरसों, तेल, तिलहन में तेजी से सं. २०४८ वि. में तो जो व्यापारी हमारे संपर्क में रहे, लाखों का लाभ उठा गए हैं । हमने तेल, सरसों, बिनौला,अलसी, सूरजमुखी, मूंगफली एवं रुई में अपने व्यापारियों को भयंकर तेजी बताई थी, उस साल व्यापारियों को हमरे परामर्श से छः गुणित लाभ प्राप्त हुआ। सं. २०४९ वि. में तेल, घी, एवं शेयरों के बाजार में जो उथल-पुथल हुई,- उसका खुलासा हम निजी व्यापारियों को देते रहे हैं । सं. २०५२-५३ वि. में रुई एवं दालवग्ना के व्यापारी हमारे साथ मशवरा करके लाखों रुपये का लाभ प्राप्त कर चुके हैं ।

सं. २०५४ वि. में सरसों के व्यापारी हमारे ताजा मशवरे से भारी हानि से बचे एवं गुड़ के व्यापारी लाखों कमा गए। सं. २०५५ वि. में तेल के व्यापारी २४ अगस्त तक ५४५०/- तेल के भाव में सौदा सैटल करके पूरा लाभ ले गए । सं. २०५६-५७ वि. में तेल, गुड़, सरसों, सोना-चांदी एवं अनाजों के व्यापारी हमारे मशवरे से विशेष लाभ प्राप्त कर चुके हैं । **व्यापारियों से अनुरोध है कि व्यक्तिगतरूप से आकर व्यापारिक जानकारी लेने में भारी लाभ ले सकेंगे । दूर-दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आएं या एक मास की फीस ५०० रु. भेजकर टेलीफोन से ही तेजी-मन्दी जान सकेंगे ।**

सं. २०५६ वि. में ग्रहों के वक्रमार्गी, युति, गति के अनुसार हम इसवर्ष तेजी-मन्दी की विशेष लाइनों का संकेत देंगे, साथ ही सामयिक तेजी-मंदी का विवेचन भी करेंगे ।

व्यापारियों से निवेदन है, कि वे निम्नांकित हिदायतों को ध्यान में रखकर, अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि के लिए सम्पादक/लेखक जिम्मेदार न होंगे ।

नोटः- वायदा व्यापार या हाजर सौदा के व्यापार की लाईन अगर लिखे या बताए गए विचार के

विपरीत चले तो तुरंत सौदा काटकर नुकसान से बचें, तुरन्त प्रत्यक्ष मिलकर या टेलीफोन से ताजा मशवरा हासिल करें । ऐसी स्थिति में किसी प्रकार के नुकसान(हानि) की जिम्मेदारी हम नहीं लेते । अर्थात्- व्यापार में हानि होने पर हम जिम्मेदार न होंगे ।

वायदा-व्यापारियों के लिए हिदायतें

(१) सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी साधारणतया हानि उठाने की सामर्थ्य हो। (२) सदैव याद रखो, कि वायदा व्यापार में नुक्सान की लिमिट बांध कर काम करें, ज्यादा नुक्सान व घबराहट से बच जाओगे, कम नुक्सान में सौदा काट देना अक्लमन्दी है। (३) व्यापार करते समय ध्यान रहे- कि सबसे पहले अपने मन में व्यापारिक आधार के साथ-साथ ग्रह-गति के आधार पर निर्णय कर लें कि यह समय इस वस्तु में मोटी तेजी का है या मोटी मन्दी का ? मन में यह धारणा बांधकर बाजार का रुख देखें। यदि व्यापार की लहर तेजी की चल रही हो तो हमारे परामर्श से तेजी का व्यापार करके लाभ उठावें। (४) यदि योग भी मन्दे का हो और बाजार में मन्दे के मोटे कारण भी दिखाई देने लगें एवम् व्यापार के वक्त भी बाजार का रुख मन्दे का हो, तो एसी स्थिति में हर बढ़े भाव में बचाव करते रहिए, थोड़ा सौदा काटकर नफा से सुलटते रहिए। (५) व्यापार की लहर तेजी की है या मन्दी की, यह जानने के लिए खास वस्तु के भावों को देखना चाहिए। यदि उस वस्तु में हर तीसरे-चौथे-आठवें दिन मन्दी के या तेजी के नए-नए भाव आते चले जाएं, जैसे-तीसरे दिन नया भाव मन्दी का आवे तो जान लो, कि वस्तु में अब मन्दे की लहर चल रही है, उछाल में बेच दें। (६) यदि मन्दी के भाव छूटते चले जाएं और तेजी के भाव तीसरे या चौथे दिन नए-नए बनते जाएं तो समझ लें कि तेजी की लहर चल रही है, ऐसे समय जब ग्रहचाल से भी तेजी नजर आए तो तेजी का व्यापार करके प्रायः लाभ उठाया जा सकता है। (७) बाजार के खिलाफ कभी काम न करें। मान लो, आपने तेजी का काम किया, उधर सौदा करते ही मन्दे की लहर चल रही है, तो किसी भी समय तेजी का उछाल आते ही सौदा खत्म कर दो, बड़े नुकसान से बच जाओगे।

हमेशा ग्रहयोग को आधार मानकर और बाजार के रुख को ध्यान में रखते हुए अपनी पाराशरी शुभदशा में व्यापार से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है। इसके विरुद्ध खोटी ग्रहस्थिति वाले व्यापारियों को वायदे का व्यापार भूलकर भी नहीं करना चाहिए। भारी हानि हो सकती है, सट्टा तो सितारे का साथी है। अतः समयानुसार पत्र द्वारा अपनी दशा के अनुसार हमारे सुझावों द्वारा लाभ उठा सकते हैं।

इसवर्ष की व्यापारिक तेजी-मन्दी पर विचार करने से पूर्व सं. २०५६ वि. के राजा, मन्त्री, धान्येश-सस्येश एवं रसेश का संक्षिप्तरुप से व्यापार पर प्रभाव जानना चाहेंगे। २०५६ वि. संवत्सर का नाम **'मन्मथ'** है। शास्त्रों में इसका फल इस प्रकार लिखा है ;

"मन्मथाब्देऽखिला लोकास्तस्करा अति लोलुपाः।
शालीक्षु यव गोधूमैर्नयनाभिनवाधरा।।"

स्पष्ट है; कि - लोगों में भौतिक वस्तुओं में अधिक लोभ बढ़े, उत्कोच (रिश्वत), चोरी आदि की घटनाएं बढें। धान, ईख, जौ एवं गेहूं आदि अनाज काफी मात्रा में उपलब्ध होंगे।

इसवर्ष का राजा एवं मन्त्री दोनों शनि हैं; अग्निकाण्ड से कई स्थानों पर खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। सुण्डी आदि बीमारियों से नरमा, कपास एवं तिलहन को नुक्सान पहुचेगा। कहीं अवर्षण किंवा अतिवर्षण से खड़ी फसलों को हानि व अकाल की स्थिति से जनता को परेशानी उठानी पड़ेगी। देश की आर्थिक-स्थिति कुछ चिन्तनीय होगी, जिसका प्रभाव व्यापारक्षेत्र पर अनुभव होगा। इसवर्ष घी, गुड़, चीनी एवं नरमा, रुई आदि के व्यापारी उत्तम लाभ प्राप्त करेंगे।

सं. २०५६ वि. में शरत् सस्य जातक कुण्डली में शीतकालीन फसलों के स्वामी (धान्येश) सूर्य, शनि-मंगल-बुध-शुक्र-राहु एवं चन्द्र के साथ वृषराशि में हैं। **धान्येश-सूर्य का क्रूर ग्रहों के साथ मेल होने से मूंग-मोठ-बाजरा आदि की फसलों को भारी नुक्सान पहुंचेगा। व्यापारी लोग इन चीजों का स्टॉक करके कार्तिक में लाभ ले सकेंगे।**

ग्रीष्मसस्य जातक कुण्डली के अनुसार गेहूं, जौ, चना, दालवाना की फसल ठीक होगी। किसान लाभान्वित होंगे। लेकिन अवर्षण-अतिवर्षण आदि प्राकृतिक प्रकोप से कुछ प्रान्तों में खड़ी फसलों को हानि होने के योग भी हैं। सस्येश मंगल जी, गेहूं एवं चावल आदि की फसल को हानि पहुंचाएगा।

गत सं. २०५८ वि. के अन्तिम मासों पर पुनः एक नजरः- १६ से १६ फर. २००२ ई. को प्रत्येक वस्तु के वायदा एवं हाजर व्यापार में तेजी के रिएक्शन आएंगे। ७ मार्च के लगभग घी, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी में तेजी रहे। १४ मार्च के लगभग तिलहन, गुड़, शक्कर, सोना, चांदी में तेजी बनेगी। २६-२७ मार्च को अनाज, गुड़, खाण्ड में तेजी; तिलहनों में बाजार अचानक मन्दे हों।

इससे आगे २००२ ई. अप्रैल २, ३, ४, ७, १० को जोरदार तेजी-मन्दी के योग हैं। व्यापारी ४ से १० अप्रैल तक तेल, तिलहन, खाद्य तेल, गुड़, घी आदि में तेजी से अच्छा लाभ ले सकते हैं। इस समय शेयर बाजारों में राजनैतिक-परिस्थितिवश जोरदार मन्दा आ सकता है, होशियारी से काम करें।

ग्रहों के वक्रमार्ग- युति प्रतियुति, ग्रहों के उदयास्त के अनुसार इसवर्ष सं. २०५६ वि. में चना,

गेहूं, गुड़, चीनी, दालवाना, नरमा, रुई, तेल, तिलहन में भयंकर तेजी-मन्दी के रिएक्शन आएंगे। हमारा व्यापारियों से अनुरोध है, कि प्रत्यक्ष मिलें, या पांच सौ (५००/-)रुपये प्रतिमास के हिसाब से फीस जमा कराकर टेलीफोन से बातचीत करके पूर्णलाभ प्राप्त करें।

अप्रैल

२ अप्रैल को गुरु आर्द्रा नक्षत्र के तीसरे चरण में एवं शनि रोहिणी के तीसरे चरण में प्रवेश करेगा। सोना, चांदी आदि धातु, तेल एवं तिलहन में तेजी रहे, कपास, सूत एवं रस तेज रहें। नमक एवं कर्याणा की चीजों में तेजी रहे।

३ अप्रैल को रेवती नक्षत्र का बुध एवं नेपच्यून (मेदिनी ग्रह) श्रवण के तीसरे चरण में दाखिल होगा, परिणामस्वरूप केसर, मजीठ, कुसुम्भ, लालचन्दन, गेरु, लालमिर्च आदि लाल चीजें, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, सरसों, घी एवं चान्दी में मन्दा आएगा। मोठ, चना, चावल, मूंग, उड़द, मसूर, ज्वार, बाजरा में तेजी बनेगी।

४ अप्रैल को मंगल वृष राशि में आकर शनि एवं राहु के साथ मेल करेगा यह अच्छी तेजी या मन्दे की लम्बी हाजर लाईन बना सकता है, सावधानी से काम करें। हमारे विचार से क्रूर ग्रहों के साथ मंगल का राशि सम्बन्ध विशेष तेजी कारक रहेगा। एक मास में लालचन्दन, लालमिर्च, गेरु, केसर, मजीठ, कुसुम्भ, तेल, सोना-चांदी, ताम्बा-जस्ता आदि धातु व शेयर तेज हों। इस समय तेल, तिलहन, घी, गुड़, खाण्ड में भी अच्छी तेजी की उम्मीद है।

७ अप्रैल को भरणी नक्षत्र का शुक्र भी तेजी कारक ही है। १२ दिन में सोना, चांदी, अफीम, लाल चीजें, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द, नारियल में कुछ मन्दा रहे। चना, मूंग, मोठ, ज्वार, तूअर में घटाबढ़ी तथा रुई में तेजी बने।

१० अप्रैल को बुध अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। ***ध्यान रहे :-*** *अकेला शुक्र ही कभी-कभी जोरदार मन्दी कर देता है और जब यह बुध के साथ राशि-सम्बन्ध बनाता है तो मन्दे को बल देता है।* ***व्यापारी यह समझ लें, कि-यदि बाजार में मन्दा हो तो शुक्र मन्दे को बढ़ावा देता है और धमाके का मन्दा ला देता है; तेजी का ट्रेण्ड चल रहा हो तो शुक्र साधारण तेजी को बल देता है। बुध में बाजारों में घटाबढ़ी करने की विशेष पावर है। शुक्र-बुध दोनों अधिमित्र हैं, बुध-शुक्र दोनों मिलकर बाजारों में अच्छी मन्दी का वातावरण बना देते हैं।***

हमारे विचार से गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अलसी, मूंग, मोठ में तेजी; रुई में भी तेजी रहे। दूध, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल में ६ दिन में मन्दी बने । इस समय चांदी में अच्छी मन्दी आ सकती है। सोना-चांदी आदि धतुओं में भी मन्दे से लाभ लें।

{४ अप्रैल को वायदा व्यापारी तेजी का काम करें, लाभ रहे।
७ से १२ अप्रैल के बीच मन्दे का काम करके लाभ लें।}

१३ अप्रैल को शनिवारी संवत् २०५६ वि. का प्रारम्भ मेष संक्रान्ति से हो रहा है। इसदिन सूर्य मेष राशि एवं अश्विनी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इस समय शुक्र एवं बुध पहले ही मेषराशि में चल रहे हैं। **बुध की अपनी विशेषता यह है, कि जब यह सूर्य के साथ या सूर्य-मंगल-शनि की राशि में आता है तो क्रूर हो जाता है और यह तेजीकारक हो जाता है।** झूठी-सच्ची अफवाहों से बाजार गिरगिर कर ऊपर उठते हैं। परिणामस्वरूप अलसी-एरण्ड, तिल, तेल, सोना, चांदी, लोहा, तांबा, लालचंदन, नारियल, सुपारी, हींग, सूत, मेथी, लौंग एवं इलायची में तेजी बने। गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी भी तेज रहें। गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, अरहर, मटर आदि में कुछ मन्दे के बाद तेजी के रिएक्शन आएं। मैंथा में भी तेजी बने।

१६ अप्रैल को भरणी नक्षत्र का बुध एवं बुध का मेष राशि में उदय चावल, चना, गेहूं, दालवाना आदि अनाजों में ८ दिन में तेजी बनाएगा। शेयर बाजार एवं रुई में १५ दिन तक मन्दा बन सकता है। १७ अप्रैल को कृत्तिका नक्षत्र का शुक्र रुई, सूत, वस्त्र, चांदी-सोना एवं हीरा-मणि-मोती आदि जवाहरात में मन्दा बनाए। अनाजों में कुछ तेजी- मन्दी के रिएक्शन आएं।

१६ अप्रैल को मंगल रोहिणी नक्षत्र में आ रहा है। इस समय मंगल वृष राशि में शुक्र-शनि-राहु के साथ मेल कर रहा है। राहु-शनि भी इस समय रोहिणी नक्षत्र में ही हैं। रुई, कपास, सूत, वस्त्र, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लालमिर्च, हींग एवं शेयर बाजार तेज रहेंगे।

२० अप्रैल को मृगशिरा के प्रथम चरण में राहु एवं ज्येष्ठा के ३ चरण में केतु का प्रवेश रुई, सोना-चांदी में घटाबढ़ी एवं अनाजों में मन्दी बनाए।

२० अप्रैल को शुक्र, वृष राशि में दाखिल होगा। राहु-शनि-मंगल ये तीनों क्रूर ग्रह पहले ही वृष राशि में मौजूद हैं, वृषराशि शुक्र की अपनी राशि है। व्यापारियों की रुचि खरीद में रहेगी। कपड़ा व सूत की खरीद अधिक होगी । निर्यात की नीति व घोषणा से भी तेजी बन सकती है। कच्ची रुई व बंगाल, पंजाब व कल्याण रुई पर भी इसका असर तेजी कारक ही रहता है। रुई, सोना-चांदी के बाजार तेजी की तरफ बढ़ेंगे। **नोट :- यद्यपि वृष राशि का शुक्र रुई, कपास में अच्छी मन्दी; सोना-चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी एवं अनाजों में भी मन्दे का ही रुख बनाता है; लेकिन यहां क्रूरग्रहों के साथ मेल होने से यह हमें तेजी कारक ही मालूम देता है। अतः बाजार के रुख को देखकर, जांचकर ही व्यापार बढावें।**

२०-२१ अप्रैल को बुध ग्रह अतिचारी हो जाता है। जब बुध अतिचारी होता है, तो उस अवधि

में अच्छी तेजी की संभावना बनती है। अतिचारी बुध में तेलवाना में तेजी का काम करने वाले लाभान्वित होंगे। यह तेजी लम्बी चले।

{२०, २१ अप्रैल को दैनिक तेजी-मन्दी खेलने वाले व्यापारी तिलहनों में तेजी खेलकर लाभ ले सकते हैं। इन दिनों मैंथा तेल में भी तेजी बने।}

२६ अप्रैल को वृषराशि का बुध, शनि-मंगल-शुक्र-राहु के साथ मेल करेगा। बुध अफवाहों के साथ बाजारों में उठापटक करता है। तिलहन बाजारों पर इसका विशेष असर होता है। तेल, तिलहन, गेहूं, जौ, चना, चावल, मटर, कपास, सूत, अफीम में तेजी रहे। रुई में जोरदार घटाबढ़ी के बाद तजी रहे।

२७ अप्रैल को सूर्य भरणी में एवं २८ अप्रैल को शुक्र भी रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा, और २८ अप्रैल को ही गुरु आर्द्रा ४ में दाखिल होगा। सोना, चांदी, तांबा, मूंगा, पीतल, अनाज, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, रुई, छुहारा-सुपारी, नारियल में बाजार अनिश्चित रहेंगे, हमारे विचार से बाजार मन्दे रहेंगे। ३० अप्रैल तक बाजार ऊपर-नीचे चलें।

मई

३ मई को बुध एवं ४ मई को शनि रोहिणी के चतुर्थ चरण में आते हैं। मंगल-शुक्र पहले से ही रोहिणी नक्षत्र में चल रहे हैं। इस प्रकार एक राशि एवं एक नक्षत्र में इन चारों ग्रहों का एक साथ होना कपास, वस्त्र, सोना-चांदी, तांबा, जस्ता, पीतल, तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन, मैंथाआयल में भी तेजी कारक है। रुई में पहले तेजी; फिर मन्दा हो। चना, गेहूं, ज्वार, बाजरा एवं दालवाना में तेजी बने।

९ मई को मंगल एवं शुक्र दोनों मृगशिरा नक्षत्र में दाखिल होंगे; तिल, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी रहे। १२ दिन में गेंहू, चना, ज्वार एवं अन्य व्यापारिक-वस्तुओं में मन्दे की तरफ झुकाव रहता है। ११ मई को कृत्तिका नक्षत्र का सूर्य घी, रुई, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, चावल, राई एवं सरसों में तेजी बनाए। १२ मई को भी बाजार तेज रहेंगे। १३ मई को नेपच्यून वक्री होगा और वृषराशि में चन्द्रदर्शन भी होगा। इस समय भी बाजारों में तेजी से लाभ लें।

१४ मई को सूर्य वृष राशि में दाखिल होगा। इस समय शु., मं., बु., श., रा. एकत्र हैं, बाजारों में जोरदार तेजी की संभावना है। चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों आदि में अच्छी तेजी बनने की उम्मीद है। गेहूं , जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग, चावल में मन्दा आकर तेजी बने।

{नोटः- ९ मई को मन्दा, ११ एवं १४ मई को तेजी लगाकर लाभ ले सकते हैं।}

१५ मई को बुध के वक्री होने पर घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी से लाभ लें। १५ मई को शुक्र मिथुन में आकर बृहस्पति के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएगा। क्योंकि गुरु सबसे अधिक शुभ एवम् मन्दी प्रधान ग्रह है। यह खेती, अच्छी पैदावार-व्यापार व देश में शान्ति प्रिय वातावरण बनाता है। जिससे बाजार मन्दे ही रहते हैं। लेकिन गुरु-शुक्र जब एकराशि में आते हैं तो वर्षा-बाढ़ से खड़ी फसलों को हानि होती है एवं कहीं युद्धविभीषिका से बाजार प्रभावित होते हैं। अतः बहुत सावधानी से काम करें। हमारे विचार से रुई, कपास, सूत, पाट, बारदाना, एरण्ड, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार आदि में काफी मन्दी आने का योग है। अलसी, गुड़, घी में अच्छी तेजी के बाद घटाबढ़ी होगी। गेहूं, जौ, चना, चावल तेज रहें।

{ १५ से १७ मई तक तिलहनों में मन्दा एवं गुड़, घी एवं अनाजों में तेजी से लाभ लें। }

१८ मई को गुरु पुनर्वसु नक्षत्र के प्रथम चरण में आकर चान्दी, रुई में मन्दी एवं अनाजों में तेजी करेगा। १९ मई को बुध पश्चिम में अस्त होगा, इस समय बुध वक्री भी है। ठीक इसी दिन (१९ मई को ही) मंगल मिथुन राशि में आकर शुक्र-गुरु के साथ मेल करेगा। **ध्यान दें:- यहां मंगल नीच राशि की तरफ बढ़ रहा है और गुरु अपनी उच्च राशि की तरफ बढ़ रहा है। मंगल ग्रह का प्रभाव मौसम - जलवायु पर विशेषतः होता है। कहीं भारी वर्षा, कहीं बाढ़ व कहीं सूखा करके बाजारों को प्रभावित करता है। बाजार का रुख देख कर काम करें।** रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, अफीम, तांवा, कुसुम्भ, मजीठ, तथा अन्य लालरंग की चीजों में अच्छी तेजी बनने के योग हैं। चान्दी के भाव ऊपर-नीचे चलें। मंहगाई में बेचें, मन्दे में खरीदें। २० मई तक बाजार एक जैसे ही चलेंगे। अनाज तेज रहें, रुई में झटके की मन्दी बने । पाट हैसियन एवं शेयर बाजार मन्दे रहेंगे।

२१ मई को आर्द्रा नक्षत्र का शुक्र गेहूं आदि आनाजों में मन्दे का वातावरण बनाए। २३ मई को शनि अस्त होगा। वृष राशि में वक्री एवं अस्त बुध किंवा राहु के साथ मेल कर ही रहा है, साथ ही सूर्य भी वृष राशि में ही है। शनि-सूर्य दोनों परमशत्रु हैं। बुध क्रूर ग्रहों की सन्निधि में होने से क्रूर ग्रह का ही फल करेगा। अनाज एवं दालवाना में तेजी बनेगी। शेयर, सोना-चांदी में मन्दी की संभावना होने पर भी अच्छी तेजी बनेगी, ऐसा विचार है।

{१९ से २४ मई तक अच्छी तेजी के झटके आएंगे, वायदा व्यापारी लाभ ले सकते हैं।}

२५ मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में आएगा। **ध्यान दें :- वृषराशिस्थ शनि-बुध भी रोहिणी नक्षत्र में ही चल रहे हैं। शनि शीघ्रगति किंवा अतिचारी होने को ही है।** तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गुड़ खाण्ड, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, वस्त्र, सण, सुपारी, मिर्च एवं राई में तेजी; चांदी में मन्दी एवं रुई में कुछ तेजी हो।

२६ मई को मंगल आर्द्रा में, ३० मई को वक्री बुध कृत्तिका में एवं शनि मृग. १ में दाखिल होगा। सूत, कपास, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल एवं नमक तेज रहें। बिनौला भी तेज रहे। रुई, सोना, चांदी में घटाबढ़ी; अनाजों में कुछ मन्दा रहे।

जून

१ जून को शुक्र पुनर्वसु में दाखिल होगा। इस समय शुक्र, गुरु-मंगल के साथ मिथुन राशि में ही है। १२ दिन में अनाज एवं बिनौला तेज रहें; सोना, चांदी, रुई, कपास एवं सूत में जोरदार मन्दा या तेजी के रिएक्शन आएंगे। **२ जून को यूरेनस वक्री होकर बाजारों में अच्छी तेजी या मन्दी करेगा।** विचारपूर्वक काम करें। ४ जून को गुरु पुनर्वसु नक्षत्र के दूसरे चरण में आकर १२ दिन में रुई एवं चांदी में मन्दा ही करेगा ; लेकिन अनाजों में कुछ तेजी करे।

८ जून को सूर्य के मृगशिरा नक्षत्र में आने पर रुई, सूत, रेशम, सण, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चांदी, उड़द, मूंग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी एवं नारियल आदि में तेजी बनेगी। गुड़, चीनी, घी मन्दें एवं सोना तेज रहे। **८ जून को बुध मार्गी होकर** रुई में पहले मन्दी; बाद में तेजी; चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने। ८ दिन में गेहूं, जौ, चना एवं अन्य अनाज तेज होंगे। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, आदि सुगन्धित पदार्थो में मन्दी बने। **नोट :- ८ तारीख को बाजार का रुख देखकर ही व्यापार बढ़ावें, क्योंकि बुध के मार्गी होने पर अचानक बाजारों का रुख बदल सकता है या बाजारों में चल रही तेजी या मन्दी को जोरदार बल मिल सकता है, अतः सावधानी से काम करें।**

६ जून को शुक्र कर्क राशि में दाखिल होगा; कर्क-राशि में स्थित शुक्र पर अतिचारी शनि की खास नजर होगी; अतः शुक्र अपने राशि भोग में रुई में पहलें अच्छी मन्दी; बाद में अच्छी तेजी करेगा। अलसी, एरण्ड, तिलहन, बिनौला-खल, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में अच्छी तेजी बनने की स्थिति बनती है। चांदी, गेहूं, जौ, चना, अरहर एवं मटर में मन्दा बनता हें

{जून के आरम्भ से ८ जून तक वायदा व्यापारी मन्दे में खरीदकर, तेजी में बेचकर, लाभ ले सकते हैं। ६ जून को एक दिन की तेजी से लाभ ले सकते हैं।}

१० जून (सोमवती अमावस) को बुध पूर्व में उदित होगा, ध्यान दें :- इसदिन शनि अतिचारी है एवं पूर्वी भरत बहुत में कम अंगुलमात्र दृश्य सूर्यग्रहण भी है। बुध ग्रह परममन्द गति से चल रहा है तथा सूर्य राहु-शनि एवं चन्द्रमा के साथ है। अतः अनुमान के विपरीत तेजी-मन्दी आ सकती है। सावधानी से काम करें। हमारे विचार से इस समय यदि रुई, सूत, कपास, गेहूं, चना एवं दालवाना यदि मन्दे हों, तो स्टाक करें, ४० दिन में भारी तेजी से लाभ मिलेगा। क्योंकि शनि इस समय अतिचारी है, शनि के प्रभावक्षेत्र में रुई, कपास, शेयरबाजार, अनाज, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, सूरजमुखी, सरसों आदि आते हैं। लौहखण्ड से सम्बन्धित शेयरों को भी शनि प्रभावित करता है, अतः जिंसों के खराब होने या पैदावार कम होने के समाचारों से बाजार उठेंगे। कहने का तात्पर्य यह है कि विचारपूर्वक काम करके अच्छा लाभ लिया जा सकता है।

१० जून के ग्रहणफल के अनुसार सूत-कपास-रुई के स्टॉक से १० मास में उत्तम लाभ मिल सकता हैं। खड़ी फसलों का नुक्सान होनें से दालवाना एवं अनाजों में तेजी बनेगी - ऐसा विचार है।

१२ जून को शुक्र पुष्य नक्षत्र में प्रविष्ट होगा एवं इसी दिन आर्द्रा नक्षत्र में चन्द्रदर्शन भी होगा। शुक्र पर अतिचारी शनि की दृष्टि है, चन्द्रमा मिथुन राशि में मंगल-गुरु के साथ मेल करेगा। रुई, सूत, सण,रेषम,ऊन व अनाजों में तेजी बने। लाख, चमड़ा, कपूर ,पारा,शिंगार, हींग, गुड़-खाण्ड-शक्कर मन्दे हों।

१५ जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर मंगल एवं गुरु के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएगा। १६ जून को रोहिणी नक्षत्र का बुध एवं मंगल ग्रह का अस्त होना पाट, बारदाना, रेशम, सूत, कपास रुई,सरसों लोहा, तिल, तेल,गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूंग,उड़द, गेहूं, जौ, चना, चावल आदि प्रत्येक जाति के अनाजों में तेजी कारक है। सोना,चांदी में भी तेजी आती है। इस समय अलसी में विशेष तेजी का झटका आ सकता है। १८ जून को पुनर्वसु नक्षत्र का मंगल १७ दिन में रुई, चांदी,नमक, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों में तेजी करे।

२० जून को गरु पुनर्वसु के तीसरे चरण में आकर रुई आदि सभी चीजों में तेजी एवं सरसों में कुछ मन्दा करें। २२ जून को आर्द्रा नक्षत्र का सूर्य एवं रोहिणी के चतुर्थ चरण में राहु, ज्येष्ठा के दूसरे चरण में केतु का प्रवेश रुई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूं, चावल, चना, जौ आदि अनाजों में तेजी करेगा; सोना-चांदी में घटाबढ़ी चले। २३ जून को आश्लेषा का शुक्र एवं वक्री नेपच्यून श्रवण २ में आकर रुई, चावल, चांदी में मन्दे का वातवरण बनाएगा।

२५ जून को मृग. २ में शनि के आने पर रुई,सोना, चांदी में घटाबढ़ी हों, कपास व अनाज तेज रहेंगे।

२६ जून शनिवार को शनि के उदय होने पर ८ दिन में रुई, शेयर, अलसी, सरसों, एरण्ड, विनौला, एवं मूंगफली में मन्दा हो। सज्जी, लोहा, सीसा, रांगा आदि काले पदार्थ, लकड़ी, लहसुन, चावल एवं गुड़-खाण्ड में तेजी आए। २६ जून को ही मृगशिरा नक्षत्र का बुध १५ दिन में रुई, सोना, चांदी में मन्दा; सरसों, तारामीरा में घटाबढ़ी करे।

{१५ जून से ३० जून तक मन्दे में खरीदें और तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।}

जुलाई

१ से ३ जुलाइ तक तिलहन बाजार कुछ तेज रहें। ४ जुलाई को बुध मिथुन राशि में आकर गुरु, मंगल एवं सूर्य के साथ मेल करेगा। रुई, सोना, चांदी में मन्दा होकर जोरदार तेजी बनेही। सरसों, तारामीरा में घटाबढ़ी के बाद तेजी; पशुओं के भाव तेज रहें।

४ जुलाई को मंगल अपनी नीच- राशि कर्क में अएगा। कर्क-राशि के मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि है। रुई में झटके के साथ मन्दे एवं तेजी के रिएक्शन आएंगे, लेकिन तेजी प्रधान रहेगी। सरसों, एरण्ड, अलसी, तेल आदि में मन्दा आने की उम्मीद होने पर भी तेजी बनेगी, चान्दी में घटावढ़ी; सारे अनाज, गुड़, शक्कर तेज होंगे।

दैनिक तेजी-मन्दी खेलने वाले व्यापारी, ४ जुलाई को तेजी से लाभ लेंगे।

ध्यान दें:- कर्क का मंगल यद्यपि मन्दीकारक है, पुनरपि मंगल पर क्रूरग्रह राहुयुत शनि की दृष्टि तेजी ही करेगी, समझ से व्यापार बढ़ावें।

५ जुलाई को पुनर्वसु के चतुर्थ चरण एवं कर्क राशि में गुरु का प्रवेश महत्त्वपूर्ण है। इसी दिन शुक्र मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में प्रवेश करेगा। यहां व्यापारी ध्यान रखें कि कर्क राशि का गुरु उच्च माना जाता है; एवं कर्कराशि में नीच-मंगल के साथ गुरु का मेल हो रहा है।

गुरु का सबसे अधिक प्रभाव रुई, कपास पर अनुभव किया गया है। रुई, कपास, तेलवीया, चांदी, सोना, शेयर-बाजार आदि-आदि सभी प्रमुख व्यापारिक-वसतुओं में बहुत बड़ी तेजी का चांस बन रहा है। **गुरु जब आश्लेषा नक्षत्र में आएगा तब जोरदार तेजी बनेगी। (प्रत्यक्ष मिलें या पूरी फीस भेजकर अेलीफीन से ताजा मशवरा हासिल करें।)**

कर्कराशि में स्थित गुरु एवं मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि है। व्यापारियों की उम्मीद के प्रतिकूल चांदी-रुई में जोरदार तेजी के झटके आएंगे। तेल, तिलहन, सोना-चांदी, शेयर बाजार एवं दालवाना आदि सभी अनाजों में अच्छी तेजी बनेगी।

" दैत्यगुरुर्यदा कर्के रसानां वै महर्घता। सर्वधान्यमहर्घत्वं मेघाश्च प्रबला भुवि ।। "

नीच मंगल एवम् सिंहराशि का शुक्र वर्षा में कमी करके लालमिर्च, घी, गुड़, खाण्ड एवं अनाजों में तेजी करता है। चांदी में झटके की मन्दी, रुई में ८-१० दिन में मन्दा आकर तेजी हो।

६ जुलाई को पुनर्वसु का सूर्य रुई, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सज्जी, हरड़, सुपारी, नारियल, माजू, केसर,मजीठ, नील, सोंठ,गुग्गल आदि सुगन्धित पदार्थ एवं करयाणा में तेजी बने। ७ जुलाई को आर्द्रा नक्षत्र का बुध गेहूं, उड़द, जौ, चना, मूंग, मोठ में मन्दा कारक रहे।

७ जुलाई को गुरु अस्त होगा; रुई व शेयर बाजार तेज रहेंगे। सोना-चांदी एवं अनाजों में मन्दे का रुख रहे। ६ जुलाई को पुष्य में भौम के आने पर चांदी व रुई में घटाबढ़ी चले। इस समय सोने में खास तेजी बनने का योग है।

६-१० जुलाई को बुध अतिचारी होकर सूर्य के साथ राशि सम्बन्ध बनाता है। मिथुन राशि में बुध के अतिचारी होने से रुई, कपास, तेलवाना, पाट, बारदाना, हल्दी तथा तेलों में तेजी का ही कारोवार करें; लाभ होगा। क्योंकि सूर्य के साथ मिलकर बुध यदि अतिचारी हो तो तेजी ही बनाता है; - यह अनुभव है। यह तेजी तिलहन बाजारों में कुछ लम्बी चल सकती है, विचार से काम करें।

११ जुलाई गुरुवार पुष्य नक्षत्र एवं कर्कस्थ चन्द्र के समय चन्द्रदर्शन होगा, इसी दिन बुध पूर्व में अस्त होगा। अनाज, घी आदि मन्दे; रुई में घटावढ़ी; पहले तेज; बीच में मन्दी; अन्त में फिर तेज। सोने में घटावढ़ी के बाद तेजी बने।

१४ जुलाई को बुध पुनर्वसु में आकर सूत एवं कपास के भाव में मन्दा करेगा। इन दिनों चांदी, रुई, सूत, सण में भी मन्दे का योग है; स्टॉक करें; आगे लाभ मिलेगा।

१६ जुलाई को सूर्य कर्क राशि में आकर नीच मंगल एवं उच्च गुरु के साथ मेल करेगा, इन ग्रहों पर शनि की विशेष दृष्टि भी है। रुई, सूत, सुपारी, बादाम, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, चान्दी, सोना आदि तेज रहें। गेहूं, चना, जौ, मटर, अरहर, उड़द, मूंग एवं चावल में मन्दा बने। १७ जुलाई को पू. फा. नक्षत्र का शुक्र १४ दिन में गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग एवं चना में मन्दे का ही वातावरण रखेगा- सावधानी से व्यपार बढ़ाएं।

१६ जुलाई को बुध भी कर्क राशि में आकर मंगल, सूर्य एवं बृहस्पति के साथ राशि सम्बन्ध बना लेगा। यहां विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि बुध अस्त एवं अतिचारी भी है; - जब मंगल- सूर्य के साथ अतिचारी बुध का एक राशि में मेल होता है तो सच्ची-झूठी अफवाहों से बाजारों में जोरदार तेजी बनती है। अतिचारी बुध का प्रभाव विशेषतः तिलहन बाजारों पर अनुभव किया गया है। कर्क-राशि में गुरु ग्रह के साथ बुध का मेल तेजी कारक ही है। रुई में झटके की मन्दी के बाद तेजी बनेगी। चांदी में भी घटावढ़ी के बाद तेजी बने। गुड़, चीनी, घी, तेल- मूंगफली, सरसों, एरण्ड, सोयाबीन, तिल एवं अन्य तिलहन बाजार में तेजी की अच्छी संभावना है। ध्यान दें:- **यदि मन्दा बने तो शीघ्र ही स्टॉक करें, उत्तम लाभ मिलेगा।**

२० जुलाई को सूर्य, बुध एवं गुरु ये तीनों पुष्य नक्षत्र में आकर तिल, तेल, सरसों, मध, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गल, मोम, हींग, हल्दी, लाख, सण, उनी वस्त्र, सिक्का में तेजी करेंगे। सोना, चान्दी में ऊपर-नीचे रेट चलें। रुई में विशेष मन्दी के बाद अच्छी तेजी बने।

२३ जुलाई को मिथुन राशि एवं मृगशिरा नक्षत्र में शनि का प्रवेश व्यापारियों के लिए महत्त्वपूर्ण है :--

" मिथुने च यदा सौरिः दुर्भिक्षं तत्र रौरवम्। पश्चिमे दारुणं युद्धं नृपाणां च महद्भयम्।। "

सरकारी व्यापारिक नीति एवं राजनैतिक गतिविधि के कारण व्यापार प्रभावित होगा। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति

बनेगी। शनि ग्रह के अधिकार में खासतौर से तिलहन बाजार एवं शेयर बाजार आते हैं। मूंगफली, एरण्ड, तिल, सरसों, अलसी आदि तिलहन, तेल, घी, गुड़, खाण्ड,लोहा में प्रायः तेजी का ही वातावरण रहे। इस समय रुई में जबरदस्त तेजी चलने का सम्भावना है।

२७ जुलाई को आश्लेषा नक्षत्र का बुध १५ दिन में तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग, मोठ एवं मूंगफली में तेजी बनाए! २६ जुलाई को उ. फा. नक्षत्र का शुक्र १२ दिन में गेहूं आदि अनाजों एवं रुई में तेजी करे; सोना-चान्दी में घटाबढ़ी का कारण बने।

३० जुलाई को मंगल आश्लेषा नक्षत्र में दाखिल होगा, बुध भी इसी नक्षत्र में चल रहा है। रुई में मन्दे का वातावरण बने। अनाज तेज रहें। चान्दी में झटके के साथ तेजी-मन्दी के रिएक्शन आएंगे।

३१ जुलाई को गुरु के उदित होने पर चान्दी एवं धान्य तेज और सोना मन्दा हो।

अगस्त

मासारम्भ में ही १ अगस्त को शुक्र अपनी नीच राशि कन्या में दाखिल होगा। चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी; गेहूं आदि सभी अनाज, गुड़, खाण्ड, धान व ऊनी-रेशमी वस्त्र तेज हों। चावलों में **विशेष तेजी का झटका आए।**

२ अगस्त को बुध मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आकर शनि की नजर में आ गया है। सोना, चांदी, रुई, सूत, वस्त्र, देवदारु एवं खट्टे पदार्थों में तेजी हो। गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि रस पदार्थ एवं कपूर मन्दे हों; अनाजों के भाव सम रहें।

३ अगस्त को सूर्य के आश्लेषा नक्षत्र में आने पर सोना, चांदी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ एवं नील के भाव तेज रहें। **४ अगस्त को** पुष्य नखत्र के दूसरे चरण में गुरु का प्रवेश रुई आदि सभी वस्तुओं में तेजी एवं सरसों में मन्दी करे। **४ अगस्त को बुध का पश्चिम में उदय होने से** वस्त्र रुई व शेयरों में १५ दिन में मन्दा आने का योग है। १० अगस्त को पू. फा. का बुध गुड़, खाण्ड, गेहूं आदि अनाजों में मन्दा करेगा। १० अगस्त को ही यूरेनस वक्री अवस्था में धनिष्ठा के तीसरे चरण में आ जाता है;- यह दालवाना एवं अनाजों में तेजी तथा गुड़-खाण्ड में मन्दा करेगा।

११ अगस्त को शुक्र हस्त नक्षत्र में आकर रुई, चान्दी, चावल में मन्दी करे। इस समय यदि दालवाना एवं मोटे अनाज मन्दे हों तो स्टॉक करें, आगे लाभ होगा। सोना, चांदी कुछ तेज; गुड़-खाण्ड-शक्कर में घटाबढ़ी चले।

नोटः- अगस्त के शुरु में १,२,३ को बाजारों में अच्छी तेजी बन सकती है, लेकिन बाद में १५ अगस्त तक मन्दे का प्रभाव रह सकता है, सावधानी से काम लें। मन्दें में स्टाक करें, तेजी आते ही लाभ लें; इस नीति से काम करने पर लाभ मिलेगा।

१६ अगस्त को सूर्य मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आकर शनि की नजर में आ जाता है। १५ दिन में मूंग, ज्वार, बाजरा, सरसों तिल, तेल, एरण्ड, दाख, और मिर्च में तेजी करेगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर, चांदी सोना,रुई में भी जेजी का रुख रहे। शेयरों में मन्दे का वातावरण संभव है।

१६ अगस्त को उ. फा. नक्षत्र का बुध ७ दिन में उड़द, मूंग, मोठ, मसूर एवं अरहर में कुछ तेजी बनाए। १६ अगस्त को मंगल भी मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आकर सूर्य से मेल करेगा; इस समय इन पर शनि की विशेष नजर भी है। इसी दिन (१६ अगस्त को ही) गुरु पुष्य नक्षत्र के तीसरे चरण में प्रवेश करता है। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजीएवं चान्दी में मन्दा ही रहे।मूंग, मोठ, उड़द, तिल, सरसों, मूंगफली, राई व गेहूं आदि अनाजों में तेजी हो।

{ १६ से १६ अगस्त तक तेजी मन्दी के अच्छे रिएक्शन आएंगे; मन्दे में खरीदें, तेजी में बेचते रहें। १६ अगस्त को तेजी खेलने वाले लाभ लेंगे }

२१ अगस्त को कन्या का बुध अपनी उच्च-राशि में नीच-शुक्र के साथ मेल करेगा। कन्या राशि रुई, कपास, तेलवाना आदि की पैदावार व फसल की राशि है। चांदी में मन्दी, गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड एवं हल्दी में जेजी का वातावरण बनेगा। २२,२३ अगस्त को भी तेजी का ही माहौल रहेगा।

२४ अगस्त को चित्रा नक्षत्र का शुक्र एवं रोहिणी के तीसरे चरण में राहु, ज्येष्ठा के प्रथम चरण में केतु होने से कपास, रुई, सूत, सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, पीतल आदि में तथा अनाजों में मन्दा रहे। गुड़-खाण्ड में तेजी रहे। २५ अगस्त को भी बाजार अनिश्चित रहेंगे। २६ अगस्त को प्लूटो मार्गी एवं शनि मृगशिरा के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। रुई, सोना, चांदी में घटाबढ़ी, गुड़, तेल, खाण्ड, नमक में तेजी का वातावरण रहे।

३० अगस्त को हस्त नक्षत्र में बुध, पू. फा. नक्षत्र में सूर्य एवं नेपच्यून धनिष्ठा ३ में दाखिल होगा। १४ दिन में जीरा, सरसों, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, घी, सोना, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊनी कपड़ा, रुई, सूत में तेजी एवं चांदी में घटाबढ़ी चले।

३१ अगस्त को तुला राशि में शुक्र आता है। तुलाराशि- शुक्र की अपनी राशि है। तुला राशि निर्यात (Export) की राशि है। वायदा व सट्टे का व्यापार भी इस राशि से सम्बन्ध रखता है। रुई, चांदी, कपास, सूत आदि बाजारों में शुक्र का प्रभाव विशेष माना जाता है। सिल्क, इतर आदि पर भी इसका प्रभाव रहता है। अकेला शुक्र जोरदार मन्दा कर सकता है। **व्यापारी सावधानी से काम करें। यदि मन्दे का ट्रेण्ड चल रहा हो तो शुक्र मन्दे को ही बल देगा और बाजारों में जोरदार मन्दा चलेगा, यदि तेजी का ट्रेण्ड बना हो तो साधारण तेजी कर सकता है;** - यह ध्यान में रखकर, व्यापार करें। रुई, अफीम में पहले तेजी

आकर, पीछे मन्दी बने। सोना में तेजी; चांदी में घटाबढ़ी एवं गुड़-खाण्ड में कुछ तेजी का वातावरण रहे। तिलहन बाजारों में साधारण घटाबढ़ी के बाद तेजी की सूचना मिलती है।

सितम्बर

सितम्बर के प्रारम्भ में प्रमुख शेयरों में तेजी; तेल, तिलहन में तेजी के झटके आएंगे। ४ सितम्बर को गुरु पुष्य ४ में आने से रुई, सोना-चांदी में तेजी का वातावरण रहेगा। ७ सितंबर को शनिवारी अमावस होने से तेल, तिलहन में अच्छी तेजी बनेगी; कहीं फसलों को नुक्सान पहुंचे। ८ सितंबर को स्वाती का शुक्र एवं रविवारी चन्द्रदर्शन है। सोना, चादी एवं दालवाना में अच्छी तेजी का संकेत मिलता है।

६ सितंबर को पू.फा. में मंगल तिल, तेल, सरसों, मूंगफली, घी, गुड़, खाण्ड, नमक में तेजी करे। मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि होने से तेजी अच्छी बनने की संभावना है।

१३ सितम्बर को सूर्य उ.फा. नक्षत्र में दाखिल होगा और बुध पश्चिम में अस्त होगा। बुध-सूर्य दोनों मित्र हैं। सूर्य अपनी राशि में मंगल के साथ है, शनि द्वारा देखा भी जा रहा है। रुई में झटके की मन्दी के बाद शीघ्र तेजी बने। चान्दी तेज; पाट, हैसियन एवं शेयरों में मन्दा बने। कपास, रेशम, सूत, सोना, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मूंज, बांस एवं नील तेज रहें।

१४ सितम्बर को बुध के कन्या राशि में वक्री होने पर घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी और गेहूं, जौ, चना, आदि अनाजों में मन्दा आ सकता है, बाजार का रुख देखकर काम करें।

(सितम्बर ३, ७, ६, १३, १४ को तेजी से लाभ लें।)

१६ सितंबर को सूर्य कन्याराशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। बुध परम मन्दगति में है। बुध में सट्टा बाजार, वायदा बाजार में जोरदार तेजी-मन्दी लाने की सामर्थ्य है। रुई, कपास, तिलहन, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ एवं लाल चीजों में तेजी बनेगी। चांदी व शेयरों में मन्दा आकर, तेजी बनेगी।

२१ सितंबर को गुरु के आश्लेषा (१) में आने पर रुई में जोरदार तेजी का झटका आएगा। घी, तेलों में तेजी एवं प्रत्येक व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का वातावरण रहे।

२२ सितंबर को मंगल के उदित होने पर, ५ दिन में रुई, उड़द, तिल, तेल, अलसी में तेजी आए। अनाजों में मन्दे का वातावरण बनेगा।

२७ सितंबर को सूर्य हस्त नक्षत्र में आकर १५ दिन में गेहूं, जौ, ज्वार, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, घास, लकड़ी, नमक, हरड़, हींग, धनिया एवं हल्दी में तेजी का वातावरण बनाएगा।

{ सितंबर १६, २१, २२, से २७ तक दैनिक तेजी - मन्दी से लाभ लें। हमारे विचार से इन दिनों बाजार तेजी की तरफ रहेंगे। }

२८ सितंबर को वक्री बुध उ.फा. में आकर ७ दिन के अन्दर उड़द, मूंग, मोठ, मसूर एवं अरहर में कुछ तेजी बनाएगा। रुई में घटाबढ़ी होकर मन्दी; चान्दी में भी मन्दी रहे।

३० सितंबर को उ.फा. नक्षत्र का मंगल २३ दिन में गुड़-खाण्ड-शक्कर में अच्छी तेजी से लाभ देगा।

{५, ६,१६, १८, सितंबर को दैनिक तेजी - मन्दी लगाने वाले मन्दी से लाभ ले सकते हैं। }

अक्तूबर

१ अक्तूबर को शुक्र विशाखा नक्षत्र में आकर रुई व अनाजों में मन्दा करेगा। ३ अक्तूबर को वक्री बुध पूर्व में उदित होगा। बुध का उदय आश्विन में है। रुई में पहले मन्दी, बाद में तेजी रहे। तिल, घी, पाट, हैसियन एवं लालमिर्च में तेजी हो। कपास की फसल अच्छी होने से कपास मन्दा रहे।

६ अक्तूबर को मंगल कन्या राशि में आकर बुध-सूर्य के साथ मेल करेगा। इसी दिन बुध मार्गी भी हो रहा है। रुई में जोरदार तेजी एवं मन्दी के झटके आएंगे। लेकिन तेजी प्रधान रहेगी। चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने। ८ दिन में गेहूं, जौ, चना, अनाज में तेजी हो। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, विनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित पदार्थ मन्दे हों। गुड़, खाण्ड, घी में भी मन्दा रहे। सोना, ऊनी-सूती व लालरंग की चीजों, अलसी में तेजी। कन्या राशि का मंगल गेहूं में विशेष तेजी का कारण बन सकता है।

७ अक्तूबर को तुला राशि में चन्द्रदर्शन, आश्विन शुक्ल तृतीया तिथिक्षय घी एवं दालवाना में तेजी कारक रहेगा।

१० अक्तूबर को शुक्र वक्री होगा; शुक्र अपनी नीचराशि कन्या में स्थित है। घी, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, जौ, चना, में तेजी बनेगी। सोना, चांदी, में भी तेजी बने, लेकिन रुई में पहले तेजी बाद में मन्दी बनेगी।

१० अक्तूबर को सूर्य चित्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। १५ दिन में रुई, सूत, सोना, चांदी, मोती आदि रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर, एवं लाल कपड़ा में तेजी बनेगी।

११ अक्तूबर को शनि वक्री होगा। शनि मृगशिरा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में वक्र होने से कहीं अवृष्टि एवं अकाल की स्थिति बनने के समाचारों से ज्वार, चावल, घी, तेल, अलसी, सरसों, गेंहू, तमाखू, सीमेण्ट में तेजी का वातावरण बने। एरण्ड में घटाबढ़ी चले। शनि के वक्र होने पर रुई की तेजी पर लगाम लग जाती है, तेजी कम होने लगती है।

१२ अक्तूबर को आश्लेषा २ में गुरु के आने पर घी, तेल में तेजी के साथ प्रत्येक व्यापारिक वस्तु में तेजी का वातावरण रहे। १५ अक्तूबर को हस्त नक्षत्र का बुध गेहूं आदि अनाजों में मन्दे का वातावरण बना सकता है।

१७ अक्तूबर को सूर्य तुला राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। तुला राशि सूर्य की नीच राशि है। रुई, चांदी में मन्दी; गेहूं, जौ, चना, अलसी, सोना, तांबा में तेजी, लाल चन्दन, मजीठ, श्री फल एवं सुपारी में भी तेजी का वातावरण रहेगा।

१९ अक्तूबर को वक्री शुक्र स्वाती नक्षत्र में आकर गुड-खाण्ड में तेजी एवं अनाजों में मन्दा करे। २० अक्तूबर को नेपच्यून मार्गी होकर बाजारों में मामूली उतार-चढ़ाव लाएगा।

२१ अक्तूबर को हस्त नक्षत्र में मंगल के आने पर दालें, घी, गुड़, खाण्ड, नमक में तेजी से लाभ मिलेगा। इस समय बुध भी हस्त नक्षत्र में ही है, अतः तेजी से लाभ लें।

२२ अक्तूबर मंगलवार को शुक्र पश्चिम में अस्त होगा। शुक्र मन्दगति है। सोना, चांदी, गुड़, सूत, कपड़ा, घी, तेल, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली आदि मन्दे हों; रुई में तेजी बने।

२४ अक्तूबर को स्वाती नक्षत्र का सूर्य एवं चित्रा नक्षत्र का बुध तेजी कारक है। १५ दिन में सूत, सण, रेशम, कपड़ा, सोना, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई एवं हींग, गुग्गल में तेजी बने। रुई एवं चांदी में घटाबढ़ी होकर तेजी हो, अनाजों में भी कुछ तेजी रहे।

२५ अक्तूबर को रोहिणी २ में राहु, अनुराधा ४ में केतु तिल, अलसी, मसूर, गेहूं, उड़द, मूंग, घी, जीरा, कपास सूत में तेजी हो।

२८ अक्तूबर को बुध तुला राशि में आकर सूर्य-शुक्र के साथ मेल करेगा। सूर्य, शुक्र एवं बुध- ये तीनों एकत्र जोरदार तेजी ला सकते हैं, सावधानी से काम करें, लाभ मिलेगा। रुई, गुड़, खाण्ड, सोना एवं अफीम में तेजी रहे। चांदी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला एवं मूंगफली आदि तिलहन में मन्दी एवं तेजी के रिएक्शन आएंगे। **नोटः- यद्यपि तुला राशि का बुध तेल-तिलहन में मन्दीकारक है, लेकिन सूर्य-शुक्र संयोग से यहां हमें तेजी ही मालूम देती है, पुनरपि विचारपूर्वक काम करें; अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।**

३० अक्तूबर को बुध पूर्व में अस्त होगा; एक मास में घी आदि रसपदार्थ मन्दे हों। रुई में घटाबढ़ी चले; पहले तेज; फिर मन्दी और अन्त में फिर तेज रहे। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहेगी।

नवम्बर

१ नवम्बर को स्वाती नक्स्त्र का बुध ८ दिन में रुई में अच्छा मन्दा करे; क्योंकि सूर्य एवं वक्री शुक्र ये दोनों भी स्वाती नक्षत्र में ही चल चल रहे हैं। ध्यान दें:- दैनिक तेजी-मन्दी खेलने वाले व्यक्ति इस दिन जोरदार तेजी या मन्दी की जांच करके ही व्यापार बढ़ावें। यदि तेजी चले तो तेजी में ही काम करें अथवा यदि मन्दा चले तो मन्दे में ही रहें। क्योंकि- मासारम्भ में सूर्य, बुध और शुक्र विशेष स्थिति में चल रहे हैं, अतः तेजीकारक हैं। अनाज, उड़द, तेल, तिलहन में तेजी भी बन सकती है।

४ नवम्बर को सोमवती अमावस वाले दिन स्वाती नक्षत्र में दीपावली भी मन्दे का ही संकेत देती है। दिवाली की शुभ कामनाओं के साथ हम यह बता देना भी उचित समझते हैं कि सोमवती अमावस वाले दिन दीपावली सटोरिये-व्यापारियों के हक में नहीं; अतः सावधानी से काम करें।

५ नवम्बर को कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा मंगलवारी होने से एवं ५ नवम्बर को शुक्र का उदय पूर्व में होने से रुई, सूत, चांदी, चावल, घी एवं सोना तेज रहेंगे। फाल्गुन शुक्ल पक्ष तक रुई में जोरदार तेजी बननी चाहिए- ऐसा विचार है। **शुक्र के उदय होने पर सभी बाजारों का रुख बदल सकता है; अतः विचार पूर्वक काम करें।**

६ नवम्बर को अनुराधा नक्षत्र में चन्द्रदर्शन एवं विशाखा नक्षत्र का सूर्य १४ दिन में जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड एवं अफीम में तेजी करे। अलसी,चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे। यह तेजी ९ नवम्बर को मध्याह्न तक चल सकती है। ९ नवम्बर को विशाखा नक्षत्र का बुध एवं धनुस्थचन्द्र में **शूल योग** अनाजों में कुछ मन्दा एवं कहीं तेजी का रुख रहे। रुई में विशेष मन्दा आने का योग है। इस योग में रुई खरीदने से आगे भारी लाभ की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। ८ दिन में अच्छी मन्दी के झटके संभव हैं।

११ नवम्बर को आश्लेषा नक्षत्र का गुरु घी-तेल में तेजी के साथ प्रत्येक व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का वातावरण करे। ११ नवम्बर को चित्रा नक्षत्र का मंगल १२ दिन में गेहूं, चना, चावल, सोना, चांदी, तांबा, पीतल में तेजी का संकेत देता है।

१५ नवम्बर को बुध वृश्चिक राशि में आकर, बृहस्पति की नजर में आ जाता है। घी, तेल, सरसों, रुई, एवं चांदी में तेजी का रुख बने। अनाज एवं अफीम में कुछ मन्दा आए।

१६ नवम्बर को चित्रा नक्षत्र का वक्र-शुक्र एवं वृश्चिक राशि का सूर्य- रुई व उनी वस्त्रों में कुछ तेजी व सोना, चांदी, तांबा और लालरंग की चीजों में मन्दा करे। (**सूर्य-शुक्र एकतरफा लाईन बना सकते हैं, रुख देखें।**)

नोटः- वृश्चिक - धनु एवं मकर यह तीनों संक्रान्तियां, क्रमशः शनिवार- रविवार एवं मंगलवार को होने से खप्पर योग बन रहा है।

" शनिः स्यादाद्य संक्रान्तौ द्वितीयायां प्रभाकरः। तृतीयायां कुजे योगः खर्पराख्योऽति कष्टकृत्।। "

कहीं घोर दुर्भिक्ष की स्थिति से शासन चिन्तित रहे, जनता में जनजीवनोपयोगी वस्तुओं में मंहगाई से परेशानी बढ़े। व्यापारिक-वस्तुओं में तेजी का योग बनेगा। अतः व्यापारियों से अनुरोध है, कि आगे जोरदार तेजी से लाभ रहेगा, सरकार की नीति को देखकर काम करें।

१७ नवम्बर को बुध एवं १९ नवम्बर को सूर्य अनुराधा नक्षत्र में आएंगे। रुई, सूत, सण, सोना, चांदी में मन्दा एवं जौ, चना, ऊन व धातुओं में तेजी बनेगी। गेहूं, अलसी,मिर्च में तेजी होकर मन्दी हो।

२० नवम्बर को पूर्णिमा की वृद्धि, आगे व्यापारिक-वस्तुओं में मन्दी आने का संकेत देती है।

२१ नवम्बर को शुक्र के मार्गी होने पर अचानक बाजार का रुख बदलने की संभावना है, बाजार के रुख को देखकर काम करें। हमारे विचार से रुई में मन्दे का रिएक्शन आए, चान्दी-सोना तेज रहें। इस समय दालवाना, गुड़, घी के संग्रह से आगे अच्छा लाभ मिल सकता है।

२२ नवम्बर को तुला राशि का मंगल शुक्र के साथ मेल करेगा। यह शुक्र-मंगल योग मूल पदार्थों में भारी तेजी करेगा। रुई, कपास, सूत, सण, पाट, बारदाना, मूंगफली, गुड़, खाण्ड, गेहूं, उड़द, मूंग आदि अनाजों व दलहन में तेजी बनेगी। शुक्र का विशेष प्रभाव रुई, गुड़, खाण्ड एवं चान्दी के बाजारों पर देखा गया है, **जब शुक्र क्रूरग्रह मंगल के साथ मेल करता है, तो रुई, चांदी और सोना के बाजार में विशेष तेजी का जोश ला देता है। लोगों की खरीदशक्ति बढ़ेगी। कपड़ा-सूत का उठाव अपेक्षाकृत अधिक होता है। सरकार निर्यात का कोटा ऐलान कर सकती है, समझ से काम करें।**

२६ नवम्बर को बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में आ रहा है एवं शुक्र स्वाती में पदार्पण करेगा। ११ दिन में घी, गुड़, खाण्ड एवं चावलों में तेजी बनेगी। दालवाना में कुछ मन्दे का रुख रहे।

२७ नवम्बर को वक्री शनि के मृगशिरा नक्षत्र के तीसरे चरण में आने से रुई, सोना-चांदी में घटाबढ़ी चले एवं अनाज मन्दे रहें। आगे मास में चावल-घी में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। मासान्त में शुक्र के साथ चन्द्र किंवा मंगल का राशि-सम्बन्ध घटाबढ़ी के साथ बाजारों में तेजी करेगा। सोना, चांदी, अलसी, सरसों आदि तिलहन में मन्दे के बाद तेजी बने। यह योग नवम्बर अन्त तक चलता है।

दिसम्बर

मासारम्भ में २ दिसम्बर को ज्येष्ठा नक्षत्र का सूर्य एवं स्वाती नक्षत्र का मंगल १५ दिन में वस्त्र, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, तिल, तेल, हींग, गुग्गुल, पारा एवं गुड़-खाण्ड में तेजी करेगा। चांदी एवं रुई में पहले मन्दी; बाद में तेजी बने। सोना कुछ मन्दा रहे।

४ दिसम्बर को प्लूटो ज्येष्ठा नक्षत्र के तीसरे चरण में प्रवेश करेगा। उसी दिन बुध मूल (१) **धनु में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बनाएगा। ४ दिसम्बर को ही गुरु परम-मन्दगति में चलता हुआ वक्री हो जाता है। नोट--- ध्यान दें:- शनि एवं गुरु ये दोनों अब २१ फरवरी सन् २००३ ई. तक वक्रगति से ही चलेंगे। यह मन्दीकारक योग है; इन दिनों में बीच-बीच में कुछ तेजीकारक ग्रहस्थिति भी बनती है; अतः बाजार के रुख को समझते हुए काम करें, लाभ मिलेगा। इस समय ताजा मशवरा हासिल करें।** गेहूं, जौ, चावल, चना आदि धान्य, अलसी व घी में मन्दी; रुई,कपास, सूत, सोना-चान्दी आदि धातु व ऊनीवस्त्र तेज हों।

५ दिसम्बर को वृश्चिक राशि में चन्द्रदर्शन एवं ८ दिसम्बर को **बुध का पश्चिम में उदय होना शेयर बाजार में १५ दिन में मन्दा करेगा। रुई में मन्दे की उम्मीद होने पर भी तेजी का ही वातावरण बनेगा। क्योंकि मार्गशीर्ष में बुध पश्चिम में उदित हो तो रुई में तेजी ही करता है; ऐसा अनुभव है।** रुई, गुड़, चांदी, चावल, पशुचारा, बिनौला आदि तिलहन में तेजी बनेगी।

१३ दिसम्बर को पू.षा. में बुध बिनौला में तेजी; अनाजों में मन्दा एवं सोना, चांदी में विशेष मन्दे का संकेत देता है।

१५ दिसम्बर को सूर्य मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में प्रवेश करके, बुध के साथ मेल करेगा। इस समय बुध, सूर्य पर शनि की पूर्णदृष्टि होने से रुई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोना, चांदी आदि में तेजी बनेगी। **यह संक्रान्ति उपविष्ट (बैठी) स्थिति में क्रूरवार एवं खप्परयोग वाली है, भारी तेजी बनेगी। अनाज, गुड़, रसपदार्थ एवं लालचीजों में अच्छी तेजी बनेगी। तेजी से तुरन्त लाभ लें, आगे शीघ्र ही मन्दा आ जाने का योग भी है।**

२० दिसम्बर को विशाखा नक्षत्र का शुक्र रुई और अनाजों में मन्दा बनाएगा। २३ दिसम्बर को उ.षा. में बुध एवं विशाखा नक्षत्र में मंगल रुई, कपास, वस्त्र व गेहूं में तेजी करें।

२५ दिसम्बर को बुध मकर राशि में आकर गुरु के साथ समसप्तक योग बना रहा है और बुध पर मंगल की विशेष नजर भी है। रुई, सोना, चांदी में तेजी; दालवाना में भी तेजी- मन्दी के अच्छे रिएक्शन आएंगे।

२७ दिसम्बर को रोहिणी के प्रथम चरण में राहु, अनुराधा के तीसरे चरण में केतु आएगा। साथ ही इसी दिन वक्री गुरु आश्लेषा के दूसरे चरण में प्रविष्ट होगा। तिल, तेल, रुई, कपास, सूत, वस्त्र, सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, पीतल, घी, गुड, खाण्ड में तेजी से लाभ मिलेगा। इस समय प्रत्येक व्यापारिक वस्तु में तेजी से लाभ मिलेगा। **विशेष :- पौष कृ. पंचमी को मंगलवार एवं पौष कृ. नवमी को शनिवार होने से अनाज आगे २१ जून २००३ तक मन्दे होने पर धान्य का स्टॉक करने से आगे उत्तम लाभ मिलेगा।**

२९ दिसम्बर को सूर्य पू.षा. नक्षत्र में आकर १४ दिन में तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़,

खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, चमड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सण.एवं चांदी में तेजी करेगा।

जनवरी - २००३ ई.

१ जनवरी को शुक्र वृश्चिक राशि में आकर केतु के साथ मेल करेगा; लेकिन इन पर गुरु की विशेष दृष्टि रहेगी। रुई, चांदी, अफीम एवं शेयर बाजार में पहले मन्दी आकर बाद में तेजी बनेगी। रुई में घटाबढ़ी रहे। गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा आदि अनाजों एवं अलसी में कुछ तेजी का रुख रहे।

२ जनवरी को बुध के वक्री होने पर बाजारों का रुख बदल सकता है, सावधानी से काम करें। इस समय बुध, गुरु एवं शनि ये तीनों ग्रह वक्री है। २४ दिन में घी, गुड़, खाण्ड एवं शक्कर में तेजी; गेहूं, जौ, चना आदि अनाज मन्दे होकर तुरन्त तेज हों।

४ जनवरी को अनुराधा नक्षत्र का शुक्र एवं इसी दिन मकरस्थ चन्द्र के समय शनिवार को चन्द्रदर्शन होने से तेल-तिलहन एवं दालवाना में तेजी; गुड़, खाण्ड, चावल, नमक आदि में मन्दे का वातावरण रहे।

७ जनवरी को बुध (वक्री पोजीशन में) पश्चिम में अस्त होगा, साथ ही इसी दिन मंगल वृश्चिक राशि में आकर केतु एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इस समय शुक्र-मंगल-केतु के साथ राहु का समसप्तक योग बनेगा। रुई में कुछ मन्दा आकर, जोरदार तेजी का झटका आएगा। गुड़, सोना, चांदी, घी, तेल, तिलहन में अच्छी तेजी के आसार है। **क्योंकि इस समय बु., गु., श., रा., के. वक्र हैं, अतः दालवाना एवं अनाजों में भी तेजी का ही विचार है। इस समय सभी व्यापारिक वस्तुओं में प्रायः तेजी ही रहेगी।**

८ जनवरी को शनि वक्रगति से मृगशिरा के दूसरे चरण में आकर पुनः वृष राशि में प्रवेश कर लेगा। इस प्रकार शु., मं. पर शनि का पूर्ण प्रतियोग बन जाएगा। यह योग जोरदार तेजी या मन्दे की लम्बी लाईन बना सकता है। यह चांस बहुत उत्तम है, बाजार का रुख देखें, अच्छा लाभ मिलेगा। शनि-ग्रह का विशेष प्रभाव तिलहन, तेल, शेयर बाजार, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास, सरसों एवं सभी खाद्य तेलों पर अनुभव किया गया है। शेयर बाजार में लौहखण्ड, टाटा-मशीनरी आदि के शेयरों पर विशेष प्रभाव होगा। अतः तेल, तिलहन, गुड़, कस्तूरी, कुंकुम एवं कर्याणा में अच्छी तेजी का चांस समझें।

६ जनवरी को वक्री बुध उ.षा. १ धनु में आ जाता हैं। रुई, कपास, वस्त्र, सूत एवं चांदी में मन्दे एवं तेजी के अच्छे झटके आएंगे। मन्दी में खरीदें एवं तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।

११ जनवरी को उ.षा. नक्षत्र का सूर्य१४ दिन में उड़द, मूंग, चावल, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, लाल चन्दन, कपास, सरसों, मूंग, पिपलामूल में तेजी करेगा। **१२ जनवरी को वक्री बुध पू.षा.में एवं मंगल अनुराधा में प्रवेश करेगा। बिनौला तेज; अनाज मन्द;, सोना, चान्दी में खास मन्दे का चांस है।** २४ दिन में रुई, कपास, गेहूं, लालमिर्च व अन्य लालरंग की चीजों में तेजी बढ़ेगी।

१४ जनवरी को मंगलवार के दिन सूर्य मकर राशि में आकर गुरु के साथ समसप्तक योग बना रहा है। घी, तेल, अलसी, गुड़, शक्कर, खाण्ड एवं रुई में तेजी बनेगी, गेहूं आदि अनाजों व बारदाना में मन्दे की ओर रुख रह सकता है।

१६ जनवरी को पूर्व में बुध का उदय बाजारों का रुख बदल सकता है। सावधानी से काम करें। रुई में पहले मन्दी; २५ दिन के अन्दर रुई में झटके की तेजी बनेगी। गेहूं, चना आदि अनाज,तिल,घी एवं लालमिर्च में तेजी बने। १७ जनवरी को ज्येष्ठा नक्षत्र का शुक्र अनाजों में तेजी, सोना, चांदी, चावल, सरसों, तिल, तेल-हींग में मन्दे की तरफ इशारा करता है।

२२ जनवरी को बुध के मार्गी होने पर बाजार मन्दे की तरफ बढ़ेंगे। घी, गुड़, खाण्ड में तेजी, गेहूं , जौ, चना आदि अनाजों में मन्दा बने। २४ जनवरी को श्रवण नक्षत्र का सूर्य गेहूं , जौ,चावल, रुई, सूत, सण, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी एवं लौंग में तेजी से लाभ देगा।

{ १२ जनवरी से १७ जनवरी तक मन्दे में खरीदें, २२ से २६ तक तेजी से लाभ लें। }

२७ जनवरी को वक्री गुरु के आश्लेषा में आने पर तेल, घी तथा प्रत्येक व्यापारिक-चीजों में तेजी से लाभ मिलेगा। २८ जनवरी को नेपच्यून श्रवण ३ में आकर गेहूं आदि अनाज एवं अलसी में अच्छी तेजी बनाए ; गुड़, खाण्ड, नमक भी तेज रहें।

३० जनवरी को शुक्र मूल नक्षत्र एवं धनुराशि में दाखिल होकर बुध के साथ मेल करेगा। शुक्र- बुध जब एक राशि में आते हैं तो जोरदार तेजी या मन्दे की लाईन बनाते हैं। जो लाईन चली आ रही हो, उसे खूब बढ़ावा मिलता है; अतः बाजार के रुख के विपरीत काम न करें। गेहूं , जौ, चना आदि अनाज, चांदी-सोना, तांबा आदि धातु एवं शेयरों में तेजी का रुख रहे। रुई, सूत, कपास में पहले मन्दी होकर पीछे तेजी बनेगी।

फरवरी

१ फरवरी को शनैश्चरी अमा बाजार का रुख तेजी की तरफ संकेत देती है। चान्द्रमास-माघ में पांच रविवार होने से कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी एवं तेजी से जनजीवन प्रभावित होगा। राजनैतिक हलचल से भी व्यापार प्रभावित होगा।

२ फरवरी को ज्येष्ठा नक्षत्र का मंगल, जो कि सप्तमस्थ शनि-राहु से प्रभावित है; १२ दिन में चांदी में मन्दी; रुई में घटाबढ़ी एवं अफीम में तेजी करे। **ध्यान रहे :- मंगल पर शनि-राहु की दृष्टि होने से**

कदाचित् चांदी, सोना एवं तिलहन में तेजी भी बना सकता है, अतः बाजार के रुख को देख कर काम करें।

५ फरवरी को उ.षा. के बुध का शुक्र के साथ मेल होने से अनाज का भाव मन्दा रहेगा। ६ फरवरी को धनिष्ठा नक्षत्र का सूर्य १५ दिन में सोना चांदी, मणि, मोती आदि जवाहरात, मूंग-मसूर-गेहूं आदि अनाजों व अलसी-रुई में तेजी हो।

८ फरवरी को बुध मकर-राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा एवं गुरु की इन पर नजर रहेगी। रुई, सोना, चांदी, तेल, तिलहन, दालवाना में अच्छी तेजी या मन्दी के झटके आएंगे। मन्दी में खरीदें और तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।

१० फरवरी को पू.षा. नक्षत्र का शुक्र १३ दिन में मूंग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों, व क्षारद्रव्य नमक आदि मन्दा करे।

१२ फर. को सूर्य कुम्भ में आकर शनि-मंगल की नजर में आ जाता है। ध्यान दें :- बाजारों में अच्छी तेजी आ सकती है। घी, तेल, नमक, सरसों, मूंगफली, एरण्ड, सोयाबीन, सूरजमुखी, बिनौला आदि तिलहन में तेजी बनेगी। दालवाना, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दे का संकेत होने पर भी सूर्य पर शनि-मंगल की नजर होने से तेजी ही मालूम देती है, फिर भी रुख देखकर काम करें।

१५ फरवरी को श्रवण नक्षत्र का बुध १० दिन में गुड़, खाण्ड, अलसी, चना, चावल में तेजी करेगा।

१६ फरवरी को शतभिषा नक्षत्र का सूर्य १४ दिन में सोना, चांदी, सूत-सण, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूं एवं गुड़ का भाव तेज करे। २१ फर. तक तेजी चल सकती हैं।

२२ फरवरी को उ.षा. नक्षत्र में शुक्र आएगा; इसी दिन वक्री गुरु पुष्य ४ में दाखिल होगा एवं शनि मार्गी हो जाएगा। गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी, अलसी सरसों, एरण्ड एवं रुई में मन्दी होकर, तेजी बनेगी। अनाज, दालवाना, मिर्च में तेजी रहे।

२३ फरवरी को मंगल मूल नक्षत्र एवं धनुराशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा और शनि के साथ षडाष्टकयोग बनाएगा। चावल, चना, जौ, मूंग, चान्दी, सोना में तेजी बने। रुई में घटावढ़ी के बाद तेजी हो। सूत, सण, बिनौला, सरसों, घी एवं दालवाना आदि सभी प्रकार के अनाज तेज रहें।

२५ फरवरी को धनिष्ठा में बुध आएगा, बुध पर गुरु की दृष्टि चल रही है; चावल, स्वांक में तेजी बनेगी। सोना-चांदी में मन्दी; रुई में घटाबढ़ी चले। **इसी दिन शुक्र मकर राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। ध्यान दें :- यदि मन्दे की लाईन चल रही हो तो मन्दा जोरदार बन सकता है, अगर लाईन तेजी की हो तो जोरदार तेजी बनेगी; बाजार के रुख को देख कर काम करें।** हमारे विचार से इस समय शुक्र-बुध पर गुरु की दृष्टि होने से बाजारों में मन्दा कम एवं तेजी का रुख ज्यादा मालूम देता है। शेयर, अफीम, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, चना आदि सब अनाज तेज रहेंगे। रुई, चांदी में पहले घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे।

२६ फरवरी को बुध पूर्व में अस्त होगा। अनाज, घी, आदि में ३३ दिन में मन्दा बनेगा। रुई में घटाबढ़ी चले, पहले तेज; बीच में मन्दी; अन्त में फिर तेज हो; सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो। मासान्त तक तेजी-मन्दी के रिएक्शन रहेंगे।

मार्च

१ मार्च को बुध कुम्भ राशि में आकर सूर्य के साथ राशि सम्बन्ध बनाएगा। कुम्भ राशि में स्थित सूर्य-बुध पर शनि की विशेष दृष्टि भी रहेगी। इसी दिन राहु कृत्तिका नक्षत्र के चतुर्थ चरण में एवं केतु अनुराधा के दूसरे चरण में दाखिल होगा। राहु एवं शनि एकत्र एक साथ चल रहे हैं। अलसी, रुई और चान्दी में जोरदार मन्दी एवं तेजी के झटके आएंगे। घी, तेल, रस, गुड़, खाण्ड एवं अनाजों में तेजी ही रहे।

३ मार्च को सोमवती अमावस मन्दी का वातावरण बनाएगी। ४ मार्च को पू.भा. नक्षत्र का सूर्य एवं इसीदिन मंगलवारी चन्द्रदर्शन पुनः तेजी का रुख बनाएगा। १४ दिन में रेशम, सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, गुग्गुल एवं रुई में तेजी बने। ५ मार्च को शतभिषा नक्षत्र में बुध एवं श्रवण नक्षत्र में शुक्र प्रवेश करेगा। सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मूंग, मोठ, उड़द एवं अनाजों में मन्दा रहे। तिल-तेल में तेजी बने। रुई में मन्दा होकर फिर तेजी हो। १२ मार्च को बुध पू.भा. जक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय रुई में घटाबढ़ी, सोना, चांदी, तांबा, लोहा तथा अनाजों में मन्दा बनेगा। यह तेजी-मन्दी की लाईन उथल-पुथल के साथ १२ मार्च तक चलेगी। अतः मन्दे में खरीदें और तेजी में बेचें।

१४ मार्च को सूर्य मीन राशि में आकर बृहस्पति की विशेष नजर में आ जाता है। अतः इस समय विशेष तेजी की संभावना नहीं; फिर भी तिल, तेल, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, सोना में सामान्यतः तेजी बनेगी। सभी प्रकार के अनाजों में पहले कुछ तेजी आकर बाद में रुख मन्दे की ओर रहेगा। चान्दी में झटके के साथ अच्छा मन्दा आने की संभावना है।

१६ मार्च को मंगल पू.षा. नक्षत्र में आएगा। सोना, चांदी, चावल, उड़द, घी, तिल, तेल, सरसों एवं मूंगफली में तेजी बने। गेहूं आदि अनाज मन्दे हों।

१७ मार्च को धनिष्ठा नक्षत्र का शुक्र, गुरु द्वारा दृष्ट होने से मन्दे का कारण बनेगा।

चावल, मूंग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चांदी,सोना, रुई, कपास में विशेष तेजी के योग नहीं; गेहूं में विशेष मन्दा बने।

१८ मार्च को सूर्य उ. भा. में दाखिल होगा एवं बुध मीन राशि में दाखिल होकर सूर्य के साथ मेल करेगा। **इस समय सूर्य एवं बुध पर गुरु एवं मंगल की विशेष दृष्टि है।** रुई, गुड़, खाण्ड एवं शक्कर में मन्दा बने। सोना-चांदी में घटाबढ़ी के साथ पहले तेजी होकर, बाद में उतनी ही मन्दी हो; बिनौला में तेजी ही रहे;ऐसा विचार है। **नोट:- यहां बुध अतिचारी है; संवत के अन्त तक अतिचारी ही चलेगा। अतः दालवाना, तेल, तिलहन में बहुत बड़ी तेजी-मन्दी बनेगी, तेजी का विशेष ख्याल है, बाजार के रुख को देखकर काम करें।**

२० मार्च को बुध उ.भा. में आएगा। चान्दी में घटाबढ़ी, रुई, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं आदि अनाजों के भाव सम रहते हैं। २१ मार्च को यूरेनस शतभिषा १ में आकर आनाजों एवं डालडा आदि घी में कुछ तेजी करें।

२२ मार्च को शुक्र कुम्भ राशि में दाखिल होगा एवं इस पर- इस समय शनि की विशेष दृष्टि रहेगी। यद्यपि कुम्भ का शुक्र बाजारों में मन्दा बनाता है; लेकिन शनि की नजर होने से बाजारों में सामान्यतः कुछ तेजी भी बना सकता है। अतः बाजार के रुख को देखकर, व्यापार करें। रुई, चान्दी, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा तथा सफेद चीजें मन्दी हों। २३ मार्च को प्लूटो के वक्री होने पर बाजार कुछ उठ सकते हैं।

२६ मार्च को **अतिचारी बुध** रेवती नक्षत्र में दाखिल होगा। ११ दिन में केसर, मजीठ, कुसुम्भ, लालचन्दन, गेरु, लाल-मिर्च आदि लाल चीजों में तेजी; गुड़, तिलहन, घी एवं चांदी में कुछ मन्दा रहे। ऐसा फल शास्त्रों में लिखा है, लेकिन बुध के अतिचारी होने से सभी चीजों में तेजी भी रह सकती है। सटोरियों को खास ध्यान से काम करना चाहिए।

२८ मार्च को शतभिषा का शुक्र गेहूं , गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों, रुई, सोना, चांदी में तेजी करे।

३१ मार्च को सूर्य रेवती में दाखिल होगा, बुध भी रेवती में ही चल रहा हैं। ३१ मार्च को ही बुध पश्चिम में उदय भी होगा, ***ध्यान रहे-बुध अतिचारी ही है।*** *१४ दिन में अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसुन, मोती, लाख, सब्जी, गेहूं , जौ, चना एवं चावलों में जोरदार तेजी से लाभ ले सकते हैं।* ***रुई एवं शेयर बाजारों में जोरदार उठापटक से सावधान रहें।*** *क्योंकि बुध का उदय शेयर बाजारों एवं रुई में अस्थिर बाजार का संकेत देता है। १ अप्रैल को भौमवती अमावस भी तेजी का संकेत देती है।*

" ॐ कीर्तिभवान्यै नमः। "

सज्जनो ! हमने ग्रहचाल को पूरी तरह जांच कर तेजी-मन्दी के रुख का बेरवा दिया है, फिर भी ग्रहचालवश यदि किसी प्रकार से आपको व्यापार में हानि होती है, तो हम उसके लिए उत्तरदायी न होंगे। वैसे हमारी प्रभु से प्रार्थना है, कि आपको व्यापार में उत्तम लाभ हो।

व्यापारी सज्जनो ! यदि आप एक मास का वायदा-हाजर बाजार का चांस चाहते हैं या दैनिक तेजी-मंदी चाहते हैं, तो एक मास की फीस ५००/- (पांच सौ) रु. भेजकर टेलीफोन करके जानकारी प्राप्त करें। वर्षभर के लिए तेजी-मन्दी के प्रमुख चांसों की फीस ५०००/-(पांच हजार) रुपये है। प्रत्यक्ष मिलने पर अधिक संतोषजनक बात हो सकेगी। टेलीफोन से भी बात की जा सकती है। दूर से आने वाले व्यक्ति, आने से पहले, फोन से अपना समय निश्चित कर लें। नीचे लिखे पते पर सम्पर्क करें:-

पं. इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, ज्योतिषाचार्य, एम. ए.,
मार्त्तण्डभवन, मु. पो. कुराली, (रोपड़) पंजाब,
पिन : 140103 — फोन : 01888–641277

नोट :- गुरुवार को कार्यालय बन्द रहता है।

श्रद्धाञ्जलियां

हमारी स्व. माता जी की सबसे छोटी सगी बहन, हमारी स्नेहमयी मासी श्रीमती रामरक्षा देवी जी एवं उनके पतिदेव, हमारे पूज्य चाचा श्री गोवर्धन लाल जी के देहावसान से २०५८ के पूर्वार्ध में ही हमारे मातृ एवं पितृ युग का उपसंहार होगया है। किस तरह प्रिय सम्मान्य वृद्धजनों के वरदहस्त धीरे-धीरे हमारे सिर से उठते चले गए - यह देख-सोचकर संसार की वास्तविकता समझने में अब कुछ बचा ही नहीं है। ईश्वर इन मातृ-पितृकल्प दिवंगत आत्माओं को शाश्वत शान्ति दे- यही हार्दिक प्रार्थना है।

शोकसंतप्त -

प्रियव्रत - शक्तिधर - इन्दुशेखर

यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1 जनवरी सन् 2002 ई. से 1 अप्रैल सन् 2003 ई. तक)

जप एवं यन्त्र–मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य–चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य–चन्द्र ग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिष ग्रन्थों में इस विषय में अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्ट रूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्तशिरोमणि' में कहा है, कि–क्रान्तिसाम्य के काल में विवाहादि मंगल कृत्य करना तो वर्जित है, लेकिन यदि इस समय जप, अनुष्ठानादि किया जाए तो उसकी वृद्धि होती है– " **पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान–जप–होमदानादिकमत्रोपैति खलु वृद्धिम्।**" यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे 1 जनवरी सन् 2002 ई. से 1 अप्रैल सन् 2003 ई. तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारंभ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यंत्र–तंत्रों के निर्माण से एवम् मंत्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

ग्रहणों के पर्वकाल को भी साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। लेकिन इसवर्ष भारत में चन्द्रग्रहण नहीं है, देश के उत्तर–पूर्वी छोर पर कुछ क्षण के लिए सूर्यग्रहण होगा, जिसका देश के दूसरे भागों में कोई महात्म्य या पर्व विशेष नहीं होगा। सायन संक्रान्तिपुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य–चन्द्रग्रहण के अलावा मन्त्रादि साधना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहावारुणीपर्व, महावारुणीपर्व, वारुणीपर्व और षडशीतिमुख पुण्यकाल भी महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। षडशीतिमुख पुण्यकाल प्रतिवर्ष चार बार घटित होता है, जबकि शेष अर्धोदय आदि योग कभी–कभी आते हैं। इसवर्ष वारुणीपर्व और महोदययोग ही घटित हुए हैं। जिनका पर्वकाल नीचे कोष्ठक में दिया गया है।

सावधान–यंत्र–मंत्र–तंत्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिए, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायन संक्रान्ति पुण्यकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं. मि.	समाप्त तारीख	घं. मि.
(सन् 2002 ई.)			
20 जन.	5 33	20 जन.	17 33
18 फर.	19 46	19 फर.	7 46
20 मार्च	18 48	21 मार्च	6 48
20 अप्रै.	5 52	20 अप्रै.	17 52
21 मई	5 00	21 मई	17 00
21 जून	12 56	22 जून	0 56
22 जुला.	23 46	23 जुला.	11 46
23 अग.	6 48	23 अग.	18 48
23 सितं.	4 27	23 सितं.	16 27
23 अक्तू.	13 49	24 अक्तू.	1 49
22 नवं.	11 25	22 नवं.	23 25
22 दिसं.	0 45	22 दिसं.	12 45
सन् 2003 ई.			
20 जन.	11 23	20 जन.	23 23
19 फर.	1 31	19 फर.	13 31
21 मार्च	0 31	21 मार्च	12 31

निरयण संक्रान्ति पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भान्ति निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल में भी यंत्र–मंत्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल, इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं. मि.	समाप्त तारीख	घं. मि.
(सन् 2002 ई.)			
10 जन.	17 59	11 जन.	4 01
24 जन.	11 27	24 जन.	18 27
5 फर.	6 28	5 फर.	12 04
18 फर.	21 04	19 फर.	2 20
2 मार्च	19 50	2 मार्च	23 57
15 मार्च	5 28	15 मार्च	11 09
16 मार्च	2 06	16 मार्च	6 54
10 अप्रै.	8 05	10 अप्रै.	13 04
23 अप्रै.	11 18	23 अप्रै.	15 45
5 मई	16 46	5 मई	22 51
19 मई	4 01	19 मई	10 28
31 मई	8 05	31 मई	17 07
14 जून	3 13	14 जून	14 15
24 जून	0 11	24 जून	12 01
8 जुला.	1 39	8 जुला.	11 21
20 जुला.	9 12	20 जुला.	16 20
2 अग.	23 12	3 अग.	5 26
15 अग.	2 02	15 अग.	6 50
28 अग.	10 18	28 अग.	15 21
9 सितं.	19 28	9 सितं.	23 18
22 सितं.	15 19	22 सितं.	22 42

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं. मि.	समाप्त तारीख	घं. मि.
(सन् 2002 ई.)			
5 अक्तू.	16 58	5 अक्तू.	20 43
18 अक्तू.	1 49	18 अक्तू.	6 45
31 अक्तू.	13 24	31 अक्तू.	17 58
12 नवं.	12 09	12 नवं.	18 08
26 नवं.	6 33	26 नवं.	13 23
8 दिसं.	8 57	8 दिसं.	17 38
31 दिसं.	22 38	1 जन.'03	7 17
सन् 2003 ई.			
14 जन.	13 06	14 जन.	20 47
27 जन.	1 04	27 जन.	6 34
9 फर.	4 22	9 फर.	9 53
21 फर.	16 42	21 फर.	20 50
6 मार्च	13 33	6 मार्च	18 11
19 मार्च	6 14	19 मार्च	10 21
19 मार्च	11 39	19 मार्च	15 17
31 मार्च	22 38	1 अप्रै.	3 09

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य–सूर्य–चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किये जाने वाले क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ–समाप्तिकाल नितान्त स्थूल होता है। यहां दिया गया क्रांतिसाम्य का प्रारम्भ–समाप्तिकाल महापात गणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह सर्वथा सूक्ष्म है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को ही वर्जित किया गया है।

षडशीतिमुख संक्रान्ति पुण्यकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं. मि.	समाप्त तारीख	घं. मि.
(सन् 2002 ई.)			
10 जन.	7 07	10 जन.	19 07
5 अप्रै.	20 14	6 अप्रै.	8 14
4 जुला.	0 07	4 जुला.	12 07
1 अक्तू.	5 25	1 अक्तू.	17 25
सन् 2003 ई.			
10 जन.	13 16	11 जन.	1 16
महोदयपर्व (सन् 2002 ई.)			
11 फर.	11 06	11 फर.	14 25
सन् 2003 ई.			
1 फर.	10 54	1 फर.	16 18
वारुणीपर्व (सन् 2002 ई.)			
9 अप्रै.	17 42	9 अप्रै.	18 33
सन् 2003 ई.			
30 मार्च	सूर्योदय	30 मार्च	17 52

यन्त्र-मन्त्र एवम् तन्त्रों का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत अनुभूत यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र गतवर्षों से देते आ रहे हैं। इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिए गए मन्त्रों को शुभमुहूर्त में गुरुमुख से प्राप्त करके ग्रहणवेला, क्रान्तिसाम्य या सायन-संक्रान्तियों के पुण्यकाल में दृढ़ निश्चयपूर्वक अनुष्ठान करके, सिद्ध कर लेना चाहिए। **ध्यान रहे** - दीपमाला के समय एवं महाशिवरात्रि की महत्वपूर्ण रात्रियों में किंवा उल्लिखित समयावधियों में इनमन्त्र तन्त्रों को सिद्ध करके, इनका चमत्कार आप अविलम्ब देख सकेंगे। यन्त्र-मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश प्राप्त कर सकता है ;- **" सिद्धिर्भूषयते विद्याम् ।"**

मन्त्र ऐसे दिव्यशब्दों का समूह है, जिससे दृढ़ इच्छा शक्ति पूर्वक उच्चारण एवं मनन से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं। चुने हुए गुप्तशब्द ही मन्त्र हैं। इसमें शब्दों को ऐसा क्रम दिया जाता है, कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य-महाकाश में एक विचित्र कम्पन उत्पन्न होता है, जिसमें अभीप्सित कार्यसिद्धि एवं रचनात्मक प्रबल-प्रछन्नशक्ति होती है।

"मननात् त्रायते यस्मात्तस्मात् मन्त्र : प्रकीर्तित :। जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्न संशयः।।"

मन्त्रशास्त्र के अनुसार वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तान्त्रिकप्रयोगों को भगवान् शिव ने शक्ति सम्पन्न किया। इसी प्रकार कलियुग में शिवावतार श्री शावरनाथ जी ने शावरमन्त्रों को अद्भुतशक्ति प्रदान की । शाबरमन्त्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है, जोकि अर्थहीन मालूम देते हैं, परन्तु भगवान् शंकर जी के प्रताप से ये मन्त्र अवन्ध्य प्रभाव वाले हैं ;- **"अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश प्रतापू।।"** अतः शाबरमन्त्रों को यथावत् उच्चारण करें, किसी प्रकार से इसमें न्यूनाधिकता न करें। **नोट** :- मन्त्र का पुरश्चरण करते समय गुप्त रखें। प्रकट होने पर पुरश्चरण अर्थहीन हो जाता है ;- **"गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नत :।"**

(१) सर्वेष्ट सिद्ध्यर्थ नृसिंहमन्त्र

निम्नांकित श्लोकरूप मन्त्र के जाप से व्यक्ति सर्वविध कष्टों से मुक्ति पा सकता है। **शारदातिलक** मन्त्रशास्त्र में इसमन्त्र को मनोरथ-सिद्ध्यर्थ एवं महामारी से मुक्ति पाने के लिए प्रत्यक्ष फलप्रद कहा है।

मन्त्र -"ॐ उग्रवीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्यु-मृत्युं नमाम्यहम्।। "

विधि- इस श्लोकात्मक मन्त्र की सूर्याभिमुख होकर प्रातः तीनमाला, प्रतिदिन करने से मनोवांछित फल मिलता है, घर में रोगकष्ट नहीं होता।

(२) भुवनेश्वरी कर्णपिशाचिनी मन्त्र

मन्त्र - "ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं भुवनेश्वरी वाग्वादिनी कर्णपिशाचिनी साधकाय सिद्धिदायै नमः ॐ। "

जलप्रवाह में खड़ा होकर पांचसौ बार इसमन्त्र का जाप करें । जाप के बाद तर्पण-मार्जन-होम एवं ब्रह्मभोज कराएं। फिर निम्नांकित यन्त्र १०,००० बार जमीन पर लिखें। शासक भी वश में हों , जो भी वचन निकलेगा , सत्य ही होगा। इसमन्त्र साधना से प्राणी भूत-भविष्य एवं वर्तमान की बातें अनायास ही जान लेता है।

-: यन्त्र :-

ह्रीं ८	ह्रीं १	ह्रीं ६
ह्रीं ३	ह्रीं ५	ह्रीं ७
ह्रीं ४	ह्रीं ९	ह्रीं २

(३) स्वप्न में कार्यसिद्धि किंवा कार्यहानि ज्ञानार्थ मन्त्र

रात्रि में स्नान करके शुद्ध आसन पर बैठकर, कम से कम तीन माला निम्नांकित मन्त्र का जाप करके, भगवती दुर्गा का ध्यान करके शयन करें। रात्रि में स्वप्न में आपको मनोभिलषित- कार्यसिद्धि किंवा असिद्धि का ज्ञान हो जाएगा, अनुभव करें ।

मन्त्र -

**" ॐ ह्रीं दुर्गे देवि नमस्तुभ्यं सर्वकामार्थसाधिके ।
मम सिद्धिमसिद्धिं वा स्वप्ने सर्वं प्रदर्शय ह्रीं ॐ।।"**

(४) भविष्यकथन के लिए अद्भुत-अनुभूत सिद्ध साबर (शाबर) मन्त्र

मन्त्र :- "ॐ नगरी वाला बलवन्त की सिमरूं पवनकुमार रोज्जी देवे चौगुनी दूने देवे महन्त, आद्र घाटी विषभरे भैरों बसे ललाट, तीन खूंटकी मोहनी पिण्डी बसे ललाट, हंकी काली रूप किया विकराल, आधी रैण फिरे मतवाली भजदी आवे, ऋद्धि-सिद्धि सब ल्यावे, दर मोहूं दरम्यान मोहूं, पीड़े बैठी पटराणी मोहूं , घी-सिंदूर मस्तक चढ़े, राजा प्रजा सब नाथ जी के चरणों में पड़े, नाथ जी का आदेश।"

विधि :- इसमन्त्र का जाप शुक्ल द्वितीया के चन्द्रदर्शन के बाद आने वाले मंगलवार से शुरु करें। मंगलवार वाले दिन मीठी रोटी (मन्नी) बनाकर खाएं, यदि पूरी न खा सकें, तो बचे टुकड़े (अंश) को

किसी को भी न दें, उसे शुद्ध जगह पर पृथ्वी में दबा दें। मन्त्रजाप के दिनों में ब्रह्मचर्यपूर्वक रहें, भूमिशयन करें -और क्षौर (शेव आदि) न करें। ३१ हजार जाप, जितने दिनों में निष्ठापूर्वक कर सकें, पूरा करें।

ध्यान रहे,- जितना मन्त्रजाप पहले दिन करें, उतना ही प्रतिदिन नियमपूर्वक समय पर करें, मन्त्रजाप न्यूनाधिक नहीं होना चाहिए। मन्त्र सिद्ध होने पर साधक त्रिकालज्ञ होता है। सभी के मन की बात स्वतः स्फुरित हो जाती है, मन्त्रजाप पूर्वक अनुभव करें।

(५) सुरकात्यायनी मन्त्र-प्रयोग

मन्त्र - " ऊँ श्रूं हुं फट्। " - इस चार अक्षरों के मन्त्र में अवन्ध्य प्रभाव निहित है।

विधानम् - "शून्यं देवालयं गत्वा अष्टसहस्रं जपेत्। तदा स्वयमेव सुरकात्यायनी महाट्टहासं कृत्वाष्टशत परिवारेण नियतमागच्छति। आगतायै चन्दनोदकेन अर्घो देयः। तुष्टा भवति रस-रसायनं प्रयच्छति। भविष्य कथने सामर्थ्यं ददाति।।" - (मन्त्र महार्णवः)

अर्थात् - उपेक्षित-शून्य मन्दिर में बैठकर, आठ हजार मन्त्रजाप करें। सुरकात्यायनी, सपरिवार अट्टहासपूर्वक सामने आएगी। सुरकात्यायनी भगवती के आने पर, जल में चन्दन मिलाकर अर्घ्य दें। इस प्रकार माता अनेकविध भोज्य पदार्थ देती है और भविष्य कथन में सामर्थ्य प्रदान करती है।

(६) कर्णपिशाचिनी मन्त्र-प्रयोग

इसमन्त्र प्रयोग से भूत-भविष्यत्-वर्तमान (कालत्रय) की घटनाओं को साधक सहसा-ऐसे कह सकता है जैसे सब कुछ प्रत्यक्ष देख रहा हो। जो व्यक्ति साधक से पूछना चाहे, उसके बारे में भगवती कर्णपिशाचिनी सब कुछ साधक के कान में कह देती है। साधक के शत्रुओं को सर्वतोभावेन परास्त करके यश एवं ऋद्धि-सिद्धि देती है। यह प्रयोग एक सिद्ध महात्मा ने दिया है, अनुभूत है।

मन्त्र -"ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं दुं हु फट् कनक-वज्र-वैदूर्य-मुक्तालंकृत- भूषणे एहि एहि आगच्छ आगच्छ मम कर्णे प्रविश्य भूत-भविष्य-वर्तमान-कालज्ञानं दूर दृष्टि दूरश्रवणं ब्रूहि ब्रूहि, अग्निस्तम्भनम्, शत्रुस्तम्भनम् शत्रुमुखस्तम्भनम्, शत्रुगतिस्तम्भनम्, शत्रुमतिस्तम्भनम्, परेषां गतिं मतिं सर्वशत्रूणां वागृजृम्भणस्तम्भनम् कुरु कुरु, शत्रुकार्य-हानिकरि मम कार्यसिद्धिकरि, शत्रूणामुद्योग- विध्वंसकरि वीरचामुण्डिनि हाटक-धारिणि, नगरी-पुरी-पट्टणस्थान-सम्मोहिनि असाध्य-साधिनि ऊँ श्रीं ह्रीं ऐं ऊँ देवि हन हन हुं फट् स्वाहा।"

विधान - इमं मन्त्रमयुतं जपेत, सिद्धिर्भवति। सर्वं कर्णे कथयति शत्रून् नाशयति सर्वकार्याणि सिध्यन्ति।

अर्थात् - इसमन्त्र के अयुत (१०,०००) जाप से यहमन्त्र सिद्ध हो जाता है। पिशाचिनी द्वारा कालत्रय की घटनाएं कान में सुना दी जाती हैं। शत्रुनष्ट होते हैं, सभी कार्य सिद्ध होते हैं।

(७) कर्ण पिशाचिनी का संक्षिप्त चमत्कारी मन्त्र

मन्त्र- "ऊँ कं ह्रीं प्राणकर्षणमालोकितेन विश्वरूपी पिशाची वद वद इँ ह्रीं स्वाहा ।"

एकपक्ष (१५ दिन) में दसहजार बार इसमन्त्र का जाप करें, तत्पश्चात् माह (उड़द) की दाल से तलकर बनाए गए भल्लों की बलि, केले के पत्तों पर रख कर दें या प्रतिदिन शुद्ध मिट्टी के छोटे बर्तन में भांग रगड़कर रखें और पाठ के बाद भांग का भोग लगाकर, स्वयं सेवन करें, सिद्धि मिलेगी, कान में भूत-भविष्यत्-वर्तमान की घटनाएं सुनाई देने लगेंगी।

(८) कर्ण पिशाचिनी का एक और अनुभूत मन्त्र

मन्त्र - "ऊँ नमः कर्ण पिशाचिनी मम कर्णे प्रविश अतीतानागत वर्तमानं सत्यं सत्यं कथय मे स्वाहा।"

विधान - एकान्त में पृथ्वी पर शयन करें। रात्रि में धूप-दीप करके इसमन्त्र का जाप करें। आम के पट्ट पर १०८ बार मन्त्र लिखें, प्रत्येक बार लिखकर, धूप-दीप से उसमन्त्र की पूजा करें, बाद में मन्त्रपट्ट को सिर के नीचे रखकर रात्रि में शयन करें, सब बात स्पष्ट हो जाएगी । यदि साधक तीनलाख बार इसमन्त्र का जाप करे तो कर्ण पिशाचिनी प्रत्यक्ष सामने आ जाती है, भूत-भविष्यत्-वर्तमान सब कान में कहती है।

(९) स्वप्न चक्रेश्वरी मन्त्र प्रयोग

मन्त्र - "ऊँ नमः स्वप्नचक्रेश्वरि स्वप्ने अवतर अवतर गतं वर्तमानं कथय कथय स्वाहा। "

विधान - मन्त्रजाप से पहले गोमय (गाय के गोबर) से पृथ्वी का लेपन करके ज्योति का प्रकाश करें, बताशों का भोग ज्योति के समीप रखें और उल्लिखित मन्त्र का इक्कीस हज़ार मन्त्रजाप करें। बाद में भोग कुमारी कन्या को दे दें, तत्पश्चात् शयन करें, रात्रि में स्वप्न में आपके प्रश्न का उत्तर मिल जाएगा। यदि इसमन्त्र का जाप एकलाख करें तो स्वप्न चक्रेश्वरी देवी (मन्त्र अधिष्ठात्री देवी) स्त्रीरूप में प्रत्यक्ष आकर वर देगी, इसमें सन्देह नहीं। यहमन्त्र बड़ा ही चमत्कारी है एवं एक महात्मा ने स्वयं अनुभव किया है।

(१०) 'योजनगंधा-योगिनी' मन्त्र प्रयोग

मन्त्र - " जोजन गन्धा जोगिनी ऋद्धि सिद्धि में भरपूर।
मैं आयो तोय जांचणे करजो कारज जरूर ।। "

इसमन्त्र से प्रश्न का उत्तर जानने का **विधान** इस प्रकार है :- सवा सेर गेहूं का आटा, अढ़ाई पाव घी और अढ़ाई पाव खाण्ड, ये सब मिलाकर , भूनकर कसार बनालें। शनिवार के दिन निराहार सूर्योदय से पहले जंगल में चींटियों के बिल में थोड़ा-थोड़ा कसार गिराता जाए, साथ ही उल्लिखित मन्त्र बोलता जाए। जंगल में खूब भ्रमण करें, मन्त्र जाप करता रहे। मध्याह्न ढलने पर जब थक जाए तो किसी वृक्ष के नीचे विश्राम करे। उसी समय निद्रावस्था प्राप्त होने से एकाकी पुरुष या स्त्री सम्मुख उपस्थित हो जाएगा और साधक के प्रश्न का स्पष्ट शब्दों में उत्तर देगा। उसकी बात साधक को अच्छी तरह सुनाई देगी। यह चार प्रहर का प्रयोग निराहार व्रत रखकर ही करें - इसमन्त्र के प्रयोग के पहले दिन ही प्रश्न का उत्तर मिलने लगता है;- इसमें सन्देह नहीं। यहविधान कई दिनों तक लगातार करने पर तो मनोवांछित फल प्राप्त होता है। भोजन घर आकर रात्रि में करें ।

(११) मनोकामना शीघ्र पूर्ण करने के लिए अनुभूत मन्त्र

आपके कार्य में देरी हो रही हो या बनते-बनते कार्य बिगड़ने की शंका हो तो , निम्नांकित मन्त्र को एकादशी का व्रत रखकर १००८ बार जाप करें, मनोकामना अविलम्ब पूर्ण होगी।

मन्त्र - "ऊँ नमः कामाक्षायै देव्यै नमः। ऊँ ह्रीं क्रीं श्रीं अं कं चं टं तं पं यं शं ऐं सां ऐं मनोकामनां पूर्णां कुरु कुरु स्वाहा।"

(१२) नौकरी (कारोबार) प्राप्ति के लिए साबर मन्त्र

मन्त्र - "ऊँ नमो आदेश गुरु का धरती में बैठ्या लोहे का पिण्ड राख लगाता गुरु गोरखनाथ आवन्ता जावन्ता धावन्ता हांक देत धार धार मार मार शब्द सांचा फुरो वाचा।"

विधि- मृगछाल (मृगचर्म) पर बिनासिला कपड़ा पहन कर बैठें। १०८ बार रुद्राक्ष की माला से इसमन्त्र का जाप करके, खीर की १०८ आहुतियां डालें, आहुतियां एकसप्ताह जाप करके डालें, आजीविका का साधन बन जाएगा। शुक्लपक्ष की द्वितीया से मन्त्रजाप शुरु करें।

(१३) प्रेतबाधा शान्त्यर्थ मन्त्र

मन्त्र - " ऊँ नमो काली कपाली दहि दहि स्वाहा। " -

इसमन्त्र से जल को अभिमन्त्रित करके प्रेताविष्ट व्यक्ति पर छिड़कना चाहिए। जल के छींटे पड़ते ही प्रेत चिल्लाकर भाग जाएगा।

(१४) बालक को दृष्टिदोष (नजर) से मुक्त करने के लिए साबरी मन्त्र

मन्त्र - "ऊँ डायन मोर जादू बाण । चौंक उठे बालक के प्राण । रोए बालक फक्का फाड़। चीखें मार करे चीत्कार। दोहाई कामाक्षा देवी की, तुझे शंकर की आन। ऊँ नमः रुद्राय। ऊँ नमः कामाक्षादेव्यै ह्रीं क्रीं श्रीं फट् स्वाहा। "

अगर सोया हुआ बच्चा चौंक कर उठता हो, अकारण रोता रहता हो, तो झाडू की एक तिल्ली लेकर बच्चे को उल्लिखित मन्त्र पढ़ते हुए झाड़ दें, तिल्ली को आग में जला दें, बच्चा पूर्णतया प्रसन्न रहेगा।

(१५) भूत-पिशाच बाधा से मुक्ति पाने के लिए अनुभूत मन्त्रप्रयोग

मन्त्र - " ऊँ ह्रीं दुर्वृत्तानामशेषाणां बलहानिकरं परम्। रक्षो-भूत-पिशाचानां पठनादेव नाशनम् ह्रीं ऊँ।।

विधि :- (क) उल्लिखित मन्त्र दीपावली की रात्रि में ११ हजार बार जपने से ही सिद्ध हो जाता है। दशांश हवन करना भी अनिवार्य है।

यदि घर में नित्यकलह, अकारण भय, बाधा बनी रहे, धनहानि हो, दरिद्रता-आतंक रहे, भूत-प्रेत-पिशाच की छाया हो, किसी ने घर पर अनिष्टकारक प्रयोग किया हो, तो इस चामत्कारिक मन्त्र को शुभवेला में, शुद्ध कागज पर अनार की कलम से लिखकर, मन्त्र का विधिवत् पूजन करके धूप-दीप करने के वाद दाईं भुजा में बांधने पर या लाल कपड़े में बांधकर, घर में शुद्धस्थान पर रखने से सर्वविध शान्तिलाभ होता है।

(ख) यदि सारे घर के सदस्य भूत-प्रेत बाधा से परेशान हों तो घर में ही इसमन्त्र का जाप करावें। मन्त्रजाप पूरा होने पर दशांश हवन कराएं। हवन पूर्ण होने पर खैर की लकड़ी, ८ लोहे की कीलें, ८ पीली कौड़ी, ८ हल्दी की गांठें, डोडी वाले ८ लौंग लेकर, उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके, मन्त्रोच्चारण करते हुए आग्नेय कोण से शुरु करके आठों दिशाओं में एक हाथ का गड्ढा खोदकर, इन चीजों को कौड़ी चित्त करके गाड़ें। ऐसा करने से भूत-प्रेत बाधा से घर पूर्णतया सुरक्षित रहेगा। यह प्रयोग अनेकत्र अनुभूत है। उल्लिखित मन्त्र से उपद्रवग्रस्त स्थान भी सुखद होता देखा गया है।

(१६) अचानक आया संकट तुरन्त दूर हो।

आजकल विश्व में अशान्त वातावरण से आत्मरक्षा के लिए किंवा समयानुसार सर्वविध संकटों से मुक्ति

पाने के लिए आप आगे लिखे गये मन्त्र का जाप करें-

मन्त्र - " ऊँ ह्रीं सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्ति समन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते।।
एतत्ते वदनं सौम्यं लोचनत्रय - भूषितम्।
पातु नः सर्वभीतिभ्यः कात्यायनि नमोऽस्तु ते ह्रीं ऊँ।। "

ऐसी स्थिति में जबकि घर का कोई सदस्य भारी संकट में हो, राजभय किंवा आतंक का साया सिर पर हो तो अपने विश्वस्त विद्वान् पण्डित से उक्त जाप कराएं अथवा स्वयं जाप करें। समय कम होने की अवस्था में उल्लिखित मन्त्र का यथाशक्ति जाप करें एवं एक पान पर शाकल्य, १ कमलगट्टा,१ सुपारी, २ लौंग, १ इलायची, गुग्गुल की आहुति दें, मन्त्रजाप करते रहें. तुरन्त आपत्ति का निराकरण होगा।

(१७) बिच्छू-विषनाशक गारुड़मंत्र

मन्त्र - " ऊँ सुपर्णोऽसि गरुत्मान् स्त्रीवृते शिरागावत्रं चक्षुर्वृहद्रथन्तरे वक्षी। सोम आत्माच्छेन्दां स्याद्भानि यजूंषि नाम। साम ते तनुर्वाम देव्यं यज्ञयज्ञि यम्पुच्छन्धिष्टायाऽशव्या सुपर्णोऽसि गुरुत्मान् दिवं गच्छ स्वः पत ऊँ।। "

इसमन्त्र को संस्कृत की दृष्टि से शुद्ध करने का प्रयास न करें। गारुड़मंत्र का जाप ग्रहण वेला में करके सिद्ध कर लें। बिच्छू विषाक्तव्यक्ति को नीम की डाली या अपामार्ग (पुठकण्डा)से झाड़ें, तुरन्त शान्ति मिलेगी।

-: विषशान्त्यर्थ प्रचीन शास्त्रोक्त औषध :-

**" दधि मधु नवनीत पिप्पली शृङ्गवेरम्। मरिचमपि कूटे प्रतिहंसा सुकेशी।।
यदि दंशति सरोषो तक्षको वासुकिर्वा। यमसदन गतानां नास्ति मृत्युर्नराणाम्।।"**

अर्थात् - गाय के दूध से प्राप्त ताजा मक्खन, गाय का दही, शहद, पिप्पली, अदरक, काली मिर्च, कूट, प्रतिहंसा और सुकेशी-ये सभी बराबर मात्रा में मिलाकर, सर्प से डंसे हुए व्यक्ति को खिला दें, विष उतर जाएगा। यह शास्त्रों में से उद्धृत है, अनुभूत नहीं।

(१८) पशुओं में रोग-शान्ति के लिए मन्त्र

गांव में पशुओं की बीमारी से मुक्ति के लिए गुरुपुष्य, रविपुष्य, हस्तार्क या किसी उत्तम समय में मिट्टी के कोरे कसोरे (परई) के भीतर इसमन्त्र को भोजपत्र पर लिखकर, धूप देकर डाल दें। मन्त्र से युक्त हांडी या कसोरे को भी धूप देकर, लालकपड़े से पशुशाला में लटका दें, बीमारी नहीं रहेगी।

मन्त्र- " अर्जुनः फाल्गुनो जिष्णुः किरीटी श्वेतवाहनः।
बीभत्सुः विजयी पार्थः सव्यसाची धनञ्जयः।।
कपिध्वजो गुड़ाकेशो गांडिवी कृष्णसारथिः।
एतान्यर्जुन नामानि गवां गोष्ठे च यो लिखेत्।
निश्चितं पशु-रोगादेर्नाशः शीघ्रं प्रजायते ।। "

(१९) बालरक्षार्थ मन्त्र

यदि अबोधबालक अकारण रोता रहे, सांस चढ़ा ले, नीला होता जाए, तो समझें कि किसी बुरी छाया का प्रभाव है। ऐसी स्थिति में निम्नांकित मन्त्र को भोजपत्र पर अष्टगन्ध या केवल लालचन्दन की मसी (स्याही) लेकर अनार की कलम से लिखें। गुग्गुल की धूप देकर, इसमन्त्र को बच्चे के गले में डाल दें, आश्चर्यजनक रूप से बच्चे को शान्ति मिलेगी।

मन्त्र- "रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर।
ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।।"

इसमन्त्र का कुलपुरोहित या विद्वान् पण्डित से जाप करा सकते हैं, मन्त्रजाप से ही यहमन्त्र पूर्णरूपेण फलद है।

(२०) श्रीघण्टाकर्ण का चमत्कारी मन्त्र

मन्त्र - " ऊँ ह्रीं श्रीं क्लीम् घण्टाकर्ण महावीर सर्वव्याधि-विनाशकः। आधिं व्याधिं विपत्तिं च महाभीतिं विनाशय।। नाम मन्त्रोऽस्ति ते सिद्धिः सर्वमंगल कारकः। इष्टसिद्धिं महासिद्धिं जयं लक्ष्मीं विवर्धय ।। त्वच्छ्रद्धा भक्तियोगेन भवन्तु सर्वशक्तयः। पराभवन्तु दुष्टाश्च शत्रवो वैरिदुर्जनाः।। आपत्कालेषु मां रक्ष मम बुद्धिं प्रकाशय । सर्वोपद्रवतो रक्ष घोर- रोगान्विनाशय।। ऊँ ह्रीं श्रीं क्लीं घण्टाकर्ण महावीर धन समृद्धिं प्रवर्धय। राज्यं च राज्यमानं च बलबुद्धिं प्रवर्धय।। ऊँ क्लीं ह्रीं श्रीं घण्टाकर्ण महावीर सर्वव्याधि विनाशकः। महारोगान्भयान्चोरान्नाशय नाशय मे द्रुतम्।। दर्शनं देहि प्रत्यक्षं संरक्ष सर्व कंटकात् । रणे वने समुद्रे च रक्ष सरंक्ष मे द्रुतम्।। अग्निचौरादितो रक्ष त्वन्नाम मन्त्रजापतः। ह्रीं घण्टाकर्ण नमोऽस्तु ते ठःठःठः स्वाहा।। "

-: श्रीघण्टाकर्ण महावीर का ध्यान एवं प्रयोग :-

**" रक्तामाल्याम्बरधरो रक्तगन्धानुलेपनः। सेवितो यक्ष कन्याभिर्वेष्टितश्चन्द्रशेखरः।
एवं ध्यात्वा महावीरं जपेद् रुद्रसहस्रकम्। पायसान्नेन जुहुयाद् गुग्गुलेन घृतेन वा।।"**

अर्थात् - भगवान् घण्टाकर्ण महावीर रक्तवर्ण के वस्त्र एवं लालवर्ण की माला धारण किए हुए हैं, लाल सुगन्धित सिन्दूर से शरीर लिप्त है। यक्षकन्याओं से सेवित शिवरूप भगवान् श्रीघण्टाकर्ण महावीर का ध्यान करके, एकहजार रुद्रमन्त्र (उल्लिखित मन्त्र) का जाप करें। तत्पश्चात् गोदुग्ध से बनी खीर, गुग्गुल या गोघृत से हवन करें तो उल्लिखित मन्त्र आश्चर्यजनक रूप से प्रभावकारी सिद्ध होगा।

इसमन्त्र के विभिन्न प्रयोग :- श्रीघण्टाकर्ण मन्त्र को पहले सूर्य या चन्द्रग्रहण में अथवा किसी शुभमुहूर्त्त में ११ हजार बार जप करके सिद्ध कर लें, तभी इसे प्रयोग में लाएं।

ध्यान दें-इसमन्त्र को परोपकार की भावना से ही प्रयोग में लाएं, व्यापारिक दृष्टि से नहीं।

कुत्ते के काटने पर **"ठःठःठः स्वाहा"** इसमन्त्र को पढ़कर मिट्टी के गोले से सात बार झाड़ें, तो कुत्ते के बाल मिट्टी के गोले के अन्दर आ जाते हैं। पशु बीमार हो तो उक्त घण्टाकर्णमन्त्र को सात बार जपकर पशु पर हाथ फेरने से पशु के सब प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं। इस सिद्धमन्त्र से बड़े-बड़े साधक कार्य लेते हैं। नारियल की गिरि, छुहारा, दाख, घी, शक्कर एवं शहद से १२ हजार होम करके और इसमन्त्र का यन्त्र बनाकर अपने पास रखने से **सर्वविध उपद्रवों से मुक्ति** मिलती है। प्रातः उक्त मन्त्र को २१ बार पढ़कर, तीन अंजलि जलपान करने से विद्या-बुद्धि में वृद्धि होती है।

२१ बार मन्त्रोच्चारण के बाद अपने थूक का तिलक करके राजदरबार, कोर्ट आदि में जाने से अभीप्सित कार्य सिद्ध होता है, मन्त्र पढ़कर पगड़ी के कोने में गांठ बांधकर, उस गांठ को लटकाने पर **सामने खड़ा शत्रु भी वशीभूत हो** जाए। ग्रहदोष, शाकिनीदोष आदि से सबन्धित रोग की अवस्था में झाडू बगैरह से झाड़ देने पर **सर्वग्रहदोष-रोगों से मुक्ति** मिले।

कुमारी कन्या के हाथ से काता हुआ नौ तन्तुओं वाला सूत का धागा सिर से पैर तक की माप कर सात गाठें दे दें। १२१ बार इसमन्त्र से अभिमान्त्रित करके गुग्गुल का धूप देकर, स्त्री की कमर में बांधने से **गर्भस्तम्भन** होता है। इसमन्त्र से २१ बार फूंक देकर शिशु सहित स्त्री को वस्त्र से ओढ़ दें तो उसका बालक रोने से हट जाता है। श्वेतचन्दन को घिसकर जल में मिला लें, उसजल को इसमन्त्र से अभिमन्त्रित करके भूत-प्रेत बाधा से पीड़ित व्यक्ति को पिला देने से बाधा तुरन्त शान्त होती है-अनुभूत है। दुकान में बिक्री न होती हो तो उन चीजों पर हाथ रखकर, इसमन्त्र को ७ बार पढ़ें, तो **बिक्री चौगुनी** हो जाए। इसमन्त्र को घर के भीतर की दीवार पर हल्दी से लिखने पर **आधि-व्याधि-महामारी** आदि नहीं रहती।

(२१) मृतवत्सा (अठरहा) रोग-निवृत्ति मन्त्र

मन्त्र - "ऊँ परब्रह्म परमात्मने 'अमुकी ' गर्भे दीर्घजीवि सुतं कुरु कुरु स्वाहा।"

मृतवत्सादोष निवारण के लिए ज्येष्ठमास की पूर्णमासी को १००८ बार मंत्र को विधिपूर्वक जपें एवं दीपावली की रात्रि अथवा ग्रहण के समय जाप से सिद्ध करें। तत्पश्चात् मन्त्र में **'अमुकी'** शब्द के स्थान पर स्त्री का नाम लिखें। मन्त्र को अष्टगंधादि से लिखकर, स्त्री अपने पास भुजा आदि पर बांधे रखे, मृतवत्सा रोग शान्त होगा।

(२२) सिरदर्द हेतु सिद्ध साबर मन्त्र

मन्त्र - "हजारघर चाले एक घर खाय, आगे चले तो पीछे जाय।
फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा, मेरे गुरु का वचन सांचा।। "

विधि :- शनिवार या मंगलवार के दिन श्रीमहावीर जी की प्रतिमा के चरणभाग से थोड़ा सा सिन्दूर लें। सिरदर्द वाले रोगी के माथे पर, उल्लिखित मन्त्र बोलते हुए उस सिन्दूर से तिलक करें, तुरन्त लाभ अनुभव होगा।

(२३) दृष्टिदोष (नजर) दूर करने के लिए मन्त्र

कुछ बच्चे अकारण रोते रहते हैं, रात्रि में भी सोते नहीं, जबकि वैद्य उन्हें ठीक बताता है। ऐसे लक्षण दृष्टिदोष युक्त बालक के हैं। ऐसी स्थिति में बालक को सामने बैठाकर मोरपंख से झाड़ा दें एवं निम्नांकित मन्त्र को उच्चारण करते रहें-

मन्त्र - "ऊँ अंजनि-गर्भ-संभूतं कुमारं ब्रह्मचारिणम्।
दृष्टिदोष-विनाशाय हनुमन्तं स्मराम्यहम्।।"

नोट :- इसमन्त्र को दीपावली की रात्रि में, होली, मंगलवार की रात्रि में या ग्रहण के समय १००८ बार जप करके सिद्ध कर लेना आवश्यक है।

(२४) नेत्रज्योति को सुरक्षित रखने के लिए अद्भुत प्रयोग

"चाक्षुषी विद्या"

इस चाक्षुपी विद्या को **'चाक्षुषोपनिषद्'** एवं श्रीकृष्ण यजुर्वेद में **'चाक्षुषी विद्या'** के नाम से जाना जाता है। इस विद्या का श्रद्धापूर्वक नियमित रूप से प्रातः सूर्य के सामने बैठकर पाठ करने से नेत्र-सम्वन्धित

समस्त रोग स्वतः शान्त हो जाते हैं, औषध सद्यः फल देने लगती है। नेत्रज्योति स्थिर रहती है। जिस परिवार में इस चमत्कारी चाक्षुषी विद्या का नित्यप्रति पाठ किया जाता है, उस कुल में कोई भी व्यक्ति दैविक-प्रकोप किंवा किसी भी प्रकार के नेत्ररोग से अन्धा नहीं होता। पाठ के पूर्ण होने पर गन्ध, पुष्पादि युक्त जल से सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए और अर्घ्य देते समय जल के माध्यम से सूर्य को देखना चाहिए। आजकल नेत्ररोग एवं अन्वेषन से अनेकों लोग अपने जीवन को संकटापन्न अनुभव करते हैं, उन सभी लोगों के लिए यह निम्नांकित **'चाक्षुषी विद्या विधान'** अवश्यमेव वरदान सिद्ध हो सकता है , इसमें सन्देह नहीं ।

विधान इस प्रकार है :-

विनियोगः - (जल दाएं हाथ में लेकर) " **ॐ अस्याश्चाक्षुषी विद्याया अहिर्बुध्न्य;ऋषिः, गायत्री छन्दः, सूर्यो देवता, चक्षुरोगनिवृत्तये जपे विनियोगः।"**

(इस विनियोग का उच्चारण करके सूर्य भगवान् के समक्ष जलत्याग करें ।) -

तत्पश्चात् निम्नांकित **'चाक्षुषी विद्या'** का पाठ सूर्याभिमुख होकर करें ,-

-: नेत्रोपनिषद् :-

" ॐ चक्षुः चक्षुः चक्षुः तेजः स्थिरो भव। मां पाहि पाहि। त्वरितं चक्षु - रोगान् शमय शमय। मम जातरूपं तेजो दर्शय दर्शय। यथा अहम् अन्धो न स्याम् तथा कल्पय कल्पय। कल्याणं कुरु कुरु। यानि मम पूर्वजन्मोपार्जितानि चक्षु-प्रतिरोधक दुष्कृतानि सर्वाणि निर्मूलय निर्मूलय। ॐ नमश्चक्षुस्तेजो दात्रे दिव्याय भास्कराय। ॐ नमः करुणाकरायामृताय। ॐ नमः सूर्याय। ॐ नमो भगवते सूर्यायाक्षितेजसे नमः। खेचराय नमः। महते नमः। रजसे नमः। तमसे नमः। असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय। उष्णो भगवान् शुचिरूपः। हंसो भगवान् शुचिरप्रतिरूपः। यः इमां चाक्षुष्मतीं विद्यां ब्राह्मणो नित्यमधीते, न तस्याक्षिरोगो भवति। न तस्य कुलेऽन्धो भवति। अष्टौ ब्राह्मणान् सम्यग् ग्राहयित्वा विद्यासिद्धिर्भवति। ॐ नमो भगवते आदित्याय अहोवाहिनी अहोवाहिनी स्वाहा।। "

यदि इसपाठ के बाद हवन करने की इच्छा हो तो **" ॐ नमो भगवते आदित्याय अहोवाहिनी अहोवाहिनी स्वाहा "** - इस मन्त्र से कम से कम १०८ आहुतियां डालें।

उल्लिखित प्रयोग अनेक विद्वान् पण्डितों एवं नेत्ररोगियों द्वारा अनुभूत एवं परीक्षित है, पाठक आवश्यकता में पाठ करके फल अनुभव करें।

(२५) अपस्मार (मिरगी) रोग एवं भूत-प्रेत-पिशाच आदि से मुक्ति पाने के लिए अनुभूत ' त्रिपुर भैरवयन्त्र '

–: त्रिपुर भैरवयन्त्र :–

इसयन्त्र को मिरगी रोगग्रस्त व्यक्ति एवं भूत-प्रेत आदि से पीड़ित व्यक्ति त्रिधातु से निर्मित (अर्थात् १० रत्ती सोना, १२ रत्ती तांबा , १६ रत्ती चांदी मिलाकर बनाए गए) ताबीज में मढ़ाकर, विधिवत् पूजा करके शुभवेला में धारण करे तो अपस्मार रोग से मुक्ति एवं प्रेतबाधा से भी मुक्ति मिलती है। यहयन्त्र हस्तलिखित **' यन्त्र चिन्तामणि '** से उद्धृत है। **इसयन्त्र में जहां ' देवदत्तः ' लिखा है, वहां रोगग्रस्त किंवा प्रेतत्रस्त व्यक्ति का नाम लिखना चाहिए।**

इसयन्त्र को ग्रहणवेला किंवा दीपावली की रात्रि में भोजपत्र पर अष्टगन्ध, केसर की स्याही लेकर अनार की कलम से लिखें ।

(२६) प्रेतपीड़ा या टोने आदि से बचने के लिए मन्त्र

बारहवर्ष से कम आयु की कन्या के काते हुए कच्चे सूत के सात धागे लेकर, उन पर सात गांठे लगा लें। प्रत्येक गांठ पर सात बार निम्नांकित मन्त्र को पढ़ें -

मन्त्र – **" ॐ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे।
भ्रामणेनात्म - शूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि।।
सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते।
यानि चात्यर्थ-घोराणि तैरक्षास्मान् तथा भुवम्।। "**

यहप्रयोग अत्यन्त सफल है। गर्भावस्था में गर्भपातभय से मुक्ति एवं शत्रुकृत टोना किंवा प्रेतादि शान्ति के लिए अनुभूत है।

(२७) वशीकरण के लिए शाबरमन्त्र

यहमन्त्र चमत्कारी है, परन्तु पति अपनी पत्नी के लिए एवं पत्नी अपने पति के लिए प्रयोग में लावें। अनुचित कार्यार्थ परस्त्री-पुरुष के वशीकरण के लिए इसमन्त्र का प्रयोग व्यक्ति के लिए (कर्त्ता के लिए) स्वयं हानिकारक रहेगा-यह ध्यान रहे।

मन्त्र - **"ऊँ मोहिनी माता भूत पिता भूतसिर बेताल उड़ ऐ काली नागिन.......... को लग जाये। ऐसी जाके लगे कि........को लग जाए हमारी मुहब्बत की आग, न खड़े सुख न लेटे सुख, न सोते सुख। सिन्दूर चढ़ाऊं मंगलवार, कभी न छोड़े हमारा ख्याल, जब तक न देखे हमारा मुख, काया तड़प तड़प मर जाय, चलो मन्त्र फुरो वाचा दिखाओ रे शब्द अपने गुरु के इलम का तमाशा।।"**

इसमन्त्र में......इस प्रकार बिन्दुओं से युक्त खाली छोड़े स्थानों पर, उस स्त्री या पुरुष के नाम का उच्चारण करें जिसे वश में करना चाहते हैं।

विधि :- शुक्लपक्ष की अष्टमी से पूर्णमासी तक एकान्त-शान्त कमरे में रात को दस बजे के बाद ऊनी आसन पर बैठकर, जल का पात्र अपने पास रखें, धूप-दीप जलाकर उल्लिखित मन्त्र का जाप प्रारम्भ करें। अपनी प्रेमिका, पत्नी या प्रिय (जिसे अनुकूल बनाना हो) का चित्र सामने रख लें। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ प्रतिदिन दो घण्टे मन्त्रजाप करें। नौ दिन में ही अभीष्ट कार्यसिद्धि होगी।

(२८) गाय-भैंस दूध दे - साबरी मन्त्र

नीचे लिखे मन्त्र को ग्रहण या दीपावली की रात्रि में सिद्ध कर लेने पर प्रयोग में लाएं। इसमन्त्र को राख पर पढ़कर, पशु के स्तन एवं मस्तक पर लगा दें या दूब (घास)पर पढ़कर, बिगड़े हुए पशु को खिला दें, तो निश्चय ही पशु ठीक ढंग से दूध देने लगता है।

साबरी मन्त्र - "सुआ झार कज्जल भार, तेल कड़ाही दूधा धार, सावा भार विष उतर गंगा-यमुना चले नीर, बालक छोड़े मातु शरीर, जो अटके तो गौरां पार्वती का अंचला फटे, दोहाय ईश्वर महादेव गौरां पार्वती नैना योगिनी, कामरु कामाक्षा के दोहाय।"

(२९) पति-पत्नी में परस्पर मेल हो - वैदिक मन्त्र

किसी वजह से पति-पत्नी में विवाद उठ खड़ा हो, दोनों के विचार विरोधी दिशाओं में चलते हों तो निम्नमन्त्र का जाप करें। विरोध शान्त हो जाएगा और मधुरता उत्पन्न होकर पुनः मिलन होगा।

मन्त्र - " यथा नकुलो विच्छिद्य संदधात्यहिं पुनः । एवा कामस्य विच्छिन्नं संधेहि वीर्यावति।। अस्यौ नौ मधु संकाशे अनीक नौ समञ्जनम्। अन्तः कृणुष्व मां हृदि मन इन्नौ महासति।। "

(३०) गृहक्लेश दूर करने के लिए मन्त्र

निम्नमन्त्र को उत्तराभिमुख होकर रात के ९ बजे के बाद साढ़े ११ बजे से पहले प्रारम्भ करें। धूप-ज्योति जगाकर पांच-पांच माला मन्त्रजाप ३३ दिन तक प्रतिदिन करें। तर्पण करें तथा ब्राह्मण भोजन कराएं। दीपावली की रात्रि या ग्रहण के समय निम्नमन्त्र को सिद्ध करके, लिखकर देने से एवं घर में हवन करने से घर में क्लेश दूर होकर, गृह में शान्ति हो जाती है।

मन्त्र - "ऊँ दमयन्ती-नलाभ्यां तु नमस्कारं करोम्यहम्। अभिवादो भवेदत्र कलिदोष प्रशान्तिदः।। ऐकमत्यं भवेदेषां ब्राह्मणानां पृथगृधियाम् । निर्वैरता च जायेत संवादाग्ने प्रसीद मे।।"

(३१) कुपथगामी-पति किंवा पत्नी के वशीकरण के लिए मन्त्र

**मन्त्र - "ऊँ कामातुरे काममेखले विद्योषिणि नीललोचने !
"अमुकं" मे वश्यं कुरु कुरु ह्रीं स्वाहा।। "**

विधिः-इस उल्लिखित मन्त्र से मिठाई या किसी मीठी भक्ष्यवस्तु को सात बार अभिमंत्रित करें, फिर दुबारा उसव्यक्ति का नाम लेकर उसव्यक्ति का ध्यान करें कि वह व्यक्ति आपके चरणों में गिर रहा है, क्षमा याचना कर रहा है, ऐसा ध्यान करके, इसमंत्र से अभिमन्त्रित करें और उस चीज को कुपथगामी व्यक्ति को खिला दें। ऐसा ही चालीस दिन करें, व्यक्ति अवश्यमेव वश में हो जाएगा। **ध्यान दें - इसमन्त्र में जहां 'अमुकं' लिखा है , वहां कुमार्गगामी व्यक्ति का नाम बोलना चाहिए।**

(३२) पुत्र या अन्य किसी भी व्यक्ति के वशीकरण के लिए अनुभूत सूर्यमन्त्र

आजकल पति-पत्नी, पिता-पुत्र आदि में वैमनस्य देखा गया है, एतदर्थ आप पारस्परिक सम्बन्धों को मधुर बनाने के लिए इसमन्त्र का प्रयोग कर सकते हैं-

मन्त्र -"ऊँ नमो भगवते श्रीसूर्याय ह्रीं सहस्रकिरणाय, ऐं अतुल - बल - पराक्रमाय नवग्रह-दशदिक्पाल-लक्ष्मी-दैवताय, धर्म-कर्म-सहिताय 'अमुकं नाम' नाथय नाथय, मोहय मोहय, आकर्षय - आकर्षय दासानुदासं कुरु कुरु क्षिप्रं वश्यं कुरु कुरु स्वाहा।"

इसमन्त्र में जहां **'अमुकं नाम'** शब्द का प्रयोग किया गया है, वहां जिसे अनुकूल करना हो उसव्यक्ति का नाम लेना चाहिए। वश्यव्यक्ति का ध्यान करके प्रतिदिन इस मंत्र को एक सौ आठ बार पढ़ना चाहिए और बाद में ध्यान करें कि वह व्यक्ति आपके सामने झुक गया है; ४१ दिन में ही व्यक्ति वशंवद हो जाएगा।

ध्यान दें - वशीकरण मन्त्रों का प्रयोग उचित कार्य के लिए ही करें, बुरे उद्देश्य से मन्त्र का अनुचित प्रयोग फलीभूत न होगा, पाप के भागी भी आपको होना पड़ेगा।

(३३) पति-वशीकरण मन्त्र

आजकल अनेकत्र देखा गया है कि पति अन्यासक्त या क्रोधाभिभूत होने के कारण अपनी पत्नी को सम्मान नहीं देता एवं पति-पत्नी में संघर्ष रहता है। एतदर्थ हम एक अनुभूत पति-वशीकरण मन्त्र लिखते हैं,-

मन्त्र - " ऊँ क्लीं ज्ञानिनामपिचेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति।। "

विधि :- उल्लिखित मन्त्र को जपने से पूर्व साधक इसप्रकार ध्यान करे कि महामाया भगवती अपने दृढ़पाश (रज्जू) से साध्य (पति) को बांधकर साधिका (मन्त्र करने वाली) के पैरों में डाल रही है, उस त्रिनेत्रों वाली भगवती के एक हाथ में तलवार है। ऐसी महामाया शक्तिरूपा दुर्गा को मैं पतिवशीकरणार्थ नमस्कार करती हूँ। इसप्रकार ध्यान करके साधिका ४१ दिन (दोनों समय ११००/११००) मन्त्र का जाप प्रातःपूर्वाभिमुख एवं सायं को उत्तराभिमुख होकर करे। अष्टमी एवं चतुर्दशी को तीन कन्या एवं एक बटुक को खीर-पूरी का भोजन करावें। निश्चय ही साधिका पतिवशीकरण में सफल होगी।

(३४) लौंग-मोहिनी मन्त्रप्रयोग

निम्नांकित मन्त्र का जाप शुभमुहूर्त में शनिवार की रात्रि में प्रारम्भ करें। प्रतिदिन एक निश्चित समय में कम्बल के आसन पर बैठकर, लौंग सामने रखकर, इसमन्त्र का जाप निश्चयपूर्वक करें। कम से कम ३ माला प्रतिदिन करें। २१ दिन में मन्त्र सिद्ध हो जाता है। जब भी किसी शत्रु या व्यक्ति विशेष को वश में करना हो तो इसमन्त्र से अभिमन्त्रित करके ४ दिन लौंग खिला दें, व्यक्ति पूर्णरूपेण समर्पित हो जाएगा।

मन्त्र- " सत्य नाम आदेश गुरु को लौंग लौंग मेरा भाई, इन्हीं लौंग ने शक्ति चलाई। पहली लौंग राती माती, दूजी लौंग जोवनमाती, तीजी लौंग अंग मरौड़ै, चौथी लौंग दोऊ कर जोड़े, चारो लौंग जो मेरी खाय, फलाने के पास से फलाने कने आ जाय, गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।। "

नोट :- यहां **'फलाने'** शब्द के स्थान पर वश्यव्यक्ति का नाम लें।

(३५) किसी व्यक्ति से अभीप्सित कार्य कराने के लिए तन्त्र

कुंकुम, चन्दन, गोरोचन को गंगाजल एवं गाय के दूध में पीसकर, अपने मस्तक पर तिलक करने से राजा को भी अपने अनुकूल किया जा सकता है-

तन्त्र - "कुंकुमं चन्दनं चैव रोचनं शशिमिश्रितम्।
गवां क्षीरेण तिलकं राजवश्यकरं परम्।।"

ध्यान दें, कि - उपर्युक्त प्रयोग करने के साथ निम्नलिखित मन्त्र का जाप अवश्य करें-

मन्त्र - "ऊँ ह्रीं सः 'अमुकं' में वशमानय स्वाहा।"

यहां **'अमुकं'** के स्थान पर व्यक्ति विशेष का नाम लेना चाहिए। उल्लिखित गोरोचनादि का तिलक, जिस व्यक्ति से काम लेना है, उस व्यक्ति के सामने जाते समय ही लगावें।

(३६) सिद्ध आकर्षण विधान

कोई स्त्री-पुरुष या बालक घर से रूठकर चला गया हो, या विदेश गया हुआ व्यक्ति वापिस घर आने का विचार न रखता हो तो निम्नांकित विधान उसे घर बुलाने में अमोघ सिद्ध होता है।

कुम्हार के घर स्वयं जाकर एक नया पक्काघड़ा (जो कहीं से फुटा या रिसता न हो) एवं एक कसोरा ले आइए।

ध्यान रहे - इनमें कहीं भी काला दाग न हो। घड़े के ऊपर और कसोरे के बीच निम्नांकित नवार्ण मन्त्र का यन्त्र केसर से लिखें, साथ ही एक नवार्ण मन्त्र-यन्त्र केसर की मसी (स्याही) से भोजपत्र पर लिखकर, उसी घड़े में डाल दीजिए और तांबे के चार पैसे भी उसी में डाल दें। पैसे ज्यादा-कम न हों। यदि पैसे न मिलें तो तांबे के चार गोल पत्र डालें। कसोरे से ढककर घड़े को बाईं तरफ को सात बार घुमाते हुए, **"ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे"** इसमन्त्र को पढ़ते जाएं। घड़े को मन्त्रोच्चारण पूर्वक सात बार बाईंओर घुमाकर एकान्त में रख दीजिए । ऐसा सात दिन करें। अर्थात् उसी घड़े के साथ यह प्रयोग सात दिन करें । सात दिन के अन्दर ही व्यक्ति चल पड़ेगा या किसी माध्यम से अपना पता देगा ।

घड़े के अन्दर एवं भोजपत्र पर लिखा जाने वाला यन्त्र यह है ;-

-: यन्त्र :-

ऐं	ह्रीं	क्लीं
डा	मुं	चा
यै	वि	च्चे

नोट :- इस आकर्षण विधान करने से पहिले नवार्णमन्त्र का नियमपूर्वक सवालक्ष जाप करें एवं उल्लिखित-यन्त्र को दीपावली की रात में लिखकर, सिद्ध कर लेना चाहिए।

(३७) ग़ायब (खोया हुआ) व्यक्ति वापिस लौटे- शास्त्रीयमन्त्र

मन्त्र - " ऊँ क्लीं कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान्।
यस्य स्मरणमात्रेण गतं नष्टं च लभ्यते ।।
ऊँ कार्तवीर्याय नमः 'अमुकं' शीघ्रमानय स्वाहा।।"

विधि - उपरोक्त गायब व्यक्ति के पहिने हुए बिनाधुले वस्त्र पर केसर व लाल चन्दन की स्याही से अनार की कलम द्वारा इसमन्त्र को लिखें। फिर उस कपड़े को धूप-दीप करके, दो पत्थरों (चक्की के पाटों के बीच) में दबा दें। २१ दिन तक पत्थरों में रखे कपड़े को हिलाएं नहीं, बाद में वस्त्र उठाकर, बन्दर व कुत्तों को रोटियां खिलाएं। मन्त्र में जहां ' **अमुकं** ' लिखा है, वहां गायब (खोए हुए) व्यक्ति का नाम लिखें।

नोट :- मन्त्र-यन्त्र लिखने के लिए, पुष्यनक्षत्र में विधिवत् बनाई अनार की कलम काम देगी। इस विधान के प्रभाव से वह व्यक्ति यदि जीवित हुआ तो आ जाएगा अन्यथा पता चल जाएगा ।

{ ३८ } (क) ऋणमुक्ति के लिए अनुभूत गणपति स्तोत्र

आजकल भौतिकगुण प्रधानविश्व में व्यापारी लोग शेयरबाजार, सट्टा या व्यापारिक वस्तुओं के स्टॅाक से उत्तरोत्तर लाभ लेने की दौड़ में लगे हैं। इस दौड़ में अधिकांश व्यापारी भारी हानि में फंसकर कर्जदार हो जाते हैं, परिणामस्वरूप आत्महत्या तक सोचने लगते हैं। ऐसी स्थिति में हम उन लोगों को परामर्श देंगे कि वे निम्नांकित श्रीगणेश जी के स्तोत्र का प्रातः प्रतिदिन पाठ करना प्रारम्भ करें, कुछ ही दिनों मे ऋण से मुक्ति मिलने लगेगी, यह विश्वस्त व्यक्तियों द्वारा अनुभूत है। स्तोत्र का विनियोग एवं स्तोत्र निम्नांकित है -

विनियोगः -" ऊँ अस्य श्री ऋणविमोचन महागणपति स्तोत्र-मन्त्रस्य शुक्राचार्य ऋषिः,
ऋण विमोचन महागणपतिः देवता, अनुष्टुप् छन्दः, ऋण-विमोचक -
महागणपति प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः। "(यहां दाएं हाथ से जल का त्याग करें।)

स्तोत्र -"ऊँ स्मरामि देव देवेशं वक्रतुण्डं महाबलम्।
षडक्षरं कृपासिन्धुं नमामि ऋण - मुक्तये ।।
महागणपतिं वन्दे महासेतुं महाबलम्।
एकमेवाद्वितीयं तु नमामि ऋण-मुक्तये।।
एकाक्षरं त्वेकदन्तमेकं ब्रह्म सनातनम् ।
महाविघ्नहरं देवं नमामि ऋण-मुक्तये।।
शुक्लाम्बरं शुक्लवर्णं शुक्ल गन्धानुलेपनम्।
सर्वशुक्लमयं देवं नमामि ऋण-मुक्तये ।।
रक्ताम्बरं रक्तवर्णं रक्त-गन्धानुलेपनम् ।
रक्तपुष्पैः पूज्यमानं नमामि ऋण-मुक्तये।।
कृष्णाम्बरं कृष्णवर्णं कृष्णगन्धानुलेपनम् ।
कृष्ण यज्ञोपवीतं च नमामि ऋण-मुक्तये।।
पीताम्बरं पीतवर्णं पीतगन्धानुलेपनम् ।
पीतपुष्पैः पूज्यमानं नमामि ऋण-मुक्तये।।
धूम्राक्षं धूम्रवर्णं च धूम्रगन्धानुलेपनम् ।
सर्वपुष्पैः पूज्यमानं नमामि ऋण-मुक्तये।।
सर्वात्मकं सर्ववर्णं सर्वगन्धानुलेपनम् ।
सर्वपुष्पैः पूज्यमानं नमामि ऋण-मुक्तये।।
एतद् ऋणहरं स्तोत्रं त्रिसन्ध्यं यः पठेन्नरः ।
षण्मासाभ्यन्तरे तस्य ऋणच्छेदो न संशयः ।।
सहस्र-दशकं कृत्वा ऋणमुक्तो धनी भवेत् ।। "
।। ऋणनिवारक गणेशस्तोत्रं सम्पूर्णम् ।।

(ख) अनुभूत ऋणहर्तृ (कर्जे से मुक्ति पाने के लिए) श्रीगणेशमन्त्र विधान

इस ऋणहर्तृ-गणेशमन्त्र का प्रभाव हमने अनेकदा अनुभव किया है। ऋण से परेशान व्यक्ति विधिवत् इसमन्त्र का पुरश्चरण करे, स्वतः अनुभव हो जाएगा। यह गुप्त रहस्यात्मक मन्त्र **'कृष्णयामल तन्त्र'** में **' शिव-पार्वती-संवाद '** में उपलब्ध है। यहमन्त्र बहुत ही चमत्कारी है, सर्वजनहिताय इसे पंचांग प्रेमियों के लिए उद्धृत किया गया है।

मन्त्र - " ऊँ गौं गणेश! ऋणं छिन्धि वरेण्यं हुं नमः फट् । "

इसमन्त्र का २१ हजार संख्या में पुरश्चरण करे तो मनुष्य सर्वप्रिय हो जाता है, साथ ही साथ ज्ञान तथा धनलाभ अकस्मात् होता है। सवालक्ष जाप करने से मनोरथ अनायास पूर्ण होने लगते हैं।

जो लोग इसमन्त्र का पुरश्चरण न कर सकें, उनके लिए, ऋणहर्तृ गणेशस्तोत्र लिख रहे हैं ; ऋण हरने वाले इस स्तोत्र का प्रतिदिन एक बार प्रातः सायं पाठ करने से ही आप कर्जे से राहत पा सकेंगें तथा दरिद्रता से छुटकारा पा लेगें। प्रतिदिन नित्यकर्म के बाद आप श्रद्धा, विश्वास के साथ इस स्तोत्र का पाठ करें और अनुभव करें।

गणेश जी का ध्यान -

"ॐ सिन्दूरवर्णं द्विभुजं गणेशं लम्बोदरं पद्मदले निविष्टम्।
ब्रह्मादि देव्यैः परिसेव्यमानं सिद्धैर्युतं तं प्रणमामि देवम्।।"

इसप्रकार कमल में स्थित, सिन्दूरवर्ण, ब्रह्मादि देवताओं से पूजित, द्विभुज, लम्बोदर गणेश जी का ध्यान करके, निम्नांकित स्तोत्र का पाठ करें। यह स्तोत्र ऋणहरण के लिए सर्वोत्तम है। इसस्तोत्र का पाठ बिना नागा एकवर्ष तक नियम पूर्वक करें ; ऋण से मुक्ति मिलेगी।

(ग) ऋणहर्तृ गणेशस्तोत्रम् :-

सृष्ट्यादौ ब्रह्मणा सम्यक् पूजितः फल सिद्धये।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे ।।

त्रिपुरेस्तु वधात् पूर्वं शंभुना सम्यगर्चितः।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

हिरण्यकश्यपादीनां वधार्थं विष्णुनार्चितः।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

महिषस्य वधे देव्याः गणनाथः प्रपूजितः।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

तारकस्य वधात्पूर्वं कुमारेण प्रपूजितः।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

भास्करेण गणेशो हि पूजितश्छवि सिद्धये।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

शशिना कान्तिवृद्ध्यर्थं पूजितो गणनायकः।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

वृत्रस्य नाशनार्थाय शक्रेण परिपूजितः।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

देवैः समुद्र मथने प्रारम्भे परिपूजितः।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

पालनाय च तपसां विश्वामित्रेण पूजितः।
सदैव पार्वती पुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

।। दारिद्र्यनाशकं गणेशस्तोत्रं सम्पूर्णमिदम् ।।

(३९) वंश परम्परागत गरीबी दूर करने का अनुभूत मन्त्र

मन्त्र - " ॐ क्लीं नन्दादि गोकुलत्राता दाता दारिद्र्यभञ्जनः ।
सर्वमंगलदाता च सर्वकाम प्रदायकः। श्रीकृष्णाय नमः।। "

विधि - इसमन्त्र को शुभमुहूर्त में प्रारम्भ करें। प्रतिदिन नियमपूर्वक ५ माला श्रद्धा से भगवान् श्रीकृष्ण का ध्यान करके, जप करता रहे। शीघ्र ही गरीबी दूर होकर ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है ,- अनुभूत है।

(४०) ऋणमुक्ति के लिए-'ऋग्वेदोक्त मन्त्र का प्रयोग'

आर्थिक-संकट-ग्रस्त व्यक्ति के मित्र-बन्धु भी साथ छोड़ देते हैं। ऐसी स्थिति में सच्चे हृदय से भगवान् विष्णु की प्रतिमा या चित्र के सामने श्रद्धापूर्वक निम्नांकित ऋग्वेदीय-मन्त्र का सात बार जाप करें। इसमन्त्र को सफेद कागज पर लालरंग की स्याही या लालचन्दन से लिखकर, अपने गल्ले में फूल बिछाकर रखें। यदि किसी के पास आर्थिक लाभ की आशा लेकर जा रहे हो , तो इसमन्त्र को २१ बार पढ़कर , कागज पर लिखकर ताबीज में मढा लें, आर्थिक कामनाएं सिद्ध होने लगेंगी। अपनी आस्था व श्रद्धा को दृढ़ रखें।

मन्त्र - " ॐ भूरिदा भूरि देहिनो, मादभ्रं भूर्याभर। भूरिघेदिन्द्र दित्ससि। ॐ भूरि दाह्यसि श्रुतः पुरुजा शूरवृत्रहन्। आ नो भजस्व राधसि।। "

(४१) स्वप्नमातंगी मन्त्र प्रयोग

मन्त्र - "ॐ नमः स्वप्नमातंगिनि सत्यभाषिणि स्वप्नं दर्शय दर्शय स्वाहा।"

विधान - सारादिन निर्जल व्रत करें। रात्रि में १०८ बार उक्त मन्त्र का जाप करके भूखा ही भूशयन करे। पहली ही रात्रि में प्रश्न का उत्तर स्वप्न में मिलने लगेगा।

(४२) तेजी-मन्दी जानने के लिए 'ज्ञान चेतक' मन्त्रप्रयोग

जिन-जिन वस्तुओं की तेजी-मन्दी जाननी हो, उन-उन वस्तुओं को बराबर मात्रा में तोलकर, अलग-अलग कपड़ों में रखकर, निम्नांकित मन्त्र से अभिमन्त्रित करते हुए, गांठ बांध दें। प्रातः उठकर तोले, जो घटे तो वह वस्तु मंहगी होगी तथा जो बढ़े तो वह मन्दी रहेगी।

मन्त्र - "ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं ऊँ ह्रीं श्रीं क्लीं लक्ष्म्यै नमः।"

(४३) स्वप्न में सट्टा, लाटरी, तेज़ी-मन्दी जानने के लिए मन्त्र

मन्त्र - "ऊँ हिलि हिलि शूलपाणये नमः।"

विधि - इसमन्त्र का पुरश्चरण ज्येष्ठ (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करना चाहिए। स्नान करके कम्बल के आसन पर बैठकर, सातदिन तक रात्रि में नियमित रूप से शिवजी को स्नान कराएं। फिर गाढ़े दही में कालेतिल, चावल मिलाकर पेड़ा बनाकर, शिवपिण्डी पर रख दें। तत्पश्चात् धूप-दीप-नैवेद्य एवं पुष्पों से शिवपूजन करके, आरती करने के बाद उपरोक्त मन्त्र का निष्ठापूर्वक जाप करें। इक्कीस मालाजाप प्रतिदिन बिना नागा करें, जप से पूर्व **"अभीष्टकार्य की सिद्धि के लिए मन्त्रजाप कर रहा हूँ"** - यह संकल्प अवश्य करें। मन्त्रजाप के बाद चुपचाप शयन करें, इच्छितकार्य का उत्तर स्वप्न में सही-सही मिलेगा,-यह मन्त्र विशिष्टव्यक्ति के द्वारा अनुभूत है।

(४४) अनावृष्टि शान्तिप्रयोग

गंगा, यमुना आदि महानदियों को छोड़ के अन्य किसी नदी के तट पर या तालाब या वन या शिव के मन्दिर में जाकर , वहां मेघों का आवाहन करें। कमल के आकार का अष्टदल का यंत्र बना के, उसमें पर्जन्य सहित सातों मेघों की स्थापना करके, कनेर के पीले-लाल तथा श्वेतपुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से पूजा करें। **मेघों के नाम और आवाहन मंत्र- ऊँ ह्रीं मेघदूताय नमः आगच्छ-आगच्छ स्वाहा ।। ऊँ ह्रीं मेघदूत कमलोद्भवाय नमः आगच्छ आगच्छ स्वाहा ।।१।। ऊँ ह्रीं महानीलराजाय हिमवद्धासिने मेघराजाय आगच्छ-आगच्छ स्वाहा ।। २।। ऊँ ह्रीं नन्दिकेश्वराय जठरनिवासिने मेघराजाय आगच्छ-आगच्छ स्वाहा ।।३।। ऊँ ह्रीं सिंहराजाय कैलाशनिवासिने मेघराजाय आगच्छ-आगच्छ स्वाहा ।।४।। ऊँ ह्रीं कुम्भराजायवामश्रृङ्गमेरुनिवासाय मेघराजाय आगच्छ-आगच्छ स्वाहा ।।५।। ऊँ ह्रीं नन्दराजाय दक्षिणश्रृङ्गमेरुनिवासाय मेघराजाय आगच्छ आगच्छ स्वाहा ।।६।।** फिर नाभिमात्र जल में खड़ा होकर, ऊपर लिखे मन्त्रों को १०००/१००० जपे, पश्चात् गुग्गुल, श्वेतचन्दन, अगर , कनेर के पुष्प और शहद तथा घृत की १०८-१०८ आहुतियां, प्रत्येक मन्त्र से दें, तो निश्चय ही वर्षा होवे ।

(४५) अतिवृष्टि शान्तिप्रयोग

मन्त्र :- " ऊँ नमो हनमन्तवीर अंजनी पवन देवता की आण जहू ऐसी मेघ मण्डली - वर्षसी इत उत फूट सत खण्ड जावसी । " अतिवर्षा के समय इसमंत्र का ७-७ बार जाप करके तीन बार ताली बजाकर, आकाश की ओर मुख करके फूंक मारने से अतिवर्षा करते हुए मेघ भी तत्काल फट जावें। इसी मन्त्र को जपता हुआ वर्षते हुए पानी को झाड़ू से दूर करके, उस झाड़ू को सीधा खड़ा कर दें, तो वर्षा बन्द हो जाए। मन्त्र को पहले दीपमाला में जपकर सिद्ध कर लें ।

-: श्री अन्नपूर्णानुष्ठान विधि :-

अन्नपूर्णा भगवती के निम्नलिखित मन्त्र के जाप, स्तोत्रपाठ किंवा अनुष्ठान करने पर, सभी मनोकामनाएं पूर्ण होकर, घर में स्थायी ऋद्धि-सिद्धि की उपलब्धि होती है ; ऐसा अनुभव है।

यह अनुष्ठान हस्तलिखितरूप में पं. मिलखीराम जी शास्त्री, मोरिंडा (रोपड़) निवासी से प्राप्त हुआ है- जनहितार्थ, इसे यहां प्रकाशित कर रहे हैं - **सम्पादक।**

"ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे ममाभिलषितमन्नं देहि देहि स्वाहा। " सम्पुट मन्त्रोऽयम्।। (इसमन्त्र का नियमपूर्वक आजीवन-पाठ करने से सभी प्रकार की सुख-सम्पत्ति प्राप्त होती है, अनुभूत है।) **द्वात्रिंशद्वर्ण-मन्त्रोऽयं शंकरेणैव भाषितः। अन्नपूर्णा महाविद्या सर्व मन्त्रोत्तमोत्तमा।। पूर्वमुत्तरमुच्चार्य सम्पुटीकरणमुत्तमम्।।**

अथ विनियोगः :- "ॐ अस्य श्री अन्नपूर्णा-स्तोत्र-मन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः, त्रिष्टुब्छन्दः, अन्नपूर्णा देवता, ह्रीं बीजम्, स्वाहेति शक्तिः, धर्मार्थ-काम-मोक्षार्थ सिद्धये जपे विनियोगः।" (यहां दाएं हाथ से जलत्याग करें।)

"ॐ ह्रीं भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णायै स्वाहा। " (मूलमन्त्रः)

ॐ सत्यार्णव-मनुष्याणां जपन्मन्त्रं समाहितः। अन्नपूर्णेत्यमुं मन्त्रमनुसप्तदशाक्षरम्।।
सर्व-सम्पत्प्रदा नित्यं सर्व-सम्पत्करी तथा। भुवनेश्वरीति विख्याता सर्वाभीष्टं प्रयच्छति।।
श्लाघ्योऽयमिति ज्ञेयमोंकाराक्षर रूपिणी। कान्ति-पुष्टि-धनारोग्यं यशांसि लभते श्रियम्।।
यस्मिन्मन्त्रे जपेन्नित्यं सर्व-काम-फलप्रदम्। एकसन्ध्यं द्विसन्ध्यं वा त्रिसन्ध्यं स्तोत्र-मन्त्रवित्।।
महामाया-प्रभावेण सर्व-सिद्धिं लभेद् ध्रुवम् ।।

(इस प्रकार नतमस्तक होकर, भगवती श्री अन्नपूर्णा का ध्यान करने से सर्वविध सम्पद् लाभ होता है।)

-: अथांगन्यास-करन्यासौ :-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं अगुष्ठाभ्यां नमः।

ॐ नमो भगवती तर्जनीभ्यां नमः।

ॐ माहेश्वरीति मध्यमाभ्यां नमः।

ॐ अन्नपूर्णेत्यनामिकाभ्यां नमः।

ॐ ममाभिलषितमन्नं देहि देहि इति कनिष्ठिकाभ्यां नमः।

ॐ स्वाहेति करतल-करपृष्ठाभ्यां नमः।

(इन मन्त्रांशों से करन्यास करें ।)

-: अथ हृदयादिन्यासाः :-

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं हृदयाय नमः।

ॐ माहेश्वरीति शिखायै वषट्।

ॐ अन्नपूर्णेति कवचाय हुँ।

ॐ ममाभिलषितमन्नं देहि देहि इति नेत्रत्रयाय वौषट्।

ॐ स्वाहेति अस्त्राय फट्।

ॐ भूर्भुवः स्वरोम्।

(इन मन्त्रांशों से हृदयादिन्यास करें।)

-: अथ ध्यानम् :-

ॐ यत्पाद-पद्म-मकरन्द-कणान्धरित्री, यन्मध्यवर्तितमिदं गगनं समग्रम्।
यद्गात्र-संगीकरेण शरणेन्दुरर्कः,स्तौमि तव स्ववपुषो पितरां सविद्याम्।।१।।

ॐ रक्तां विचित्र-वदनां तव चन्द्र-चूड़ामन्नप्रदात्रि नितरां स्तनभार नम्राम्।
नृत्यन्तमिन्दु-शकलाभरणां विलोक्य हृष्टो भजे भगवतीं मम दुःखहन्त्रीम्।।२।।

(इसप्रकार भगवती अन्नपूर्णा का ध्यान करें।)

-: अथ अन्नपूर्णा दशकम् :-

"ॐ मन्दार-कल्प-हरिचन्दन-पारिजात-मध्ये शशांक-मणि-मण्डप-वेदिसंस्थे।
अर्धेन्दु-मौलि-सुललाट-षडर्ध-नेत्रे भिक्षां प्रदेहि गिरिजे! क्षुधिताय मह्यम्।।१।।

ॐ देवी-कदम्ब-परिसेवित-पार्श्वभागे शक्रादयो मुकुलिताञ्जलयः पुरस्तात्।
देवि! त्वदीय-चरणौ शरणं प्रपद्ये भिक्षां प्रदेहि गिरिजे! क्षुधिताय मह्यम्।।२।।

ॐ केयूर-हार-मणि-कंकण-कर्णपूरे काञ्ची-कलाप-मणि-कान्ति-लसद्दुकूले।
दुग्धान्न-पात्र-वर-कञ्चन-दर्वि-हस्ते भिक्षां प्रदेहि गिरिजे ! क्षुधिताय मह्यम्।।३।।

ॐ सद्भक्त - कल्पलतिके भुवनैकवन्द्ये भूतेश-हृत्कमल-मग्न-कुचाग्रभृंगे।
कारुण्य-पूर्ण-नयने किमुपेक्षसे मां भिक्षां प्रदेहि गिरिजे! क्षुधिताय मह्यम्।।४।।

ॐ शब्दात्मिके शशिकलाभरणार्ध - देहे शम्भोरुरः - स्थल-निकेतन-नित्यवासे।
दारिद्र्य-दुःख-भय-हारिणी का त्वदन्या भिक्षां प्रदेहि गिरिजे! क्षुधिताय मह्यम्।।५।।

ॐ लीला-वचांसि तव देवि ऋगादि-वेदाः सृष्ट्यादि-कर्म-रचना भवदीय-चेष्टा।
त्वत्तेजसा जगदिदं परिभाति नित्यं भिक्षां प्रदेहि गिरिजे ! क्षुधिताय मह्यम्।।६।।

ॐ वृन्दार - वृन्द - ऋषि- नारद-कौशिकात्रि-व्यासाम्बरीष-कलशोद्भव-गौतमाद्याः।
भक्त्या स्तुवन्ति निगमागम-सूक्त-मन्त्रैः भिक्षां प्रदेहि गिरिजे ! क्षुधिताय मह्यम्।। ७।।

ॐ देवि! त्वदीय - चरणाम्बुज - सेवयैव ब्रह्मादयोऽप्यविकलां श्रियमाश्रयन्ते।
तस्मादहं तव नतोऽस्मि पदारविन्दं भिक्षां प्रदेहि गिरिजे ! क्षुधिताय मह्यम्।।८।।

ॐ सन्ध्यात्रये सकल - भूसुर - सेव्यमाने स्वाहा स्वाधाऽसि पितृ - देव - गणार्तिहन्त्री।
जाया सुताः परिजनोऽतिथयोऽन्नकामाः भिक्षां प्रदेहि गिरिजे ! क्षुधिताय मह्यम् ।। ९।।

ॐ एकाग्र-मूल-निलयस्य महेश्वरस्य प्राणेश्वरि प्रणत-भक्त-जनाय शीघ्रम् ।
कामाक्षि ! रक्षित-जगत्त्रितयेऽन्नपूर्णे भिक्षां प्रदेहि गिरिजे ! क्षुधिताय मह्यम्।।१०।।

ॐ भक्त्या पठन्ति गिरिजा-दशकं प्रभाते कामार्थिनो बहु-धनान्न-समृद्धिकामाः।
प्रीत्यामहेश - वनिता हिमशैल - कन्या तेभ्यो ददाति सततं मनसेप्सितानि।। ११ ।।"

।। अन्नपूर्णादशकम् सम्पूर्णम् ।।

(इस अन्नपूर्णा दशक के पाठ के बाद निम्नलिखित सम्पुटमन्त्र का यथाशक्ति जप करना चाहिए ;- ऐसा शास्त्रविधान है।)

मन्त्र :- "ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे ममाभिलषितमन्नं देहि देहि स्वाहा।"

।। अन्नपूर्णास्तोत्रं सम्पूर्णमिदम् ।।

卐卐卐卐卐卐卐卐

—: सात ऋषियों का धाम —'सप्तर्षि तारामण्डल' :—

(सप्तर्षि तारामण्डल में वशिष्ठादि सात ऋषियों को पहिचानिए)

लेखक :— प्रियव्रत शर्मा

'सप्तर्षि तारामण्डल' को लगभग सभी लोग पहिचानते हैं। उत्तरीध्रुव से कुछ दूरी पर स्थित यह तारामण्डल हमेशा उत्तरीध्रुव की पूरी परिक्रमा 24 घण्टे में करता रहता है। उत्तरी–गोलार्ध के प्रदेशों में यह आसानी से दिखाई पड़ता है। उत्तरी–भारत के प्रदेशों में तो यह उत्तरी क्षितिज से काफी ऊपर बड़ी आसानी से दिखाई देता है। इस तारामण्डल को English में Ursa Major कहा जाता है। जैसाकि इसके नाम से स्पष्ट है, :— इसके 7 तारे मरीचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, क्रतु एवं पुलह – ये सात ऋषि माने जाते हैं। सर्वसाधारण तो क्या, पठित व्यक्तियों को भी यह ज्ञात नहीं है, कि इनमें से कौन सा तारा, कौन सा ऋषि है। हिन्दुधर्म पर आस्था रखने वालों को तो यह जानना ही चाहिए, ताकि वे रात्रि में इन ऋषियों का दर्शन करके प्रतिदिन इनका अभिवादन कर सकें।

यहां हम **'सप्तर्षि तारामण्डल'** का एक चित्र दे रहे हैं, जिसमें यह दिखाया गया है, कि कौन सा तारा, कौन सा ऋषि है। इस चित्र को देखने का प्रकार यह है– इस चित्र को अपने सिर के ऊपर आसमान की ओर ऐसे फैला कर रखिए कि इसके पूर्व आदि दिशाओं वाले भाग अपनी–अपनी दिशाओं की ओर हों। *यह तारामण्डल भी अन्य सभी तारों एवम् तारामण्डलों की भान्ति 24 घण्टों में पूर्व से पश्चिम की ओर उत्तरी ध्रुव की पूरी परिक्रमा करता है,– जिससे 24 घण्टों में एकबार यह चित्र में दिखाई गई स्थिति में अवश्य आता है। अर्थात् तब यह तारामण्डल उत्तरी ध्रुव से बिल्कुल ऊपर होता है और तब, जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है, मरीचि (η) तारा पूर्व की ओर और शेष सभी तारे इससे पश्चिम की ओर स्थित होते हैं। अब इस चित्र को देखें –यहां Ursa Major Constellation के $\beta, \alpha, \gamma, \delta, \in, \xi, \eta$, तारे क्रमशः पुलह, क्रतु, पुलस्त्य, अत्रि, अंगिरा, वशिष्ठ और मरीचि हैं। अचार्य वराह मिहिर ने इस तारामण्डल में सप्तर्षि ताराओं की स्थिति का स्पष्टीकरण 'बृहत्संहिता' में इस प्रकार किया है:–*

"पूर्वे भागे भगवान् मरीचिरपरे स्थितो वसिष्ठोऽस्मात्।
तस्यांगिरास्ततोऽत्रिः तस्यासन्नः पुलस्त्यश्च।।
पुलहः क्रतुरिति भगवानासन्ना अनुक्रमेण पूर्वाद्यात्।
तत्र वसिष्ठं मुनिवरमुपाश्रिताऽरुन्धती साध्वी।।"

इसका अर्थ है; कि – इस तारामण्डल में सबसे पहिले पूर्व की ओर भगवान् मरीचि और इससे पश्चिम की ओर क्रमशः वशिष्ठ, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह एवं क्रतु भगवान् स्थित हैं। यहां मुनिवर वशिष्ठ के बिल्कुल समीप में ही उनकी पतिव्रता पत्नी 'अरुन्धती' के नाम वाला एक छोटा सा तारा भी है। वशिष्ठ ऋषि (तारा) के पास स्थित इस अरुन्धती तारा को देखने के लिए वशिष्ठ तारे के ऊपर ही निगाह टिकानी होगी, तभी उसके बिल्कुल पास स्थित (वशिष्ठ तारे से लगभग सटा हुआ) **'अरुन्धती'** नाम का यह छोटा सा तारा देखा जा सकेगा। वशिष्ठ तारे पर निगाह केन्द्रित किए बिना इसे नहीं देखा जा सकता।

पुलह (β) से क्रतु (α) तारे की ओर गुजरती सरल रेखा सर्वप्रथम जिस चमकीले तारे को लगभग छूती है, वही तारा उत्तरी ध्रुव है। यह क्रतु से लगभग 27 अंश की दूरी पर स्थित है। यह ध्रुवतारा लगभग स्थिर है। इसके चारों ओर आकाशस्थ उत्तरी गोलार्ध के सभी तारे 24 घण्टों में पूरा चक्कर काटते रहते हैं। ध्रुव को English में α Ursae minoris कहा जाता है।

यहां दिए गए कोष्ठक में इन सातों तारों और ध्रुव के विषुवकाल, क्रान्ति एवं दीप्ति अंक (Magnitudes) दिए गए हैं। दीप्ति अंक तारों की चमक का मापदण्ड है। **ध्यान रहे–** जिस तारे का दीप्तिअंक जितना ज्यादा होगा, उतनी ही उसकी चमक कम होगी। अर्थात् दो तारों में से जिसका दीप्तिअंक अधिक होगा, वह दूसरे से कम चमकने वाला होगा। सबसे कम चमकने वाले तारे का दीप्तिअंक 6 माना गया है। इससे अधिक दीप्तिअंक वाला तारा नंगी आंख से नहीं देखा जा सकता है।

यहां कोष्ठक में प्रदर्शित इन सप्तर्षि तारों के दीप्ति अंकों से स्पष्ट है, कि अंगिरा तारा इन तारों में सबसे ज्यादा एवं अत्रि तारा सब से कम चमकदार है। क्रतु एवं मरीचि, दोनों तारों की चमक लगभग बराबर है। ध्रुव तारे की चमक वशिष्ठ, अत्रि, पुलस्त्य एवं पुलह नामक तारों से अधिक और क्रतु, अंगिरा एवं मरीचि से कुछ कम है।

सप्त ऋषि ताराओं के विषुवकाल, क्रान्ति और दीप्ति अंक

तारा	ऋषि	विषुवकाल घं. मि.	क्रान्ति अं. क.	दीप्ति-अंक
β Ursae Majoris	पुलह	11 00	+ 56 31	2.4
α "	क्रतु	11 02	+ 61 54	1.9
γ "	पुलस्त्य	11 52	+ 53 51	2.5
δ "	अत्रि	12 14	+ 57 11	3.4
∈ "	अंगिरा	12 52	+ 56 06	1.7
ζ "	वसिष्ठ	13 22	+ 55 04	2.4
η "	मरीचि	13 46	+ 49 27	1.9
α Ursae Minoris	ध्रुव	2 04	+ 89 08	2.1

निराधार मतभेद के शिकार–होरा, द्रेष्काण और त्रिंशांश

(एक शोधपूर्ण निबन्ध)

लेखक – प्रियव्रत शर्मा

फलितज्योतिष असंख्य परस्पर विरोधी सिद्धान्तों का विशाल भण्डार है। दुःख की बात तो यह है कि बहुत से ऐसे अत्यन्त मूलभूत सिद्धान्त भी, जिनपर फलादेश की भित्ति टिकी है, वैमत्य के बुरी तरह शिकार हैं। इन सिद्धान्तों की उपपत्ति के अभाव/अज्ञान के कारण किसी एकपक्षीय सिद्धान्त पर अन्तिमरूप से प्रामाणिकता की मुद्रा लगा सकना भी तो किसी के वश की बात नहीं है। यही कारण है ,– शताब्दियों या सहस्राब्दियों से इसशास्त्र के असंख्य सिद्धान्त वैमत्य की उग्र विक्षुब्ध धारा में अजस्र डगमगाते बहते चले आ रहे हैं, उन्हें अभी तक अन्तिमरूपेण कोई एक किनारा प्रश्रय के रूप में नहीं मिल पाया। क्योंकि प्रत्येक फलितीय सिद्धान्त के व्यभिचार की प्रतिशतता समानरूप से पाई जाती है, अतः Statistically (आंकड़ों के आधार पर), उनका परीक्षण कर , उनमें से किसी एक को यथार्थता का प्रमाणपत्र नहीं दिया जा सकता। अगर कहीं ऐसा कर सकना सम्भव होता तो इन विवादाक्रान्त सिद्धान्तों के बारे में युगों से चले आ रहे इन विरोधों का सम्मार्जन कभी का हो गया होता। युगों से चले आ रहे खण्डन–मण्डन से बुरी तरह प्रताड़ित ये सिद्धान्त आज भी अचूक भविष्यवाणियों के लिए लालायित दैवज्ञों के लिए असाध्य सिरदर्द बने हुए हैं। ऐसे अनिर्णीत विवादास्पद फलितीय सिद्धान्तों में से कई सिद्धान्तों पर मैं पहले भी विवेचनात्मक निबन्ध लिख चुका हूँ ; अब मैं षड्वर्ग के तीन सदस्यों– **होरा, द्रेष्काण और त्रिंशांश**– पर प्रचलित मतभेद का विश्लेषण यहां करूंगा। इस बारे में मुझे अनेक जिज्ञासु पाठकों की तीव्र जिज्ञासा से प्रेरणा मिली है।

इन तीन (**होरा – द्रेष्काण – त्रिंशांश**) वर्गों के बारे में ये तीन विभिन्न मत हमें उपलब्ध हैं :–

(1) भारतीय परम्परागत मत (भारतीय मत)।
(2) यवन मत।
(3) मेषादि परिवृत्ति-नियम मत (परिवृत्ति-मत)।

इनमें से कौन सा मत ग्राह्य या प्रामाणिक है, यह जानने के लिए हम यहां इनका विश्लेषणात्मक विवेचन करेंगे।

–: भारतीय परम्परागत मत :–

प्राचीन एवम् अर्वाचीन भारतीय जातक, संहिता, मुहूर्त्तादि फलितग्रन्थों में जो मत इन वर्गों के बारे में हमें उपलब्ध हैं, उनके अनुसार होरा, द्रेष्काण एवम् त्रिंशांश की परिभाषाएं इस प्रकार हैं :–

होरा :– राशि का अर्द्ध, होरा कहलाता है। इसके अनुसार प्रत्येक राशि में 15–15 अंशो की दो–दो होराएं होती हैं। भारतीय मतानुसार विषम (मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु, कुम्भ) राशियों की प्रथम होरा का स्वामी सूर्य और द्वितीय होरा का चन्द्र होता है। सम (वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर, मीन) राशियों के लिए इससे विपरीत है। यहां प्रथम होरा चन्द्र की और द्वितीय सूर्य की मानी जाती है।

इस मत का समर्थन **'ज्योतिर्विदाभरण'** को छोड़कर **बृहज्जातकादि** सभी भारतीय जातकग्रंथों द्वारा किया गया है। प्रमाणार्थ उनके कुछ वाक्य यहां उद्धृत किए जा रहे हैं ,–

होरा रवीद्वोरोजर्क्षे समभे चन्द्रसूर्ययोः। – (नारदः)

होराऽर्केन्द्वोः ओज राशौ युग्मभे चन्द्र–सूर्ययोः । – (कश्यपः)

होराधिपोऽहं चन्द्रश्च विषमेष्वपिराशिषु।
युग्मे व्यस्तविधिः सूत, होरोक्ताभदलं बुधैः।। – (सूर्यः)

सूर्येन्द्वोः विषमे राशौ समे तद्विपरीतकम् ।। – (पराशरः)

ओजेषु रवेर्होरा प्रथमा युग्मेषु चोत्तरा शेषा।
इन्दोः क्रमशो ज्ञेया. . . . .।। – (सत्याचार्यः)

मार्त्तण्डेन्द्वोः अयुजि समभे चन्द्रभान्वोश्च होरे। – (वराहमिहिरः)

. . . होराणां रविचन्द्रौ इन्दुरवी विषम-समेष्वर्धराशीनाम्। – (कल्याणवर्मा)

होरा राश्यर्धमोजे दिनकरशशिनोः इन्दुमार्त्तण्ड-होरे युग्मे। – (वैद्यनाथः)

होरे समेब्ज–खगयोः विषमे रवीन्द्वोः। – (केशवार्कः)

होरा राशिदलं समे प्रथमतः चन्द्रस्य भानोरतो।
व्यत्यासो विषमे ....।। – (जीवनाथः)

समे चन्द्रार्कयोः विषमे व्यत्ययेन होरा । – (जातक तत्त्वम्)

होराओं के स्वामियों के निर्धारण में इन उपरोक्त भारतीय फलितशास्त्रियों से मतभेद रखने वाले (यावनमत का अनुसरण करने वाले) एकमात्र भारतीय दैवज्ञ **'ज्योतिर्विदाभरणकार'** हैं। इस बारे हम आगे चलकर विवेचन करेंगे।

द्रेष्काण :– प्रत्येक राशि में 10–10 अंशों के तीन–तीन द्रेष्काण होते हैं। भारतीय मतानुसार (भारतीय–परम्परागत मतानुसार) प्रत्येक राशि के प्रथम, द्वितीय और तृतीय द्रेष्काणों के स्वामी क्रमशः स्वराशि,* स्वराशि से पंचमराशि और स्वराशि से नवमराशि के स्वामीग्रह माने गए हैं। **उदाहरणार्थ** – मेष राशि के प्रथम–द्वितीय–तृतीय द्रेष्काणों के स्वामी क्रमशः स्वराशि (मेष) का स्वामी मंगल, स्वराशि से पंचम राशि (सिंह) का स्वामी सूर्य और स्वराशि से नवम राशि (धनु) का स्वामी गुरु होंगे।

इस मत का समर्थन भी **'उत्तरकालामृत'** ⊗ को छोड़कर सभी भारतीय फलितग्रन्थों द्वारा किया गया है। इस मत के समर्थक इन ग्रन्थों के ये वाक्य देखिए ,–

स्युर्द्रेष्काणाः लग्न–पंच–नवराशीश्वराः क्रमात्। – (नारदः)

लग्न–पंच–नवक्षेत्र नाथा द्रेष्काणपाः क्रमात् । – (कश्यपः)

राशित्रिभागा द्रेष्काणाः ते च षट्त्रिंशदीरिताः।
स्व–पंच–नवमानाञ्च राशीनां क्रमशश्च ते ।। – (पराशरः)

राशेः त्रिभागाः द्रेष्काणाः प्रागंशाधिपतिः तनोः।
अधिपोऽथ द्वितीयस्य पंचामाधिपतिः स्मृतः।
एवमन्त्यत्रिभागस्य नवमाधिपतिः प्रभुः।। – (सूर्यः)

राशिपतेः द्रेष्काणः तत्पंचम–नवमभवनपतयः स्युः। – (सत्याचार्यः)

द्रेष्काणाः स्युः स्वभवन–सुत–त्रित्रिकोणाधिपानाम् । – (वराहः)

स्वर्क्ष–सुतनवमेशाः द्रेष्काणानां क्रमात्। – (कल्याणवर्मा)

दृगाणाः निजतनय–तपःस्थानपानां भवन्ति। – (वैद्यनाथः)

दृकाणपतयः स्वाक्षांकभावाधिपाः। – (जीवनाथः)

दृक्काणकाः प्रथम–पंच–नवेश्वराणाम्। – (केशवार्कः)

स्वेषु – नवर्क्षेशाः द्रेष्काणपाः। – (जातक तत्त्वम्)

भारतीय फलित शास्त्रियों में केवल **'उत्तरकालामृतकार'** ही ऐसे हैं, – जिन्होंने द्रेष्काण के स्वामियों का निर्धारण चर –स्थिर–द्विस्वभाव राशियों के अनुसार किया है। उनका मत है, कि चर राशियों के द्रेष्काणेश क्रमशः स्वराशि, स्वराशि से पंचमराशि एवम् स्वराशि से ही नवमराशि के स्वामी होते हैं। स्थिर राशियों के द्रेष्काणेश क्रमशः स्वराशि से नवमराशि, स्वराशि एवम् स्वराशि से पंचम राशि के स्वामी माने जाते हैं। द्विस्वभाव राशियों के द्रेष्काणेश क्रमशः स्वराशि से पंचमराशि, स्वराशि से नवमराशि एवम् स्वराशि के स्वामी होते हैं।

इस बारे में **'उत्तरकालामृत'** का यह वाक्य है ,–

.... अथ द्रेष्काणके।
लग्नेष्वंक–गृहेश्वराः चरगृहे, भाग्येश्वरात्स्युः स्थिरे।
पुत्रेशाच्च त एव तु द्वितनुभे ....।। – (उत्तरकालामृतम्)

'उत्तरकालामृतकार' का ग्रह मत यवन मतानुसारी है ,– यह आगे चलकर स्पष्ट हो जाएगा।

त्रिंशांश – प्रत्येक विषमराशि के क्रमशः 5, 5, 8, 7 एवम् 5 तथा सम राशि के 5, 7, 8, 5 और 5 अंशों के पांच–पांच त्रिंशांश माने गए हैं, विषम राशियों के पांच त्रिंशांशों के स्वामी क्रमशः मंगल, शनि, गुरु, बुध, शुक्र और सम राशियों के त्रिंशांशों के स्वामी क्रमशः शुक्र, बुध, गुरु, शनि, मंगल हैं।

इस मत की पुष्टि भी भारतीय फलितशास्त्र के सभी ग्रन्थों ने की है। इनके एतद्विषयक वाक्य आगे उद्धृत किए जा रहे हैं ,–

---

* जिस राशि का विचार किया जा रहा है, उसे यहां **'स्वराशि'** लिखा गया है।

⊗ **उत्तरकालामृत और ज्योतिर्विदाभरण**– दोनों के रचयिता एक कालिदास ही माने जाते हैं।

त्रिंशांशेशाश्च विषमे कुजार्कीज्यज्ञभार्गवाः।
पंच–पंचाष्टसप्ताक्षभागाः व्यत्ययतः समे।। – (पराशरः)

कुज–रविज–गुरु–ज्ञ–शुक्राः पवन–समीरण–कौर्प्य–जूक–लेयाः।
अयुजि, युजि तु भे विपर्ययस्थाः।। – (बृहज्जातकम्)

समे शुक्रज्ञेज्यार्किकुजानां पंचाद्र्यष्टशरेषवः त्रिंशांशाः, विषमेऽन्यथा। –
– (जातक तत्त्वम्)

पंचाथ पंच चाष्टौ सप्तच पंचैव चौज भवनेषु।
धरणिसुत–मन्द–सुरगुरु–बुध–शुक्राणां क्रमेणांशाः।।
पंचैव सप्तचाष्टौ पंच च पंचाथ युग्मभवनेषु।
भागाः भार्गव–शशिसुत–सुरेज्य–शनि–भूमिपुत्राणाम्।। – (श्रुतकीर्तिः)

शरपंचाष्ट–मुनीन्द्रियभागाः त्रिंशांशकास्तु विषमेषु।
युग्मेषूत्क्रमगत्या कुजार्कि–जीवज्ञ–शुक्राणाम्।। – (कल्याणवर्मा)

पंच पंचाष्ट शैलाक्षाः त्रिंशांशा विषमे क्रमात्।
भौम–भानुज–जीव–ज्ञ–शुक्राणामुत्क्रमात् समे।। – (जीवनाथः)

त्रिंशांशाः सित–सौम्य–जीव–रविज–क्ष्माजन्मनां व्युत्क्रमात्।
ओजर्क्षेषु शराश्व- सर्प-मरुतः पंच . . . . ।। – (केशवार्कः)

आरार्किजीव –शशिनन्दन–शुक्रभागाः, त्वोजे समीर–पवनाष्टक शैल- बाणाः।
युग्मे समीर–गिरि–पन्नग–पंच–बाणाः, त्रिंशांशकाः सितविदार्य–शनि–क्षमाजाः।।–
– (वैद्यनाथः)

भारतीय मतानुसार सभी राशियों की होरा, द्रेष्काण और त्रिंशांशों की राशियों के स्वामियों का स्पष्ट निर्देश नीचे चक्रों (कोष्ठकों) द्वारा किया गया है ,–

होरा चक्र (भारतीय मतानुसार)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम होरेश	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.
द्वितीय होरेश	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.

द्रेष्काण चक्र (भारतीय मतानुसार)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम द्रेष्काण की राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
द्वितीय द्रेष्काण की राशि	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4
तृतीय द्रेष्काण की राशि	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8

त्रिंशांश चक्र (भारतीय मतानुसार)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम त्रिंशांशेश	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.
द्वितीय त्रिंशांशेश	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.
तृतीय त्रिंशांशेश	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.
चतुर्थ त्रिंशांशेश	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.
पंचम त्रिंशांशेश	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.

विषमराशियों में :– प्रथम त्रिंशांश 0 से 5 अंश, द्वितीय त्रिंशांश 6 से 10 अंश, तृतीय त्रिंशांश 11 से 18 अंश, चतुर्थ त्रिंशांश 19 से 25 अंश तथा पंचम त्रिंशांश 26 से 30 अंश तक ।

समराशियों में :– प्रथम त्रिंशांश 0 से 5 अंश, द्वितीय त्रिंशांश 6 से 12 अंश, तृतीय त्रिंशांश 13 से 20 अंश, चतुर्थ त्रिंशांश 21 से 25 और पंचम त्रिंशांश 26 से 30 अंश तक।

ऊपर दिए गए चक्रों में दर्शाई गई पद्धति वाले इन्हीं होरा, द्रेष्काण तथा त्रिंशांशों को मैंने आगे इसलेख में 'भारतीय मतानुसारी' या 'भारतीय परम्परागत' होरा, द्रेष्काण तथा त्रिंशांश लिखा है, – पाठक यह ध्यान रखें।

–: यवन–मत :–

यवन ज्योतिषियों द्वारा रचित फलितग्रन्थों में होरा, द्रेष्काण एवम् त्रिंशांश वर्गों की परिभाषाएं, भारतीय – परम्परागत उपरोक्त परिभाषाओं से भिन्न हैं, जिनका

विवरण इस प्रकार है ,–

होरा :– प्रत्येक राशि 15–15 अंशों की दो–दो होराओं में विभाजित है:– इस बात पर तो भारतीय एवम् यवन ज्योतिषी परस्पर सहमत हैं , लेकिन होराओं के स्वामियों के बारे में यवनमत भिन्न है। इसके अनुसार राशि की प्रथम होरा का स्वामी स्वराशि का और द्वितीय होरा का स्वामी स्वराशि से ग्यारहवीं राशि का स्वामी ग्रह माना जाता है। इस विषय में यवनेश्वर का यह वचन है ,–

आद्या तु होरा भवनस्य पत्युः एकादशक्षेत्रपतेः द्वितीया। – (यवनेश्वरः)

वराहमिहिर ने भी होरा के बारे में इस यवनमत का निर्देश 'बृहज्जातक' में इस प्रकार किया है ,–

केचित्तु होरां प्रथमां भपस्य वांछन्ति लाभाधिपतेः द्वितीयाम्। – (बृहज्जातकम्)

'ज्योतिर्विदाभरणकार' ही एकमात्र भारतीय दैवज्ञ है ; जिन्होंनें होरेश के निर्धारण में यवनमत का अनुसरण किया है। इसका स्पष्टीकरण हम आगे चलकर करेंगे।

द्रेष्काण :– प्रत्येक राशि में 10–10 अंशों के तीन–तीन द्रेष्काण होते हैं; इस बात पर भी भारतीय एवम् यवन दैवज्ञों में सहमति है। लेकिन द्रेष्काणों के स्वामियों के बारे में इनमें भी परस्पर मतभेद है।

यवन दैवज्ञों में भी द्रेष्काण के बारे में तीन मत उपलब्ध हैं; जो कि ये हैं ,–

(1) एक मत यह है कि प्रत्येक राशि के तीन (प्रथम–द्वितीय–तृतीय) द्रेष्काणों के स्वामी क्रमशः स्वराशि, स्वराशि से बारहवीं राशि तथा स्वराशि से ग्यारहवीं राशि के स्वामी ग्रह होते हैं, जैसे–मेष के तीन द्रेष्काणों के स्वामी क्रमशः मेषेश (मंगल), मीनेश (गुरु) और कुम्भेश (शनि) होंगे।

वराहमिहिर ने यही बात **बृहज्जातक** में इस प्रकार लिखी है ,–

(केचित्तु) द्रेष्काण-संज्ञामपि वर्णयन्ति स्वद्वादशैकादशराशिपानाम्।

(2) दूसरा मत यह है कि चर राशियों के प्रथम–द्वितीय–तृतीय द्रेष्काणेश क्रमशः स्वराशि, स्वराशि से पंचमराशि और स्वराशि से नवमराशि के स्वामी होते हैं। स्थिर राशियों के प्रथम–द्वितीय–तृतीय द्रेष्काणेश क्रमशः स्वराशि से नवम राशि, स्वराशि और स्वराशि से पंचमराशि के स्वामी होते हैं। इसी प्रकार द्विस्वभाव राशियों के प्रथम–द्वितीय–तृतीय द्रेष्काणेश, क्रमशः स्वराशि से पंचमराशि, स्वराशि से नवम राशि और स्वराशि के स्वामी ग्रह माने गए हैं। द्रेष्काण के स्वामियों के निर्धारण के लिए इस नियम को जातकीय फलादेश में ही प्रयुक्त करने का यवनेश्वर ने निर्देश किया है ,– यहां उनका कहना है कि विधानकर्म (मुहूर्त्त) के लिए सभी चर–स्थिर–द्विस्वभाव राशियों के प्रथम–द्वितीय–तृतीय द्रेष्काणों के स्वामी क्रमशः स्वराशि, स्वराशि से पंचमराशि और स्वराशि से नवमराशियों के स्वामी ग्रह मानने चाहिएं । प्रश्नप्रकरण में प्रथम–द्वितीय–तृतीय द्रेष्काणों के स्वामी क्रमशः स्वराशि, स्वराशि से बारहवीं और स्वराशि से ही ग्यारहवीं राशि के स्वामी ग्रह होते है ,– यह भी यवनेश्वर का मत है। इसके लिए यवनेश्वर का यह श्लोक **'बृहज्जातक'** की **'नौका टीका'** में उद्धृत है ,–

लग्न - पुत्र - शुभपाः चरेगृहे पुत्रधर्मतनुपाः युगे गृहे,
धर्मलग्न - सुतपाः स्थिरेगृहे जातके खलु दृकाण उच्यते।
सर्वराशिषु दृकाण उच्यते लग्नपस्य सुतपस्य वाप्यथ,
धर्मपस्य तु विधानकर्मणि प्रश्न एव तनुरिष्फलाभपाः ।।
– (यवनेश्वरः)

'उत्तरकालामृतकार' अकेले ऐसे भारतीय दैवज्ञ हैं – जिन्होंने द्रेष्काणेशों का निर्धारण चर–स्थिर–द्विस्वभाव राशियों के आधार पर, उपरोक्त यवन- मतानुसार ही किया है। इसका निर्देश हम पहिले भारतीय मत के प्रसंग में कर चुके हैं।

(3) 'ताज़िक नीलकण्ठी' में पंचवर्गी के लिए मेषादि बारह राशियों के प्रथम द्रेष्काण के स्वामी क्रमशः मंगल, बुध, गुरु आदि, द्वितीय द्रेष्काण के स्वामी सूर्य, चन्द्र, मंगल आदि और तीसरे द्रेष्काणों के स्वामी शुक्र, शनि, रवि, चन्द्र आदि माने गए हैं।

आद्याः कुजाद्या रवितोऽपि मध्यमाः।
सितात्तृतीयाःक्रियतो दृकाणपाः।। – (ताज़िक नीलकण्ठी)

लेकिन **'ताजिक नीलकण्ठी'** में ही द्वादशवर्गी के लिए द्रेष्काण ठीक वही माने गए हैं ,– जो कि भारतीय मतानुसार हैं, अर्थात् द्वादशवर्गी के लिए वहां प्रत्येक राशि के प्रथम–द्वितीय– तृतीय द्रेष्काणों के स्वामी क्रमशः स्वराशि का स्वामी, स्वराशि से पंचमराशि का स्वामी और स्वराशि से नवमराशि का स्वामी माने गए हैं।

द्रेष्काणपाः स्वेषु नवर्क्षनाथाः । – (ताजिक नीलकण्ठी)

त्रिंशांश :– भारतीय दैवज्ञों ने प्रत्येक विषम राशि को क्रमशः 5, 5, 8, 7 और 5 तथा प्रत्येक समराशि को 5, 7, 8, 5 और 5 अंशों में बांटकर, इनके पांच–पांच भाग किए हैं, जिन्हें त्रिंशांश संज्ञा दी गई है। इन त्रिंशांशों के स्वामी सम और विषम राशियों के लिए भिन्न–भिन्न प्रकार से निर्धारित किए हैं, जिनका निर्देश हम ऊपर कर चुके हैं। लेकिन यवन दैवज्ञों ने प्रत्येक राशि को 6–6 अंशों के समान पांच–पांच भागों में विभाजित किया है और उन भागों को 'पंचमांश' की संज्ञा दी है। इन समान–मानात्मक 6–6 अंशों वाले पंचमांशों के स्वामियों का निर्धारण यवनों ने ठीक भारतीय मतानुसार ही किया है, जैसा कि यवन मत के इस पद्य से स्पष्ट है ,–

ओजर्क्षे पंचमांशेशाः कुजार्कीज्यज्ञभार्गवाः।
समभे व्यत्ययाज्ज्ञेयाः . . . . ।। (यवन मतम्)

स्पष्ट है, भारतीय दैवज्ञों ने राशि के विषममानेन (असमान भागों वाले) पांच–पांच भाग करके, उन्हें त्रिंशांश की संज्ञा दी और यवन ज्योतिषियों ने समान भागों (6–6 अंशों) के पांच–पांच भाग कर, उन्हें त्रिंशांश संज्ञा न देकर, पंचमांश संज्ञा दे दी। यही यहां त्रिंशांश और पंचमांश में अन्तर है। इन भारतीय त्रिंशांशों एवम् यावन पंचमांशों के स्वामियों के निर्धारण का नियम तो दोनों में सर्वथा समान है। अर्थात्– त्रिंशांश एवम् पंचमांश दोनों में मेषादि राशियों के प्रथम–द्वितीय–तृतीय–चतुर्थ एवम् पंचम भागों के स्वामी बिल्कुल एक से हैं। अतः हम पंचमांश को 'यवन ज्योतिष का त्रिंशांश' कह सकते हैं। **यवन मतानुसार होरा, द्रेष्काण और त्रिंशांशों की राशियों/स्वामियों का चक्रद्वारा निर्देश नीचे किया जा रहा है ,–**

होरा चक्र
(यवन मतानुसार)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम होरा की राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
द्वितीय होरा की राशि	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

द्रेष्काण चक्र (जातकोपयोगी) (यवन मतानुसार)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम द्रेष्काण की राशि	1	10	7	4	1	10	7	4	1	10	7	4
द्वितीय द्रेष्काण की राशि	5	2	11	8	5	2	11	8	5	2	11	8
तृतीय द्रेष्काण की राशि	9	6	3	12	9	6	3	12	9	6	3	12

द्रेष्काण चक्र (विधान कर्मोपयोगी) (यवन मतानुसार)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम द्रेष्काण की राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
द्वितीय द्रेष्काण की राशि	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4
तृतीय द्रेष्काण की राशि	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8

द्रेष्काण चक्र (प्रश्नोपयोगी) (यवन मतानुसार)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम द्रेष्काण की राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
द्वितीय द्रेष्काण की राशि	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
तृतीय द्रेष्काण की राशि	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

पंचमांश चक्र (यवन मतानुसारी–त्रिंशांश)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम पंचमांश का स्वामी	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.
द्वितीय पंचमांश का स्वामी	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.
तृतीय पंचमांश का स्वामी	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.	गु.
चतुर्थ पंचमांश का स्वामी	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.	बु.	श.
पंचम पंचमांश का स्वामी	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.

ध्यान दें :–"भारतीय मतानुसारी" त्रिंशांश चक्र और इस "पंचमांश चक्र" में कोई अन्तर नहीं है। इन दोनों में अन्तर केवल यही है कि त्रिंशांश में राशि के सभी पांच भाग समान नहीं हैं, जब कि पंचमांश में यह सभी समान हैं।

–: मेषादि–परिवृत्तिनियम मत :–

उपरोक्त दो (भारतीय एवम यावन) मत ही होरा, द्रेष्काण और त्रिंशांश के बारे में भारतीय और यवन दैवज्ञों में प्रचलित हैं। जैसा कि ऊपर हमने बतलाया है, इन तीन वर्गों के भारतीय परम्परा प्राप्त निर्धारण में, भारतीय ज्योतिष-शास्त्रियों में तनिक भी मतभेद नहीं है। शतप्रतिशत जातक मुहूर्तग्रन्थ इनके (होरा, द्रेष्काण और त्रिंशांश के) विषय में एकस्वर हैं। **इन सब का यही मत है कि;–**

(i) राश्यर्द्ध होरा है, विषम-राशियों में प्रथम-द्वितीय होराओं के स्वामी क्रमशः सूर्य-चन्द्र और सम-राशियों में चन्द्र-सूर्य होते हैं।

(ii) प्रत्येक राशि में 10-10 अंशों के तीन-तीन (प्रथम-द्वितीय-तृतीय) द्रेष्काण होते हैं। इनके स्वामी क्रमशः स्वराशि, स्वराशि से पंचमराशि और स्वराशि से नवम राशि के स्वामी ग्रह माने गए हैं।

(iii) प्रत्येक विषम-राशि के क्रमशः 5, 5, 8, 7 और 5 अंश तथा प्रत्येक सम-राशि के क्रमशः 5, 7, 8, 5 और 5 अंश-त्रिंशांश कहलाते हैं। विषम राशियों के त्रिंशांशों के स्वामी क्रमशः मंगल, शनि, गुरु, बुध और शुक्र तथा सम राशियों के त्रिंशांशों के स्वामी क्रमशः शुक्र, बुध, गुरु, शनि और मंगल होते हैं।

होरा, द्रेष्काण और त्रिंशांश के बारे में, इस ऐकमत्य के समर्थक अनेक प्रमाणिक प्राचीन एवम् अर्वाचीन भारतीय जातकादि ग्रन्थों के ऊपर उद्धृत वाक्यसमूह से यद्यपि सुतरां स्पष्ट है कि होरादि तीन वर्गों के बारे में भारतीय ज्योतिषियों में कोई विवाद है ही नहीं। लेकिन फिर भी आधुनिक एक-दो ज्योतिषियों ने इस पर आदर्श ऐकमत्य की उपेक्षा करके, सर्वथा एक नए ही मत के प्रतिष्ठापन का प्रयास किया है। इस नए मत को **" मेषादि परिवृत्तिनियम "** मत या **'परिवृत्ति'** कहा जाता है। इस नए मत को तूल देने वाले **बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष, स्व. श्रीरामयत्न ओझा जी** हैं, जिन्होनें अपनी पुस्तक **'फलितविकास'** में इस मत की वकालत की है।

यद्यपि सभी भारतीय फलितशास्त्री एवम् दैवज्ञलोग होरा, द्रेष्काण तथा त्रिंशांश के विषय में पूर्वोक्त सर्वसम्मत भारतीय मत को ही प्रारम्भकाल से निरपवादरूपेण प्रयोग में लाते चले आ रहे हैं , पुनरपि इस नए मत की चर्चा से उत्पन्न बुद्धिभेद के कारण कुछ सामान्य दैवज्ञलोग, इस विषय में कई बार दुविधा की स्थिति में दिखाई देते हैं। उनके सन्देह का मार्जन करने के लिए मैं यहां इस नए मत का विश्लेषण कर इसकी अग्राह्यता का प्रतिपादन करूंगा।

इस मत को **'मेषादि परिवृत्तिनियम मत'** इसलिए कहा गया है, क्योंकि इसके अनुसार मेषादि बारह राशियों के होरा, द्रेष्काण और त्रिंशांश भागों* की राशियों का निर्धारण मेष से प्रारम्भकर, क्रमशः बारह राशियों की परिवृत्तियों (आवृत्तियों) द्वारा किया जाता है। **उदाहरणार्थ-** मेष आदि 12 राशियों की 24 होराएं हैं; इन 24 होराओं की राशियां परिवृत्ति नियमानुसार इस तरह ज्ञात होंगी ,-

मेषराशि की प्रथम-द्वितीय होराएं क्रमशः मेष, वृष की, वृष राशि की प्रथम-द्वितीय होराएं क्रमशः मिथुन, कर्क की, मिथुन राशि की प्रथम-द्वितीय होराएं क्रमशः सिंह, कन्या की .... इत्यादि। इसप्रकार दो बार मेषादि की आवृत्ति से सभी होराओं की राशियां ज्ञात होंगीं।

इसी प्रकार मेषराशि के प्रथम, द्वितीय, तृतीय-द्रेष्काण की राशियां क्रमशः मेष, वृष, मिथुन; वृष राशि के प्रथम, द्वितीय, तृतीय द्रेष्काणों की राशियां क्रमशः कर्क, सिंह, कन्या; मिथुन राशि के प्रथम, द्वितीय, तृतीय द्रेष्काणों की क्रमशः तुला वृश्चिक,धनु .... इत्यादि । इसी प्रकार 3 बार मेषादि की आवृत्तियों से सभी (36) द्रेष्काणों की राशियां ज्ञात होंगी।

इस परिवृत्ति मत का संकेत जैमिनिसूत्र के व्याख्याकारों द्वारा उद्धृत की गई कुछ कारिकाओं में, जिन्हें वृद्धकारिका ✕ कहा जाता है, मिला है। इस मत की ओर संकेत करने वाली दो वृद्धकारिकाएं हैं, जिनमें से एक कारिका होरा और दूसरी द्रेष्काण के लिए है। होरा के लिए वृद्धकारिका यह है ,-

होरा :- राशेर्धं भवेद्होरा ताः चतुर्विंशतिः स्मृताः।
मेषादि तासां होराणां परिवृत्तिद्वयं भवेत्।। - (वृद्धकारिका)

इसका अर्थ है- राशि का आधा होरा होती है, इसलिए 12 राशियों की कुल होराएं 24 हैं ; मेष से लेकर 12 राशियों की दो बार क्रमशः आवृत्ति करने पर, इन 24 होराओं की राशियों का (कौन-सी होरा-किस राशि की है इसका) निर्णय हो जाता है। (इसका उदाहरण ऊपर दिया जा चुका है, वहां देखें।)

इस मतानुसार मेष आदि 12 राशियों की 24 होराओं की राशियां नीचे चक्रद्वारा स्पष्ट हैं ,-

होरा चक्र (परिवृत्ति-नियमानुसार)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम होरा की राशि	1	3	5	7	9	11	1	3	5	7	9	11
द्वितीय होरा की राशि	2	4	6	8	10	12	2	4	6	8	10	12

द्रेष्काण :- दूसरी वृद्धकारिका यह है, जो द्रेष्काण के बारे में है ,-

राशि-त्रिभागो द्रेष्काणः ते च षट् त्रिंशदीरिताः।
परिवृत्तित्रयं तेषां मेषादेः क्रमशो भवेत् ।। - (वृद्धकारिका)

**** होरा, द्रेष्काण, त्रिंशांश भागों के अलावा अन्य चतुर्थांश, दशमांश आदि की राशियां भी श्री ओझाजी ने परिवृत्ति-नियमानुसार ही निर्धारित की हैं।***

✕ इन वृद्धकारिकाओं के प्रणेता का नाम अज्ञात है। म.म. श्री दुर्गाप्रसाद द्विवेदी जी ने अपने **'जैमिनि-पंद्यामृत'** के परिशिष्ट में ये कारिकाएं संगृहीत की हैं।

इसका अर्थ है ,– राशि का तृतीयांश द्रेष्काण होता है। द्रेष्काणों की कुल संख्या 36 है। इन द्रेष्काणों में मेष आदि राशियों की क्रमशः तीन बार आवृत्ति से इन द्रेष्काणों की राशियों का (कौन सा द्रेष्काण–किस राशि का है इसका) ज्ञान हो जाता है। (इसका उदाहरण ऊपर दिया जा चुका है, वहां देखें।)

इसके अनुसार 12 राशियों के 36 द्रेष्काणों की राशियों का निर्देश इस चक्र में किया गया है ,–

द्रेष्काण चक्र
(परिवृत्ति–नियमानुसार)

राशि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
प्रथम द्रेष्काण की राशि	1	4	7	10	1	4	7	10	1	4	7	10
द्वितीय द्रेष्काण की राशि	2	5	8	11	2	5	8	11	2	5	8	11
तृतीय द्रेष्काण की राशि	3	6	9	12	3	6	9	12	3	6	9	12

त्रिंशांश :– यद्यपि ऐसी कोई वृद्धकारिका या अन्य कोई वाक्य उपलब्ध नहीं है, जिसमें त्रिंशांशों की राशियों के निर्धारणार्थ परिवृत्तिनियम का निर्देश हो, तथापि श्री ओझा जी ने भारतीय परम्परागत मत को तिरस्कृत कर, त्रिंशांश का शाब्दिक अर्थ 30 वां भाग* लेकर प्रत्येक राशि में 30 त्रिंशांश मानकर, मेषादि-परिवृत्ति–नियमद्वारा इन 30–30 त्रिंशांशों की राशियों का (कौन सा त्रिंशांश किस राशि का है इसका) निर्धारण किया है। स्पष्ट है ,– इस नियमानुसार एकराशि में बने 30 त्रिंशांशों का भारतीय–परम्परा प्राप्त 5 त्रिंशांशों से कोई सामंजस्य नहीं रह जाता। इस मतानुसार 30 त्रिंशांश भागों तथा उनकी राशियों को बतलाने वाला चक्र इसी पृष्ठ पर दाईं ओर वाले कॉलम में दिया गया है।

त्रिंशांश चक्र
(परिवृत्ति–नियमानुसार)

राशि ▸	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
त्रिंशांश 1	1	7	1	7	1	7	1	7	1	7	1	7
त्रिंशांश 2	2	8	2	8	2	8	2	8	2	8	2	8
त्रिंशांश 3	3	9	3	9	3	9	3	9	3	9	3	9
त्रिंशांश 4	4	10	4	10	4	10	4	10	4	10	4	10
त्रिंशांश 5	5	11	5	11	5	11	5	11	5	11	5	11
त्रिंशांश 6	6	12	6	12	6	12	6	12	6	12	6	12
त्रिंशांश 7	7	1	7	1	7	1	7	1	7	1	7	1
त्रिंशांश 8	8	2	8	2	8	2	8	2	8	2	8	2
त्रिंशांश 9	9	3	9	3	9	3	9	3	9	3	9	3
त्रिंशांश 10	10	4	10	4	10	4	10	4	10	4	10	4
त्रिंशांश 11	11	5	11	5	11	5	11	5	11	5	11	5
त्रिंशांश 12	12	6	12	6	12	6	12	6	12	6	12	6
त्रिंशांश 13	1	7	1	7	1	7	1	7	1	7	1	7
त्रिंशांश 14	2	8	2	8	2	8	2	8	2	8	2	8
त्रिंशांश 15	3	9	3	9	3	9	3	9	3	9	3	9
त्रिंशांश 16	4	10	4	10	4	10	4	10	4	10	4	10
त्रिंशांश 17	5	11	5	11	5	11	5	11	5	11	5	11
त्रिंशांश 18	6	12	6	12	6	12	6	12	6	12	6	12
त्रिंशांश 19	7	1	7	1	7	1	7	1	7	1	7	1
त्रिंशांश 20	8	2	8	2	8	2	8	2	8	2	8	2
त्रिंशांश 21	9	3	9	3	9	3	9	3	9	3	9	3
त्रिंशांश 22	10	4	10	4	10	4	10	4	10	4	10	4
त्रिंशांश 23	11	5	11	5	11	5	11	5	11	5	11	5
त्रिंशांश 24	12	6	12	6	12	6	12	6	12	6	12	6
त्रिंशांश 25	1	7	1	7	1	7	1	7	1	7	1	7
त्रिंशांश 26	2	8	2	8	2	8	2	8	2	8	2	8
त्रिंशांश 27	3	9	3	9	3	9	3	9	3	9	3	9
त्रिंशांश 28	4	10	4	10	4	10	4	10	4	10	4	10
त्रिंशांश 29	5	11	5	11	5	11	5	11	5	11	5	11
त्रिंशांश 30	6	12	6	12	6	12	6	12	6	12	6	12

–: मेषादि–परिवृत्ति मत की समीक्षा :–

श्रीरामयत्न ओझा ने अपनी पुस्तक **'फलितविकास'** में इस मेषादि–परिवृत्ति मत द्वारा होरा, द्रेष्काण तथा त्रिंशांश के भागों की राशियों/स्वामियों के निर्धारण के लिए केवल उपरोक्त दो वृद्धकारिकाओं को ही प्रमाण मान लिया। उन्होंनें नारद, कश्यप, सूर्य, सत्याचार्य, पराशर, कल्याणवर्मा, वराहमिहिर आदि अन्य सभी भारतीय फलितशास्त्रकारों द्वारा एक स्वर से समर्थित भारतीय परम्परा-प्राप्त उपरोक्त मत की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया, यह आश्चर्य की बात है। एकमात्र वृद्धकारिकाकार के मत द्वारा अन्य सैकड़ों

* त्रिंशांश शब्द का शाब्दिक अर्थ लेना संगत नहीं है। इसका प्रतिपादन आगे किया गया है।

फलितशास्त्रियों के ऐसे सर्वसम्मत मत को, जो शताब्दियों से भारतीय दैवज्ञों द्वारा अविच्छिन्न रूप से प्रयुज्यमान है, तिरस्कृत कर डालने में उन्हें तनिक भी संकोच नहीं हुआ; यह सचमुच दुःख की भी बात है। भारतीय ही नहीं बल्कि यावन ज्योतिषियों ने भी परिवृत्तिनियम को इन तीन (होरा, द्रेष्काण, त्रिंशांश) वर्गों में प्रयुक्त नहीं किया।

ओझा जी का यह तर्क–कि नवांश, सप्तमांश, षोडशांश, विंशांश तथा भांश वर्गों में परिवृत्तिनियम पहिले से ही लागू है, अतः होरा, द्रेष्काण, त्रिंशांश में भी समानन्यायेन यह लागू होना ही चाहिए– तर्क गलत है; क्योंकि चतुर्थांश, दशमांश, द्वादशांश, खवेदांश, अक्षवेदांश एवं षष्ठ्यंश वर्गों में भी परिवृत्तिनियम लागू नहीं है।

नारद, कश्यप, पराशर, सत्याचार्य, वराह आदि सभी भारतीय फलितशास्त्री जिस सिद्धान्त को सर्वसम्मति से लगातार अपनाते चले आ रहे हैं और वर्त्तमान में भी जिसे शत-प्रतिशत दैवज्ञलोग षड्वर्ग, सप्तवर्ग आदि के साधन में निर्बाधरूपेण प्रयुक्त कर रहे हैं, उस मत को किसी अज्ञातनामा एकमात्र विद्वान् द्वारा निर्दिष्ट, परिवृत्तिनियम द्वारा बुहार कर, कचरे के पात्र में फेंकने के लिए, **श्री ओझा** द्वारा किया गया यह प्रयास तनिक भी तर्कसंगत नहीं है। एक–दो विद्वान् गलती कर सकते हैं। विषय के विशेषज्ञ विद्वानों के इतने विशाल समाज को भ्रान्त, पथभ्रष्ट घोषित कर, वृद्धकारिका के एकमात्र किसी अज्ञात विद्वान् को ही प्रभावान् घोषित कर देना किसी भी प्रेक्षावान् को सह्य नहीं होगा।

फलित के अधिकतर नियमों की उपपत्ति हमें अज्ञात है। ऐसे नियमों में जहां परस्पर विरोध उपस्थित हो जाए, फलितशास्त्रियों का मत है, कि वहां हमें स्वयं कोई निर्णय न लेकर बहुमत को ही प्रामाणिकता देनी चाहिए। वराहमिहर ने भी वैमत्य के ऐसे अनेक स्थलों पर बहुमत का सम्मानकर, बहुमतानुसारी मत को ही अपनी जातक रचनाओं में अन्तिम सिद्धान्त के रूप में स्वीकार किया। इस बारे उनका यह वाक्य है ,–

ज्योतिषमागमशास्त्रं विप्रतिपत्तौ न योग्यमस्माकम्।
स्वयमेव विकल्पयितुं किन्तु बहूनां मतं वक्ष्ये।। – (वराहः)

'होरारत्न' के रचयिता **श्री बलभद्रमिश्र** ने भी होरा, द्रेष्काण आदि के बारे में भारतीय एवं यावन फलिताचार्यों के पारस्परिक मत–मतान्तरों की चर्चा करने के उपरान्त भारतीय फलिताचार्यों के मत को ही बहुसम्मत होने के कारण प्रामाणिक माना। इस विषय में **श्री बलभद्र** का यह वचन है ,–

अत्र (होरा, द्रेष्काणादि- विषये) बहुमुनि–सम्मतत्वात् एतदेव (भारतीयमतमेव) प्रमाणम्। पूर्वपक्षः (यवनेश्वर प्रतिपादितः) एक-सम्मतत्वादुपेक्ष्यः। – (होरारत्नम्)

श्रीबलभद्र का यह वाक्य ध्यान देने योग्य है, जो स्पष्ट कह रहा है कि अनेक विद्वानों द्वारा समर्थित मत के विरोधी किसी ऐसे मत को मान्यता नहीं दी जा सकती जिसका समर्थन कोई एक ही विद्वान् कर रहा हो। श्री ओझा जी का होरा, द्रेष्काण, त्रिंशांश पर लादा जा रहा–यह परिवृत्ति नियम, जो अनेक विद्वानों के मत के विरुद्ध केवल एक ही विद्वान् द्वारा समर्थित है ,– कदापि ग्राह्य सिद्ध नहीं होता है।

होरा, द्रेष्काण, त्रिंशांश – इन तीनों वर्गों की राशियों/स्वामियों का निर्णय परिवृत्तिनियमानुसार ही होना चाहिए; इस मत की पुष्टि में श्री ओझा एवं एक अन्य विद्वान् द्वारा उपस्थापित कुछ उदाहरणों का परीक्षण करना भी यहां आवश्यक है ,–

श्रीरामयत्न ओझा ने अपने **'फलितविकास'** में ही **ज्योतिर्विदाभरण** के राजसत्ताध्याय का एक यह पद्य उद्धृत किया है, जिसमें लिखा है कि स्थिर एवं द्विस्वभाव लग्न की मेष, मिथुन, कन्या या मीन की होरा में राज्याभिषेक करना शुभ है ,–

शस्तः तिमि–स्त्री–जितुमादि होरा, स्थिरांश-गुर्वशवतीह लग्ने ।
चरेतरेग्वंशुमदंशु जारैः त्र्यायारिगैः भूमिभुजोऽभिषेकः ।। – (ज्योतिर्विदाभरणम्)

यहां पर ओझा जी का तर्क है कि भारतीय परम्परागत मतानुसार तो केवल सूर्य (सिंह) तथा चन्द्र (कर्क) की ही होरा होती है; लेकिन ज्योतिर्विदाभरण के इस वाक्य में मेष, मिथुन, कन्या और मीन की होराओं की चर्चा है, अतः स्पष्ट है ,– यह वाक्य परिवृत्तिमतानुसारी होरा की ओर संकेत करता है, क्योंकि परिवृत्तिनियमानुसार ही प्रत्येक राशि की होरा उपलब्ध होती है।

लेकिन ओझा जी का यह प्रतिपादन ठीक नहीं है। परिवृत्तिनियमानुसार स्थिर एवं द्विस्वभाव राशियों में मिथुन ,कन्या और मीन की होराएं तो मिलती हैं, लेकिन मेष की होरा–इनमें नहीं मिलती। मेष की होरा केवल चर राशियों (मेष और तुला) में ही मिलती है, { देखें ,– होराचक्र (परिवृत्ति–नियमानुसार) }। इस प्रकार स्पष्ट है – श्री ओझा जी द्वारा दिया गया, यह परिवृत्ति–नियमानुसारी होरा का यह एकमात्र उदाहरण भी गलत है। जैसा कि हम पहिले भी बतला चुके हैं ,– भारतीय फलितशास्त्रियों में केवल **ज्योतिर्विदाभरणकार** ही ऐसे हैं, जो यवनमतानुसारी होरा के समर्थक हैं। **ज्योतिर्विदाभरण** के इस पद्य में निर्दिष्ट होरा केवल यवनमतानुसारी है, { देखें–होराचक्र (यवनमतानुसारी) }।

अनेक ज्योतिषग्रन्थों के हिन्दी टीकाकार **श्री गोपेशकुमार ओझा** भी श्री रामयत्न ओझा के परिवृत्तिमत से प्रभावित हैं। उन्होंने भी **'जातकपारिजात'** के प्रथमाध्याय (राशि–शीलाध्याय) की अपनी हिन्दी टीका में **'मध्यपाराशरी'** के इन निम्नांकित पद्यों की

और पातकों का ध्यान आकृष्ट किया है, जहां वृषराशि के वृषांश, मिथुनांश, कर्कांश, सिंहांश, कन्यांश, तुलांश, वृश्चिकांश, धनुरंश, मकरांश, कुम्भांश एवं मीनांश में स्थित लग्नेश व अष्टमेश के फल (बैल, भालू आदि से मृत्यु जैसे कुफल) लिखे गए हैं,–

लग्नेश्वरो रन्ध्रपतिश्च युक्तौ वृषे वृषांशे वृषभ दृकाणे।
स्थितौ भवेतां यदि तौ वृषेण घातात्तयोः स्यान्मरणं हि भुक्तौ।।
वृषे युग्मांशके तौ चेद् भल्लूकेन मृतिः नृणाम्।
वृषे कर्कांशके तौ चेन्नक्रादथ जले मृतिः ।।
वृषे सिंहांशके तौ चेद् व्याघ्राद्या - घाततो मृतिः।
वृषे कन्यांशके तौ चेत् कपिना नात्र संशयः।।
वृषे तुलांशके तौ चेद् व्याघ्र - व्याघाततो मृतिः।
वृषे कौर्प्यांशगौ तौ चेदश्वात्पीड़ा प्रजायते।।
वृषे चापांशगौ तौ चेन्महिषेण मृतिं वदेत्।
वृषे मृगांशगौ तौ चेन्महिषेण मृतिर्भवेत् ।।
वृषे कुम्भांशगौ तौ चेद् गोलांगूलान्मृतिर्भवेत्।।
वृषे मीनांशगौ तौ चेत्तयोः भुक्तौ मृगादभयम्।।

ओझा जी का कहना है कि इन पद्यों में प्रयुक्त वृषांश, मिथुनांश आदि शब्द वृषनवांश, मिथुननवांश आदि के वाचक नहीं हो सकते, क्योंकि यहां वृष राशि के तुलांश, वृश्चिकांश और धनुरंश का भी निर्देश है। वृषराशि में तुला, वृश्चिक एवं धनु के नवांश नहीं होते। अतः यहां यह मानना होगा कि मध्यपाराशरीकार द्वारा ये वृषांश आदि शब्द वृषत्रिंशांश आदि के लिए प्रयुक्त किए गए हैं और यहां आचार्य (मध्यपाराशरीकार) ने त्रिंशांश को एक अंशात्मक (राशि का 30 वां भाग) मानकर, परिवृत्ति–नियमानुसार–इन (एक अंशात्मक) त्रिंशांशों की राशियों का निर्धारण किया है – यह भी स्पष्ट है। ओझा जी का कहना है कि यदि भारतीय परम्परागत मतानुसार पंचविभागात्मक त्रिंशांश ही माना होता तो आचार्य यहां सिंहांश (सिंह के त्रिंशांश) व कर्कांश (कर्क के त्रिंशांश) की चर्चा न करते, क्योंकि भारतीय मतानुसार तो सूर्य (सिंह) और चन्द्र (कर्क) के त्रिंशांश होते ही नहीं हैं।

उपरोक्त प्रकार से श्री ओझा ने मध्यपाराशरी के ऊपर उद्धृत वाक्यों द्वारा यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि मध्यपाराशरीकार (पराशर) 30 विभागात्मक त्रिंशांश और मेषादि परिवृत्ति, नियम के समर्थक हैं। लेकिन श्री ओझा द्वारा किया गया–यह प्रतिपादन त्रिंशांश को एक अंशात्मक बनाने और उसपर परिवृत्तिनियम आरोपित करने के पूर्वाग्रह की उपज है। त्रिंशाश का शाब्दिक अर्थ लेकर उसे राशि का 30 वां भाग मानना, सर्वसम्मत परम्पराप्राप्त भारतीय फलितशास्त्र के विरुद्ध है, (इसके बारे में हमने आगे स्पष्टीकरण दिया है)। यहां प्रयुक्त ये वृषांश, तुलांश, वृश्चिकांश आदि शब्द द्वादशांशों के वाचक हैं, क्योंकि होरा, द्रेष्काण, त्रिशांशों के लिए मध्यपाराशरीकार परिवृत्तिनियम के अनुसरण का समर्थक नहीं है और परिवृत्तिनियम माने बिना त्रिंशांशों में कर्क और सिंह के त्रिंशांश सम्भव नहीं हैं। **'मध्यपाराशरीकार परिवृत्तिनियम का अनुसर्त्ता नहीं है'** – इसकी पुष्टि नीचे दिए गए मध्यपाराशरी के ही एक श्लोक से पूरी तरह हो जाती है (ओझा जी ने भी इस श्लोक को स्वयं उद्धृत किया है, देखें ऊपर) –

लग्नेश्वरो रन्ध्रपतिश्च युक्तौ वृषे वृषांशे वृषभ दृकाणे।
स्थितौ भवेतां यदि तौ वृषेण घातात्तयोः स्यान्मरणं हि भुक्तौ ।।

– (मध्यपाराशरी)

इस पद्य का अर्थ है ,– यदि लग्नेश, अष्टमेश दोनों इकट्ठे वृष राशि के या तो वृषांश में या वृष द्रेष्काण में हों तो इनकी दशा में वृषभ (बैल) के प्रहार से जातक की मृत्यु होती है।

ध्यान दें – वृषराशि में वृषद्रेष्काण भारतीय परम्परागत मतानुसार ही सम्भव है { देखें, –द्रेष्काण चक्र (भारतीय मतानुसार) }। परिवृत्ति मतानुसार तो वृषराशि में वृष द्रेष्काण आता ही नहीं है { देखें, – द्रेष्काण चक्र (परिवृत्तिमतानुसार) }। इससे यह सिद्ध है, मध्यपाराशरीकार परिवृत्तिनियम का समर्थक नहीं है। अतः इससे यह भी सुस्पष्ट है – मध्यपाराशरीकार के उपरोक्त वाक्यों में प्रयुक्त वृषांश, मिथुनांश आदि शब्दों के वास्ताविक अर्थ वृषत्रिंशांश, मिथुनत्रिंशाश आदि नहीं , अपितु वृष- द्वादशांश, मिथुन-द्वादशांश आदि ही हैं। क्योंकि इनके वृषत्रिंशांश अर्थ तो त्रिंशांश को एक अंशात्मक एवम् परिवृत्ति- नियमान्तर्गत मानने पर ही सम्भव है। **किञ्च–'लघुपाराशरी'**, *'मध्यपाराशरी'* और

'बृहत्पाराशर होरा' :– इन तीनों के रचयिता पराशर ही माने गए हैं। बृहत्पाराशर होरा में होरा, द्रेष्काण, त्रिंशांश की परिभाषाएं उपरोक्त भारतीयमत के अनुसार ही दी गई हैं। परिवृत्तिनियम को उन्होंने नहीं माना *। अतः 'मध्यपाराशरी' के इन उपरोक्त वाक्यों में प्रयुक्त वृषांश आदि शब्दों की संगति के लिए त्रिंशांश को एक अंशात्मक तथा परिवृत्ति–नियमान्तगर्त मानना पराशर के मत के भी प्रतिकूल होगा । अतः यह पूरी तरह सिद्ध है, ये वृषांश आदि शब्द, वृष-द्वादशांश आदि से ही अर्थ रखते हैं।

इसप्रकार यह स्पष्ट है, मध्यपाराशरीकार ने वृद्धकारिकाकार द्वारा प्रतिपादित परिवृत्तिनियम को तिरस्कृत किया है–

श्री गोपेशकुमार ओझा ने भारतीय परम्पराप्राप्त होरा का भी प्रतिवाद करने के लिए **' जातकपारिजात '** की ही टीका में लिखा है ,–

"प्रायः ज्योतिष की जो षड्वर्ग या सप्तवर्ग की जन्मकुण्डलियां बनती हैं, उनमें होरा कुण्डली के नीचे लिखा या छपा रहता है ,– " **होरायां वै सम्पदाद्यं सुखं च।**" अथवा यह पद्य लिखा रहता है ,–

होरालग्नाद् धनस्थाने शुभा धनसमृद्धिदाः।
विनाशकारकाः पापा मिश्रैः मिश्रफलं वदेत्।।

अर्थात् *– होरा कुण्डली में होरालग्न से धन (द्वितीय) स्थान में शुभग्रह धन–समृद्धि और पापग्रह धन–विनाश करते हैं। . . . . सम्प्रति जो होराकुण्डली बनाने की प्रक्रिया है, उसमें सात ग्रहों में से कुछ को, जो सूर्य की होरा में होते हैं, सूर्य की होरा में '5' लिखकर–उसमें रख देते हैं। अन्य ग्रहों को जो चन्द्रमा की होरा में होते हैं, उन्हें चन्द्रमा की होरा में '4' लिखकर–उसमें रख देते हैं ,– लग्न में सूर्य की होरा हुई तो '5' ऊपर लिख देते हैं। लग्न में चन्द्रमा की होरा हुई तो '4' ऊपर लिख देते हैं। अब कहिए– होरालग्न से धनस्थान कैसे देखा जाए ? होरालग्न–तभी ठीक होगा, जब बारहों राशियों की होराएं हों और होरालग्न से द्वितीयस्थान में शुभ ग्रह हों– या पाप ग्रह हों– उससे निष्कर्ष निकाला जाए।"*

होरालग्न कुण्डली

5 लग्न (प्रथमभाव)
सूर्य होरा
चं. मं. के. बु. रा.

4
(द्वितीयभाव)
चन्द्र होरा
शु. सू. श. गु.

ओझा जी का यह तर्क भी ठीक नहीं है, क्योंकि होरालग्न कुण्डली, जो भारतीय परम्पराप्राप्त मतानुसार, जन्मपत्रियों में दी जाती है; उसमें केवल दो ही भाव होते हैं– एक होरालग्न वाला प्रथमभाव, और दूसरा द्वितीयभाव कहलाता है। होरालग्न कुण्डली में इन दो भावों के अतिरिक्त अन्य तृतीय आदि दसभाव होते ही नहीं हैं, यह सामने दी गई, होरालग्न कुण्डली से स्पष्ट है।

ध्यान रहे :– होरालग्न में केवल ये (प्रथम, द्वितीय) दोनों ही भाव होते हैं। अतः होरालग्न कुण्डली को फलादेश में इन दो ही भावों में स्थित ग्रहों का फल मिलता है, अन्य भावों में ग्रहस्थिति का फल कहीं भी उपलब्ध नहीं है।*

** आजकल उपलब्ध 'बृहत्पाराशर होरा' के संस्करण में भी परिवृत्ति नियम द्वारा होरा व द्रेष्काणों की राशियों के निर्णय का निर्देश करने वाली ऊपर उद्धृत दो वृद्धकारिकाएं उद्धृत हैं, लेकिन साथ ही वहां प्रत्येक राशि की होराओं के स्वामी केवल सूर्य, चन्द्र तथा तीन द्रेष्काणों के स्वामी स्व–पंचम–नवमेश ही दिए गए हैं। इससे स्पष्ट है – यहां ये वृद्धकारिकाएं बाद में प्रक्षिप्त की गई हैं।*

अपि च, कल्याणवर्मा ने 'सारावली' में भी यह निम्नांकित पद्य दिया है , जिसमें परिवृत्तिनियम द्वारा लग्नादिभावों तथा ग्रहों के वर्गों की राशियों का निर्णय करने की बात लिखी है ,–

लग्नादीनां लिप्ता ज्ञेयाः स्वगृहादिवर्ग संगुणिताः।
अष्टादश–शत भक्ताल्लब्धः स्यादीप्सितो वर्गः।। – (सारावली)

लेकिन कल्याण वर्मा ने होरा, द्रेष्काण और त्रिंशांश वर्गों के लिए इस पद्योक्त प्रक्रिया का प्रयोग बिल्कुल नहीं किया । इन तीन वर्गों की परिभाषाएं इस आचार्य ने बृहज्जातकोक्त (भारतीय परम्परागत) ही स्वीकार की है–यह इन तीन वर्गों से सम्बद्ध सारावली के ऊपर उद्धृत वाक्यों से स्पष्ट हैं। इस पद्योक्त प्रक्रिया से तो केवल नवमांश, सप्तमांश, षोडशांश, विंशांश और भांश वर्गों की ही राशियां ज्ञात हो सकती हैं। शेष वर्गों में भारतीय फलिताचार्यों ने परिवृत्ति–नियम का अनुसरण नहीं किया है।

** यहां ऊपर दी गई होराकुण्डली में लग्न (प्रथमभाव) में सिंह और द्वितीयभाव में कर्क राशि है। अतः यहां राशियों का क्रम, भावों के क्रम के सापेक्ष विपरीत है – ऐसा समझना ठीक नहीं है। इसका स्पष्टीकरण इसप्रकार है ,–*

होरालग्न–कुण्डली के इन दो भावों में सूर्य–चन्द्र की होराओं के स्थान प्रकट करने के लिए क्रमशः 5, 4 राशियों का विन्यास करना उचित नहीं है, क्योंकि भारतीय मतानुसार होराएं ग्रहों (सूर्य– चन्द्र) की ही होती है, उनकी राशियों (सिंह, कर्क) की नहीं। दैवज्ञलोग इस कुण्डली में सूर्य की होरा वाले घर में '5' और चन्द्र की होरा वाले घर में '4' राशि–लिख देते हैं। इनके स्थान पर उन्हें क्रमशः 'सूर्य होरा' एवम् 'चन्द्र होरा' लिखना चाहिए। इससे सूर्य की होरा में लग्न होने पर होराकुण्डली के प्रथमभाव की राशि '5' और द्वितीयभाव की '4'– इसप्रकार भावों एवम् राशियों में (पौर्वापर्यक्रम के) व्यत्यय का आभास नहीं होगा।

उपरोक्त होराकुण्डली में मैंने प्रथम, द्वितीय भावों में क्रमशः 5 और 4 राशियों का निर्देश पाठकों को केवल समझाने की दृष्टि से किया है।

भारतीय फलितसाहित्य के जातक–संहिता–मुहूर्त्त आदि के सभी ग्रन्थों में होरा, द्रेष्काण, त्रिंशांश की परिभाषाएं निरपवादरूप से ठीक वही हैं; जिनका निर्देश **'बृहज्जातक'** में किया गया है, और इन्हें ही हमने यहां सर्वत्र भारतीय मतानुसारी होरा, द्रेष्काण व त्रिंशांश लिखा है। होरा एवं द्रेष्काण के लिए मेषादि–परिवृत्तिनियम की चर्चा भी एकमात्र **वृद्धकारिका** में ही मिलती है। त्रिंशांशों के बारे में तो परिवृत्तिनियमानुसरण का निर्देश वृद्धकारिका में भी नहीं है। इस परिवृत्तिनियम की चर्चा न तो भारतीय फलितसाहित्य के किसी अन्य ग्रन्थ में ही मिलती है और न इसका होरादि त्रिवर्ग में किसी फलितशास्त्री ने ही प्रयोग किया है। यही नहीं; इन तीन वर्गों में परिवृत्तिनियम को यवन फलिताचार्यों ने भी मान्यता कतई नहीं दी । भारतीयफलित साहित्य के किसी भी ग्रन्थ में इन तीन वर्गों के बारे में परिवृत्तिनियम के प्रयोग का एक भी उदाहरण गम्भीरता से ढूंढने पर भो नहीं मिलता। **किञ्च**–सभी जातकग्रन्थों के होराफल प्रकरणों में केवल सूर्य एवं चन्द्र की ही होराओं का फल निर्दिष्ट है, जबकि परिवृत्ति-मतानुसार तो सभी ग्रहों की होराओं का फल निर्दिष्ट होना चाहिए। इसी प्रकार इन ग्रन्थों में केवल मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि के ही त्रिंशांशो का फल दिया गया है, परिवृत्तिनियम के अनुसार तो सूर्य, चन्द्र के त्रिंशाशों का भी फल वहां होना चाहिए। इस प्रकार भारतीय फलितसाहित्य का परिशीलन बतलाता है ,– वृद्धकारिकाकार द्वारा उपस्थापित यह परिवृत्तिनियम इस वर्गत्रयी में सर्वत्र सर्वथा अप्रयुक्त रहा है।

त्रिंशांश एक–एक अंश का क्यों नहीं ?

"त्रिंशांश शब्द का शाब्दिक अर्थ **'तीसवां भाग'** है, अतः प्रत्येक राशि में 30 त्रिंशांश होने चाहिएं" – इसमत की समीक्षा करना भी नितान्त आवश्यक है ,–

त्रिंशांश शब्द का अर्थ **'तीसवां भाग'** ही है * । यह प्रत्येक संस्कृतज्ञ जानता है। लेकिन इसशब्द का प्रयोग भारतीय फलितसाहित्य में सर्वत्र निरपवादरूपेण राशि के ऐसे पांच भागों के लिए ही, जो सभी परस्पर समान नहीं है, शताब्दियों से किया जा रहा है। अपने वास्तविक अर्थ से सर्वथा भिन्न अर्थ में, इसशब्द का प्रयोग इतने सुदीर्घकाल से अविच्छिन्न–रूपेण चला आ रहा है ,– यह सचमुच आश्चर्यजनक बात है। और भी आश्चर्यजनक बात तो यह है कि इस संस्कृत शब्द का अर्थान्तर में प्रयोग करने वाले जातकादि ग्रन्थों के प्रणेता सभी भारतीय फलितशास्त्री संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित रहे हैं, अतः ऐसा नहीं कि उन्हें इसका वास्तविक अर्थ ज्ञात नहीं था। ऐसा प्रतीत होता है, कि प्रारम्भ में ही शताब्दियों पूर्व जबकि भारतीय फलितसाहित्य में इसवर्ग का उदगम हुआ, तभी किसी से इसके नामकरण में गलती हुई है। उस गलती का शोधन परवर्ती फलितशास्त्रियों द्वारा उपेक्षा या अन्य किसी कारण से नहीं किया गया और धीरे–धीरे यह त्रिंशांश शब्द पंचविभागात्मक वर्ग के लिए रूढ़ हो गया। अर्थान्तर में इसके प्रयोग को भलीभान्ति जानते हुए भी किसी भी दैवज्ञ का आजतक यह साहस नहीं हुआ, कि इस शब्द के स्थान पर अन्वर्थक शब्द रख दिया जाए। जब कोई शब्द किसी विशेष अर्थ में रूढ़ हो जाता है, तब उसे दूसरे अर्थ के लिए प्रयोग में लाने का प्रयास कभी भी सफल नहीं होता है– यह भाषाशास्त्री जानते हैं। कुछ भी हो, त्रिंशांश शब्द पूरे भारतीय फलितसाहित्य में राशि के पंचविभागात्मक वर्ग के अर्थ में ही–लगभग दो हजार वर्षों से (जब से भारतीयफलित का उदगम हुआ है, तब से) अब तक निरन्तर प्रयुक्त होता आ रहा है। अब इसे इस अर्थ से विच्छिन्न नहीं किया जा सकता। भारतीय फलित में इसप्रकार के दो और भी शब्द हैं; जो अपने वास्तविक (मूलभूत) अर्थ से भिन्न अर्थ में भारतीय फलितसाहित्य में लगभग पौने दो हजार वर्षों से प्रयुक्त होते चले आ रहे हैं। वे शब्द हैं ,– **'उच्च' और 'नीच'।** ये खगोलशास्त्र के पारिभाषिक शब्द हैं, जिन्हें क्रमशः **मन्दोच्च एवम् मन्दनीच** भी कहा जाता है। प्रत्येक ग्रह के मन्दोच्च एवं मन्दनीच उसके भ्रमणवृत्तीय खगोलरथ–दो ऐसे बिन्दु हैं जिनसे उसकी पृथ्वी से क्रमशः दूरी और समीपता का ज्ञान होता है। प्रत्येक ग्रह के ये मन्दोच्च, मन्दनीच बिन्दु, प्रतिवर्ष थोड़ा–थोड़ा, खगोल में चलते रहते हैं, ग्रहों के Exaltation और Debilitatian नाम वाले उन बिन्दुओं को ,जहां ग्रह क्रमशः परमसबल और परमनिर्बल होने से शुभाशुभ भावादि फल परमाधिक एवं परमाल्प देते हैं, किसी प्राचीन भारतीय दैवज्ञ ने क्रमशः उच्च एवं नीच संज्ञाएं दे दीं, जो बिल्कुल गलत हैं। खगोलशास्त्रीय उच्च (मन्दोच्च) और नीच (मन्दनीच) बिन्दुओं को English में क्रमशः Apogee और Perigee कहा जाता है। भारतीय फलितसाहित्य में ये दोनों (उच्च, नीच) शब्द प्रारम्भकाल से ही अर्थान्तर में प्रयुक्त होते आ रहे हैं। शताब्दियों के इस सुदीर्घ अन्तराल में किसी भी दैवज्ञ ने (खगोलशास्त्र के ज्ञाता नारद, कश्यप, पराशर, वसिष्ठ, वराह, भट्टोत्पल आदि ने भी) इन भ्रष्टार्थ शब्दों के स्थान पर अन्य अन्वर्थक शब्दों को प्रतिष्ठापित करने का नाम तक नहीं लिया ⁂ । यही दशा इस 'त्रिंशांश' शब्द की भी है।

---

* त्रिंशः = त्रिंशत्तमः , अंशः = भागः (= तीसवां भाग)।

⁂ श्री रामयत्न ओझा जी ने तो फलितविकास में ही फलित में प्रयुक्त किए जा रहे इन उच्च, नीच शब्दों को खगोलशास्त्रीय उच्च नीच के ही वाचक बतलाया है। यह भी श्री ओझा जी की भ्रान्ति है। उनकी इस भ्रान्ति का निराकरण मैंने अपने एक अप्रकाशित निबन्ध **'फलितशास्त्रीय उच्च–नीच'** में किया है।

श्री ओझा का कहना है – " त्रिंशांश का अर्थ '30 वां भाग' है। अतः तदनुसार प्रत्येक राशि में 30 त्रिंशांश होने चाहिएं। प्राचीन ऋषि प्रतिपादित मत भी यही है।" इसके अनुसार, ओझा जी ने 12 राशियों में 360 त्रिंशांश मानकर 12 बार मेषादि परिवृत्ति द्वारा प्रत्येक त्रिंशांश की राशियों का निर्धारण किया है { इसके स्पष्टीकरण के लिए पहिले दिया गया "त्रिंशांश चक्र (परिवृत्ति नियमानुसार)" देखें }।

यदि ओझा जी द्वारा दी गई त्रिंशांश की उपरोक्त परिभाषा को हम **वादिपरितोष–न्यायेन** स्वीकार भी कर लें, तब प्रश्न यह उपस्थित होता है, कि–इस स्थिति में पंचभागात्मक इस त्रिंशांश को, जोकि सभी भारतीय फलितग्रन्थों में षड्वर्ग, सप्तवर्ग, दशवर्ग आदि का शताब्दियों से अब तक अभिन्न अंग बना चला आ रहा है, क्या समेट कर कूड़ापात्र में फेंक दें ? लेकिन ऐसा कर सकने का साहस किसी भी दैवज्ञ में नहीं है। नारद, कश्यप, पराशर आदि मुनियों तथा फलित के मूर्धन्य आचार्य सत्य, वराह, आदि द्वारा समर्थित इस त्रिंशांश को तिरस्कृत करना इन सभी आगमत्वेन प्रामाणिक माने जाने वाले मुनियों, आचार्यों का भारी तिरस्कार माना जाएगा। सारा फलितसाहित्य त्रिंशांश की इसी (पंचभागात्मक) परिभाषा तथा तदनुसारी फलादेश से बुरी तरह लदा पड़ा है। जब कि राशि के 30 वें–भाग वाला त्रिंशांश तो, जिसे ओझा जी प्राचीन ऋषिसम्मत कहते हैं, फलितसाहित्य के किसी एक भी ग्रन्थ में परिभाषित एवं तनिक चर्चित भी नहीं है।

ध्यान रहे ;– ओझा जी ने जिस त्रिंशद्भागात्मक त्रिंशांश की स्थापना का प्रयास किया है, उस त्रिंशांश का फलादेश भी तो हमारे किसी एक भी ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं है। इन ग्रन्थों में त्रिंशांश का जो फलादेश उपलब्ध है, वह पंचभागात्मक त्रिंशाश का ही है। उसमें सूर्य–चन्द्र के त्रिंशांशों का फल है ही नहीं । अतः उसे त्रिंशद्भागात्मक त्रिंशांशों के स्वामी ग्रहों के लिए,–जिनमें सूर्य–चन्द्र भी समाविष्ट हैं, प्रयोग में लाना अशक्य एवं सिद्धान्तविरुद्ध भी होगा। यही कारण है ,– फलितशास्त्र से पूरी तरह समवेत पंचभागात्मक त्रिंशांश को ध्वस्त कर उसके स्थान पर ऐसे त्रिंशद्भागात्मक त्रिंशांश को प्रतिष्ठापित करने का ओझा जी का प्रयास , जिसका प्राचीन एवं अर्वाचीन फलितसाहित्य में गन्धमात्र भी नहीं है, सभी दैवज्ञों के अभिनन्दन से वंचित रहा है।

अन्त में मैं **काशी हिन्दु विश्वविद्यालय** के ज्योतिष विभाग द्वारा प्रकाशित होने वाले **स्व. श्री रामयत्न ओझा जी** द्वारा संस्थापित **' श्रीविश्वपंचांग '** में प्रतिवर्ष परिवृत्ति–नियमानुसार प्रकाशित किए जा रहे – **होरा, द्रेष्काण, त्रिंशांश** चक्रों को बदलकर भारतीय परम्परानुसार प्रकाशित करने के लिए इसके वर्तमान सम्पादकवर्ग से अनुरोध करुंगा, ताकि इससे सामान्य दैवज्ञवर्ग व्यर्थ में दिग्भ्रान्त न हों।

✪✪✪✪✪✪✪✪

वि.सं. २०५९ में चन्द्र उपच्छाया ग्रहण ही क्यों ? क्या ये उपेक्ष्य हैं ?

लेखक- शक्तिधर शर्मा

इस वर्ष दोनों ग्रहण ऋतुओं (Eclipse Seasons) में सभी चन्द्र ग्रहणं उपच्छाया ग्रहण (उपग्रहण) हैं। वस्तुतः ५-७-२००१ ई. से १६-५-२००३ तक सभी चन्द्र ग्रहण उपग्रहण ही हैं। ऐसी स्थिति का कारण क्या है ?

पाठक -चन्द्रग्रहण की ज्यामिति जानते ही होंगे । सूर्य के प्रकाश से बनी पृथ्वी छाया से चन्द्रग्रहण लगता है। पृथ्वी की छाया चन्द्रमा की कक्षा में दो तरह से आ सकती है। दो छाया शंकु बनते हैं। छाया शंकु; जो कि पृथ्वी को सीधी स्पर्श रेखाओं की दिशा में होता है । उपछाया शंकु : पृथ्वी को तिर्यक् एवं एक दूसरे को काटती स्पर्श रेखाओं से बनता है। छाया शंकु में छाया गूढ़ी होती है। यह शंकु एक शीर्ष बिन्दु तक जाता है। उपछाया शंकु धुंधला सा होता है क्योंकि वहां पूरी छाया नहीं पहुंचती। यह आगे आगे धुंधला होता जाता है। (देखें चित्र-क)

चँद्र उपग्रहण
चित्र (क)

चन्द्र उप-ग्रहण घटित होने की निर्णायक स्थितियां निम्नलिखित हैं-

(१) राहु/केतु पूर्णिमा के दिन सूर्य से एक निश्चित अन्तर पर हो (लगभग ९° से कम अंतर)

(२) चन्द्रमन्दोच्च राहु के पास हो क्योंकि चन्द्रमन्दोच्च चन्द्र कक्षा का सर्वोच्च बिन्दु है। क्योंकि उपच्छाया शंकु छाया शंकु से ऊपर के क्षेत्र में है अतः चन्द्र कक्षा का पात उच्च के पास हो तभी चन्द्रमा को उपच्छाया शंकु में से अपनी कक्षा का मार्ग अपनाना पड़ेगा।

(३)सूर्य का मन्दोच्च में होना। यह स्थिति उपग्रहण घटना में कुछ प्रभाव डालती है विशेष नहीं।

(४) राहु केतु के लम्बन एवं शर में सूर्याकर्षणजन्य अन्तर। साधारणतः राहु, केतु एवं चन्द्रमा के लम्बन बराबर होते हैं परन्तु पूर्णिमा और अमा के समय विशेषतः राहु के मार्गी होने पर इनका लम्बन एवं शर काफी विचलित हो जाता है । कक्षा की आकृत्ति see saw की तरह हो जाती है क्योंकि राहु केतु लम्बन विपरीत दिशा में बदलते हैं। यदि राहु का लम्बन (Parallax) घटेगा तो केतु का लम्बन बढ़ेगा। इस स्थिति में पर्व संभव स्थिति डगमगाने से बीच में ग्रहण की घटना का अभाव भी संभव है ।

इस वर्ष पांच ग्रहण हैं । तीन चन्द्र उपग्रहण (सन् २००२, २६ मई, २४ जून एवं १९ नवम्बर), सूर्य ग्रहण दो हैं (जून १० तथा दिसम्बर ४,२००२)। यहां तीनों चन्द्रग्रहण उपग्रहण ही हैं। सन् २००१ के प्रारम्भ में गणित करने से राहु एवं चन्द्रमन्दोच्च दोनों के सायन भोगांश लगभग ८३° हैं। कुछ मास पहिले एवं बाद तक राहु एवं चन्द्रोच्च समीप समीप ही हैं। **क्या हमें उपग्रहण को ग्रहण मानना चाहिए या नहीं ?** सभी ज्योतिषी मानते हैं- कि भारतीय परम्परा में उन्हें ग्रहण नहीं माना गया। लेखक के विचार से इन्हें ग्रहण अवश्य मानना चाहिए। इस विचार के कुछ कारण हैं-

१. इन चन्द्र उपग्रहणों में ग्रासमान ९० प्रतिशत तक हो जाता है। अतः ये आदेश्य हैं। १ अंगुल (१/१६ भाग) से कम ग्रास वाले ही अनादेश्य होते हैं।

२. ये ग्रहण भी गणितागत हैं और पुराने आचार्य भी इन्हें पहिचानते थे और ग्रहण के रूप में स्वीकृत करते थे। किञ्च छाया-ग्रहण में भी कुछ समय के लिए चन्द्र उप छाया में से निकलता है।

३. पिछले समय में ग्रहणों की पहिचान रंगों से होती थी और इसके आधार पर ग्रहणों के चक्रों का ध्यान हुआ । Winfled Petri और शामशास्त्री जी के शोधकार्य इस क्षेत्र में श्लाघनीय हैं। वेदांग काल में धूसर वर्ण ग्रहण का वर्णन है जो कि शायद उपग्रहण ही था। अतः इन्हें ग्रहण मानना उचित है। शायद धर्मशास्त्रकारों ने इन उप ग्रहणों में चन्द्र विम्ब पर मालिन्य मात्र छाया आने से इसे ग्रहण की कोटि में नहीं रखा! ——

सूर्य के दो दुधमुंहे से अनुचर ग्रह बुध एवं शुक्र

लेखक—शक्तिधर शर्मा

आजकल साधारण छात्र भी यह जानते हैं कि सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर परिक्रमाएं करते हैं। परन्तु यदि आप शुक्र एवं बुध की गति प्रक्रियाओं को देखें तो ज्ञात होगा कि ये सूर्य के दोनों तरफ दोलक (Pendulum) की तरह दोलित होते हैं। बाहरवीं सदी (12th A.D.) के भारतीय ज्योतिषाचार्य श्री भास्कर ने इन्हें सूर्य के अनुचर (अर्थात् दास) कहा है। इन की गतिविधियों में बड़ी विलक्षणताएं हैं और इन की कलाएं भी बनती हैं । बुध तो साधारण स्थितियों में दिखाई नहीं देता क्योंकि उसका दोलनायाम (Amplitude of oscillation)छोटा है तथा यह ग्रह आकार में भी छोटा है। थोड़े अक्षांशों वाले स्थानों में विशेषत: यह दीखना भी असंभव सा है परन्तु इसकी गतिप्रक्रियाएं सूर्य-सापेक्ष शुक्र जैसी ही हैं।

अध्ययन की दृष्टि से ग्रहों का वर्गीकरण

यदि ग्रहों की गतियों का अध्ययन करना हो तो इन्हें दो वर्गों में बांटना उचित है -

(१) वे ग्रह जिन की कक्षाएं सूर्य से पृथ्वी की कक्षा के भीतर हैं- ये आभ्यन्तर ग्रह कहे जाते हैं। बुध एवं शुक्र आभ्यन्तर ग्रह हैं।

(२) जिन ग्रहों की कक्षाएं सूर्य एवं पृथ्वी की कक्षा के मध्य न होकर बाहिर हैं वे बाह्य ग्रह कहलाते हैं। बुध एवं शुक्र के अतिरिक्त सभी ग्रह बाह्य हैं। हमारा चन्द्रमा भी एक आभ्यन्तरपिण्ड है जो कि सूर्य की परिक्रमा कर रही पृथ्वी के गिर्द चक्कर लगाता है।

ग्रहों की गतियों में अध्येतव्य विषय

ध्यान रहे कि - साधारणतया ग्रह पश्चिम से पूर्व की ओर चलते हैं इसे मार्गी गति कहा जाता है। अध्ययन में गति का परम या अल्पतम होना, ग्रह का स्थिर होना, शून्य गति बिन्दु, वक्रगति (राशियों में पश्चिम से पूर्व की ओर चलने के बजाय पूर्व से पश्चिम की ओर चलना)इसे (वक्रगति)कहते हैं। इसका परममान, वक्रगति शून्य होकर पुन: ग्रह का स्थिर होना और पूर्व की ओर चलना, परम मार्ग गति एवं इन गतियों में सूर्य से परम अन्तर, ग्रहों का सूर्य के पास आने पर उसकी चमक में दीखना बन्द होना, सूर्य से परमअन्तर तथा सूर्य से विशेष दूरी होने पर भी दीखना प्रारम्भ होना (अर्थात् ग्रहों के सूर्य कैन्द्रिकअस्त एवं उदय)तथा ग्रहों की दृश्य कलाएं बनना आदि घटनाएं है जिनके अध्ययन आवश्यक हैं। ये सभी गति प्रक्रियाएं इस लेख में गति घटनाएं कही जाएंगी। इन गति घटनाओं के अतिरिक्त सूर्य के साथ ग्रहों की युतियां भी कोरी आंख से अदृश्य गति घटनाएं हैं, जिनका गणितीय अनुमान आवश्यक है। इन सभी घटनाओं के समय क्षण तथा आकाश में वे बिन्दु जहां घटनाएं घटित हुई हैं ज्ञातव्य विषय हैं।

आभ्यन्तर एवं बाह्य ग्रहोंकी गतिविधियों में अन्तर

(१) आभ्यन्तर ग्रह बुध एवं शुक्र की सूर्य से परम दूरी निश्चित है। बुध सूर्य से $+२८^\circ$ से अधिक दूरी पर नहीं जा सकता । शुक्र का परम अन्तर $\pm ४८^\circ$ है। ये परम अन्तर कक्षाओं के परिमाण व्यासादि पर निर्भर हैं। बुध एवं शुक्र की सूर्य से दूरियां निश्चित होने से इन दूरियों में ही इनकी कलाएं बनती हैं। ये यह इन निश्चित दूरियों के अन्दर ही दोलित होते हैं।

(२) बाह्य ग्रहों का सूर्य से अन्तर कुछ भी ०°-१८०°-३६०° हो सकता है।

(३) आभ्यन्तर ग्रह केवल सूर्योदय से पहिले पूर्व में सूर्यास्त के समय ही देखे जा सकते हैं- और पूर्व एवं पश्चिम के क्षितिज के ऊपर के परम आयाम (maximum amplitude)तुल्य आकाश खण्ड में ही देखे जा सकते हैं। स्पष्ट है कि आभ्यन्तर ग्रह अन्य आकाश खण्ड (यानी आकाश मध्य आदि) में कोरी आंखों से नहीं देखे जा सकते केवल खग्रास सूर्य-ग्रहण के समय एवं साधारण स्थितियों में टैलीस्कोप में फिल्टर लगाकर ही देखे जा सकते हैं।

जैसाकि पहले स्पष्ट किया है कि बुध को साधारात: देखना असंभवा सा ही स्वयं लेखक ने बुध को जीवन में एक बार साधारण स्थिति में देखा है जबकि स्व० पिता जी ने लगभग ३५ साल पहिले हमें सावधान किया । प्रात: पूर्व में यह देखने योग्य स्थिति में आया था। उस समय यह चन्द्रमा के श्रृंग के पास पूर्व में क्षितिज से ऊपर उठा हुआ दृश्य था । उस समय इसे पहिचानने देखने में कोई कठिनाई नहीं हुई। इसके अतिरिक्त बुध सूर्य के साथ संक्रमण करता हुआ पटियाला यूनिवर्सिटी टैलिस्कोप में फिल्टर लगा कर देखा। उस समय यह सूर्य बिम्ब पर चलते हुए एक छोटे से धब्बे के रूप में लघु ग्रहण सा लगा रहा था उस समय दो से अधिक घण्टों तक दिन मध्याह्न में (खमध्य में)देखा और छात्रों को दिखाया । यह एक

विशेष सुन्दर एवं स्पष्ट स्थिति थी। बुध को तो साधारण स्थिति में बहुत कम ज्योतिषशास्त्रियों ने अपने जीवनकाल में देखा है क्योंकि इसका दोलन आयाम कम है इसकी चमक भी कम है तथा सन्ध्यारुण (Twilight) में यह डूबा रहता है। किञ्च गति अधिक होने से शीघ्र ही दृश्य क्षेत्र से बाहिर हो जाता है। इसके विपरीत शुक्र सूर्योदय से पहिले पूर्व में एवं सूर्यास्त समय पश्चिम में प्रायः सभी ने बहुशः देखा है। बाह्य ग्रह तो वर्ष के कुछ दिन महीनों को छोड़कर सारा वर्ष रात्रि समय देखे जा सकते हैं आकाश के किसी भी क्रान्तिवृत्त के समीप भाग में। ध्यान रहे ये ग्रह केवल तभी अदृश्य होते हैं जब वे सूर्य के पास आने से उसकी चमक के कारण नहीं देखे जा सकते। शीघ्र ग्रह सूर्य के पास आकर अस्त हो जाते हैं और मन्द ग्रहों को सूर्य उनके पास आकर उन्हें कुछ समय के लिए अस्त कर देता है। इस अदृश्यताकाल को ग्रह का अस्तकाल कहा जाता है। इस काल को छोड़कर यह अवश्य दृश्य हो गया जब भी क्षितिज से ऊपर रहेगा।

कोरी आंखों से आभ्यन्तर ग्रहों के अध्ययन की विधि

जैसा कि पिछले प्रद्यट्टक में स्पष्ट किया गया है कि बाह्य ग्रह तो वर्ष में कुछ दिन, मास (अस्तमनकाल) छोड़कर सदैव दृश्य होते हैं। ये सूर्य से १८०° के दूरी पर होते समय सूर्यास्त के बाद पूर्व में उदित (क्षितिज से ऊपर उठकर) सारी रात्रि पूर्व से पश्चिम में जाते देखे जा सकते हैं। आभ्यन्तर ग्रह बुध एवं शुक्र तो सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय ही (कुछ घंटों के लिए) देखे जा सकते हैं। क्योंकि बुध साधारण स्थिति में दिखाई नहीं देता वह तो नन्हें दुधमुहें बच्चे की तरह बारंबार जल्दी ही सूर्य की गोद में जा छिपता रहता है। किञ्च- यह शिशु ग्रह जैसी ही गति घटनाओं में अपना समय व्यतीत करता है जैसे शुक्र। इसके अतिरिक्त बाह्य ग्रहों के गतिविधि अध्ययन में कोई विशेष रूचिकर बात नहीं। अतः यहां विशेष गति प्रक्रियाओं वाले शुक्र की गति घटनाओं का अध्ययन ही अपेक्षित है। हम आगे केवल शुक्र के अध्ययन को लेकर चलेंगे।

यहां यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि हम अब शुक्र की मात्र गतिविधियों का ही अध्ययन करने जा रहे हैं जैसा कि एक ज्योतिशास्त्र तथा गतिविज्ञान (Dynamics) से अपरिचित मनुष्य स्वयं इस ग्रह को देखकर यथासंभव ज्ञान प्राप्त करता है। आजकल विज्ञान क्षेत्र में गत्यध्ययन के लिए दो शब्दों का प्रयोग होता है। Kinematics एवं Dynamics पहिले शब्द के लिए हम गतिपरिचय ज्ञान व गतिज्ञान और दूसरे शब्द के उपर्युक्त शब्द ''गति-विज्ञान'' कहेंगे। गति परिचय में मात्र गतिविधियों से परिचय होता है जिसके लिए कोई विशेष जटिल गणित-ज्ञान की आवश्यकता नहीं। परन्तु गतिविज्ञान में आकर्षण सिद्धांत आदि गति-कारणों को लेकर अध्ययन किया जाता है। यह साधारण जन गम्य विषय नहीं। अतः हम साधारण दर्शक जो कुछ देखने से प्राप्त करता है उसका विवेचन करके इस ग्रह के गतिविज्ञानीय विषय को छोड़ देते हैं।

साधारण स्थिति में शुक्र पश्चिम में सूर्यास्त से पहिले काफी दिनों तक प्रायः देखा जा सकता है। यह सायं तारा (Evening Star) के रूप में विश्वविख्यात है (ध्यान रहे कुछ दिन बाद) यही तारा प्रातः सूर्योदय से पहिले पूर्व में दीखने लग जाएगा तब यह कुछ समय के लिए प्रातः तारा (Morning Star) है। क्योंकि जनता प्रातः सो रही होती और सांय सभी जागते होते हैं अतः जब यह सांयतारा होता है अपनी विशेष चमक एवं सौन्दर्य के कारण सभी को लुभाता है।

प्राचीनकाल में शुक्र की गति घटनाओं का अध्ययन

इसका अध्ययन सांयकाल की इसकी छवि से प्रभावित होकर प्राचीनकाल से ही लेखकों द्वारा किया जाता रहा है। ऋग्वेद के उषः सूक्त में इसका वर्णन है कालीदास ने भी इसका वर्णन किया है। वराह हिमहिर (५वीं शती) ने ज्योतिष सिद्धांतों के अपने संकलन ग्रन्थ 'पञ्चसिद्धांतिका' के वसिष्ठ सिद्धांत तथा पौलिश सिद्धांत में इस ग्रह के गतिज्ञान का पूरा परिचय दिया है। लगभग २५ वर्ष पूर्व अमेरिका के प्रो० डा० पिंगरी ने अपने "पञ्चसिद्धान्तिका'' के विस्तृत व्याख्या ग्रन्थ में तथा इन से पूर्व भी श्रीसुधाकर ने शुक्र के गतिविषयक श्लोकों की गलत व्याख्या कर दी थी जिसे प्रो० कुप्पन्न शास्त्री जी ने संशोधित करने का प्रयत्न किया - उनकी पञ्चसिद्धान्तिका सटीक प्रकाशन उनके स्वर्गवास के बाद हुआ अभी दो तीन वर्ष पूर्व शास्त्री जी ने पाश्चात्य विद्वानों का खण्डन करते हुए शुक्र के गत्यध्ययन सम्बन्धी पद्यों की व्याख्या में संशोधन करके एक शोध निबन्ध (Indian National Sciences Academy New Delhi) के जरनल में प्रकाशित करवाने के लिए भेजा- इस सन्दर्भ में लेखक गुप्त निरीक्षक (Blind Referee) था- उन श्लोकों की व्याख्या में त्रुटियों को ठीक करके पाणिनीय व्याकरण तथा गणितीय सिद्धांतों के अनुसार संगत अर्थ के साथ लेखक द्वारा दी गई प्रमाण सम्मति के अनुसार उस निबन्ध का प्रकाशन किया गया। लेखक को भी इन श्लोकों का अर्थ व्यवस्थित करने में कई मास लगे थे अर्थों में दुविधाएं थीं अतः गणित तथा गतिविज्ञान के अनुसार सिद्धांतमान्य अर्थ पर पहुंचने के लिए काफी समय लगा। अन्तिम प्राप्ति में पंचसिद्धांति का प्रतिपादन प्रामाणिक

सिद्ध हुआ। पंचसिद्धांतिका के दोनों पौलिश तथा वसिष्ठ सिद्धांत के प्रतिपादन प्राचीनतम गणितीय प्रतिपादन माने जा सकते हैं। वराह मिहिर का काल भी शायद ५वीं शती नहीं अपितु प्रथम शती ही है। क्योंकि प्रो० पिंगरी की पञ्चसिद्धान्तिका के विश्लेषण में मध्यम ग्रह किस ग्रन्थ से लिये हैं और इन्हें प्राप्त करने के लिए पंचसिद्धांतिका के सूत्र लिये या अन्य सिद्धांतों से ? क्योंकि स्पष्ट दृश्य ग्रह ही तो वास्तविक ग्रह है। मध्यमग्रह तो सिद्धांत पर निर्भर है। अत: प्रो० पिंगरी का निर्णय सन्दिग्ध है। प्राचीन साहित्य में शुक्र की गतियों का अध्ययन बहुत प्रारम्भिक पाया जाता है। शुक्र की गति कभी घोड़े की सी कभी हाथी की सी समरूप वर्णित की गई है और गति के आकाश खण्ड वीथियों में विभक्त किये गए हैं ऐसे ही वर्णन जैन ग्रन्थों में मिलते हैं । आचार्य वराहमिहिर ने ये प्राप्तियां भी अपने विश्वकोषकल्प ग्रन्थ ''बृहत् संहिता'' में संगृहीत कर दी थी।

शुक्र की गति घटनाओं का कोरी आंख से अध्ययन

अब हम शुक्र के गति परिचय की विधि बतलाते हैं। यदि आप सायंकाल सूर्यास्त के समय पश्चिम की ओर देखें और यदि आपको देदीप्यमान तारा दिखाई दे तो प्रतिदिन उसी सम सूर्यास्त के वक्त देखने का नियम बना लें। यदि आपको पश्चिम में कोई देदीप्यमान तारा न दिखाई दे तो भी आप प्रतिदिन उसी समय देखने का नियम बना लें- कुछ दिनों में वहां एक तारा सूर्य की लाली से बाहिर ऊपर आता दीख पड़ेगा। प्रतिदिन उसी समय सूर्यास्त वक्त देखने का नियम रक्खें क्योंकि पृथ्वी एक दिन में अपनी धुरी पर पूरा चल जाती है अत: सांय उसी समय (सूर्यास्त समय) देखने से, पृथ्वी के अक्षभ्रमण के कारणजन्य अन्तर निरस्त हो जाता है। इस तरह देखने पर उसमें उसकी अपनी गति के कारणजन्य परिवर्तन का ज्ञान प्रारम्भ हो जाएगा और यह स्पष्ट प्रतीत होने लगेगा कि यह तारा प्रतिदिन सूर्य से ऊपर (क्षितिज से ऊपर)उठ रहा है। वह लालिमा से बाहिर आकर ऊपर उठता जाएगा कुछ दिन या मासों बाद वह क्षितिज में लगे सूर्य से अधिकतम दूरी (लगभग ४८° या इससे कम अन्दाजन दूरी पर)फिर नीचे की ओर आना शुरु हो जाएगा। यह शुक्र की कक्ष का आकाश में चरमविन्दु है। अब वह धीरे-धीरे प्रतिदिन लगभग उतने ही दिनों में (जितने दिनों में वह ऊपर उठा था) नीचे क्षितिज की ओर आकर एक दिन सूर्य की लाली में डूब जाएगा और काफी दिनों तक दीखना बन्द रहेगा। वस्तुत: ऊपर के चरमबिन्दु पर आकर वह वक्री हो गया । अर्थात् पूर्व से पश्चिम की ओर चलने लग गया और अस्त अवस्था में किसी एक दिन इसकी सूर्य से युति हुई और सूर्य को लांघकर पूर्व की ओर आगे बढ़ने लगा। युति आपने देखी नहीं क्योकि बिना टेलिस्कोप यह देखी ही नहीं जा सकती। अब अगर आप अस्तकाल के समय प्रात: प्रतिदिन पूर्व मे क्षितिज के ऊपर सूर्योदय समय देखें तो वह कुछ दिनों में सूर्य की सन्ध्यारुणिमा को पार करके ऊपर उठता दीखेगा। अब शुक्र पूर्व में उदित हो गया और प्रतिदिन प्रात: क्षितिज से ऊपर देखने से स्पष्ट ज्ञात होगा कि वह क्षितिज से ऊपर पूर्व की ओर बढ़ रहा है। जैसे सांयकाल पश्चिम क्षितिज ऊपर यह स्थिर सा होकर वक्री हुआ था अब यह पूर्व क्षितिज से ऊपर (लगभग ४८° तक) उठकर स्थिर सा होकर मार्गी हो जाएगा और अगर इसको प्रात: सूर्योदय समय प्रतिदिन देखते रहेंगे तो यह ज्ञात हो जाएगा कि यह पूर्व क्षितिज की ओर बढ़ रहा है। कुछ दिनों में यह सूर्य की प्रात:सन्ध्यारुणिमा में डूब जाएगा इस प्रकार यह पूर्व में अस्त कहा जाएगा। जब यह इन दिनों अदृश्य है किसी दिन इसकी सूर्य के साथ युति हो जाएगी और यह इन दिनों सूर्य को पूर्व से पश्चिम की ओर लांघकर पश्चिम क्षितिज में सूर्य की सायं संध्यालालिमा में डूबा रहकर और ऊपर उठकर पश्चिम क्षितिज से ऊपर सायं संध्या लालिमा पारकरके पश्चिम में दीखना शुरु हो जाएगा। यह वही स्थिति है जहां पहिली बार देखना शुरु किया था। ध्यान रहे यह पुन: पश्चिम क्षितिज के ऊपर लगभग ४८° उच्चतम बिन्दु पर वक्री होकर वक्री गति से ही सूर्य से युति करके पूर्व क्षितिज के ऊपर दीखेगा और फिर पूर्व क्षितिज से ऊपर के उच्चतम बिन्दु पर मार्गी होकर मार्गी गति से ही सूर्य के पास विपरीत दिशा से युति करते हुए पश्चिम दिशा में क्षितिज से ऊपर दीखने लगेगा। इसकी गति इसी प्रकार ऐसी ही दोलन प्रकृति से चलती रहती है।

इसी प्रकार बुध भी सूर्य के दोनों ओर दोलन गति से चलता है। अन्तर केवल इतना है कि बुध सूर्य से २८° से अधिक अन्तर पर नहीं जा सकता जबकि शुक्र ४८° तक की दूरी पर चला जाता है। यही तो कारण है कि जातक कुण्डलियों मतें बुध सूर्य से आगे पीछे की राशियों या सूर्य के साथ की राशि में ही हो सकता है। इसी तरह शुक्र सूर्य से इधर-उधर को दो राशियों में हो सकता है या सूर्य के साथ उसी राशि में।

वस्तुत: बुध एवं शुक्र सूर्य की परिक्रमा करते हैं परन्तु पृथ्वी और इन की कक्षाओं की ज्यामिति के कारण ही दोलन गति प्रतीत होती है। बुध एवं शुक्र की कक्षा पृथ्वी की कक्षा छोटी होने के कारण दोलन गति प्रतीत होती है। अभ्यन्तर ग्रह (बुध एवं शुक्र) सूर्य से प्रतियुति

यानी (१८०° तुल्य अन्तर (opposition) में नहीं आते जबकि बाकी सभी ग्रह सूर्य से लगभग प्रतिवर्ष एक बार प्रतियुति करते हैं। सूर्य की गति सभी बाह्य ग्रहों की गति से अधिक है अत: सूर्य उनके पास पहुंच कर उन्हें अस्त करके आगे चला जाता है और उसके दूर चले जाने पर ये उदित हो जाते हैं । इन सब का सूर्य से परम अन्तर कुछ भी हो सकता है । बुध एवं शुक्र की तरह सीमित आभ्यन्तर ग्रह सूर्य से प्रतियुति में तो नहीं आते परन्तु इनकी सूर्य के साथ दो युतियां होती हैं। एक युति मार्गी गति से और दूसरी युति वक्री गति से । आभ्यन्तर ग्रहों की गति की दिशा चरम बिन्दु पर बदलती है जबकि बाह्य ग्रहों की गति पृथ्वी की गति की दिशा में समानान्तर होकर पिछड़ जाती है। यह स्पष्ट है कि बाह्य ग्रह एक वर्ष में एक ही बार वक्री होंगे और बुध एवं शुक्र अपनी कक्षा के चरम बिन्दु पर पथ्वी से स्पर्श रेखा की दिशा में गति होने पर वक्री होंगे। ये जितनी बार चरम बिन्दुओं पर आएंगे उतनी ही बार दिशा बदलेंगे। भ्राता प्रियव्रत जी ने वि.सं.२०५८ के मार्त्तण्ड पंचांग प्रकाशन में चित्रों द्वारा बालसुबोध शैली से स्पष्ट कर दिया है, इस विषय की पुनरूक्ति अनावश्यक है । अत: यह भ्रान्ति नहीं होनी चाहिए कि दोलन गति वास्तविकता है। वस्तुत: बुध शुक्र भी सूर्य के चारों तरफ परिक्रमा ही कर रहे हैं। दोलन गति तो ज्यामितिक प्रतीति मात्र है जो कि दैनिक अक्षभ्रमण गति के कारण सूर्य की परिक्रमा कर रही पृथ्वी के सापेक्ष द्रष्टा को पृथ्वी के क्षितिज के ऊपर एवं नीचे पश्चिम एवं पूर्व दिशा में दोलन के रूप में प्रतीत होती हैं।

यहां स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि शुक्र का सूर्य के चारों तरफ परिक्रमण का काल २२५ दिन है परन्तु पृथ्वी स्थित द्रष्टा के लिए सूर्य सापेक्ष ५४८ दिन का भगण काल प्रतीत होता है। यह सूर्य सापेक्ष भगण काल (Synodic period) है।

अत: यह ग्रह ५४८ दिन में दो बार सूर्य के साथ युति करता है। एक बार सूर्य एवं पृथ्वी के मध्य जब होता है इसे आभ्यन्तर युति कहते हैं। दूसरी बार जब यह सूर्य एवं पृथ्वी दोनों से बाहिर होता है इसे बाह्य युति कहते हैं । एक वर्ष में कभी दो बार युतियां होती हैं कभी एक बार । इसकी कलाएं भी बनती हैं। ये शुक्रसापेक्ष तिथि (शुक्र-सूर्य) पर निर्भर हैं। इसकी चमक तब सर्वाधिक होती है जब शुक्र तिथि = ४०°

जैसा कि पहिले स्पष्ट कर दिया गया है कि बुध की गति घटनाएं शुक्र की तरह ही हैं। इसकी कलाएं भी बनती हैं परन्तु इसके कम दीखने से कलाएं कभी ही दीख पड़ती हैं। बुध १ वर्ष में १०-१२ बार सूर्य से युति करता है। आभ्यन्तर बाह्य युतियां क्रमश: आती रहती हैं। यह दुधमुंहा शिशु सा दोलनगति से सूर्य के पास बारम्बार जाता दीखता है। जैसे बच्चा पिता के पास जाता रहे। आखिर यह ग्रह-लाप्लास के ग्रहोत्पत्ति सिद्धान्तानुसार सभी ग्रहों से बाद में बना शिशु ग्रह ही तो है जो बारम्बार अपने पिता सूर्य के पास जा-जा कर अदृश्य हो-हो कर आंख मिचौनी सी करता रहता है।

अभिजित् : एक मुहूर्त्त एवं विशेष पर्व

लेखक—शक्तिधर शर्मा

आजकल हम अभिजित् मुहूर्त्त को अणपुच्छ मुहूर्त्त कह कर प्रतिदिन के कार्यकलाप में इसके उपयोग को शास्त्रविहित मानते हैं। परन्तु पुराने समय में यह एक पर्व होता था- जो अभिजित् तारे से सम्बद्ध था। यह उस समय की बात है जब अभिजित् नक्षत्र में सूर्य आने पर मनाया जाता था। यह लगभग १२०० की बात है। लगभग १६०० ई. पू. सूर्य के धनिष्ठा में रहने पर वर्षारम्भ मनाया जाता था । अयनांश की गति के कारण सूर्य के अभिजित् के पास आने पर वर्षारम्भ मनाया जाने लगा। यद्यपि यह तारा क्रान्तिवृत्त से बहुत दूर क्रान्ति पर (इसकी क्रान्ति लगभग उत्तर +८०° है।) परन्तु इसकी चमक बहुत तीव्र लुभावनी है। आर्य लोग, जब साल में एक बार सूर्य इस तारे के समीपतम क्रान्तिवृत्तीय बिन्दु पर आता था तब वर्षारम्भ मनाने लगे। इस वर्षारम्भ के दिन विशेष उत्सव मनाए जाते थे। अत: यह सभी कामों में शुभ माना गया। वस्तुत: ३६५ दिनों में से ३६० दिन-वर्ष के मानकर शेष ५ दिन उत्सव मनाए जाते थे। इस उत्सव को महत्त्वपूर्ण मानकर अभिजित् को विशेष मुहूर्त्त मानने लगे।

वस्तुत: सम्पूर्ण वर्षभर या इन पांच पर्व दिनों में एक दण्ड (शंकु Gnomon) की धूप में छाया देखी जाती थी। जब दुपहर के समय छाया स्थिर एवं अल्पतम हो जाती थी, तभी वर्षारम्भ का क्षण माना जाता (ज्योतिषसिद्धान्तों के अनुसार उसी क्षण को वर्षारम्भ का क्षण माना जाएगा।) कुछ शताब्दी बाद अयनांश अधिक हो जाने के कारण अभिजित् भी वर्षारम्भ का तारा नहीं माना जा सकता था। अत: उसे नक्षत्रों की सूची में से निकालना पड़ा । यजुर्वेद संहिताओं में अभिजित् नक्षत्र-सूची में लेने और बाद में उसे छोड़ने के उल्लेख मिलते हैं।

अभिजित् तो नक्षत्र सूची से निकल गया, परन्तु मध्याह की छाया स्थिर होना इतनी महत्त्वपूर्ण घटना मानी जाने लगी कि प्रतिदिन दुपहर का शंकु द्वारा प्राप्त मुहूर्त्तअभिजित् कहलाने लगा। लगभग ३-४ हजार वर्ष अभिजित् का मध्याह्न छाया से सम्बंध रहा। यह सम्बन्ध सदा के लिए हो गया एवं इस तरह दुपहर की छाया से ही अभिजित् प्रतिदिन माना जाता रहा है। परिणामस्वरूप प्रतिदिन मध्याह्न अभिजित् नाम से माना जाने लगा। हमारे यहां यह पर्व परम्परा तो खत्म हो गई परन्तु इस रूप में अभिजित् सदा के लिए मुहूर्त्त बन गया।

ध्यान रहे अभिजित् एक अणपूच्छ मुहूर्त्त के रूप में स्वीकृत हो गया । सिख समुदाय दुपहर के समय ही विवाह मुहूर्त्त रखते हैं। यह अभिजित् मुहूर्त्त ही होता है। सिख गुरु अभिजित् मुहूर्त्त को विशेष मान्यता देते थे। यह जानने योग्य है कि केवल भारत में ही नहीं अपितु जापान में भी यह विशेष पर्व था- और वहां अब भी है। अभिजित् पर्व आजकल भी विशेष रूप से मनाया जाता है। इस उत्सव को यू.एन.ओ. ने भी मान्यता दी है जिसे Vega Star Function के नाम से पुकारा जाता है।

ग्रहों के अचेतन एवं चेतन जगत् पर प्रभाव

लेखक—शक्तिधर शर्मा

अचेतन जगत् पर प्रभावों का विवेचन करते हुए गतवर्ष के विक्रम सं. २०५८ के मार्त्तण्ड पंचाग में निम्नलिखित तीन विषयों पर प्रकाश डाला गया-

(१) पृथ्वी के ऊपर जलागार समूह पर आकर्षणजन्य प्रभाव (ज्वारभाटा के रूप में)

(२) पृथ्वी की अन्दरूनी भूकम्पीय प्रक्रियाओं के आकर्षणजन्य उद्रेक के रूप में प्रभाव।

(३) पृथ्वी के ऊपर के वातावरण में भी ज्वारभाटा जैसी तरंगों के रूप में प्रभाव

अब इस लेख में क्रमांक (२) में हम पृथ्वी की ऊपर सतहों पर प्रभाव तथा चन्द्रमा के ऋतुओं के साथ सम्बन्ध - इन विषयों पर की गई रिसर्च के विवेचन किये जाएंगे ।

1. पृथ्वी की ऊपर की सतहों पर चन्द्रमा का प्रभाव

सन् १९३२ में नार्वे से एक ज्यामितिक विज्ञान कुशल प्रो. हैंस जैलस्टप, पश्चिमी ग्रीनलैण्ड के टापू सेबीने में अपने ग्रुप के साथ सर्वेक्षण के लिए गए । उन्होंने बड़ी सावधानी से मापन अंकन आदि का काम किया। इनसे पहिले सन् १८७० ई. में भी एक अन्य ग्रुप ने यही काम किया था। इन के परिणामों की जब पिछले ग्रुप के परिणामों से तुलना की गई तो आश्चर्य हुआ कि अभीष्ट स्थान दूसरे स्थान से १०३० फुट पश्चिम की ओर था। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि वे गल्त थे या पहिले ग्रुप की गल्ती थी। पिछले ग्रुप के वैज्ञानिक भी तो बड़ी इमानदारी से काम करने वाले थे। अत: उनके सर्वेक्षण के परिणामों पर किसी भी प्रकार से संदेह नहीं किया जा सकता था। बारंबार अंकन मापन द्वारा वे भी आश्वस्त हो गए कि वे भी स्वयं गल्त नहीं थे।

चांस की बात है कि उसी समय उनसे लगभग आधी पृथ्वी तुल्य अन्तर पर शंघई चीन में एक ग्रुप बिजली रेडियो संदेश भेज रहे थे- उन्हें आश्चर्य हुआ कि रेडियो संदेश को एक ही स्थान पर भेजने में कभी कितना परिणाम आता और कालान्तर में उसी स्थान पर रेडियो सन्देश भेजने में जो समय लगता वह पिछले प्रयोग के साथ तुलमा पर भिन्न पाया गया। इन दोनों ग्रुपों के प्रयोगों में ये परिणाम बहुत ही भ्रामक थे। दोनों ग्रुपों की प्रायोगिक विश्वसनीयता पर शक नहीं किया जा सकता था। इस ग्रुप में यदि जैलस्टप योग्य थे जो सूक्ष्मता से काम करते थे तो उधर पहिले प्रयोग में भी योग्य सुयोग्य वैज्ञानिक थे। उनके प्रयोगों को किसी भी तरह अमान्य मानना संभव नहीं था।

इस समस्या का समाधान करने के लिए कुछ लोगों ने तो कौटिनेंटल प्रस्खलन की अवधारणा का आश्रय लिया। परन्तु इतना कम प्रस्खलन उस कोटि में नहीं आता था । किंच यह प्रस्खलन दूसरे प्रकार का ही था। भ्रांति अधिक होती रही कोई समाधान नहीं मिला।

सन् १९३३ में यू.एस. नैवल वेधशाला (Naval Observatory) वाले वैज्ञानिकों ने आधुनिक इलैक्ट्रानिक सामग्री की सहायता से सन्-डियागो एवं वांशिगटन डी.सी. का अन्तर मापा और इस प्रयोग में भी वैसी ही भ्रामक स्थिति बन गई। कौंटिनेंटल प्रस्खलन को भी ध्यान में रखते हुए उत्तर नहीं मिला।

कुछ वैज्ञानिकों ने इसका उत्तर देने में पृथ्वी की अयनांश गति में धूनन संस्कार आदि से संभव उत्तर देने की कोशिश की परन्तु असफलता ही रही।

प्रो. स्टैटसन ने चन्द्रमा के पृथ्वी के ऊपर से गुजरने पर यह प्रभाव होता है यह मानकर Gravimeter की सहायता से स्पष्ट सिद्ध किया कि चन्द्रमा आकाश में जिस मार्ग पर चलता है उसके नीचे पृथ्वी की सतह पर प्रभाव पड़ता है। इसे Terrestrial Tide कहा जिसके कारण पृथ्वी की सतह पर भी ज्वारभाटे जैसा प्रभाव होता है। इससे भ्रामक समस्या का समाधान मिला। और वैज्ञानिक लोगों ने Terrestrial Tide घटना की सत्ता को स्वीकृति दी।

२. चन्द्रमा का ऋतुओं से सम्बन्ध

* लगभग १५००० वर्ष पूर्व ऐटलांटिक एवं प्रशान्त महासागर का कुछ भाग (जहां अब भारत है,) तथा मैडिटैरेनियन क्षेत्र सूखे थे और इस क्षेत्र में एक बड़ी सभ्यता की सत्ता थी- उस समय पृथ्वी से आगे मंगल की कक्षा से पहिले एक चतुर्थ बड़ा ग्रह था। यह ग्रह प्रकृत्या इस स्थान पर प्रतिकूलावस्था में था। यह अपनी धुरी पर घूमता हुआ पृथ्वी एवं मंगल के पास

* यह तारीख भले ही संशयास्पद है। बाइबिल में सृष्टिवर्ष हमारी कल्पगणना से बहुत ही कम है अत: यहां ऐसा Prof H.S. Balammy की इस उपज्ञा में चन्द्रमा का ऋतुओं से सम्बन्ध एवं तत्सम्बद्ध लोकोक्तियों की सत्यापन विधि बहुत ही रोचक है ।

बारम्बार आता था और इसकी कक्षा में गड़बड़ी बढ़ती जाती थी और एक मौके पर यह ग्रह सूर्य की पकड़ में आ गया । इस ग्रह को आजकल हम इसे लुना (चन्द्र) कहते हैं। इस पुरातन प्रलय-कल्प घटना का सम्बन्ध Jaik and Jill एवं नाविकों के Aratus'day(वह दिन जब चन्द्रमा के ओर मण्डल होता है और अगले दिन वर्षा होती है। "Jack and Jill" एवं नाविकों के Aratus'day (वह दिन जिससे अगले दिन वर्षा होती है) कहानी भी चन्द्रमा की कलाओं के क्षय एवं वृद्धि की लोकोक्तियां ही है। ध्यान रहे Jack शब्द की व्युत्पत्ति वृद्धि-द्योतक धातु और Jill क्षय द्योतक धातु से बने हैं।

Aratus तृतीय शताब्दी B.C. का एक भैषज्यशास्त्री तथा कवि था जिसने अपनी कविताओं चन्द्रशृंग एवं चन्द्रमा के परिवेष से ऋतु सम्न्धी सूचनाओं के प्राकृतिक संकेतों की व्याख्या की हैं उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं-

(१) यदि चन्द्र शृंग तीखा एवं लाल हो और तीन दिनतक ऐसे ही रहे तो वर्षा अवश्य होती है ।

(२) यदि चन्द्र बिम्ब पर सफेद बर्फ सी चलती दिखाई दे तो वर्षा हो इसके विपरीत यदि चन्द्रमा साफ चमके तो यह अच्छे मौसम का संकेत है।

(३) चन्द्रमा पर काले से धब्बे दीखना वर्षा का सूचक है।

(४) जब चन्द्रमा पर एक परिवेष हो तो शान्त या कुछ थोड़ी वायु चले। अधिक परिवेष हों तो बहुत तेज ठंडी हवाओं के संकेत समझें।

मध्ययुग में तो लोकोक्तियों में ही चन्द्रमा के ऋतुओं से सम्बन्ध सीमित रहे परन्तु German G Schubler ने १९वीं सदी में १८३० तक के मैट्रालाजिकल रिकार्ड से विश्लेषण द्वारा चन्द्रमा के साथ ऋतुओं का सम्बन्ध सिद्ध कर दिया । इन साधारण ऋतु घटनाओं के अतिरिक्त भयंकर वायुप्रकोप हैरिकेन एवं तूफानों को जानने के लिए यू.एस. के मैट्रोलौजि डिपार्टमैंट के प्रारम्भ से अब तक के रिकार्ड चैक किये गए निणर्य यह निकला कि ऐसे भयंकर वायुप्रकोप अधिकांश पूर्णिमा एवं अमावस्या के पास २-३ दिन तक घटित होते हैं। Thomas H. Carpentar के ग्रुप ने सिद्ध कर दिखाया कि ऐसी तूफानी हवाएं फ्रंास एवं जर्मनी के मैट्रोलौजी विभागों के रिकार्डस से भी यही परिणाम आते हैं। सन् १८९१-१९६८ के ७७ वर्ष के रिकार्ड से भी यह सिद्ध हुआ कि तूफानी हवाएं अधिकाशं पूर्णिमा -अमावस्या के पास केन्द्रित रहती हैं। इस रिकार्ड में १०१३ हैरिकेन-तूफान वायु प्रकोप के आंकड़ों का प्रयोग हुआ । कार्पेन्टर ग्रुप ने अरब समुद्र एवं बंगाल की खाड़ी के ४५ वर्ष के रिकार्ड का प्रयोग किया । इन रिकार्डस में चन्द्रमा की उच्च नीच स्थिति पर अध्ययन किया गया। इन्हीं परिणामों की सर्वत्र पुष्टि पाई गई और पूर्णिमा एवं अमावस्या के साथ इन घटनाओं से सम्बन्ध होने से यह सिद्ध है कि सौरचान्द्र प्रभाव वायु प्रकोप को कन्ट्रोल करता है। इन आधार पर भविष्यवाणी लगभग ६७ प्रतिशत सत्य सिद्ध होंगी ।

यहां यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि चन्द्रमा के शृंग एवं परिवेष आदि के ऋतु सम्बन्धों के बारे में हमारे फलित-ज्योतिष के विशेष अंग मेदिनी ज्योतिष में दिए तथ्य ऊपर विवेचित वैज्ञानिक विश्लेषण से प्राप्त परिणामों से काफी अधिक हैं। उदाहरणार्थ- वैज्ञानिकों ने चन्द्र शृंग के तथा परिवेष के एक ही रंग से भविष्यवाणी करने के परिणाम प्राप्त किये हैं। परन्तु -बृहत्संहिता के परिवेपलक्षणध्याय आदि में सभी प्रकार के रंगों के परिणाम दिये हैं। ये निष्कर्ष भी आंकड़ों के सतत परीक्षणों से ही प्राप्त किये होंगे! इस दृष्टि से मौसम विज्ञान के वैज्ञानिकों का अभी भी बहुत कार्य शेष है ।

कुछ लोग आजकल फलित ज्योतिष के जातक संबंधी भविष्यवाणियों के चक्कर में सांख्यकी विश्लेषण (Statistical analysis) की प्रामाणिकता की उपेक्षा कर के कोर्ट को ही निर्णय देने के लिए भाग रहे हैं। ध्यान रहे फ्रांस के शीर्ष कोटि के सांख्यकी विश्लेषण के आधार पर तथा लन्दन के डा० Persy Maysor (Director observatory and Institute Technology London) ने प्राणि जगत् पर ग्रहों के प्रभाव को सिद्ध कर दिया है। Dr. Persy ने एतद्विषयक एक पुस्तक Astrology के पक्ष में लिखी जो कि २०वीं सदी की अस्ट्रालोजी के पक्ष में सबसे अधिक प्रामाणिक प्रकाशन मानी जा रही है। भविष्य में इन प्रभावों की प्रक्रियाओं तथा मनुष्यों पर प्रभाव को जानने की पद्धतियों में विकास हो सकता है ! न्यूटन से पहिले पश्चिम जगत् ज्वारभाटाओं पर चन्द्रमा के प्रभाव को नहीं मानता था, जबकि भारतीय आचार्य इस तथ्य को जानते थे। पश्चिम ने तब माना जब न्यूटन ने सिद्ध कर दिया। कोर्ट में जाने वालों को हमारी यही सलाह है कि वे Statistical analysis के माध्यम से रिसर्च प्रोजैक्ट स्वीकार करवाएं और कोर्ट को भी Mathematical analysis से ऊपर न मानकर इस विषय पर अपनी राय लेनी उचित है । यदि पृथ्वी के सभी भागों पर इतना प्रभाव होता है तो इसमें सन्देह नहीं कि पृथ्वी पर रहने वाली सभ्यता पर प्रभाव न हो इस तथ्य को कोई नकार नहीं सकता ।

कम्प्यूटर की क्षमता, प्रकाश की गति एवं मूर्त्त-अमूर्त्त काल की इकाइयां

लेखक—शक्तिधर शर्मा

[भारतीय परम्परा में काल की इकाइयां दो प्रकार की हैं:-मूर्त (स्थूल = व्यवहारोपयोगी) अमूर्त (सूक्ष्म = सूक्ष्म जगत् की प्रक्रियाओं को द्योतित करने वाली)

कम्प्यूटर की कार्यक्षमता तथा प्रकाश की गति के आविष्कारों ने इन दोनों प्रकार कीइकाइयों को उपयोगी सिद्ध कर दिया है - पढ़ें इस लेख में ।]

भारतीय ज्योतिष वाङ्मय में काल की इकाईयों के उद्भव एवं विकास में बहुत समय लगा । मनुष्य को व्यवहारार्थ नियमितता वाले तथा आवर्ती काल की आवश्यकता थी जो प्रकृति में पृथ्वी की दैनिक गति एवं आकाशीय पिण्डों में ही उपलभ्य है। अन्य प्राणियों पदार्थों में ऐसी गति की प्राप्ति संभव नहीं थी। अत: कृत्रिम प्रयोगों से घटी यन्त्र आदि कृत्रिम उपकरण भी बनाने पड़े। सूक्ष्म काल के लिए बौद्धिक चिन्तन प्रयोग (Gedanken, Thought experiments) भी करने पड़े।

अब हम इन दोनों प्रकार की काल की इकाईयों का विवेचन करेंगे:-

मूर्तकाल

इस वर्ग की इकाईयों के ज्ञान के लिए लिखित उपकरण बनाने पड़े।

(१) शंकु एक दण्ड जिसकी लम्बाई १२ इकाई हो धूप की छाया मापने के लिए भूमि में गाड़ दिया जाता था इसे शंकु (Gnomon) कहा जाता है।

(२) घटीयन्त्र— अनार की आकृति का पात्र

(३) तुला (Balance)

जल का भार मापने के लिए शंकु से मुहूर्त्त सामित* तुल्य जल को आयतन में मापते थे जल सूखने के डर से तुला द्वारा भार मापना भी आवश्यक था। इन्हीं यन्त्रों से आचार्यों ने ज्योतिष के सभी पराभितिक ({Parameters) ज्ञात किये । शंकु से प्रामाणिकीकरण (Standardisation) किया जाता था।

घटी यन्त्र एवं तुला के बनाने की पूरी विधियां जैनों के प्राकृत ग्रन्थ 'ज्योतिष्करण्डक' में वर्णित हैं। घटी के छिद्र का मान विशेष रूप से इसी कार्य के लिए बनाई गई सोने की तार से अथवा सद्योजात हथिनी की पूंछ के बाल की साइज का रक्खा जाता था । तुला धरणक (fulcrum weight) वाली वर्णित है जिस पर अंकन है। तुला का अंकन समायकरण सिद्धान्तानुसार (Law of Equilibrium of moments) से किया जाता था। ये सारे विवरण लेखक के एतद्विपयक लेख जो कि I.I.Sc. बेंगलूर के जवाहर लाल नेहरू केन्द्र द्वारा प्रकाशित पुस्तक (Sciences in West and India) में एक अध्याय के रूप में प्रकाशित है।

इन यन्त्रों से ज्योतिषशास्त्र के सभी परामितिक (Parameters) ज्ञात किये गए।

प्रामाणिकी करण में यह जानना आवश्यक है कि चन्द्रमा ने हमें मास = ३० तिथि दी जो कि कैलेण्डर के मौलिक इकाई है। पक्ष १५ दिन का होता है- अत: आगे सौर दिन के भी १५ भाग किए गए जिसे हम मुहूर्त्त कहते हैं। इस प्रामाणिकी करण में सबसे उपयोगी इकाईयां जो प्राप्त हुई वे तथा इनके सौर मानों से सम्बन्ध निम्नलिखित हैं-

सूर्य की एक दिन (६० घड़ी) = १°

एक घड़ी की गति = १

एक पल की गति = १ विकला

इस प्रकार सूर्य की गति काल इकाइयों में अंकित हो गई।

ये काल की इकाईयां बहुत महत्त्वपूर्ण है। (ध्यान रहे दिन को १२ घण्टे में बांटना सैद्धांन्तिक दृष्टि से अनुपयोगी है । वस्तुत: बैबिलोनियन सभ्यता में हरेक वस्तु को दर्जन की ईकाई से मापने की परम्परा थी। सौर गति का अंकन तो इन भारतीय परम्परा की ईकाई में सर्वत्र होता रहा है न कि इन कृत्रिम दर्जन की इकाईयों में ।) इन मूर्त्त इकाईयों में ही सौर गति का अंकन संभव है अन्य इकाईयां से नहीं । इन प्राकृतिक इकाईयों से ही बड़ी अन्य इकाईयां परिभाषित की जाती रही हैं। कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं-

* यहां समित जल शब्द से (Equivalent water)समझें।

सर्वेनिमेषा: जजिरे विद्यत:पुरुषादधि
कला: मुहूर्त्तकाष्ठाश्च अहोरात्रश्च सर्वश:। (तैत्तिरीयारण्यक)
निमेषा: दश चाष्टौ च काष्ठा: त्रिंशत्तु ता: कला ।
त्रिंशत्-कलो मुहूर्त:स्यात् अहोरात्रस्तु तावता। मनु स्मृति

इनकी और भी इकाईयां हैं जिनमें ६० का अंक नहीं आता ३० का अंक ही है। इनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थों कूर्मपुराण, विष्णु पुराण आदि में इकाई कुलको में भी काफी अन्तर पाए जाते हैं। ये सब विकास को बतलाते हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी के पुराने संस्कृत विभाग लाहौर में इन विषयों पर काफी कार्य शोध हुए थे । बहुत से संदर्भों में अमूर्त काल की इकाईयां भी मूर्त काल के साथ वर्णित नहीं हैं।

अमूर्तकाल

अमूर्तकाल की इकाईयां भी बहुत से उत्तरवर्ती ग्रन्थों में मूर्त इकाइयों के साथ क्रमानुसार दी गई हैं।

इन सब का विकास हुआ है। अधिकांश सन्दर्भों में अणुकाल की परिभाषा के अनुसार ये इकाइयां परिभाषित हैं। अणु,द्व्यणु तथा त्रसरेणु काल परिभाषित हैं।

चिन्तन प्रयोग में त्रुटि मुख्य इनका आधार है- एक चिन्तन प्रयोग है जिस में १ हजार कमल पत्रों को इकट्ठा करके तीखी सूई से छेद करने में जितना समय लगता है उसका १०००वां हिस्सा त्रुटि कहलाती है। जैन एवं बौद्ध परम्पराओं में भी ऐसे चिन्तन प्रयोग तथा परिभाषाएं मिलती हैं ।

मूर्त एवं अमूर्त इकाईयों का सम्बन्ध त्रुटि इकाई से किया गया है । वस्तुत: मूर्त इकाईयां सीधे ग्रह गति अध्ययन से सम्बन्ध रखती हैं- जैसा कि स्पष्ट है घटी पल विपल का सीधा सम्बन्ध सूर्य के राशिचक्र के अंकन से है। सूर्य १ दिन में एक अंश १ घटी में १ कला १ पल में १ विकला चलता है। ध्यान रहे- ३० एवं १५ के अंक चन्द्रमा ने दिये इस दृष्टि से इनका सम्बन्ध चन्द्रमा से भी है परन्तु सूर्य से तो सीधा राशि चक्र के अंकन से है। पृथ्वी का अपने अक्ष पर दैनिक भ्रमण काल जानने के श्वास गणना का प्रयोग किया गया जिससे नाक्षत्र दिन का मान ज्ञात हुआ। इन सब इकाईयों का मूर्तकाल से ही सम्बद्ध कर दिया गया।

अमूर्तकाल के पहिले मिले चित-चिन्तन प्रयोग किये गए।

इन दोनों इकाई वर्गीकरणों का सम्बन्ध त्रुटि के माध्यम से है। त्रुटि से कम काल गणना पहिले से ही उपयोग में नहीं आई। परन्तु अब कम्प्यूटर के आने से इन इकाइयों की उपयोगिता स्पष्ट हो रही है। आजकल कम्प्यूटर अमूर्तकाल में कितनी प्रक्रियाएं या गणित करता है इसकी बहुत सी जनित्राएं (Generations) रही हैं। वर्तमान जनित्रा में इसकी स्पीड (Giga-Hertz) है जिसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

सूक्ष्मकाल की इकाईयों के अतिरिक्त बड़े बड़े मान वालों के कालों की भी कल्पना जैन,बौद्ध एवं हिन्दू परम्परा में बहुत हैं। आजकल वैज्ञानिकों में भी ऐसे चिन्तनों की धारणाएं हैं जो भारतीय परम्पराओं जैसी हैं । कुछ वैज्ञनिक ऐसी प्रवृत्तियों को तो 'Lores of small and high **units** ' कहते हैं । यह तो मानना होगा कि भारतीय हिन्दू जैन बौद्ध परम्पराओं में जो कालाणु आदि की कल्पना है वह आज सार्थक हा गई है। सूक्ष्मकाल में कम्प्यूटर द्वारा इतनी प्रक्रियाएं एवं गणना इन इकाईयों की वास्तविकता सिद्ध करती हैं। अत: यह स्पष्ट है कि ये चिन्तन मात्र नहीं थे अपितु वास्तविक काल की इकाई हैं।

प्रकाशकी गति सर्वाधिक मानी जाती है ।

जब लेखक M.Sc. की कक्षा में प्रविष्ट हुआ तब उसी सप्ताह में फिजिक्स विभाग के बोर्ड पर किसी अध्यापक (या छात्र) ने लिखा कि प्रकाश की गति भारतीयों को वैज्ञानिक रोमर से दो सौ वर्ष पूर्व ज्ञात थी। इस धटना के बाद फिजिक्स क्षेत्र में बहुत बार चर्चा चलती रही।

मद्रास के I.I.T के एक विद्वान् वैज्ञानिक तथा मैसूर के एक अन्य विद्वान् तथा अमेरिका के भी फिजिक्स के कई वैज्ञानिकों ने भी इस तरफ ध्यान दिया । लेखक सदैव इस तरफ ध्यान देता रहा । इस विषय में जो प्राप्ति हुई हैं उनका विवरण यहां दिया जा रहा है।

लेखक ने स्वयं सन्दर्भ ग्रन्थ देखा है। आचार्य सायण की ऋग्वेद पर टीका में लिखते हैं- तथा चैवं स्मर्यते:

योजनानां सहस्रे द्वे, द्वे शते, द्वे च, योजने।
एकेन निमिषार्धेन क्रममाण नमोऽस्तु ते॥

अर्थात् एक निमेषार्ध में २२०२ योजन चलने वाले हे प्रकाश ! आपको प्रणाम हो।

ध्यान रहे यहां आचार्य सायण ने ''स्मर्यते'' कहा है। अत: यह धारणा सायण से पूर्व शंकराचार्य की है । जैसे कि - मैसूर के प्रो० ने लिखा है- कोई ऐसा भी कह सकते हैं कि ये विचार सूर्य सूक्त में है इसलिए यह प्रकाश की गति नहीं बल्कि सूर्य का अपनी गति से जम्बूद्वीप को पार करने का उल्लेख है वस्तुत: कुछ साल से मेरे चिन्तन में भ्रान्तिवश यह बात खटक रही थी कि यह कहीं सूर्य की ही गति का जम्बू द्वीप पार करने का उल्लेख तो नहीं है। यह सूर्य सूक्त के भाष्य में आचार्य सायण ने उद्धृत किया है । यह लेखक ने कुछ समय पूर्व स्वयं साक्षी किया

है। यह सूर्य सूक्त की ऋचा नहीं है और हिन्दू, जैन, बौद्ध सृष्टि विज्ञान के अनुसार जम्बू द्वीप का परिणाह २२०२ योजन नहीं है। उसकी टीका में पूर्व प्रचलित ''धारणा'' ही सायण ने भाष्य में उल्लिखित की है। श्री सायण १५ वीं शताब्दी ईसा के थे राजा बुक्क के समय में थे, इसमें कोई सन्देह नहीं। अब यहां प्रकाश की गति की गणित के विषय में कुछ विवेचना दिया जा रहा है। जब सर्व प्रथम इस विषय पर विवेचन हुआ तब इस गणित में अत्रि की ईकाईयों को प्रयोग हुआ उसका पूरा विवरण न देकर कुछ अंश जो अभी मुझे उपलभ्य हैं दे रहा हूं।

फिजिक्स के वैज्ञानिक प्रो. रोमर ने बृहस्पति के चन्द्रमाओं में ग्रहण लगने से प्रकाश की गति ज्ञात की वे १७ वीं शताब्दी के थे। फिजिक्स के अन्य सभी प्रयोग भी जो बाद में प्रायोजित किये गए १७ वीं सदी से भी आगे के हैं। अत: यह स्पष्ट है कि आचार्य सायण से पूर्व शंकराचार्य का यह मंत्र उनकी अलौकिक चिन्तन शक्ति का प्रमाण है क्योंकि जैसे यहां नीचे दिखलाया जाएगा कि योजन का परम्परागत प्रामाणिक मान एवं अमूर्त इकाईयों की परम्पराओं में से एक इकाई (अत्रि ऋषि कुलक लेकर) गणित करने पर यह गति आजकल स्वीकृत प्रकाशगति ही प्राप्त हो रही है। हमारे विचार में एक इकाई कुलक से यदि परिणाम वास्तविक गति से मिलते हैं तो यह मानना कि श्रीशंकराचार्य जी को प्रकाश की गणित चिन्तन प्रयोग (Thought experiments) से ज्ञात हो गया था। इसमें कोई सन्देह नही। ईकाईयों के कुलक विकास प्रक्रिया में बहुत धारणाएं हैं-परन्तु मात्र एक कुलक, प्रकाश की गति तुल्य परिणाम देता है अत: यही प्रामाणिक कुलक है।

अत्रि की इकाईयों में मूर्त एवं अमूर्त इकाईयां से परमाणुकाल का मान

परमाणुकाल = $\frac{१}{७५०००}$ सैकिण्डस प्राप्त होता है

इस समस्या के पहिले परामितिक 'काल का प्रामाणकि मान' ज्ञात है दूसरा परामितिक योजन मान है। बहुत शताब्दी पूर्व की इकाइयों पर French एवं British Architects रिसर्च के अनुसार से तथा ज्यौतिष ग्रन्थों से यही ज्ञात होता है कि मध्य युगीन प्रशासनों में योजना का प्रामाणिक रूप से मान

१ योजन = ९ मील १६० गज = $\frac{१००}{११}$ मील

अत्रि इकाई कुलक के अनुसार

परमाणु काल = $\frac{१}{७५००}$ सैं

क्योंकि अणु = २ परमाणु, त्रसरेणु = ३अणु

३ त्रसरेणु = १ त्रुटि, १०० त्रुटि = १ वेध

३ वेध = १ लव, ३ लव = १ निमेष

अत: निमेषार्ध = $\frac{२७}{२५०}$ सैं

प्रकाश गति = $\frac{२२०२\times१००\times२५०}{२७\times११}$ = १८६३०० मील प्रति सैकण्ड लगभग

एक इकाई से परिणाम ठीक आते हैं मात्र चांस नहीं अपितु परिणाम की सत्यता का परिचायक है।

लगभग यही परिणाम रोमर ने २०० साल बाद बृहस्पति के चन्द्रमाओं में ग्रहण से तथा अन्य प्रयोगों से प्राप्त किए।

अत: यह स्पष्ट है कि चिन्तन प्रयोग (Gedanken, Thought-experiments) से प्रकाश की गति भारत में पहिले ही ज्ञात हो चुकी थी। आजकल भी एक अमेरिकन युवक ने यह दावा किया है कि अणिमा सिद्धि से चिंतन प्रयोग द्वारा Quark की सत्ता की वास्तविकता उसने अणिमा सिद्धि से प्राप्त कर ली थी। उसके ३० वर्ष पूर्व रिसर्च पेपर प्रमाण हैं। अत: यह स्पष्ट है कि चिन्तन प्रयोगों से एकल व्यक्ति भी प्रयोगशाला में प्रयोग किये बिना अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकता है। यौगिक चिन्तक को सूक्ष्मातिसूक्ष्मकाल खण्डों में भी अन्तर्पत्यय होता है और साथ ही सूक्ष्म आकाश खण्डों में अन्तर प्रतीति होती है। अत: सूक्ष्म जगत् की घटनाएं भी यौगपद्येन एवं एकादेशावच्छेदेन होती हैं। पर्याप्त स्वतंत्र रूप से क्षेत्र और काल में सूक्ष्म जगत की प्रक्रियायें बिना संहनन के होती हैं। आजकल के कम्प्यूटर्स ने भी यह प्रत्यक्ष सिद्ध कर दिया है। किञ्च मूर्तकाल की बड़ी बड़ी इकाईयां युग सृष्टिकाल आदि जो ज्योतिष शास्त्र में परिभाषित है वे भी महत्वपूर्ण हैं- क्योंकि ये व्यवहार में उपयोगी सिद्ध हुई हैं। इन बड़ी पूर्णांक संख्याओं से नम्बर थ्यूरी के आधार पर ज्योतिशास्त्र के परामितिक ज्ञात करना बहुत सरल है। अत: मूर्त एवं अमूर्त काल विभाग सभी दृष्टि से उपयोगी हैं। काल: अणोरणीयान् तथा महतो महीयान् है यह ब्रह्म का प्रतीक जो ठहरा। वस्तुत: आजकल प्रकाश की गति के संदर्भ में भी प्रश्नचिह्न लग गया है। N.E.C.Institute of Fundamental Particle Physics, Prinston में Lizul Wang and Prof. Kushik द्वारा प्रयोग से यह सिद्ध हो रहा है कि प्रकाश की गति इससे कहीं अधिक है जो कि सामवेद में प्रतिपादित सिद्धांत के अनुकूल है।

यह व्यक्ति कितने वर्ष जीएगा ?

(आयु स्पष्ट करने की वराहमिहिरोक्त सरल विधि)

लेखकः- प्रियव्रत शर्मा

आयु का निर्णय करने वाली अनेक पद्धतियां हैं। यहां हम आयुनिर्णय की "अंशायु-पद्धति" का, जिसे वराहमिहर ने अपेक्षाकृत अधिक शुद्ध बतलाया है, विवेचन करेगें।

इस पद्धति से आयु स्पष्ट करने के लिए राहु-केतु को छोड़कर शेष सूर्य आदि ७ ग्रहों तथा लग्न की राशि-अंश-कलाएं और जन्मकुण्डली की आवश्यकता होती है। सूर्यादि ग्रहों की राश्यादि से सभी ग्रहों की आयु (ग्रहायु) और लग्न की राश्यादि से लग्न की आयु (लग्नायु) बना लीजिए। ग्रहायु और लग्नायु जानने के लिए आगे दिए गए दो कोष्ठकों और सहायककोष्ठकों की सहायता लीजिए। इनसे ग्रहायु और लग्नायु साधन की विधि इस प्रकार है :-

कोष्ठक (१) के पहिले तीन कालमों में रा. अं. क. दी हुई हैं। ग्रह की राश्यादि से इस कोष्ठक में से आयु के वर्ष, मास दिन उठा लें। क्योंकि यह कोष्ठक ३ अं. २० क. के अन्तर पर बना हैं, अतः शेष अंश-कलाओं की आयु के मास एवं दिन सहायक कोष्ठक (१) से प्राप्त करके उन्हें भी कोष्ठक (१) से मिली ग्रह की वर्षादि आयु में जोड़ दें, यह ग्रहायु होगी। सूर्य आदि सातों ग्रहों की आयु इस तरह इस कोष्ठक से जान लें। इसी प्रकार लग्न की आयु (लग्नायु) भी इस कोष्ठक से प्राप्त करें। यदि लग्न बली (गुरु, शुक्र, बुध और लग्नेश से युक्त या दृष्ट) हो तो लग्नायु के लिए कोष्ठक (२) और सहायक कोष्ठक (२) को प्रयोग में लाएं। अन्यथा लग्नायु का साधन-कोष्ठक (१) और सहायक-कोष्ठक (१) से ही करें।

ध्यान रखें-किसी भी ग्रह की आयु १२ वर्ष से ज्यादा नहीं होती, अतः कोष्ठकों से मिली लग्नायु एवम् ग्रहायु १२ वर्ष से ज्यादा हो तो उसमें से १२ वर्ष घटाकर शेष को ही लग्नायु एवं ग्रहायु समझें। इस प्रकार मिली लग्नायु सर्वथा शुद्ध एवं स्पष्ट होगी। लेकिन सभी ग्रहों की यह आयु स्थूल (अस्पष्ट)होगी। इन्हें स्पष्ट करने के लिए इनमें ये तीन संस्कार करनें होंगे ,-

(१) चक्रार्धहानि संस्कार, (२) शत्रुक्षेत्रास्तहानि संस्कार , (३) स्वोच्चादिवृद्धि संस्कार।

इन संस्कारों को ग्रहायु में देने की पद्धति इस प्रकार है :-

(१) **चक्रार्धहानि संस्कार** :-- यदि कोई पापी ग्रह (सूर्य, मंगल या शनि) सप्तम-भाव में हो तो उसकी आयु का छठा , अष्टम में हो तो पांचवां , नवम में हो तो चौथा, दशम में हो तो तीसरा, एकादश-भाव में हो तो आधा भाग, और द्वादश भाव में हो तो आधी आयु नष्ट हो जाती है। यदि कोई शुभ ग्रह (चन्द्र, बुध, गुरु या शुक्र) सप्तम में हो तो उसकी आयु का बारहवां , अष्टम में हो तो दसवां, नवम में हो तो आठवां, दशम में हो तो छठा, एकादशभाव में हो तो चौथा भाग, द्वादशभाव में हों तो आधी आयु नष्ट हो जाती है। इसे ही चक्रार्धहानि संस्कार कहते हैं। यदि एक ही भाव में दो ग्रह बैठे हों तो उनमें से जो अधिक बली हो केवल उसीकी आयु में चक्रार्धहानि संस्कार करना चाहिए।

(२) **शत्रुक्षेत्रास्तहानि संस्कार** :-- 'चक्रार्धहानि संस्कार' करने के बाद शत्रुक्षेत्रास्तादिहानि संस्कार करना चाहिए। यदि कोई मार्गी-ग्रह शत्रु की राशि में हो तो उसकी आयु का तीसरा भाग नष्ट हो जाता हैं। वक्री ग्रह के लिए यह बात नहीं हैं। किंच, शुक्र और शनि को छोड़कर यदि कोई ग्रह अस्त (सूर्य के समीप आ जाने से लुप्त) हो तो उसकी आयु का आधा भाग नष्ट हो जाता हैं। यहां यदि कोई मार्गी ग्रह शत्रु की राशि में हो और साथ ही अस्त भी हो तब उस ग्रह की आयु में केवल अर्धहानि ही करनी चाहिए, तृतीयांश की हानि को छोड़ देना चाहिए।

(३) **स्वोच्चादिवृद्धि संस्कार** :-- ऊपर लिखे ढंग से चक्रार्धहानि और शत्रुक्षेत्रास्तहानि संस्कार करने के बाद जो ग्रहों की भिन्न-भिन्न आयु आएगी, उनमें स्वोच्चादिवृद्धि संस्कार भी करना होगा, जिससे ग्रहों की आयु के वर्षादि पूरी तरह स्पष्ट हो जाएंगे। यह संस्कार करने का यह प्रकार हैं :--

यदि ग्रह वक्री या उच्च-राशि में हो तो ग्रह की आयु तिगुनी, एवं स्वराशि, स्व-नवमांश वर्गोत्तम या स्व-द्रेष्काण में हो तो दुगुनी हो जाती है। स्वोच्चादिवृद्धि संस्कार करते समय यदि किसी ग्रह की आयु में वृद्धि कई प्रकार से उपस्थित हो रही हो तो अधिक वृद्धि को स्वीकार करें और थोड़ी वृद्धि को छोड़ दें। जैसे :-- यदि सूर्य ० रा. २ अं. ५ क. हो तों वह अपनी उच्च राशि और वर्गोत्तम दोनों में हैं। यहां उच्चस्थ होने से सूर्य की आयु तिगुनी तथा वर्गोत्तम में होने से दुगुनी होनी चाहिए। परन्तु नियमानुसार हमें यहां सूर्य की आयु को तिगुना ही करना होगा। यहां यह भी ध्यान रक्खें, कि यदि कोई ग्रह वक्री होकर उच्च में भी हो तब उसकी आयु को केवल एक बार ही तिगुना करना होगा।

इन तीनों संस्कारों से ग्रहों की आयु स्पष्ट हो जाएगी। सभी ग्रहों की स्पष्ट आयु तथा लग्न की आयु के वर्ष आदि को जोड़ देने पर जातक (बच्चे) की पूरी आयु निकल आएगी।

उदाहरण :-- किसी जातक (व्यक्ति) के जन्म के समय का लग्न स्पष्ट और ग्रह स्पष्ट तथा जन्म कुण्डली नीचे दी जा रही हैं। इसकी आयु स्पष्ट कीजिए :--

जन्मकालिक

	रा.	अं.	क.	
सूर्य	०	०६	५०	
चन्द्र	०	१२	१५	(अस्त)
मंगल	२	२२	२०	(वक्री)
बुध	११	२४	२०	(मार्गी) (अस्त)
गुरु	७	१४	१०	(मार्गी)
शुक्र	११	१६	२०	(मार्गी)
शनि	०	२८	०६	(वक्री)
लग्न	०	२१	२१	

जातक की जन्मकुण्डली

२
१
बु. शु. १२
म. ३
चं. सू. श.
११
४
१०
५
७
९
६
८ गु.

यहां सूर्य स्पष्ट ० रा. ६ अं. ५० क. है। कोष्ठक (१) में ० रा. ६ अं. ४० क. के आगे २ वर्ष ० मास ० दिन लिखा है। शेष १० कलाओं की आयु सहायक कोष्ठक (१) में १८ दिन लिखी है। अतः सूर्य की आयु २ व., ० मा., १८ दिन हुई । यहां लग्न स्पष्ट ० रा. २१ अं. २१ क. है। क्योंकि लग्न यहां दो क्रूर ग्रहों (सू. श.) तथा अस्तंगत चन्द्र से युक्त होने के कारण निर्बल है, अतः उक्त निर्देशानुसार कोष्ठक (१) से ही लग्नायु स्पष्ट की जाएगी। कोष्ठक (१) में ० रा. २० अं. ० क. के आगे ६ व., ० मा., ० दिन लिखा है। शेष १ अं. २१ क. की आयु सहायक कोष्ठक (१) में ४ मा. २६ दिन है। अतः लग्नायु ६ व. ४ मा. २६ दिन हुई। इसी प्रकार शेष चन्द्रादि ग्रहों की भी आयु कोष्ठक (१) से लेकर नीचे 'आयुसाधन उदाहरण कोष्ठक' के दूसरे स्तम्भ में लग्नायु के साथ दी गई हैं। इस स्तम्भ में दी गई लग्नायु तो स्पष्ट है, लेकिन सूर्य आदि ग्रहों की यह आयु स्पष्ट नहीं हैं। ग्रहों की आयु को स्पष्ट करने के लिए पूर्वोक्त निर्देशानुसार हम इनमें चक्रार्धहानि, शत्रुक्षेत्रास्तहानि और स्वोच्चादिवृद्धि, ये तीन संस्कार करेंगे, जिनका विवरण नीचे दिया गया हैं :--

चक्रार्धहानि संस्कार :- जातक की ऊपर अंकित कुण्डली में शुभग्रह गुरु अष्टमस्थ है। अतः इसकी आयु (अस्पष्ट आयु) में से इसका १० वां भाग घटा दिया गया है , द्वादश भाव में बुध, शुक्र - दो शुभ ग्रह पड़े हैं। यहां शुक्र उच्चस्थ होने से वह नीचस्थ बुध से ज्यादा बली है , अतः पूर्वोक्त नियमानुसार यहां केवल शुक्र की ही आयु को आधा किया गया है।

शत्रुक्षेत्रास्तहानि संस्कार :- यहां चन्द्रमा अस्त है , अतः इसकी आयु आधी कर दी गई हैं। बुध भी यहां अस्त हैं, अतः इसकी आयु भी आधी की गई हैं । यहां यद्यपि शनि शत्रुराशि में है; फिर भी इसकी आयु में से इसका तृतीयांश कम नहीं किया गया है, क्योंकि पूर्वोक्त नियमानुसार वक्री ग्रह पर यह नियम लागू नहीं होता। यहां शनि वक्री हैं।

स्वोच्चादिवृद्धि संस्कार :-- यहां सूर्य उच्चस्थ हैं, अतः इसकी आयु उक्त नियमानुसार तिगुनी कर दी गई हैं। चन्द्रमा अपने (कर्क के)नवांश में है अतः इसकी आयु दुगुनी की है। मंगल और शनि वक्री हैं अतः इन दोनों की आयु तिगुनी और गुरु स्वद्रेष्काण में है, अतः इसकी आयु दुगुनी कर दी गई है।

इस प्रकार ग्रहों की स्वोच्चादिवृद्धि-संस्कृत आयु स्पष्ट होगई है। सभी ग्रहों की स्पष्ट आयु तथा लग्नायु का योग जातक की स्पष्ट आयु मानी जाती है, अतः इस उदाहरण में जातक की स्पष्ट आयु ७३ वर्ष ८ मास ३ दिन सिद्ध हुई है। इसका अर्थ हुआ इस जातक की जीवनावधि इस गणनानुसार कुल ७३ वर्ष ८ मास ३ दिन होगी। (नीचे दिया गया कोष्ठक देखें)।

आयुसाधन उदाहरण कोष्ठक

ग्रह लग्न	अस्पष्ट ग्रहायु	चक्रार्धहानि-संस्कृत आयु	शत्रुक्षेत्रास्तहानि-संस्कृत आयु	स्वोच्चादिवृद्धि-संस्कृत आयु (स्पष्ट आयु)
↓	व. मा. दि.	व. मा. दि.	व. मा. दि.	व. मा. दि.
सू.	२/००/१८	२/००/१८	२/००/१८	६/०१/२४
चं.	३/०८/०३	३/०८/०३	१/१०/०२	३/०८/०४
मं.	०/०८/१२*	०/०८/१२	०/०८/१२	२/०१/०६
बु.	१०/०३/१८	१०/०३/१८	५/०१/२४	५/०१/२४
गु.	७/०३/००	६/०६/०६	६/०६/०६	१३/००/१८
शु.	७/१०/२४	३/११/१२	३/११/१२	११/१०/०६
श.	८/०५/०५	८/०५/०५	८/०५/०५	२५/०३/१५
लग्न	६/०४/२६	६/०४/२६	६/०४/२६	६/०४/२६

जातक की स्पष्ट आयु ७३/०८/०३

ग्रहों की आयु में चक्रार्धहानि आदि संस्कार करते हुए इन बातों को ध्यान में रखें .-

चक्रार्धहानिसंस्कार ग्रहायु { ग्रह की कोष्ठक (१) से प्राप्त आयु } में किया जाता हैं। चक्रार्धहानि- संस्कार से संस्कृत यह ग्रहायु 'चक्रार्धहानिसंस्कृत' आयु कहलाती है। जिस ग्रह की आयु में चक्रार्धहानिसंस्कार शून्य हो, उसकी कोष्ठक (१) से प्राप्त आयु ही , ' चक्रार्धहानिसंस्कृत आयु ' मानी जाती है,

चक्रार्धहानिसंस्कृत वह आयु , जिसमें शत्रुक्षेत्रास्तहानि संस्कार कर दिया गया हो , 'शत्रुक्षेत्रास्तहानि- संस्कृत' , आयु कही जाती है। चक्रार्धहानिसंस्कृत वह आयु भी शत्रुक्षेत्रास्तहानि-संस्कृत ही मानी जाती है, जिसमें शत्रुक्षेत्रास्तहानि संस्कार शून्य हो।

शत्रुक्षेत्रास्तहानि- संस्कृत वह आयु, जिसमें स्वोच्चादिवृद्धिसंस्कार किया गया हो, ' स्वोच्चादिवृद्धि- संस्कृत 'आयु कही जाती है। शत्रुक्षेत्रास्तहानि-संस्कृत वह आयु भी स्वोच्चादिवृद्धिसंस्कृत ही मानी जाती है, जिसमें स्वोच्चादिवृद्धि संस्कार शून्य हो। ग्रह की स्वोच्चादिवृद्धिसंस्कृत आयु ही उसकी स्पष्ट आयु है।

यह उपरोक्त आयुसाधनविधि वराहमिहिर के मतानुसार है। जैमिनिमतानुसार आयुसाधन विधि इससे सर्वथा भिन्न है-, जिसका निर्देश मैं वि.सं. २०३५ के श्रीमार्त्तण्ड पंचांग में कर चुका हूँ।

---

* *मंगल की कोष्ठक १ से प्राप्त आयु १२ वर्ष से अधिक थी, अतः इसमें से १२ वर्ष घटा दिए गए हैं।*

कोष्ठक (१) (लग्नायु एवं ग्रहायु)			
लग्न या ग्रह	लग्न या ग्रह	लग्न या ग्रह	आयु
रा. अं. क.	रा. अं. क.	रा. अं. क.	व. मा. दि.
० ०० ००	४ ०० ००	८ ०० ००	० ०० ००
० ०३ २०	४ ०३ २०	८ ०३ २०	१ ०० ००
० ०६ ४०	४ ०६ ४०	८ ०६ ४०	२ ०० ००
० १० ००	४ १० ००	८ १० ००	३ ०० ००
० १३ २०	४ १३ २०	८ १३ २०	४ ०० ००
० १६ ४०	४ १६ ४०	८ १६ ४०	५ ०० ००
० २० ००	४ २० ००	८ २० ००	६ ०० ००
० २३ २०	४ २३ २०	८ २३ २०	७ ०० ००
० २६ ४०	४ २६ ४०	८ २६ ४०	८ ०० ००
१ ०० ००	५ ०० ००	९ ०० ००	९ ०० ००
१ ०३ २०	५ ०३ २०	९ ०३ २०	१० ०० ००
१ ०६ ४०	५ ०६ ४०	९ ०६ ४०	११ ०० ००
१ १० ००	५ १० ००	९ १० ००	१२ ०० ००
१ १३ २०	५ १३ २०	९ १३ २०	१ ०० ००
१ १६ ४०	५ १६ ४०	९ १६ ४०	२ ०० ००
१ २० ००	५ २० ००	९ २० ००	३ ०० ००
१ २३ २०	५ २३ २०	९ २३ २०	४ ०० ००
१ २६ ४०	५ २६ ४०	९ २६ ४०	५ ०० ००
२ ०० ००	६ ०० ००	१० ०० ००	६ ०० ००
२ ०३ २०	६ ०३ २०	१० ०३ २०	७ ०० ००
२ ०६ ४०	६ ०६ ४०	१० ०६ ४०	८ ०० ००
२ १० ००	६ १० ००	१० १० ००	९ ०० ००
२ १३ २०	६ १३ २०	१० १३ २०	१० ०० ००
२ १६ ४०	६ १६ ४०	१० १६ ४०	११ ०० ००
२ २० ००	६ २० ००	१० २० ००	१२ ०० ००
२ २३ २०	६ २३ २०	१० २३ २०	१ ०० ००
२ २६ ४०	६ २६ ४०	१० २६ ४०	२ ०० ००
३ ०० ००	७ ०० ००	११ ०० ००	३ ०० ००
३ ०३ २०	७ ०३ २०	११ ०३ २०	४ ०० ००
३ ०६ ४०	७ ०६ ४०	११ ०६ ४०	५ ०० ००
३ १० ००	७ १० ००	११ १० ००	६ ०० ००
३ १३ २०	७ १३ २०	११ १३ २०	७ ०० ००
३ १६ ४०	७ १६ ४०	११ १६ ४०	८ ०० ००
३ २० ००	७ २० ००	११ २० ००	९ ०० ००
३ २३ २०	७ २३ २०	११ २३ २०	१० ०० ००
३ २६ ४०	७ २६ ४०	११ २६ ४०	११ ०० ००
४ ०० ००	८ ०० ००	१२ ०० ००	१२ ०० ००

सहायक कोष्ठक (१)			
शेष	आयु	शेष	आयु
अं. क.	मा. दि.	अं. क.	मा. दि.
० ००	० ००	३ ०५	११ ०३
० ०५	० ०९	३ १०	११ १२
० १०	० १८	३ १५	११ २१
० १५	० २७	३ २०	१२ ००
० २०	१ ०६		
० २५	१ १५		
० ३०	१ २४		
० ३५	२ ०३		
० ४०	२ १२		
० ४५	२ २१		
० ५०	३ ००		
० ५५	३ ०९		
१ ००	३ १८		
१ ०५	३ २७		
१ १०	४ ०६		
१ १५	४ १५		
१ २०	४ २४		
१ २५	५ ०३		
१ ३०	५ १२		
१ ३५	५ २१		
१ ४०	६ ००		
१ ४५	६ ०९		
१ ५०	६ १८		
१ ५५	६ २७		
२ ००	७ ०६		
२ ०५	७ १५		
२ १०	७ २४		
२ १५	८ ०३		
२ २०	८ १२		
२ २५	८ २१		
२ ३०	९ ००		
२ ३५	९ ०९		
२ ४०	९ १८		
२ ४५	९ २७		
२ ५०	१० ०६		
२ ५५	१० १५		
३ ००	१० २४		

कोष्ठक (२) (बली लग्न की आयु)					
लग्न	आयु	लग्न	आयु	लग्न	आयु
रा. अं. क.	व. मा. दि.	रा. अं. क.	व. मा. दि.	रा. अं. क.	व. मा. दि.
० ०० ००	० ०० ००	४ ०० ००	४ ०० ००	८ ०० ००	८ ०० ००
० ०३ २०	० ०१ १०	४ ०३ २०	४ ०१ १०	८ ०३ २०	८ ०१ १०
० ०६ ४०	० ०२ २०	४ ०६ ४०	४ ०२ २०	८ ०६ ४०	८ ०२ २०
० १० ००	० ०४ ००	४ १० ००	४ ०४ ००	८ १० ००	८ ०४ ००
० १३ २०	० ०५ १०	४ १३ २०	४ ०५ १०	८ १३ २०	८ ०५ १०
० १६ ४०	० ०६ २०	४ १६ ४०	४ ०६ २०	८ १६ ४०	८ ०६ २०
० २० ००	० ०८ ००	४ २० ००	४ ०८ ००	८ २० ००	८ ०८ ००
० २३ २०	० ०९ १०	४ २३ २०	४ ०९ १०	८ २३ २०	८ ०९ १०
० २६ ४०	० १० २०	४ २६ ४०	४ १० २०	८ २६ ४०	८ १० २०
१ ०० ००	१ ०० ००	५ ०० ००	५ ०० ००	९ ०० ००	९ ०० ००
१ ०३ २०	१ ०१ १०	५ ०३ २०	५ ०१ १०	९ ०३ २०	९ ०१ १०
१ ०६ ४०	१ ०२ २०	५ ०६ ४०	५ ०२ २०	९ ०६ ४०	९ ०२ २०
१ १० ००	१ ०४ ००	५ १० ००	५ ०४ ००	९ १० ००	९ ०४ ००
१ १३ २०	१ ०५ १०	५ १३ २०	५ ०५ १०	९ १३ २०	९ ०५ १०
१ १६ ४०	१ ०६ २०	५ १६ ४०	५ ०६ २०	९ १६ ४०	९ ०६ २०
१ २० ००	१ ०८ ००	५ २० ००	५ ०८ ००	९ २० ००	९ ०८ ००
१ २३ २०	१ ०९ १०	५ २३ २०	५ ०९ १०	९ २३ २०	९ ०९ १०
१ २६ ४०	१ १० २०	५ २६ ४०	५ १० २०	९ २६ ४०	९ १० २०
२ ०० ००	२ ०० ००	६ ०० ००	६ ०० ००	१० ०० ००	१० ०० ००
२ ०३ २०	२ ०१ १०	६ ०३ २०	६ ०१ १०	१० ०३ २०	१० ०१ १०
२ ०६ ४०	२ ०२ २०	६ ०६ ४०	६ ०२ २०	१० ०६ ४०	१० ०२ २०
२ १० ००	२ ०४ ००	६ १० ००	६ ०४ ००	१० १० ००	१० ०४ ००
२ १३ २०	२ ०५ १०	६ १३ २०	६ ०५ १०	१० १३ २०	१० ०५ १०
२ १६ ४०	२ ०६ २०	६ १६ ४०	६ ०६ २०	१० १६ ४०	१० ०६ २०
२ २० ००	२ ०८ ००	६ २० ००	६ ०८ ००	१० २० ००	१० ०८ ००
२ २३ २०	२ ०९ १०	६ २३ २०	६ ०९ १०	१० २३ २०	१० ०९ १०
२ २६ ४०	२ १० २०	६ २६ ४०	६ १० २०	१० २६ ४०	१० १० २०
३ ०० ००	३ ०० ००	७ ०० ००	७ ०० ००	११ ०० ००	११ ०० ००
३ ०३ २०	३ ०१ १०	७ ०३ २०	७ ०१ १०	११ ०३ २०	११ ०१ १०
३ ०६ ४०	३ ०२ २०	७ ०६ ४०	७ ०२ २०	११ ०६ ४०	११ ०२ २०
३ १० ००	३ ०४ ००	७ १० ००	७ ०४ ००	११ १० ००	११ ०४ ००
३ १३ २०	३ ०५ १०	७ १३ २०	७ ०५ १०	११ १३ २०	११ ०५ १०
३ १६ ४०	३ ०६ २०	७ १६ ४०	७ ०६ २०	११ १६ ४०	११ ०६ २०
३ २० ००	३ ०८ ००	७ २० ००	७ ०८ ००	११ २० ००	११ ०८ ००
३ २३ २०	३ ०९ १०	७ २३ २०	७ ०९ १०	११ २३ २०	११ ०९ १०
३ २६ ४०	३ १० २०	७ २६ ४०	७ १० २०	११ २६ ४०	११ १० २०
४ ०० ००	४ ०० ००	८ ०० ००	८ ०० ००	१२ ०० ००	१२ ०० ००

सहायक कोष्ठक (२)			
शेष	आयु	शेष	आयु
अं. क.	मा. दि.	अं. क.	मा. दि.
० ००	० ००	३ ०५	१ ०७
० ०५	० ०१	३ १०	१ ०८
० १०	० ०२	३ १५	१ ०९
० १५	० ०३	३ २०	१ १०
० २०	० ०४		
० २५	० ०५		
० ३०	० ०६		
० ३५	० ०७		
० ४०	० ०८		
० ४५	० ०९		
० ५०	० १०		
० ५५	० ११		
१ ००	० १२		
१ ०५	० १३		
१ १०	० १४		
१ १५	० १५		
१ २०	० १६		
१ २५	० १७		
१ ३०	० १८		
१ ३५	० १९		
१ ४०	० २०		
१ ४५	० २१		
१ ५०	० २२		
१ ५५	० २३		
२ ००	० २४		
२ ०५	० २५		
२ १०	० २६		
२ १५	० २७		
२ २०	० २८		
२ २५	० २९		
२ ३०	१ ००		
२ ३५	१ ०१		
२ ४०	१ ०२		
२ ४५	१ ०३		
२ ५०	१ ०४		
२ ५५	१ ०५		
३ ००	१ ०६		

समस्याएं और समाधान

लेखक:- प्रियव्रत शर्मा, 59/6 (अभिजित्), पंचकूला-134109

फलित एवं गणित (सिद्धांत) ज्योतिष से सम्बद्ध अपनी समस्याएं मुझे भेजिए। आवश्यक समझने पर डाक से उत्तर देने का भी मेरा पूरा प्रयास रहता है । लेकिन इसके लिए कृपया जवाबी पत्र न डालिए। यदि मुझे आपकी समस्या का उत्तर पत्र द्वारा देना होगा, मैं अपने व्यय पर ही दे दूंगा। मुझे प्रतिदिन अनेक पाठकों की समस्याएं पत्रों द्वारा प्राप्त होती हैं। सीमित समय आदि के कारण मैं प्रत्येक पाठक को पत्र द्वारा समस्याओं का समाधान भेजने के लिए किसी भी तरह बाधित नहीं होना चाहता।

कृपया कर्मकाण्डसम्बन्धी समस्याएं मुझे मत भेजिए। यह मेरा विषय नहीं है ।

ध्यान दें — मैं ज्योतिष का व्यवसाय नहीं करता हूँ, अतः अपनी ज्योतिषसम्बन्धी व्यक्तिगत समस्याओं के लिए मुझे कृपया पत्र न लिखें, और न ही इसके लिए मुझे कोई फीस वगैरह भेजिए। इस सम्बन्ध में मैं किसी से मिलता भी नहीं हूँ- *प्रियव्रत शर्मा*]

यहां इन समस्याओं के समाधान पढ़िए

(१) सत्यनारायणव्रत की तिथि का निर्णय- प्रकार क्या है ?

(२) वधूप्रवेश या अन्य मांगलिक कार्यों में लग्नाष्टक या राश्यष्टक दोष हो तो क्या किया जाए ?

(३) क्या बात है 'श्रीमार्त्तण्ड पंचाग' में कुछ विवाह-मुहूर्त्तों का निर्देश शुद्ध एवं अशुद्ध मुहूर्त्त - दोनों सूचियों में देखने को मिलता है ?

(४) निर्धारित मापदण्डों की अनुपस्थिति में व्रत-पर्व की तिथि का निर्णय कैसे किया जाता है ?

(५) उड़ते वायुयान में जन्म लेने वाले जातक के जन्मस्थान,काल आदि का निर्णय कैसे होगा ?

(६) ग्रहों के भावफल, दृष्टि तथा पंचधामैत्री-निर्णय आदि के लिए दैवज्ञ लोग भावचक्र का प्रयोग क्यों नहीं करते ?

(७) विभिन्न देशीय/नगरीय पंचांगों में गुरु-शुक्र के लोप-दर्शन की तारीखें भिन्न-भिन्न क्यों होती हैं ?

(८) दिन और रात्रि के मुहूर्त्तों के नाम एवं उनके स्वामी कौन-कौन हैं ?

(९) राशियों के स्वोदयमान किसे कहते हैं, तथा इन्हें ज्ञात करने की क्या प्रक्रिया है ?

(१०) क्या अनुराधा नक्षत्र नीचस्थ चन्द्र के कारण विवाह के लिए त्याज्य नहीं होना चाहिए ?

(११) भद्रा के स्वर्ग, पाताल और भूमि पर वास का क्या अभिप्राय है ?

(१२) सन् २००१ में मकर संक्रान्ति १३ जनवरी की थी लेकिन प्रयाग महाकुम्भ पर्व पर लोगों ने संक्रान्ति स्नान १४ जनवरी को किया ऐसा क्यों ?

(१३) सं. २०५८ में रंगवाली होली कुछ लोगों ने ९ मार्च को और कुछ ने १० मार्च को खेली। यह मतभेद क्यों ?

(१४) कम्प्यूटरों से की जाने वाली भविष्यवाणियां कहाँ तक सत्य होती हैं ?

(१५) कुछ ज्योतिषी लोग भूकैन्द्रिक ग्रह भोगांशों की जगह भूपृष्ठीय ग्रहभोगांशों के प्रयोग की बात करने लगे हैं। आपका इस बारे में क्या मत है ?

समस्या (i)— सं. २०५७ की मार्ग. पूर्णिमा ११ दिसं. को १८ घ.१७ प. मात्र है । आपने इस दिन सत्यनारायण व्रत लिखा है, जबकि इस दिन सांयकाल में पूर्णिमा नहीं है। इस दिन इस व्रत के निर्धारण में क्या शास्त्रीय प्रमाण है ?

(ii)— वधू -प्रवेश या अन्य मांगलिक कार्यों में लग्नाष्टक या राश्यष्टक दोष हो तो क्या किया जाए ?

श्री जिया लाल शर्मा शास्त्री,

मु. बटलौथ P.O. *शिलारु, (शिमला)*

समाधान (i)— १० दिसं. को तो पूर्णिमा सारा दिन (सूर्योदय से सूर्यास्तपर्यन्त) है ही नहीं । ११ दिसं. को यह मध्याह्नकाल से कहीं बाद तक विद्यमान है। अत: इस दिन **''यां तिथिं समनुप्राप्य उदयं याति भास्करः। सा तिथिः सकला ज्ञेया दानाध्ययन-कर्मसु॥''** वाक्यानुसार आपाद्या पूर्णिमा सारा दिन व्याप्त मानी जाएगी। इसी आपाद्या पूर्णिमा के आधार पर सांयकाल में सत्यनारायणव्रत का पूजन एवं उद्यापन करना शास्त्रविहित होगा।

समाधान (ii)— लग्नाष्टक, राश्यष्टक का विचार विशेषेण विवाहलग्न में करने का निर्देश है। पुनरपि वधू-प्रवेशादि के समय केन्द्र-त्रिकोणगत शुक्र, गुरु से यह दोष परिहत समझना चाहिए।

समस्या (i)— क्या बात है 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' में कुछ विवाहमुहूर्त्तों का निर्देश शुद्ध एवं अशुद्ध मुहूर्त्त -दोनों सूचियों में देखने को मिलता है ? जैसे -सं. २०५८ वि. सं. में २६ अप्रै., २९ जून, १३ जुला. आदि के विवाहमुहूर्त्त शुद्ध और अशुद्ध दोनों सूचियों में हैं ? ऐसा क्यों ?

(ii)— कुछ व्रत पर्व निर्धारित मापदण्डों (निर्णायक तत्त्वों) को पूरा नहीं करते - ऐसा कई बार देखा गया है। जैसे- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन अर्धरात्रि में रोहिणी नक्षत्र कई बार नहीं होता। ऐसी स्थिति में व्रत-पर्व का निर्णय कैसे किया जाता है ?

(iii)— उड़ते वायुयान में जन्म लेने वाले जातक के जन्मस्थान, काल आदि का निर्णय कैसे होगा ?

श्री अश्विनीकुमार शर्मा,

ज्योतिष कार्यालय, नमक मण्डी-अमृतसर

समाधान (i)— यदि एक ही दिन ऐसे दो विवाहनक्षत्र हों जिनमें से एक 'भद्रा, लग्नाभाव आदि के कारण वर्ज्य और दूसरा शुद्ध लग्न के कारण ग्राह्य हो, तब ऐसा होता है। जैसे- २६ अप्रैल को रोहिणी विवाहनक्षत्र में विवाह लग्न बनता है लेकिन इसी दिन मृग. विवाहनक्षत्र में अतिगण्ड की षड्घटी दोष से विवाह लग्न नहीं बनता। इसीलिए २६ अप्रैल शुद्ध एवं अशुद्ध -दोनों विवाहमुहूर्त्त-सूचियों में निर्दिष्ट हैं।

समाधान (ii)— व्रतपर्वों के निर्धारक तत्त्व दो प्रकार के हैं- (१)—निर्णायक, (२)— महत्त्वाधायक। जब किसी विशेष स्थिति में निर्णायक तत्त्व द्वारा व्रत-पर्व की तिथि (दिन)का निर्धारण संभव नहीं होता, तब वहां महत्त्वाधायक तत्त्व के आश्रय से तिथिनिर्धारण किया जाता है। जैसे- श्रीकृष्ण जन्माष्टमीव्रत की तिथि के निर्धारक दो प्रमुख तत्त्व हैं - (१)अर्धरात्रि (चन्द्रोदय) व्यापिनी अष्टमी और (२) रोहिणी नक्षत्र । जहां 'अर्धरात्रिव्यापिनी अष्टमी' निर्णायक और 'रोहिणी नक्षत्र' महत्त्वाधायक है। यदि अष्टमी दो दिन अर्धरात्रिव्यापिनी हो जाए तब रोहिणी नक्षत्र जिस दिन होगा उसी दिन जन्माष्टमी व्रत माना जाएगा। यहां रोहिणी नक्षत्र महत्वाधायक का तत्व है। अत: ऐसी स्थिति में यह जिस दिन विद्यमान होगा, उसी दिन को व्रत के लिए महत्त्व दिया जाएगा। यहां निर्णायकतत्त्व अर्धरात्रिव्यापिनी अष्टमी ही है। रोहिणी नक्षत्र तो महत्त्वाधायक मात्र है। यदि अष्टमी एक ही दिन अर्धरात्रिव्यापिनी हो तो उस दिन रोहिणी नक्षत्र भी हो तो अच्छी बात है, न हो तो भी व्रत उसी दिन होगा। इस प्रकार महत्त्वाध्यायक तत्त्व का अनेक बार व्रत-पर्व-तिथि के निर्णय में कोई योगदान नहीं होता। कई दुविधा वाली स्थितियों में महत्त्वाधायक तत्व भी निर्णायक तत्व का काम करता है।

(iii)— जातक के जन्म के समय वायुयान जिस भूपृष्ठीय बिन्दु के बिल्कुल ऊपर (खमध्य में) विद्यमान होगा उस बिन्दु के अक्षांश और रेखांश ही उसके जन्मस्थान के अक्षांश रेखांश माने जाएंगे। दूसरे शब्दों में यूं समझिए- जन्म के क्षण में वायुयान से गिराई गई लम्ब रेखा भूपृष्ठ को जहाँ स्पर्श करती है उस स्थान पर उस जातक का जन्म माना जाएगा और वहीं के अक्षांश-रेखांशानुसार उसके जन्मकालिक लग्न-दशम का निर्णय करना होगा। (आगे दिया गया चित्र देखें) इस भूपृष्ठ बिन्दु के अक्षांश-रेखांश का निर्णय वायुयान में एतदर्थ स्थापित उन G.P.S. आदि यन्त्रों से किया जा सकता है,

जो प्रतिक्षण यह बतलाते रहते हैं कि वायुयान इस समय कितने अक्षांश-रेखांश वाले भूपृष्ठीय बिन्दु पर उड़ रहा है। जातक के जन्म का G.M.T. समय भी प्रत्येक वायुयान में लगे कालज्ञापक यन्त्र से ज्ञात किया जा सकता है ।

समस्या (i)— ग्रहों के भावफल, दृष्टि तथा पञ्चधामैत्री निर्णय आदि के लिए भावचक्र का प्रयोग होना चाहिए। लेकिन दैवज्ञ लोग ऐसा क्यों नहीं करते ?

(ii)— विभिन्न देशीय/नगरीय पंचांगों में यद्यपि गुरु-शुक्र के भोगांश सर्वथा समान होते हैं, फिर भी इनके लोप-दर्शन की तारीखें इन पंचांगों में भिन्न-भिन्न क्यों होती है ?

पं. कैलाशचन्द्र भारद्वाज,

मानेसर (गुड़गांव), हरियाणा

समाधान (i)— निःसन्देह इनके लिए भावचक्र का ही प्रयोग होना चाहिए। लेकिन दैवज्ञ लोग सर्वत्र राशिकुण्डली का ही प्रयोग सुदीर्घ परम्परया करते चले आ रहे हैं । स्पष्ट है - राशि कुण्डली के प्रयोग में लाघव होने से भावकुण्डली का प्रयोग लगभग लुप्त सा ही हो गया है। और तो और अनेक फलिताचार्यों ने भी भावकुण्डली की उपेक्षा कर राशिकुण्डली से ही अपने ग्रन्थों में फलादेशकथन के सिद्धांत बतलाए हैं।

(ii)— ग्रहों के भोगांश भूकैन्द्रिक होने से किसी भी क्षण विश्व के प्रत्येक स्थान पर वे एक से ही होते हैं। लेकिन उनके उन्नतांशों में स्थान भेद से भिन्नता रहती है और ग्रहों के लोप-दर्शन उनके स्थानीय उन्नतांशों पर ही निर्भर करते हैं। यही कारण है ग्रहों के लोप-दर्शन की तारीखें स्थान-भेद से भिन्न-भिन्न होती हैं। (विशेष स्पष्टता के लिए देखें- 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग'(वि.सं.२०५८) पृष्ठ ६८ से ७१)।

समस्या — दिन और रात्रि के १५-१५ मुहूर्त्तों के नाम एवं उनके स्वामी कौन-कौन हैं ?

श्री प्रेमचन्द शर्मा,

मु.पो. चोचड़ा, करनाल (हरियाणा)

समाधान — (१) शिव, (२) अहि,(३) मैत्र, (४) पितर, (५)वसु, (६)अम्भ, (७) विश्व, (८) वेधस् (अभिजित्),(९) ब्रह्मा, (१०) इन्द्र, (११) इन्द्राग्नी, (१२)राक्षस, (१३) अब्धीश, (१४) अर्यमा, (१५)यम- ये क्रमशः १५ मुहूर्त्त दिन के और (१) शिव, (२) अजपाद, (३) अहिर्बुध्न्य, (४)पूषा, (५) दास्त्र, (६) यम, (७) अग्नि, (८) ब्रह्मा, (९) चन्द्र, (१०) अदिति, (११) जीव, (१२) विष्णु, (१३) अर्क, (१४) तक्षन् (१५) मारुत- ये क्रमशः १५ मुहूर्त्त रात्रि के हैं। ये सभी मुहूर्त्त अपने देवताओं के नामों से ही पुकारे जाते हैं।

विभिन्न ग्रन्थों में कई मुहूर्त्तों के नामों (देवताओं) के बारे में मतभेद है।

समस्या — राशियों के स्वोदयमान किसे कहते हैं। इन्हें ज्ञात करने की क्या प्रक्रिया है ?

पं. हरिप्रसाद प्रभाकर,

पो.ओ. खेकड़ा (बागपत) (यू.पी.)

समाधान— पश्चिम से पूर्व की ओर अपने अक्ष पर २४ घण्टों में एक चक्र लगाती हुई पृथ्वी से हमें आकाशस्थ क्रान्तिवृत्त में स्थित मेष आदि १२ राशियों के ३०-३० अंशों के खण्ड पूर्व क्षितिज में उदय होते नज़र आते हैं। भिन्न-भिन्न अक्षांशीय स्थलों पर इन राशिखण्डों के उदयकाल भिन्न-भिन्न होते हैं। अभीष्ट स्थल पर मेषादि इन राशियों के उदयकालों को तत्तद्राशियों के स्वोदय मान कहा जाता है। अलग-अलग अक्षांशों वाले स्थलों पर राशियों के स्वोदयमान ज्ञात करने के लिए 'ग्रहलाघव' के 'त्रिप्रश्नाधिकार' का पहिला श्लोक देखिए।

समस्या (i)— अनुराधा नक्षत्र विवाह के लिए शुभ माना गया है। लेकिन इस नक्षत्र में स्थित चन्द्र नीचस्थ होता है। नीचस्थ ग्रह निर्बल एवं अशुभफलप्रद माना

गया है। क्या इस दृष्टि से अनुराधा नक्षत्र विवाह के लिए त्याज्य नहीं होना चाहिए?

(ii)— भद्रा का स्वर्ग, पाताल और भूमि पर वास मुहूर्त्तग्रन्थों में लिखा मिलता है? इसका अभिप्राय क्या है?

श्री मुरारि लाल शर्मा, बी.ए.,

शाहजहाँपुर (अलवर)], राजस्थान

समाधान (i)— विवाहनक्षत्रों का निर्धारण जब हुआ था, तब ग्रहों की उच्च-नीच राशियों की कल्पना नहीं थी। विवाह के योग्य नक्षत्रों का निर्देश तो वैदिक गृह्यसूत्रों में मिलता है, जबकि उच्च-नीच राशियों का निर्धारण तो 'टैट्राबिब्लोस' की उपज है। इसलिए यह विरोध है। फलितज्योतिष में इस प्रकार की परस्पर स्वतंत्र विचारधाराओं से उत्पन्न अनेक ऐसे सिद्धांत प्रचलित हैं, जिनका परस्पर समन्वय कर सकना संभव नहीं है। ऐसे असंख्य अन्तर्विरोध भी फलितज्योतिष पर अनेक चिन्तकों की अनास्था का कारण है।

(ii)—भद्रा को विष्टिकरण भी कहा जाता है। मूलतः भद्रा आकाश का एक भाग है, जो पृथ्वी के भ्रमण से कभी पृथ्वी से नीचे अधःकपाल में और कभी ऊपर ऊर्ध्वकपाल में स्थित होता है। करणों के बारे में बहुत कुछ अभी ज्ञातव्य है। इस बारे में मेरे अनुज डॉ. शक्तिधर शर्मा का लेख **'पंचांग वस्तुतः पंचांग नहीं'** श्रीमार्त्तण्डपंचांग (सं. २०५८) के पृष्ठ २७६ पर पढ़ें।

समस्या — सन् २००१ ई. की मकर संक्रान्ति पंचांगों में १३ जनवरी को दर्साई गई थी, लेकिन प्रयाग महाकुम्भ पर मकरसंक्रान्ति का स्नान लोगों ने १४ जनवरी को किया। ऐसा क्यों?

मार्त्तण्ड पंचांग के अनेक पाठक

समाधान — संक्रान्ति के पुण्यकाल में ही स्नान-दान-जप का माहात्म्य शास्त्रों में लिखा है। यद्यपि यह मकरसंक्रान्ति शनिवार को थी, लेकिन इसका पुण्यकाल रविवार को था। अतः रविवार के दिन १४ जनवरी को ही लोगों ने स्नान, दान आदि किया।

मकरसंक्रान्ति जिस समय घटित होती है (सूर्य जिस समय मकर में प्रवेश करता है) उससे ४० घड़ी (१६ घण्टे) बाद तक का काल 'मकर संक्रान्ति का पुण्यकाल' कहलाता है।

समस्या — सं. २०५८ में रंगवाली होली भिन्न-भिन्न नगरों में दो भिन्न-भिन्न दिनों में (९ और १० मार्च '०१ को) खेली गई। इस मतभेद का क्या कारण है?

मार्त्तण्ड पंचांग के अनेक पाठक

समाधान — धर्मशास्त्रों में होलिका-दाह का ही वर्णन है, और उसी के निर्णायक तत्त्वों की वहां चर्चा है। इन शास्त्रों में प्रदोषव्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा वाले दिन होलिकादाह करने का निर्देश है। एक दूसरे पर गुलाल, रंग फैंकने वाले पर्व की इन ग्रन्थों में चर्चा नहीं है। यह पर्व स्थानीय परम्परानुसार कहीं होलिकादाह वाले दिन (होलिकादाह से पहिले) और कहीं उससे दूसरे दिन मनाया जाता है। इस पर्व के बारे में परम्परा ही प्रमाण है। धर्मशास्त्रों ने इस पर्व का कोई निर्णायक नियम नहीं बतलाया है।

समस्या — आजकल कम्प्यूटरों से जन्मपत्र बनने लगे हैं। कम्प्यूटरों द्वारा की जाने वाली भविष्यवाणियों की सत्यता के बारे में आपका क्या विचार है?

श्री पी.सी. असधीर,

३३५३/१५-डी, चण्डीगढ़ (यू.टी.)

समाधान— कम्प्यूटरों द्वारा की जाने वाली भविष्यवाणियों में वे सभी दोष / न्यूनताएं होती हैं, जो किसी ज्योतिषी की भविष्यवाणियों में अक्सर पाई जाती हैं, क्योंकि किसी ज्योतिषी द्वारा निर्दिष्ट सिद्धांतों के आधार पर बने प्रोग्रामिंग के अनुसार ही तो कम्प्यूटर भविष्यफल प्रिण्ट करता है। अलग-अलग प्रोग्रमिंग वाले कम्प्यूटर्ज एक ही जातक के बारे में ऐसे अलग-अलग भविष्यफल देते हैं, जिनमें कई बार तो कोई समानता ही नहीं होती। क्योंकि फलादेश के विभिन्न सिद्धांतों में परस्पर काफी विरोध है, अतः उनके अनुसार तैयार किए गए अलग-अलग सॉफ्टवेयर्ज भी परस्पर विरोधी परिणाम देते हैं। फलादेश में इस हास्यास्पद विरोध से बचने के लिए ज्योतिषी लोग कम्प्यूटर का प्रयोग अब केवल जन्मपत्र की गणित के लिए ही करने लगे हैं, फलादेश के लिए उन्होंने इसकी सेवाएं उपलब्ध कराना छोड़ दिया है।

समस्या — कुछ ज्योतिषी लोग भूकैन्द्रिक ग्रहभोगांशों की जगह अब भूपृष्ठीय ग्रहभोगांशों के प्रयोग का समर्थन करने लगे हैं। इस विषय में आपकी क्या राय है?

श्रीजगदीश प्रसाद सांकृत्यायन

8642-गली गोपाल वाली, गोशाला मार्ग-दिल्ली-6

समाधान — विश्व के सभी Ephemeris, पंचांगों में प्राचीनकाल से भूकैन्द्रिक ग्रहभोगांशों का ही प्रयोग निरपवाद रूप से होता चला आ रहा है। केवल ग्रहण, ग्रहयुति, ग्रहोदयास्त आदि में ही भूपृष्ठीय तत्त्वों का प्रयोग होता है। परम्परागत भूकैन्द्रिक ग्रहभोगांशों के स्थान पर भूपृष्ठीय भोगांशों का सिद्धांत अपनाने पर केवल चन्द्र भोगांशों में ही कुछ अन्तर पड़ता है, जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती । शेष ग्रहों के भूकैन्द्रिक और भूपृष्ठीय भोगांशों में अन्तर लम्बन की नगण्यता के कारण इतना कम होता है जिसे आसानी से उपेक्षित किया जा सकता है। चन्द्रमा के भूकैन्द्रिक और भूपृष्ठीय भोगांशों में ६१.५ तक का अन्तर घटित होता है, जिससे भूपृष्ठीय एवं भूकैन्द्रिक तिथि-नक्षत्रों के प्रारम्भ-समासिकालों में ५ घटी (२ घण्टे) से भी अधिक तक का अन्तर आएगा। यह परम अन्तर प्रतिदिन (लगभग प्रत्येक तिथि एवं दैनिक नक्षत्र में) चन्द्र के परमलम्बन की स्थिति में (चन्द्र के उदय एवं अस्त के समय) दो बार घटित होगा. हमसे (भारत से) १८० अंश पूर्व और इतना ही पश्चिम में स्थित स्थलों के भूपृष्ठीय चन्द्रभोगांशों का हमारे (भारतीय) भूपृष्ठीय चन्द्रभोगांशों से प्रतिदिन दो बार १२३ (२ अं. ३ क.)का अन्तर घटित होगा। एतदनुसार तिथ्यादिकालों में भी ४ घंटे से भी अधिक अन्तर पाया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप अमान्तकाल और सूर्य संक्रान्तिकाल में ४ घण्टे से कम अन्तर रहने की स्थिति में कई बार एक ही समय में हमारे चैत्रादि चान्द्रमास विभिन्न देशों में भिन्न भिन्न होंगे। क्योंकि अमान्तकालिक-सूर्य राशि से ही चान्द्रमासों की चैत्रादि संख्याएं निर्धारित होती हैं (**मेषादिस्थे सवितरि यो यो मासः प्रपूर्यते चान्द्रः चैत्राद्यः स ज्ञेयः ...**)। यह स्थिति अधिकमास वाले स्थल पर संभव है। यही नहीं भारत के भी विभिन्न दो भागों में भूपृष्ठीय चन्द्रभोगांशों के मान में अन्तर के कारण एक ही समय में दो भिन्न-भिन्न चान्द्रमास मानने की स्थिति उत्पन्न होगी। विभिन्न भारतीय स्थलों पर भूपृष्ठीय चन्द्रभोगांशों में यद्यपि बहुत कम अन्तर रहने से विभिन्न भारतीय स्थलों के भूपृष्ठीय अमान्तकालों में २०-२१ मिनट से अधिक अन्तर संभव नहीं है, फिर भी कभी न कभी (भूपृष्ठीय अमान्तकाल और सूर्यसंक्रान्ति काल में २०-२१ मिनट । कम अन्तर प्राप्त होने की स्थिति में) भारत के एक भाग में एक चान्द्रमास और दूसरे भाग में दूसरा चान्द्रमास- इस प्रकार एक ही काल में दो चान्द्रमास मानने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। भूकैन्द्रिक चन्द्रभोगांशों से ऐसी समस्या कभी उत्पन्न नहीं होती।

सुदीर्घ परम्पराप्राप्त भूकैन्द्रिक भोगांशों के स्थान पर भूपृष्ठीय भोगांशों का प्रतिष्ठापन करने के लिए प्रयत्नशील महानुभाव शायद यह समझते हैं कि इससे फलादेश की असत्यता की मात्रा में कुछ कटौती होगी। उनकी इस धारणा का कोई ठोस आधार नहीं है। अक्षम्य रूप से परस्पर अन्तरित ब्रह्म, सूर्य आदि सिद्धांत एवं वाक्यग्रन्थों पर आधारित ग्रहभोगांशों के अनुसार परम्परया शताब्दियों से फलित बतलाने वाले भारत के विभिन्न प्रान्तों में प्रतिष्ठित दैवज्ञों के अनेक वर्ग अपने-अपने भविष्य कथन की सत्यता के बारे में आज तक पर्याप्त सन्तोष प्रकट करते चले आ रहे हैं। परस्पर अनेक अंशों का अन्तर रखने वाले विभिन्न अयनांशों से सम्बद्ध विभिन्न निरयण भोगांश भी अनेक अलग-अलग दैवज्ञों की भविष्यवाणी का दृढ़ आधार बने हुए हैं। सायन भोगांशों पर आधारित अविकल भविष्यदृष्टि का भी असंख्य ज्योतिषी दावा करते हैं। पारस्परिक असामञ्जस्य के दृष्टांत दैवज्ञों के इन विविध वर्गों के प्रति श्रद्धालु असंख्य ग्राहकसमुदाय भी, जो भविष्यकथन के आधारों की इस विविधता को नहीं जानते हैं, फलित के प्रति अपनी आस्था को अविच्छिन्न बनाए हुए हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए- यह कल्पना करना कि चन्द्र के भूकैन्द्रिक भोगांशों को भूपृष्ठीय भोगांशों में बदल देने पर फलितक्षेत्र में कोई क्रान्ति आ जाएगी- कोई तत्त्व नहीं रखता। ग्रहभोगांश भूकैन्द्रिक लिए जाएं या भूपृष्ठीय, सायन लिए जाएं या निरयण, अयनांश चित्रापक्षीय हों या रैवतपक्षीय- प्रत्येक स्थिति में फलादेश की यथार्थता के व्यभिचार की प्रतिशतता यथावस्थित ही रहेगी- यह निश्चित है। भूकैन्द्रिकता ग्रहभोगांश जैसे खगोलीय तत्वों का एक ऐसा विशिष्ट गुण है जो उन्हें सार्वदैशिक एकरूपता प्रदान करता है, गणना को लाघव देता है। और इसके विपरीत भूपृष्ठीयता उन्हें एकदेशीय संकीर्ण बनाकर गणना-प्रक्रिया को उलझाती है। किसी उद्देश्य की पूर्ति भी तो यह नहीं करती। अतः स्पष्ट है कोई भी खगोलशास्त्री खगोलीय तत्त्वों की इस वैज्ञानिक विशेषता को छिन्न-भिन्न करने के प्रयास का समर्थन नहीं करेगा।

प्रसूति-लग्न विचार

मेष- जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर,उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन थे। ४ ।११ ।१६ ।४४ ।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष-माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४ जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया,गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १ ।२८ ।३३ ।४४ ।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन-माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३या ५ ,माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव,मुख ऊपर को , जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था , घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया , दूध कम उतरे । ४ ।१० ।१४ ।३८ ।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें । यदि इन वर्षों से बचे तो ८६ वर्ष जीवे ।

कर्क- माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४ , बालक जन्मते ही छींका , नाल छुटा, भूमि पर जन्म , घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , माता के वस्त्र श्वेत व लाल , माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया , बालक के वामांग में लहसन आदि का चिह्न , देर से रोया, ५ ।२५ ।४० ।५८ ।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे । इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे । कष्टकारक वर्षों कें प्रवेश के समय तुलादान ,छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है ।

सिंह- माता का पश्चिम या पूर्व में सिर , मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया , घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , ५ ।१३ ।२८ ।३६ ।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे । इनसे बचे तो ६७वर्ष जीवे । कष्टकारक वर्षो के प्रवेश होते ही श्री सूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा ।

कन्या- माता का दक्षिण में सिर , रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि का भोजन,जन्म समय स्त्री ३या ५, दीपक हाथ में उठाया गया ,बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया,घर के नैर्ऋत्य कोण में सूतिका-स्थान , ४ ।१६ ।२३ ।३६ ।५५ वर्ष कष्टकारक है । यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

तुला -माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , श्वेत जीर्ण वस्त्र , भुना हुआ अन्न , ठंडा जल , या कोइ मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्म समय स्त्री ३या ६, वहां १कन्या भी हो , दीपक उठाया गया,बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्धशब्द करके रोया , घर के पश्चिम भाग में सूतिका स्थान , ८ ।१५ ।३१ ।३५ ।६२ ।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान , हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे ।

वृश्चिक-माता का दक्षिण या उत्तर में सिर , रक्त या दग्ध वस्त्र , कष्ट अधिक,अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन , जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आई , दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११ ।२८ ।३८ ।५२ ।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

धनु-माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १या ५,दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्य कोण में सूतिका स्थान २,१०,१८,३१,३८,४२,६७, इन वर्षो के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप , ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है , यदि इन वर्षो से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर-माता का सिर दक्षिण में ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्म समय स्त्रियाँ २, पीछे से एक आई । दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में. पुराना सूतिकास्थान, ५ ।१३ ।२७ ।३६ ।५७ ।६३ ।८७ इन कष्ट कारक वर्षो से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ-माता का सिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आई। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २ ।२८ ।३३ ।४८ ।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन-माता को सिर उत्तर में, पीत या मलीन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १ ।८ ।१३ ।३६ ।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। स्मरण रहे, अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिले-वहीं बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष ज्ञान- (१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे,(२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो,(३)लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो,(४)भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो -इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान- प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय,तृतीय ईशान। चतुर्थ-उत्तर। पञ्चम-षष्ठ-वायव्य। सप्तम-पश्चिम। अष्टम, नवम-नैर्ऋत्य। दशम-दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

प्रसूति स्थान से पाकशालादि विचार

जन्म कुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हो, वहाँ अग्नि स्थान(पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। दोहा- जग्रनाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार॥ केन्द्र(१।४।७।१०)स्थान में एक से अधिक ग्रह हो तो उनमें जो बली(स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का)केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्न पति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है । **ग्रहों की दिशा**-सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैर्ऋत्य।

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्-चन्द्रमा से दीप के तैल को ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहना। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना। सो० तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्टे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कही दीपक तैल नहीं। सित-शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्म में तब वाम, दीपक तैल सौं युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्-जन्म लग्न के कम अंश हो तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हो तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिकाः:- यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्म काल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह हों उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हो तो उसकी गणना करे अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़े अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीचे राशि के अस्त होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है, कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुग्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहाँ, धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों से विधवा दुश्चरित्रा कहें।

शय्या-शिर व पाद विचार

"लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषट्क्रान्त्येषु पादाः।" लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिराहना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण,६में नैर्ऋत्य,७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण,१०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशान कोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां, स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिन स्थानों में पाप ग्रह हों वहाँ सूतिका के पलंग का पावा फटा टूटा समझना।

दो०-मीन-मिथुन-सिंह-तुला,मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक,शेषे भूमि विशाल।।

अथ चिह्नज्ञानम्-दोहा-षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण॥ भानु तथा सौरी तनधन कुंज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राह। वाम कर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह॥ सुहृद भाव में कवि तव भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु वा चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।''

प्रसवकष्ट दूर--प्रसव काल से पहले शुक्लपक्ष के चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ें लाकर घृतयुक्त गुगुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही ''ओंमुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर-माचिर-स्वाहा॥'' इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से ही शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यंत्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मंत्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर सिद्ध कर लेवें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०:- द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशि जो खीन। कण्टक शुभ खगना बसै, वेगि ताहि यमलीन। बसै चन्द्रा द्वादसे अष्ट भवन दो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव॥''

अथ काणयोग--तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुक्त भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रियधर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान॥''

मूकयोग-''पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गुरु सिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।''

दुःखदयोग -रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश । जन्म समय जाके परे ताको अंग कलेश ॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश । यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस॥ पापग्रहयुत लग्न पति परै लग्न में आय । वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय॥

बन्धनयोग- क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार॥

सर्पवेष्टितयोग- यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है ।

यमल जन्मयोग- चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह,मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध)का सूर्य होवे , शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो

बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न)का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे-शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु-समय-विचार-- जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो,वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब मृत्यु कहना। अथवा-जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है,तब मरण कहना। अथवा वर्ष के भीतर जब जिस योगयुक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इसलिए आयु का प्रथम विचार करे, फिर मृत्यु कहें।

सुखदयोगा:-अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह दो परे तो जानो सुख संग॥ जन्म लग्न में उच्च ग्रह जो काहु के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सर्वसुखी नर होय॥

क्लीब (नपुंसक)योगा:-- दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन से रिष्फ षट मन्द बसे क्लि भानु॥

कुष्ठयोगा:--लग्नप बुध कुज शशि युते राहुयुक्त या केतु। श्वेतकुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु॥ भौम भास्कर मन्दयुक्त रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट॥ जलजगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंड कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनु नाथ॥ आमरोग गुरुयक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून॥

केमद्रुम:-आगे पीछे चन्द्र के जो ना परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय॥

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न व्याहेउ कोय॥ जाके कुज दशमे बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूर युक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहै पति को तजि तमारि। छटे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवे भवन में सो पति करै है भंग॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो हीन। ताको पति जीवित रहे वर्ष दो या तीन॥ द्वादशाष्ट कुज कूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम॥ पापग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नासे कुलो दुबो भाषत कविकुल वृन्द॥ सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृग बसै बुधजन कहत विचारि॥

वैधव्य-विषकन्यायोगा:-चौ.- रविवार द्वितीया जो होय श्लेषा ताहि दिन में जोय॥ १ ॥ कृत्तिका होय शनिश्चर वार साते तिथि को करो विचार॥२ ॥ होय शतभिषा मंगलवार कहो द्वादशी तिथि निर्धार॥ ३ ॥ इन योगन में कन्या होय निश्चय विधवा जाने सोय॥ ४ ॥ जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय एक पाप ग्रह नभ १० में जोय॥५ ॥ शत्रु क्षेत्र में द्वै ग्रह मानो ता कन्या को विधवा जानो॥ ६ ॥ अश्लेषा द्वितीया को होय मंदवार युत लीजो जोय॥ ७ ॥ परे शतभिषा मंगलवार साते तिथि लीजो निर्धार॥ ८ ॥ रविवार द्वादशी जो होय नक्षत्र विसाखा जानो होय॥ ९ ॥ ऐसो योग लखो जो परै तो कन्या को विधवा करै॥ १० ॥ दो० धर्म सदन में भूमिसुत जन्म सदन शनि जान। सूर्य होत सुत सदन में कन्या विधवा मान॥ ११ ॥

वैधव्य- विषकन्याभंगयोग:-जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय॥

काकवन्ध्यादियोग:-- ज्ञे अष्टमे काकबन्ध्या। मन्दार्कावष्टमे बन्ध्या अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या॥

स्त्रीणां राजयोग:--चौपाई- केन्द्रधाम नभगा शुभ होई नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके मन प्रसन्न होई है सुत वाके-चन्द्रज तुग बसे तनु जाई लाभ धन गुरु आवे धाई। सो तिय होय नृपति की नारी जन विख्यात होय सुकुमारी। जो षडवर्ग शुद्ध गुरु होई शशि दृग केन्द्र भवन में होई॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी रानी होय सदन धनभारी॥ दोहा....कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताको पति नृप शूर॥ लाभ भवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचार:--पञ्चमें शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्''॥

अशुभ प्रसव मास:-कार्तिक में स्त्री,भाद्रपद में गौ,मार्गशीर्ष में हथनी,श्रावण में गधी व घोड़ी,माघ में भैंस,ज्येष्ठ में बिल्ली,बैसाख में ऊँटनी,पौष में बकरी,चैत में कुतिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता व घरवाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस,श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे कि यहां सर्वत्र सौरमास ग्रहण है, प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृतयुक्त श्वेत सरसों का हवन करें, बच्चा जन्में तो कार्तिक शान्ति करने से शुभ है।

त्रिखलजन्म फल:-यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को,लड़का पिता को भय,धनहानि आदि कष्टप्रद होते हैं,कृपणता छोड़कर त्रिखल शांति करें तो शुभ होता है। तीन अन्न,तीन वस्त्र,तीन धातु(सोना,चांदी,तांबा)दान करें।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हो तो माता-पिता को अरिष्ट,ऊपर की पक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चुतुर्थ में भाई नष्ट,पांचवे में ज्येष्ठबन्धु नष्ट,छठे में बहुभोग,सातवें में पितृ सुख,आठवें में पुष्टि,९वें में धनी, १०वें में सुख,११वें में सुख,१२वे में धनी।

अथैकनक्षत्रजनन-फल :--वृद्ध गर्ग कहते हैं, कि- यदि भ्राताओं वा पिता - पुत्र, माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्म-कुण्डली से विशेष विचार

लघु-भ्राता का जन्म समय जानना-(१) जन्म लग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़ें,जो राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।
(२) तृतीयेश, तृतीयस्थग्रह की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है , यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो ।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना-(१)जन्म लग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावें, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।
(३)लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावें, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावें - शेष राशि में जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृकष्ट होता है।
(४)लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश,भौम, इन चारों स्पष्टों को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर का शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।
(५)लग्नेश,तृतीयेश, दशमेश ओर भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृकष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना-(१)जन्म के सूर्य में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे शेष की राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि या गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०	घटी
पशुना.	धनना.	धनला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना	वैधव्य	फलम

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल (१।२।३ च.)	आश्लेषा (२।३।४ च.)	ज्येष्ठा	विशाखा (४च.)
फलम्	ससुरहानि	सास नाश	ज्येष्ठनाश	देवरनाश

सुतः सुता वा नियतं श्वशुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथाश्लेषाद्यपादजः।

तिथिगण्डान्त-पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म, यात्रा, विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूलनक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक, माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र का ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए, तत्पश्चात शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद	फल	आश्लेषा पाद	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से मुख	१	शान्ति से सुख

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्ताम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्प	फल	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मन्त्री पद	मन्त्री पद	विपुल लाभ	अल्प जीवन	फल

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि.मृ.	बली	बली	ज्ञानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.	फलम.

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है,एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया,दशमी,षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातः संहरते कुलम्॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरंभवेत्॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गंडातिगडे च परिघे यमघण्टके॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्॥यथा सर्पविषंचैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः ससमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसुतेन जलेन हि॥बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृते स्यान्मंगलं ध्रुवम्॥विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः॥

अथाभुक्तमूलविचार :- ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र की आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग कर दें या आठ वर्ष, असमर्थ हों तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगंडे दरिद्रोऽपि शांतिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः॥

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू. ज्ये. पिता को भय	मू. मू. माता को भय	रे. अश्वि. शरीर को भय	पशु- हानि	फल

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह फलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	अंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी, गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् ४	दुखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी, पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान्	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पआयु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	योगी	शरीरपी.	गुणी	नीचस्व.	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शूर	तेजयुक्त	तेजस्वी	कीर्तिमान्	सम्पत्तिमान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहीन
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान्	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदार	दरिद्र	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्य	सती	ससुखा	बन्ध्या	पुत्रहीना	दुखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्य	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् ४	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकांतियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोकयुक्ता
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	सुलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढा	दुष्टा	रोगिणी

अश्विनीजातस्य फलम्– अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखेश्वर्य, तृतीय में मंत्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्-मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होंगे।

ज्येष्ठापाद फलम्– प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठाद्यपादजी ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्षे मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्–रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान, दूसरे में मंत्री या मुख्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ मातृसुखनाश योगा :-(१)पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे,(२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र हों, (३)पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हो,(४)तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य और लग्न में मंगल होवे,(५)चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो – इन पाचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए ।

पितृनाश योगा – (१) सूर्य मंगल दसवें वा नवम में गये हो(२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो,(३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४)पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो,इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो ।

भ्रातृनाश योगाः- भ्रातृ गृह को ईश जो भौम संगत्रिक होय। जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय॥

सन्तानसुख नाशयोगाः- गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा योग जो लखि परे ताकि पुत्र अभाव । पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे, त्रिक धाम। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोग- शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हो तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है ।

नीचयोगाः-सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राह सग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।

जारज योगा : –भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशु है पर पुरुष को भाषत ज्योतिषमग्र॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार॥

गोचरग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

गृह	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्यः	स्थानना:	भय	श्री:	मानभंग	दैन्य	विजय:	यात्रा	पीड़ा	सुकृ. ना.	सिद्धि:	धनलाभ	द्रव्यनाश
चन्द्रः	अन्नलाभ,	धननाश	सुख	रोग	कार्यनाश	धनलाभे	स्त्रीलाभ	रोग:	धर्मलाभ	सौख्यं	धनलाभ	धननाश
भौमः	शत्रुभीति,	धननाश	धनलाभ	शत्रुभय	धननाश	धनलाभ	द्रव्यनाश	शत्रुभीति	शत्रुभय	शोक:	धनलाभ	धननाश
बुधः	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभय	पशुलाभ	सुखं	स्थानलाभ	पीड़ा	धनला.	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धननाश
गुरु.	भयं	धनलाभ	क्लेश	धननाश	सुखं	शोक	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्रः	शत्रुनाश,	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभय	शोक:	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दु:ख	धनलाभ	धनलाभ
शनिः	भय	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभय	पुत्रनाश:	धनलाभ	दोष	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मनस्य	धनलाभ	धननाश
राहुः	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक :	श्री:	कलह:	मृत्यु	दु:ख	वैर	सुखं	शोक
केतुः	रोग	वैर	सुख	भय	सुखं	धनलाभ	कलह:	रोग	पाप	शोक:	कीर्ति:	शत्रुभीति

अथग्रहाणामेक भोगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा. के	ग्रहा:
मा.१	दि. २।	मा१ ॥	मा. १	मा.१२	मा.१	मा.३०	मा.१८	एकार्थभोग
आदौ	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमय:
भय.५	घ.३	दि.८	दि.७	मा.२	दि.७	मा.६	मा.३	गतव्यराशे:
								प्राक्फलम

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थं धारणाय मणयः

सु.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवाल	पन्ना	पुखराज	हीरा	नीलम	गोमेदम्	वैदूर्यम्
विद्रुमम्	वैक्रान्त	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	नीलम्	वैडूर्यम्	लाजवर्तः	लाजवर्तः

पूतना-ग्रसित लक्षण एवं शांति

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है । तब पूतना की बली निकालने से अच्छा होता है । जब कभी बच्चा बैठे बैठे गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि उसे महापूतना ने ग्रसा है । यदि कोई लाभादि के वश में आकर वनदेवता या नाकदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है । यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्र अवस्था में ही बालक के साथ सो जावे तो बालक्रांता नाम की राक्षसी का दोष होगा । बच्चे को इतर फुलेन और फूल माला पहिना कर बाहर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है । सिर खुले जूते बाल को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है । संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्प रेवती का दोष होता है । कदाचित् बालक खेलता खेलता गिर जाये अथवा उसे उल्टी हो या हाथ पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मल मूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है । जो नित्य कर्म संध्या बंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है । फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शांति होती है ।

चेष्टा:- जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन में उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ग्रहाविष्ट जानना।

उद्वर्तनम् - दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलट्ठी, लसूडे के पते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे यह रोग दूर होगा ।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थं देवालये ज्योतिदर्शन निवासश्च तत्र रात्रौ- "ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिव॥" इत्यस्य जपः. ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीप दधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्तिः ॥

अथ बाल रक्षा विधि (प्रयोगसारे)

यदि दुष्टदृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाये तो- ॐवासुदेवो जगन्नाथः पूतनातर्जनो हरिः। रक्षति त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥ १॥ कृष्ण, रक्ष शिशुं शंख-मधुकैटभ-मर्दन! प्रातः-सङ्गव मध्याह्न सायाह्नेषु च सन्ध्ययोः ॥ २ ॥ महानिशि सदा रक्ष कंसाराति निषूदन! यद्गोरजः पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि ॥ ३॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान् । त्राहि त्राहि हरे नित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम् ॥ ४॥

इन चारों मंत्रों से अभिमंत्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है?	मूर्ति निर्माणार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मंत्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत चन्दन, तिलक, श्वेतपुष्प ५ रंग की झंडी ५,५दीपक, ५आटे के सतिये,कपूर,लोहबान	श्वेत भात,५पूर्ण पोली(सुहाली) १प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ॐ ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै श्रवणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।	राई, खस, आक के फुल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्ब पत्र, गौघृत
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	१०दीपक,१०झण्डी,पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०	भात एक सेर, आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस, संध्या समय पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखना	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रां ह्रां ह्रीं ह्रीं हुं हुं स्थानाद्राज्ञया स्वाहा	
तृतीय दिन मास वर्ष मे पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चन्दन,रक्त पुष्प,श्वेत ध्वजा, दीपक१०,गेहूं केआटे के सतिए१०	एक सेर लाल भात,आधा सेर पूर्ण पौली, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन, गाशृंग, साप का काचली नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल गोघृत
चतुर्थदिन मास वर्ष में मुख मंडिका	तिल -चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प, श्वेत ध्वजा ५,दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प	भात , सेर आटे के पूड़े आध सेर पूर्ण पौली , सांय ,पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे	सुनन्दना विधानोक्त	
पंचम दिन मास वर्ष में बिडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चन्दन , श्वेत पुष्प , दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,गेंहु के आटे के सतिये	श्वेत भात, ७ पूड़ियाँ , सांयकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे ।	ओंभगवती ह्रीं ह्रीं ह्रीं हुं हुं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहाण अस्त्र ठ:ठ: चामुडे सर्वारि चण्डिके ठ:ठ:स्वाहा।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में, षट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चन्दन , श्वेत पुष्प , दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,	भात,५ मिठाई ,५सुहाली ,७पूड़ियां,१ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर	योगिनी विधानोक्त	कूठ , गुग्गल , राई , हाथीदांत ,घृत।
सप्तमदिन मास वर्ष में में कालिका	चावल का आटा एक सेर	श्वेत चन्दन , श्वेत पुष्प , दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,	भात, ७ पूड़ियाँ , सांयकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर	बिडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन मास वर्ष में में कामिनी	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चन्दन, ५रंग की झण्डी ५, दीपक ५,	गेहूँ की रोटी,मसूर की दाल,हरा साग, छाग मांस संध्या में चौरास्ते पर	बिडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में, मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प,५दीपक,५ रंग की झण्डी ५ ।	भात, मत्स्य मांस, पापडी, सुहाली उत्तर में प्रात: चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडल बलिमादाय हन २हुं फट् स्वाहा	गोशृंग, लसुन, सांप की कांचली निम्बपत्र , मनुष्य और बिल्ली के बाल , राई , गोघृत ।
दशमदिन मास वर्ष में में रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्त पुष्प २५, झंडी,२५ दीपक,२५ सतिये।	गुड़ के घी भुने चावल,गौ घृत, सांय,दक्षिण में चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते वैश्वदेवाय हन हुं फट् स्वाहा	
एकादश दिन मास वर्ष में, सुदर्शना	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प,२५ दीपक,२५ सफेद झण्डी,२५ आटे के सतिये।	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७,सांय व प्रात: दक्षिण में चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्रहास वज्रहस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा	
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	चावलों का आटा आटा एक सेर	१३ दीपक,१३झण्डी,१३ सतिये सतिये आटे के ।	सुहाली ,पूड़े ७,पूड़ियां ७ , मत्स्य मांस, पापड़ी , सांयकाल दक्षिण में चौरास्ते पर।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय२ मर्दय२ तापय२ हुं३ हन २ दुष्टानां ह्रां हुं स्वाहा	

अथ बाल पूतना विधान- यहां लिखे बाल कष्टावली चक्रोक्त हर एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्थान-स्पर्श निम्नलिखित मंत्रों द्वारा एक ही प्रकार से होता है, बलिदान विधि तीन दिन निरंतर करें। चौथे दिन पलाश, अश्वत्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ, इनके पत्तों को उबाल कर बालक को मंत्र पाठपूर्वक स्नान कराना । तदन्तर कल्याणार्थ यथा शक्ति भिक्षुकों को तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान्न भोजन कराना तदनन्तर " ओं द्यौ: शांतिरन्तरिक्षं" इत्यादि शांतिमंत्रों व मार्जनमंत्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखा-स्थान स्पर्श पूर्वक यह मंत्र पढ़ें- " ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर। ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥ ओं सर्वमातर इमं ग्राहं संहरंतु हुं रोदय रोदय, स्फोटय स्फोटय स्वाहा। गर्ज २ स: गृहाण गृहाण आमर्दय २ ह्रीम् ह्रीम्, हन हन एवं सिद्धि रुद्रो ज्ञापय स्वाहा ॥ इति रक्षामंत्र: ॥

अथ नक्षत्र -कष्टावली

रोग नक्षत्र	रोगशान्त्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद् रोग दिन संख्या				रोगशांत्यर्थ जपनीयमन्त्र	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
अश्विनी	भोजनदान	९	११	१	२०	मृत्युञ्जयमंत्र:	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य देवे।
भरणी	गो-अन्नादिदान	०	८०	४०	११	यमायतवेति मंत्र	हाथी के मुख में तिल चावल
कृत्तिका	स्वर्णदान	९	११	१६	२८	अग्निर्मर्धेति	कछुए के मुख में घी दे
रोहिणी	घृतदान	३	९	१८	३०	ब्रह्मायर्येति	सर्प को दूध-दही खिलावे
मृगशिरा	तिलदान	९	५	७	१०	इमंदेवेति मन्त्र:	खरगोश को दूध पिलावे
आर्द्रा	गोदान	०	१८	०	०	नमस्ते रुद्र इति मन्त्र	बकरे के मुख में रक्त डालें
पुनर्वसु	पीतलदान	७	१४	२	२१	अदितिद्यौ रितिमन्त्र:	सूअर को धान्य खिलावे
पुष्य	तैलान्नदान	६	७	१०	२१	बृहस्पतेति मन्त्र:	बकरे के मुख में दही डाले
आश्लेषा	गो-अजादिदान	०	०	४१	०	नमोस्तुसर्पेति मन्त्र:	बिलाव को दूध पिलावे
मघा	वस्त्राभ्यदान	१५	७	१७	२०	पितृभ्य इति मन्त्र:	बन्दर को तिल उड़द खिलावे
पू. फा.	भोजनदान	०	१५	०	३०	भगम्प्रणेति मन्त्र:	ऊंट के मुख में शहद दें
उ. फा.	अन्नदान	७	१४	७	६०	दध्यावद्धेति मन्त्र:	गाय को शाक खिलावे
हस्त	तैलदान	१५	१७	१५	०	उदत्यंजातवेदैति मन्त्र:	भैंसे को कमल के फूल खिलायें
चित्रा	दुग्ध दान	११	९	९	१६	त्वष्टा तुरिगति मन्त्र:	बाघ के लिए तगर धतूरे के फूल वन में रखें
स्वाती	गौघृत दान	६०	१७	३०	०	वायोरग्रेति मन्त्र:	भैंसे को गुड़ चावल खिलावें
विशाखा	गौ-स्वर्णदान	१५	०	४	१३	इंद्राग्नी इति मन्त्र:	बाघ के मुख में गुड़ भात की बलि दें
अनुराधा	गौधृत दान	६०	१२	३६	३०	नमोमित्रेति मन्त्र:	बकरे को कुलथी सहित भात गुड़ दें
ज्येष्ठा	तिलदान	६९	९	६	४	त्रातारमिन्द्रमिति मन्त्र:	बंदरों को गुड़ तिल डालें
मूल	रौप्यपात्रदान	०	९	१५	६	माता पुत्रेति मन्त्र:	बिलाव को दूध पिलावें
पू. षा.	गोमुक्तादान	०	१५	२४	१०	आपो धर्मेति मन्त्र:	कछुए के मुख में नागर मोथे की बलि दें
उ.षा.	भोजनदान	३०	२४	२६	१६	विश्वेदेवेति मन्त्र:	गौ को धान्य डालें
श्रवण	श्रीफलदान	६०	२४	६	९	विष्णोररा. मन्त्र	भैंसे के मुख में रक्त, मीठा की बलि दें
धनिष्ठा	अश्वान्नदान	१५	४	२०	२१	वसो: पवित्रेति मन्त्र	मनुष्य के मुख में दही अन्न की बलि दें
शतभिषा	भोजनान्नदान	४	४५	३	२२	वरुणस्तम्भेति मन्त्र	गौ को चावल खिलावें
पू. भा.	भोजनदान	०	१२	२१	१९	अहिर्बुध्न्येति मन्त्र	कौए के मुख में फल की बलि दें
उ.भा.	अन्नदान	१०	३	९	१५	अहिर्बुध्न्येति मन्त्र	गाय को चावल खिलावें
रेवती	फल दा.कन्यापूजन	१८	१०	९	२०	पूषन्नयेति मन्त्र	हाथी के मुख में पूरी-पूओं की बलि दें

ज्वालामुखी योग

तिथि	१	५	६	९	१०
नक्षत्र	मूल	भर.	कृत्ति.	रोहि.	आश्लेषा

जम्मे सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गये गए ना बुहरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना - (१) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़े। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब संतान उत्पन्न होती हैं।

(२) चं. ल. गु. इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवमस्थानेश की दशान्तर्दशा में संतानोत्पत्ति होती है।

विवाह (स्त्रीमुख)होने का समय जानना-(१)जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है॥

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े, उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर में गुरु चन्द्र होते हैं, तब विवाह होता है।

(४) शुक्र-चन्द्र व सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना-(१) गुलिक स्पष्ट से सूर्य-स्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो उस की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट -

इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मंत्र पृथक् पृथक् लिखा है वह न कर सके तो महामृत्युञ्जय ही करे। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है उस चरणानुसार कष्ट व दिन जाने, शून्य से विशेष भय जाने, दान, जप करे।

जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है उसे यहां कष्टावली में रोग नक्षत्र का नाम दिया गया है।

रोग नक्षत्र को जानकर इन कोष्ठों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्त्यर्थ बलिदान'-वाले कालम में घोड़ी हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की वैसी ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलीद्रव्य देकर धूप-दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें-ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

रोगोंत्पत्तौ कुयोगाः

(१)रोग के शुरु दिन में जन्मराशि नक्षत्र लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र वा यमघंट कुयोग हो।

(२)सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३)सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो ।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११)हो ।

(५)बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा(२। ७।१२) आश्लेषा हो।

(६)गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (३।८।१३)व मघा, हस्त हो ।

(७)शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा श्रवण या रिक्ता(४।९।१४) आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पू. षा. या हस्त व पू. भा. या पूर्णा(५।१०।१५)व भरणी हो।

(९)सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।९।१२।१४।३० तिथि, भरणी, कृत्ति, आर्दा, आश्लेषा, पूर्वा ३, विशा, ज्ये, धनि, शत, नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है ।

परञ्च जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना । क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं। हां, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है । उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुला दान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है ।

अथ रोगत्रिनाड़ी चक्रम्

आर्द्रा	पू.फा	उ.फा.	उ.फा.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल	श्रवण	पू. भा.	अश्वि	रो.	मध्या
पुष्य	आश्ले	चि॰ा	स्वा.	पू.षा.	उ.षा.	उ. भा.	रेव.	मृ.	अन्त्या

सूर्य नक्षत्र, दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र रोगत्रिनाडीचक्र में एक ही नाडी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है। मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोगत्रिनाडीचक्र यात्रा तथा रण के समय वर्जित करना ।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०।१८ वां, नक्षत्र दंष्ट्रा (दाढ़ा) होती है। काल के मुख में दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरूष की मृत्युपर्यन्त हालत होती है । रोग पर सर्पादि दर्शन पर,विग्रह - युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है

कालांग चक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अंङ्ग विशेष में पीड़ा, कष्ट, घाव, फोड़ा आदि चर्म विकार किंवा वायु-विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगा कर निम्नलिखित कालांग चक्र में दिए भावों के अनुसार उस पीड़ित भाव को देखें। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की संभावना है । शांति के लिए उस ग्रह की शांति करावें। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित-भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभ ग्रह दृष्ट हो तो रोग (कष्ट)शीघ्र निवृत्त हो जाएगा ।

कालांग चक्र

भाव	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अंङ्ग	सिर	मुख	भुजाएं	हृदय	उदर	कटिभाग	बस्ति (मूत्राशय)	लिङ्ग गुदा	जंघाएं	घुटने	पिण्डलियां	पाद-युगल

तिथि कष्टावली यन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदिन	बलि	दान
१	अग्नि	१२	शर्कराण्यबलि	धृतदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि	भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रद.१
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि	मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि	दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्र दान
७	सूर्य	८	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिष्टान्न बलि	रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि	श्वेत वस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि	क्षीद्रशाक भो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि	रौप्यदान
३०	पितर	१८	अपूपकान्न बलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली यंत्रम्

वा.	वारेश	क.दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि, सूर्यदान
च.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि, चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि, भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि, बुधदान
वृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्ववलि,गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधुवलि, शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि, शनिदान

बाल-रक्षार्थ धूप

राई, लाख,नीम के पत्ते, बांस का छिलका, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल, अगर, गाय का घी, इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं । धूप देते समय ''खुं खुर्दनं हुं फट् स्वाहा-'' इस मंत्र का उच्चारण करें ।

ग्रहगोचराद्यैर्दशा क्रमाद्यैर्ग्रह कृतानिष्ट-फल-शमनार्थ प्रत्येक-ग्रहाणां-दान-पदार्था:												जप संख्या	जपनीय-मंत्रा:	दान समय	हवन-समिध:
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग, रक्तगाय	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कपूंर, श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रा श्रीं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरी, रक्तबैल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्री क्रौं सः भोमाय नमः	घ. २ शेष दिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कपूंर, शस्त्र	फल	१९०००	ॐ ब्रां ब्री ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५ शेष दिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक, घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि, श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सूर्य उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तेल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग, भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौ सः शनये नमः	मध्याह्ने	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल, घोड़ा	शूर्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौ सः राहवे नमः	रात्री	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल, बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः	रात्री	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कपूर	मसरी, श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्थेशवत्	ॐ मुन्थेशमन्त्र:	मुन्थेशकाले	

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति का कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार के उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्य पूर्वक करने से अशुभ फल निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि-सूर्य का व्रत रविवार को करें। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठ) रविवार से आरम्भ करके वर्ष पर्यन्त तीस या कम से कम १२ व्रत करें। उस रोज केवल गेहूं की रोटी घी लाल खण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डाल कर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिल्कुल न खायें। भोजन से पूर्व हो सके तो लाल वस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोकत बीज-मन्त्र की माला जप करें। तदनन्तर सूर्य को गन्धाक्षत रक्त पुष्पदूर्वायुक्त अर्घ्य प्रदान करे। अपने मस्तक में लाल चन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण को भोजन करावें। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परणित हो जावेगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्र रोग, चर्म रोग एव अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्य शान्ति का सरल उपचार :- लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग जैसे चादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि-चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्रलिखित बीज-मन्त्र को ११ माला या ३ माला जप करें। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करें। मध्यान्ह के समय नमक के बिना दही - चावल, घी, खण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावें। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष कार्य सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्र शान्ति का सरल उपचार:-सफेद जुराब, रूमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दहीं का उपयोग, चांदी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि-यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिएं। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करें। नमक सेवन न करे, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करें। और स्वयं भी खावें। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलावें। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति-सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करें। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावें।

मंगल शान्ति का सरल उपचार:- लाल रंग की वस्तुओं का उपयोग रात को लाल वस्त्र पहनें, तांबे के वर्तन, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठ) से प्रारम्भ करें। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरीं या मूंगी के लड्डूओं का दान करे। फिर तीन तुलसीपत्र, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावें। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन पूर्णाहुति करके अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या, धन-लाभ, व्यापार में तरक्की तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रह जन्य नेष्ट फल से मुक्ति मिलती है।

बुध शांन्ति का सरल उपचार:- हरा रंग, हरे वस्त्र तथा श्रृंगार की अन्य वस्तुएं हरा रूमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरूवार से आरम्भ करें, तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरूवार व्रत करें, उस दिन पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करें। पीत पुष्पों से पूजन-अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की बनी घी-खाण्ड से बनी मिठाई लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खावें और यही दान करें। जब व्रत का अन्तिम गुरूवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू भोजन करावे। स्वर्ण, पीत-वस्त्र चने की दाल आदि का दान करें। यह व्रत-विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता तथा यश-वृद्धि करता है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पति शान्ति का सरल उपचार- पीले वस्त्र, रूमाल आदि पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

शुक्र के व्रत की विधि- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ होता है। ३१ या २१ व्रत करे। श्वेत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ३ या २१ माला जपें। भोजन में चावल, खण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करें। यही पदार्थ यथा-शक्ति सम्भव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, हवन पूर्णाहूति के बाद खीर-खण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मण बटुकों को खिलावें। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करें। इस व्रत से स्त्री सुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्र शान्ति का सरल उपचार:- सफेद वस्त्र, सफेद रूमाल , सफेद फूल धारण करना आदि गाय को हरा घास या पेड़ा देना, शिव पूजन।

शनि के व्रत की विधि- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से आरम्भ करे, व्रत ५१ या ३१ करने चाहिएं। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १९ या तीन माला का जप करें। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग), गङ्गाजल तथा शक्कर, थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुंह करके पीपल-वृक्ष की जड़ में डाल दें। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पंजीरी, कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दें तथा तेलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करें। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उड़द तथा देसी जूता, तेल लगाकर दान करें। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक प्रेशानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह-मशीनरी कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनि शान्ति का सरल उपचार:- घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रूमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहू केतु के व्रत की विधि- शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से यह व्रत शुरू करना चाहिए। यह व्रत १८ करें। काला वस्त्र धारण करके १८ या ३ बीज-मन्त्र की माला जपें। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर पीपल की जड़ में डालें। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी समयानुसार रेवड़ी, मुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करें और यही दान में भी दें। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दें। इस व्रत से शत्रुभय दूर तथा राजपक्ष से विजय मिलती हैं।

राहू, केतु शान्ति का सरल उपचार:- नीला रूमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पैन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्त्यर्थ स्नान-विधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्॥
तथा स्नान-विधानेन ग्रह-दोषः प्रणश्यति॥

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी-कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारू, मुलेठी, लाल फूल, केसर, पानी में उबाल कर स्नान करे। सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत, चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबाल कर स्नान करें। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल ये सब उबाल कर, बुध के दिन गोबर, मधु, चावल, विधारा उबाल कर, गुरु के दिन भारंगी, मुलह्ठी, श्वेत सरसों, मालती पुष्प उबाल कर, शुक्र के दिन इलायची, मजीठ तथा शनि के दिन काले तिल, गौंद, सुरमा, अमलबेत, सफेद बिनौला उबाल कर स्नान करें। ऐसे ही राहु केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारू, सरसों तथा लोहवान उबाल कर स्नान करें, तो ग्रह शान्ति होती है।

नोट- स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो तो जो वस्तु मिले उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रह किंवा सर्वविध शन्ति के लिए सामान्य औषध स्नान

लाजवन्ती (छुई-मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौं, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि लोध इन औषधियों के जल एवं से सत्तीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है। गुरू, वचन, देवता ब्राह्मणों की वेदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः)॥

शनि विचार-अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्- कल्याणी प्रददाति वा रविसुते राशेश्चतुर्थाष्टमं व्याधिः बन्धु विरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्नेर्भयं लोह शस्त्रभयं सदैव-असुखं कुर्यादयं सर्वदा॥ १॥ **वृहत्कल्पाणी फलम्** . . . . राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीय (२) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत्॥ हानिः स्थानमरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम्, रामाकृद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा॥ २॥

सप्तधान्य- उड़द १. मूंगी २. गेहूं ३. चने ४. जौं ५. धान्य (तंदुल) ६. कंगनी ७.
अष्टगंध- अगर, कस्तूरी, कुकुम कर्पूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन देवदारु।
अष्टगंध धूप- अगर, छरीला, जटामासी, कर्पूर-कचरी, गुग्गुल, देवदारु गोमृत सफेद चन्दन।

नक्षत्र-राशि ज्ञान चक्र

राशिज्ञाने विशेष :-

नक्षत्र वा राशि में श और स में, ब और व में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोगजाक्षरं नाम्नि ग्राह्यं तत्रादिमाक्षरम्)

राशयः	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	चू	ली	अ	०	आ	वे	०	कु	के	०	हु	डी	मा	मो	टे	०	पू	पे	०	रू	ती	०	ना	नो	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीय च.	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू	मी	टा	०	टो	ष	पो	०	रे	तू	०	नी	या	यो	धा	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय च.	चो	ले	०	उ	वी	०	क	ङ	ह	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च.	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०	ही	डा	डो	मे	टू	०	पी	ठ	०	री	ता	०	तो	ने	यू	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	ञ	ची

ध्यान दें— नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण इन अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा हो तो ङ की जगह घ, ञ की जगह ट् तथा ण की जगह पृ से प्रारम्भ करें। ऐसा करने से भेद नहीं होता।

॥ १ ॥ **बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्च। ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥ २ ॥ प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शब्दितः। तस्य नामाद्यवर्णो या मात्रा स स्वर एव हि ॥ ३ ॥ अथ जन्मराशि नामराश्योः प्रधानता निर्णीयते - विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे ॥ जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत् ॥ ४ ॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥ ५ ॥ काकिण्यां वर्ग शुद्धौ च दाने द्यूते स्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता ॥ ६ ॥ कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥ ७ ॥ विवाह घटनं चैवं लग्नजं ग्रहजं बलम्। कामभाकृचिन्तयेत् सर्व जन्म न ज्ञायते यदा ॥ ८ ॥**

अभिजित्-निर्णय-वैश्यप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥

उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करो। उसको अभिजित् का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण के १-१ चरण मानो। इस प्रकार को प्रायः सामान्य गणक नहीं जानते, एतदर्थ यहां लिखा गया है।

राशि ज्ञानम्- चू. ल. अ मेषः, इ वो वृषः, क घ ङ छ ह मिथुनम् ॥
हीडो कर्कः, माटे सिंहः, टो प ण ठ पी कन्या ॥
रातेे तुला तो ना यू वृश्चिक ये भफढभे धनुः ॥
भोजा खागी मकरः गुशदः कुम्भः दीथझञचा मीनः ॥

उपरोक्त राशि- ज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह भी ले लिया गया है। जैसे-मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रहण होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा चरण) अश्विनी का और चतुर्थ चरण भरणी का ग्रहण हुआ और उसे कृतिका के प्रथम चरण इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

विशेष- जहां 'ज्ञ' का उच्चारण 'ज्ञ' होता है वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र उ. षा. और जहां इसका उच्चारण 'ग्य' होता है, वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र धनिष्ठा माना जाएगा क्योंकि 'ज' और 'ग' वर्ण क्रमशः उ. षा. और धनिष्ठा नक्षत्र में पड़ते हैं।

नोट- चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने से फलितज्ञ को काफी सुभीता रहता है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्म समय चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र जान लेता है तथा फलित-शास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भू-स्थित-वनपति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वारभाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक-धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर-जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्म-पत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की पारिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन- फलितवेत्ता जन्म-पत्र की अंग्रेज़ी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। **इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है। चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित-शास्त्रियों ने जन्म-कालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्म राशि के नाम से कहा है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसी का महत्त्व है।**

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2059 वि.)

राशि	वैशाख (13 अप्रैल से 13 मई तक,सन् 2002 ई.)	राशि	ज्येष्ठ (14 मई से 14 जून तक सन्, 2002 ई.)	राशि	आषाढ़ (15 जून से 15 जुलाई तक, सन् 2002 ई.)
मेष	स्थानान्तर व कार्यान्तर का विचार, सेहत ठीक,आय से व्यय अधिक, स्त्रीपक्ष से लाभ, वृथा विवाद से बचें। अप्रै. 20, 21, 22, 28, 29, 30, मई 8, 9 अशुभ।	मेष	रोगभय, मानसिककष्ट, कारोबार से लाभ, स्त्री व सन्तानपक्ष से चिन्ता, यात्रा में हानि व चोट भय। मई 17, 18, 19, 26, 27; जून 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।	मेष	सेहत ठीक, धनलाभ, निजीजन से परेशानी, शत्रु बढ़ें, स्त्रीपक्ष से मदद, कारोबार ठीक। जून 15, 22, 23; जुलाई 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।
वृष	कलह, कलेश, मानसिक चिन्ता, धनलाभ होकर हाथ से निकले, हिस्सेदारी में हानि, यात्रा हो। अप्रै. 13, 14, 15, 22, 23, 24, 30, मई 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, अचानक कष्टभय, शत्रु कमजोर, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक, राजभय। मई 19, 20, 21, 28, 29; जून 6, 7, 8 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, धनलाभ हो, निजीजन से अनबन, अच्छे लोगों से मेल, नई योजना से हानि। जून 16, 17, 24, 25, 26; जुलाई 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।
मिथुन	कष्टभय, धनलाभ, बन्धुसुख, सन्तानपक्ष से सुख, स्त्रीसुख, मासान्त में विशेष व्यय। अप्रै. 16, 17, 18, 24, 25, 26, मई 3, 4, 13 अशुभ।	मिथुन	मानसिकचिन्ता, कर्जा सिर चढ़े, कारोबार में रुकावट, मित्र से मदद, शोक समाचार, दुर्घटना में चोटभय मई 14, 22, 23, 30, 31; जून 1, 9, 10, 11 अशुभ।	मिथुन	सेहत ठीक, धनलाभ होकर हाथ से निकले, बन्धुकष्ट, [illegible]म्पत्ति –विवाद, स्त्रीकष्ट। जून 18, 19, 27, 28; जुलाई 6, 7, 8, 15 अशुभ।
कर्क	सेहत ठीक, धनलाभ, भाई एवं बन्धुसुख, सन्तानकष्ट, करोबार में लाभ, चोटभय, मासान्त में अचानक कष्ट। अप्रै. 18, 19, 26, 27, 28, मई 5, 6, 7 अशुभ।	कर्क	वयुविकार, मित्रों से अनबन, सन्ततिसुख, स्त्रीकष्ट, अपमानभय, आय से व्यय अधिक। मई 15, 16, 17, 24, 25; जून 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।	कर्क	सेहत ठीक, उत्साह बढ़े, सन्ततिसुख, कारोबार में रुकावट, वृथाविवाद से बचें। जून 20, 21, 29, 30; जुलाई 1, 9, 10 अशुभ।
सिंह	सेहत ठीक, धनलाभ, भाई–बन्धु से मदद, मित्रकष्ट, स्त्री से अनबन, कारोबार में हानि। अप्रै. 20, 21, 22, 28, 29, 30, मई 8, 9 अशुभ ।	सिंह	चोटभय, निजीजनकष्ट, असफल योजना, अर्थहानि, शनि, मंगल, राहु का दान करें। मई 17, 18, 19, 26, 27; जून 4, 5, 6, 13, 14, अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, अर्थहानि–भय, यात्रा में कष्ट, करोबार अपेक्षाकृत कुछ ठीक, शत्रु बढ़ें। जून 15, 22, 23, जुला. 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ ।
कन्या	सेहत ठीक, धनलाभ, निजी लोगों से अनबन, स्त्रीसुख, शत्रु बढ़ें, कारोबार कमजोर। अप्रै. 13, 14, 15, 22, 23, 24, 30, मई 1, 2, 10, 11, 12, अशुभ।	कन्या	सेहत ठीक, आमदन से खर्च ज्यादा, अच्छे आदमी से मेल, शत्रु प्रबल,व्यापार में हानि। मई 19, 20, 21, 28, 29; जून 6, 7, 8 अशुभ।	कन्या	उदरविकार, स्त्रीकष्ट, गुप्त चिन्ता, आमदन से खर्च अधिक, गुप्तशत्रु से सावधान। जून 16, 17, 24, 25, 26; जुला 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।
तुला	सेहत ठीक, कर्जा चढ़े, अपने लोगों से मदद, सन्तानपक्ष से चिन्ता, चोटभय, मासान्त में कुछ लाभ। अप्रै. 16, 17, 24, 25, 26; मई 3, 4, 13, अशुभ ।	तुला	उदरविकार, आग व दुर्घटना से हानि, प्रिय व्यक्ति का वियोग, दुर्गा पाठ करें। श. मं. रा. का दान करें। मई 14, 22, 23, 30, 31; जून 1, 9, 10, 11, अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, आमदन से खर्च अधिक, सन्तान व स्त्रीपक्ष से चिन्ता, गृहक्लेश। जून 18, 19, 27, 28; जुला. 6, 7, 8, 15 अशुभ।
वृश्चिक	उदरविकार, नेत्रकष्ट, धनलाभ, गुप्त शत्रु से भय, कारोबार ठीक, मासान्त में विवाद से हानि। अप्रै. 18, 19, 26, 27, 28; मई 5, 6, 7 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, सम्पत्तिविवाद, निजी लोगों से अनबन, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व स्थानान्तर से लाभ। मई 15, 16, 17, 24, 25; जून 2, 3, 11, 12,13 अशुभ।	वृश्चिक	द्रव्यलाभ, सम्पत्तिविवाद, परेशानी बढ़े, अच्छे व्यक्ति से लाभ, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक। जून 20, 21, 29, 30; जुला. 1, 9, 10 अशुभ।
धनु	सेहत ठीक, निजी लोगों से अनबन, सन्ततिसुख, शत्रु बढ़ें, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक। अप्रै. 20, 21, 22, 28, 29, 30, मई 8, 9 अशुभ।	धनु	अचानक कष्टभय, नई योजना व परीक्षा में असफलता, निजीजनों से हानि,कारोबार में वृद्धि। मई 17, 18, 19, 26, 27; जून 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।	धनु	चिन्ता बढ़े, जमीन जायदाद सम्बन्धी विवाद, धनलाभ हो, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार बनें। जून 15, 22, 23;जुला.1, 2, 3, 11, 12, अशुभ।
मकर	वायुविकार, अर्थहानि, नई योजना असफल, कर्जा चढ़े, कारोबार कुछ ठीक। अप्रै. 13, 14, 15, 22, 23, 24, 30; मई 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	मकर	कफ–वायु विकार, धनलाभ, मित्र–बन्धुकष्ट, सन्तानसुख, कारोबार में कुछ लाभ। मई 19, 20, 21, 28, 29; जून 6, 7, 8 अशुभ।	मकर	उलझे हुए मसले सुलझें, निजीजन–विरोध, सन्तान व स्त्रीपक्ष से सुख, कारोबार ठीक। जून 16, 17, 24, 25, 26; जुला 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ ।
कुम्भ	शरीरकष्ट, बन्धुसुख, मित्रों से अनबन, सन्तानपक्ष शुभ, कार्यान्तर का विचार। अप्रै. 16, 17, 24, 25, 26; मई 3, 4, 13 अशुभ।	कुम्भ	निजीजनों से अनबन, कर्जा चढ़े, अच्छे लोगों से मेल हो, शत्रु प्रबल, अपमान भय। मई 14, 22, 23, 30, 31; जून 1, 9, 10, 11 अशुभ।	कुम्भ	सेहत ठीक, कर्जे से परेशानी, निजी लोगों से मदद, स्त्रीसुख, कारोबार में रुकावट। जून 18, 19, 27, 28; जुला.6, 7, 8, 15 अशुभ।
मीन	वायुविकार, धनलाभ, शत्रुप्रबल, स्त्रीसुख, आमदन से खर्च ज्यादा, मासान्त में नई योजना से लाभ। अप्रै. 18, 19, 26, 27, 28; मई 5, 6, 7 अशुभ।	मीन	कर्जे से परेशान , बन्धु से मदद, मासमध्य में लाभ, चोटभय, अचानक अर्थहानि। मई 15, 16, 17, 24, 25; जून 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।	मीन	शरीरकष्ट, क्रोध बढ़े, अच्छे लोगों से मेल, सन्ततिपक्ष से चिन्ता, स्त्रीकष्ट कारोबार में रद्दोबदल। जून 20, 21, 29, 30; जुला.1, 9, 10 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2059 वि.)

राशि	श्रावण (16 जुलाई से 15 अगस्त तक, सन् 2002 ई.)	राशि	भाद्रपद (16 अग. से 15 सितं. तक, सन् 2002 ई.)	राशि	आश्विन (16 सितं. से 16 अक्तू. तक, सन् 2002 ई.)
मेष	स्थानान्तर व कार्यान्तर का विचार, क्रोध बढ़े, धनलाभ, गुप्त चिन्ता, स्त्रीकष्ट, मासान्त में धनहानि। जुला.19, 20, 21, 29, 30; अग. 7, 8, 9, 15 अशुभ।	मेष	सेहत ठीक, धनलाभ, गुप्तचिन्ता, कारोबार में कुछ रुकावट, मासान्त में हानिभय, मंगल का दान करें। अग. 16, 17, 25, 26, 27; सितं. 4, 5, 12, 13 अशुभ।	मेष	सेहत ठीक, धनलाभ, उत्साह बढ़े, अच्छे लोगों से मेल, स्त्री एवं सन्ततिसुख, कारोबार में रुकावट। सितं. 21, 22, 23; अक्तू. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।
वृष	विरोधीपक्ष कमजोर, अर्थचिन्ता, निजीजनों से अनबन, स्त्रीसुख, कारोबार में रुकावट, जुला. 21, 22, 23, 31; अग.1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, मानसिक परेशानी रहे, निजी लोगों से अनबन, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व नई योजना से हानि। अग. 18, 19, 27, 28, 29; सितं. 6, 7, 14, 15 अशुभ।	वृष	वायुविकार, धनहानि, निजीजन से लाभ, नई योजना, कारोबार से लाभ। सितं. 16, 24, 25, 26; अक्तू. 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।
मिथुन	लाभयोग, उत्साह बढ़े, निजीजन सहयोग, सन्ततिचिन्ता, कारोबार में रुकावट, गुप्तशत्रु-भय। जुला. 16, 24, 25; अग. 3, 4, 11 12, 13 अशुभ।	मिथुन	वायुविकार, अर्थचिन्ता, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीकष्ट, कारोबार में रुकावट। अग. 20, 21, 22, 30, 31, सितं. 1, 8, 9, अशुभ।	मिथुन	उदरविकार, अर्थलाभ, बन्धुसुख, सन्तानपक्ष से खुशी, स्त्रीकष्ट, कारोबार से लाभ। सितं. 16, 17, 18, 26, 27, 28; अक्तू. 5, 6, 14, 15 अशुभ।
कर्क	मन चिन्तित, अर्थहानि, सम्पत्तिविवाद, नई योजना, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार गड़बड़। जुला. 17, 18, 19, 26, 27, 28 अग. 5, 6, 7, 13, 14, 15 अशुभ।	कर्क	कफ-वायु विकार, नई योजना, स्त्रीकष्ट, कारोबार कमजोर, मासान्त में अचानक राजभय। अग. 22, 23, 24; सितं. 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।	कर्क	कफ-वायुविकार, अर्थलाभ होकर हानि हो, निजीजन वैमनस्य, शत्रु कमजोर, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक। सितं. 19, 20, 29, 30; अक्तू. 7, 8, 16 अशुभ।
सिंह	उदरविकार, धनलाभ होकर हानि, नई योजना, गुप्त चिन्ता, नीच से भय, कारोबार मध्यम। जुला. 19, 20, 21, 29, 30 अग. 7, 8, 9, 15 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, आर्थिक स्थिति कमजोर, अकारण क्लेश, सन्तानपक्ष से चिन्ता, मासान्त में कारोबार ठीक। अग. 16, 17, 25, 26, 27; सितं. 4, 5, 12, 13, अशुभ।	सिंह	वायुविकार, बन्धुसुख, खर्चविशेष, यात्रा में कष्ट, स्त्रीसुख, कारोबार में रुकावट। सितं. 21, 22, 23; अक्तू. 1, 2, 9, 10, 11, अशुभ।
कन्या	सेहत ठीक, धनलाभ, निजीजन-सहयोग, सन्ततिकष्ट, शत्रु हतप्रभ, अचानक कष्टयोग। जुला. 21, 22, 23, 31 अग. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	कन्या	क्रोध बढ़े, स्थिरसम्पत्ति-विवाद, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, वृथाविवाद से दूर रहें। अग. 18, 19, 27, 28, 29; सितं. 6, 7, 14, 15 अशुभ।	कन्या	क्रोध बढ़े, अर्थलाभ, बन्धुसुख, सम्पत्तिविवाद, गुप्त चिन्ता, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। सितं. 16, 24, 25, 26;अक्तू. 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।
तुला	क्रोध बढ़े, असफल योजना, अपमानभय, आय से व्यय अधिक, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक। जुला. 16, 24, 25; अग. 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।	तुला	सम्पत्ति सम्बन्धी विवाद, यात्रा में कष्ट, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व नई योजना सम्बन्धी चिन्ता। अग. 20, 21, 22, 30, 31; सितं. 1, 8, 9 अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, धनहानि-भय, उत्साह बढ़े, सम्पत्तिविवाद, स्त्री व सन्ततिसुख, कारोबार ठीक। सितं.16, 17, 18, 26, 27, 28, अक्तू. 5, 6, 14, 15 अशुभ।
वृश्चिक	सम्पत्तिविवाद, अच्छे लोगों से मेल, शत्रु बढ़ें, कारोबार कुछ ठीक , मं. श. रा. दान करें। जुला. 17, 18, 19, 26, 27, 28; अग. 5, 6, 7, 13, 14, 15 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, उत्साह बढ़े, असफल योजना, स्त्रीसुख, गुप्त चिन्ता, अर्थलाभ होकर हानिभय। अग. 22, 23, 24; सितं. 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।	वृश्चिक	कफ-पित्तविकार, अर्थहानि, मित्र से मदद, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। सितं. 19, 20, 29, 30, अक्तू. 7, 8, 16, अशुभ।
धनु	सेहत ठीक, धनहानि-भय, निजीजनों से अनबन, सन्ततिकष्ट, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। जुला. 19, 20, 21, 29, 30; अग. 7, 8, 9, 15 अशुभ।	धनु	क्रोध बढ़े, कर्जे से मन परेशान, निजीजनों से अनबन, सन्तानसुख, गुप्त शत्रु से भय। अग. 16, 17, 25, 26, 27; सितं 4, 5, 12, 13 अशुभ।	धनु	उदरविकार, कर्जा चढ़े, भाई व बन्धु से मदद, सन्तान हेतु खर्च, स्त्री से अनबन। सितं. 21, 22, 23; अक्तू. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।
मकर	क्रोध बढ़े, आर्थिक स्थिति कमजोर, मित्रकष्ट, सन्ततिसुख, स्त्रीसुख, कारोबार में रुकावट। जुला. 21, 22, 23, 31; अग.1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	मकर	उदरविकार, स्त्रीकष्ट, वृथाव्यय, अच्छे लोगों से मेल, कारोबार में कुछ वृद्धि। अग. 18, 19, 27, 28, 29; सितं. 6, 7, 14, 15 अशुभ।	मकर	शरीरकष्ट, अर्थलाभ, सम्पत्तिविवाद सुलझें, स्त्रीसुख, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक। सितं. 16, 24, 25, 26; अक्तू. 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।
कुम्भ	शत्रु बढ़ें, मन परेशान रहे, मास मध्य में अर्थलाभ, स्थिरसम्पत्ति विवाद, स्त्रीकष्ट। जुला.16, 24, 25; अग. 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।	कुम्भ	रक्त-पित्तविकार, अर्थहानि, मित्र से मदद, शत्रु प्रबल, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। अग. 20, 21, 22, 30, 31; सितं. 1, 8, 9 अशुभ।	कुम्भ	अर्थहानि, सेहत ठीक, बन्धुसुख, असफल योजना, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक। सितं. 16, 17, 18, 26, 27, 28; अक्तू. 5, 6, 14, 15 अशुभ।
मीन	मन प्रसन्न रहे, कारोबार कुछ ठीक, अर्थलाभ होकर हानि, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक। जुला. 17, 18, 19, 26, 27, 28; अग. 5, 6, 7, 13, 14, 15, अशुभ।	मीन	शरीरपीड़ा, अर्थलाभ, भ्रातृसुख, सन्तान पक्ष से चिन्ता, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। अग. 22, 23, 24; सितं. 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।	मीन	क्रोध बढ़े, अर्थलाभ, निजीजनों से अनबन, सन्तान हेतु खर्चविशेष, स्त्री से अनबन, कार्यान्तर का विचार। सितं. 19, 20, 29, 30; अक्तू. 7, 8, 16 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2059 वि.)

राशि	कार्तिक (17 अक्तू. से 15 नवं. तक, सन् 2002 ई.)	राशि	मार्गशीर्ष (16 नवं. से 14 दिसं. तक, सन् 2002 ई.)	राशि	पौष (15 दिसं., सन् 2002 ई. से 13 जन. सन् 2003 ई. तक)
मेष	सेहत ठीक, अर्थहानि, बन्धुसुख, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक परन्तु आय से व्यय अधिक। अक्तू. 18, 19, 20, 28, 29, 30; नवं. 7, 8, 15 अशुभ।	मेष	बन्धनभय, मित्रबन्धु से मदद मिले, नई योजना, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। नवं. 16, 17, 25, 26, दिसं. 3, 4, 12, 13, 14, अशुभ।	मेष	सेहत ठीक, अर्थलाभ, सन्तानपक्ष से खुशी, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, मासान्त में खर्चविशेष। दिसं. 22, 23, 30, 31, जन. 1, 8, 9, 10 अशुभ।
वृष	कफ–वायु विकार, निजीजन से मेल, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीरोगी, कारोबार ठीक, खर्चविशेष। अक्तू. 21, 22, 23, 31; नवं. 1, 8, 9 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, धनलाभ, अच्छे लोगों से मेल, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। नवं. 17, 18, 19, 27, 28, दिसं. 5, 6, 7, अशुभ।	वृष	कफविकार, बन्धुसुख, शत्रु कमजोर, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक, खर्चविशेष। दिसं. 15, 16, 24, 25; जन. 1, 2, 3, 11, 12, 13, अशुभ।
मिथुन	कफ–वायुविकार, धनलाभ, मित्रों से मेल, शत्रु प्रबल, स्त्री से अनबन, कारोबार में हानि। अक्तू. 24, 25; नवं. 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ।	मिथुन	नई योजना से लाभ, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल, सन्तान हेतु खर्चविशेष। नवं. 20, 21, 29, 30; दिसं. 7, 8, 9 अशुभ।	मिथुन	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, बन्धुसुख, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कारोबार ठीक। दिसं. 17, 18, 19, 26, 27, 28; जन. 4, 5, 13 अशुभ।
कर्क	सेहत ठीक, अर्थलाभ, असफल योजना, अचानक कष्ट, स्त्रीसुख, कारोबार कमजोर। अक्तू. 17, 18, 26, 27, 28; नवं. 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ।	कर्क	कफ–वायुविकार, धनलाभ होकर हानि हो, वृथाकलह, कारोबार में रुकावट। नवं. 22, 23, 24, दिसं. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	कर्क	मन प्रसन्न, अर्थलाभ, उत्साह बढ़े, शुभ समाचार, कार्यान्तर से लाभ, वृथाकलह। दिसं. 20, 21, 28, 29, 30; जन. 6, 7, 8, अशुभ।
सिंह	कफ–वायुविकार, धनलाभ, मित्र से अनबन, गुप्त शत्रु से भय, कार्यान्तर का विचार। अक्तू. 18, 19, 20, 28, 29, 30; नवं. 7, 8, 15, अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, धनलाभ, निजीजन से अनबन, कार्यान्तर से लाभ, सम्पत्तिविवाद। नवं. 16, 17, 25, 26, दिसं. 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, अर्थहानि–भय, शत्रु कमजोर, अच्छे लोगों से मदद, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। दिसं. 22, 23, 30, 31, जन. 1, 8, 9, 10 अशुभ।
कन्या	क्रोध बढे, अर्थलाभ, शत्रु कमजोर, नई योजना से लाभ, स्त्रीसुख, मासान्त में खर्चविशेष। अक्तू. 21, 22, 23, 31, नवं. 1, 8, 9 अशुभ।	कन्या	सेहत ठीक, धनहानि–भय, भ्रातृकष्ट, अच्छे लोगों से गेल, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। नवं. 17, 18, 19, 27, 28; दिसं. 5, 6, 7 अशुभ।	कन्या	उदरविकार, कर्जा चढ़े, बन्धु से मदद, स्त्रीकष्ट, कारोबार कुछ ठीक। दिसं. 15, 16, 24, 25; जन. 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।
तुला	सेहत ठीक, अर्थलाभ होकर हानि, भ्रातृकष्ट, मित्रों से मदद, सन्तानपक्ष से चिन्ता। अक्तू. 24, 25; नवं. 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ।	तुला	सेहत खराब, अर्थहानि, रोगभय, असफल योजना, गुप्त चिन्ता, कारोबार कुछ ठीक। नवं. 20, 21, 29, 30, दिसं. 7, 8, 9 अशुभ।	तुला	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीसुख, मासान्त में कष्टभय। दिसं. 17, 18, 19, 26, 27, 28; जन. 4, 5, 13 अशुभ।
वृश्चिक	उदरविकार, धनहानि, भ्रातृसुख, शत्रु प्रबल, गुप्त चिन्ता, कार्यान्तर की योजना। अक्तू. 17, 18, 26, 27, 28, नवं. 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ।	वृश्चिक	वायुरोग, धनलाभ, सम्पत्तिलाभ, कारोबार ठीक, शत्रु से भय। नवं. 22, 23, 24; दिसं. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, अच्छे लोगों से मेल, अर्थलाभ होकर हानि हो, मासान्त में गुप्तशत्रु–भय। दिसं. 20, 21, 28, 29, 30; जन. 6, 7, 8 अशुभ।
धनु	नेत्रकष्ट, कारोबार ठीक, अर्थलाभ, सन्तान हेतु विशेष खर्च, मासान्त में हानि। अक्तू. 18, 19, 20, 28, 29, 30, नवं. 7, 8, 15 अशुभ।	धनु	बिगड़े काम बनें, उत्साह बढ़े, सम्पत्तिलाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार बेहतर। नवं. 16, 17, 25, 26; दिसं. 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।	धनु	कफ–वायुविकार, निजीजन सहयोग, वृथाकलह, नई योजना, मन अशान्त, मासान्त में कष्ट। दिसं. 22, 23, 30, 31, जन. 1, 8, 9, 10 अशुभ।
मकर	सेहत ठीक, कर्जा चढ़े, सम्पत्तिविवाद, असफल योजना, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। अक्तू. 21, 22, 23, 31; नवं. 1, 8, 9 अशुभ।	मकर	वायुविकार, निजीलोगों से अनबन, धनलाभ, बन्धुसुख, कार्यान्तर की योजना। नवं. 17, 18, 19, 27, 28; दिसं. 5, 6, 7, अशुभ।	मकर	सेहत ठीक, धनलाभ, निजीजन से मनमुटाव, सम्पत्तिलाभ, स्त्रीसुख कारोबार कमजोर। दिसं. 15, 16, 24, 25; जन. 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।
कुम्भ	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, निजीजन विवाद, यात्रा में कष्ट, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ। अक्तू. 24, 25; नवं. 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ।	कुम्भ	क्रोध बढे, अर्थलाभ, निजीजन से अनबन, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल हो। नवं. 20, 21, 29, 30; दिसं. 7, 8, 9 अशुभ।	कुम्भ	कफ–वायुविकार, अर्थहानि, बन्धुसुख, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। दिसं. 17, 18, 19, 26, 27, 28; जन. 4, 5, 13 अशुभ।
मीन	बिगड़े काम बनें, अर्थलाभ होकर हानि, शत्रु बढ़े, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। अक्तू. 17, 18, 26, 27, 28; नवं. 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ।	मीन	कफ–वायुविकार, अर्थहानि, शत्रु प्रबल, स्त्रीसुख, कारोबार में लाभ। नवं. 22, 23, 24; दिसं. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	मीन	सेहत में बिगाड़, अर्थहानि भय, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीकलह, मासान्त अच्छा। दिसं. 20, 21, 28, 29, 30, जन. 6, 7, 8 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2059 वि.)

राशि	माघ (14 जन. से 11 फर. तक, सन् 2003 ई.)	राशि	फाल्गुन (12 फर. से 13 मार्च तक, सन् 2003 ई.)	राशि	चैत्र (14 मार्च से 13 अप्रैल तक, सन् 2003 ई.)
मेष	सेहत ठीक, अर्थलाभ, गु५., चिन्ता, स्त्रीसुख, कारोबार में अड़चनें। जन.(2003 ई.) 18,19, 20, 27, 28; फर. 5, 6, 7 अशुभ।	मेष	वायुविकार, धनलाभ, सम्पत्तिविवाद, स्त्रीसुख, कारोबार में रुकावट। फर. 15, 16, 23, 24; मार्च 4, 5, 6 अशुभ।	मेष	कारोबार ठीक, उत्साह बढ़े, विद्या, बुद्धि में प्रगति, स्त्री हेतु खर्च, कारोबार ठीक। मार्च 14, 15, 22, 23, 24; अप्रै. 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।
वृष	उदरविकार, घरेलू झंझट बढ़ें, कार्यान्तर से लाभ, निजीलोगों से अनबन। जन. 20, 21, 22, 29, 30; फर. 7, 8, 9 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, अर्थहानि, चोटभय, निजीजन वैमनस्य, नई योजना व सन्तानपक्ष शुभ। फर. 17, 18, 25, 26, 27, मार्च 7, 8, अशुभ।	वृष	अर्थसंकट, अच्छे मित्रों से मेल, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। मार्च 16, 17, 24, 25, 26; अप्रै. 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।
मिथुन	सेहत ठीक, अर्थलाभ होकर हानि हो, चोटभय, सन्तानसुख, कारोबार में रुकावट। जन. 14, 15, 22, 23, 24; फर. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	मिथुन	क्रोध बढ़े, अर्थहानि, चोटभय, मित्रों से मदद, आय से व्यय अधिक। फर. 12, 19, 20, 27, 28, 29; मार्च 9, 10, 11 अशुभ।	मिथुन	सेहत गड़बड़, निजीजन सहयोग, सन्तान हेतु विशेष खर्च, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। मार्च 18, 19, 27, 28; अप्रै. 5, 6, 7 अशुभ।
कर्क	सेहत गड़बड़, कर्जा बढ़े, अच्छे लोगों से मेल, कारोबार ठीक, अचानक चोटभय। जन. 16, 17, 25, 26; फर. 2, 3, 4 अशुभ।	कर्क	सेहत गड़बड़, शत्रु प्रबल, कार्यान्तर से लाभ, नीच व्यक्ति से भय, कारोबार कमजोर। फर. 12, 13, 14, 21, 22, मार्च 2, 3, 12, 13 अशुभ।	कर्क	धनलाभ, मित्रसहयोग, स्त्रीसुख, कारोबार में रुकावट। मार्च 20, 21, 22, 29, 30, 31; अप्रै. 8, 9, 10, अशुभ।
सिंह	सेहत बिगड़े, गुप्त शत्रु से भय, भाई से मदद, दुर्घटनाभय, कारोबार ठीक। जन. 18, 19, 20, 27, 28; फर. 5, 6, 7 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, अर्थलाभ, मित्र-बन्धु से मेल, स्त्रीसुख, कारोबार असन्तोषजनक। फर. 15, 16, 23, 24; मार्च 4, 5, 6 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीपक्ष से लाभ, मासान्त में विशेष खर्च। मार्च 14, 15, 22, 23, 24; अप्रै. 1, 2, 10, 11, 12, अशुभ।
कन्या	सेहत ठीक, सम्पत्तिलाभ, स्त्रीसुख, शत्रु बढ़ें, कारोबार अच्छा। जन. 20, 21, 22, 29, 30; फर 7, 8, 9 अशुभ।	कन्या	गुप्त चिन्ता, स्त्रीसुख, कर्जा बढ़े, कारोबार चिन्ताजनक, मासान्त कुछ ठीक। फर. 17, 18, 25, 26, 27; मार्च 7, 8 अशुभ।	कन्या	सेहत ठीक, अर्थलाभ होकर हाथ से निकले, सन्ततिकष्ट, कारोबार बिगड़े। मार्च 16, 17, 24, 25, 26, अप्रै. 3, 4, 5, 13, 14, अशुभ।
तुला	शुभ समाचार, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्री से अनबन, कारोबार में रुकाबट। जन. 14, 15, 22, 23, 24; फर 1, 2, 10, 11 अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, सम्पत्तिविवाद, स्त्रीकष्ट, कारोबार में हानि। फर. 12, 19, 20, 27, 28, 29 मार्च 9, 10, 11, अशुभ।	तुला	सेहत गड़बड़, निजीजनों से अनबन, स्त्रीकष्ट, कर्चाचढ़े। मार्च 18, 19, 27, 28, अप्रै. 4, 6, 7, अशुभ।
वृश्चिक	शरीरकष्ट, वृथाकलह, सम्पत्तिविवाद, कारोबार में हानि, स्त्रीकष्ट। जन. 16, 17, 25, 26; फर. 2, 3, 4 अशुभ।	वृश्चिक	मानसिक चिन्ता, बनते काम में रुकावट, अर्थचिन्ता, राजभय। फर. 12, 13, 14, 21, 22; मार्च 2, 3, 12, 13 अशुभ।	वृश्चिक	मन अशान्त, अर्थहानि, बन्धु से मदद, स्त्रीसुख, कष्ट भय। मार्च 20, 21, 22, 29, 30, 31; अप्रै. 8, 9, 10, अशुभ।
धनु	वायुविकार, निजीजनों से अनबन, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। जन. 18, 19, 20, 27, 28; फर. 5, 6, 7 अशुभ।	धनु	सेहत ठीक, कारोबार में नुकसान, यात्रासुख, गुप्त शत्रु से भय, कारोबार ठीक। फर. 15, 16, 23, 24, मार्च 4, 5, 6 अशुभ।	धनु	उदरविकार, अर्थहानि, भाईबन्धु से मदद, गुप्त शत्रु से भय, कारोबार ठीक। मार्च 14, 15, 22, 23, 24, अप्रै. 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।
मकर	शत्रु बढ़ें, आर्थिक स्थिति कमजोर, अपने ही पराए बनें, चोटभय। जन. 20, 21, 22, 29, 30; फर. 7, 8, 9, अशुभ।	मकर	उदरविकार, अर्थलाभ, भ्रातृसुख, गुप्त चिन्ता, स्त्रीकष्ट, मासान्त ठीक। फर. 17, 18, 25, 26, 27, मार्च 7, 8, अशुभ।	मकर	क्रोध बढ़े, धनलाभ, अच्छे लोगों से मेल, शत्रु कमजोर, कारोबार ठीक। मार्च 16, 17, 24, 25, 26; अप्रै. 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।
कुम्भ	रोग/चोटभय, आर्थिकलाभ, अपमानभय, स्त्रीकष्ट, मासान्त शुभ। जन. 14, 15, 22 23, 24; फर. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	कुम्भ	पित्तविकार, धनलाभ, निजीलोगों से अनबन, सन्तान हेतु विशेष खर्च। फर. 12, 19, 20, 27, 28, 29, मार्च 9, 10, 11 अशुभ	कुम्भ	सेहत ठीक, धनलाभ, असफल योजना, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक। मार्च 18, 19, 27, 28; अप्रै. 5, 6, 7 अशुभ।
मीन	सेहत ठीक, अर्थलाभ होकर हानि, स्त्री सुख, मासान्त में राजभय। जन. 16, 17, 25, 26; फर. 2, 3, 4 अशुभ।	मीन	सेहत ठीक, अर्थसंकट, असफल योजना, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। फर. 12, 13, 14, 21, 22, मार्च 2, 3, 12, 13, अशुभ।	मीन	वायुविकार, धनलाभ होकर हानि, यात्रा में कष्ट, घरेलूकलह, कारोबार कुछ गड़बड़। मार्च 20, 21, 22, 29, 30, 31; अप्रै. 8, 9, 10 अशुभ।

इसवर्ष (सं. 2059 वि.) का मन्त्री एवम् धान्येश कौन हैं ?

लेखक– प्रियव्रत शर्मा

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा जिसदिन सूर्योदय के बाद समाप्त हो अथवा जिसदिन पूरे अहोरात्र को वह व्याप्त करे, उसदिन के वार का स्वामी ग्रह संवत् का राजा और जिसवार में मेष संक्रान्ति (सूर्य का मेष राशि में संक्रमण) घटित हो, उस वार का स्वामी संवत्सर का मन्त्री होता है। इसी प्रकार कर्क–सिंह–कन्या–तुला–धनु–मकर एवं मीन की संक्रान्तियों के वारों के स्वामी क्रमशः संवत्सर के सस्येश, दुर्गेश, धनेश, रसेश, धान्येश, नीरसेश और फलेश माने जाते हैं। **किञ्च,** जिस दिन सूर्य आर्द्रानक्षत्र में प्रवेश करता है, उसदिन के वार का स्वामी ग्रह संवत्सर का मेघेश कहलाता है। वर्ष (संवत्सर) के ये राजा, मन्त्री, सस्येश आदि दस अधिकारी माने जाते हैं। पंचांगों में इनका शुभाशुभ फल प्रतिवर्ष दिया रहता है।

क्योंकि तिथियों का प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल तथा सूर्य आदि का मेषादि राशियों में संक्रान्तिकाल स्थानभेद से बिल्कुल नही बदलता। लेकिन वार स्थानभेद से बदल जाता है। अतः वर्ष के उपरोक्त दस अधिकारी भी कई बार स्थानभेद से बदल जाते हैं, जिससे देश के एकभाग में वर्ष का राजा या मन्त्री आदि कोई एक ग्रह और दूसरे भाग में कोई दूसरा ग्रह बन जाता है। ऐसी स्थिति भारत में सामान्यतः दो–तीन वर्षों में एक–दो बार उत्पन्न हो ही जाती है। इसवर्ष (सं. 2059 वि. में) भी वर्ष के मन्त्री एवं धान्येश के बारे में इस प्रकार की दुविधाजनक स्थिति उत्पन्न हुई है, जिस से भारत के एक भाग में वर्ष का मन्त्री सूर्य एवं दूसरे भाग में मन्त्री शनि तथा एक भाग में धान्येश सूर्य और दूसरे भाग में धान्येश चन्द्र होगा। इस प्रकार की दुविधावाली स्थिति की उत्पत्ति का कारण सामान्य पाठकों को स्पष्ट करने के लिए नीचे विस्तृत विवरण दिया जा रहा है।

पाश्चात्य प्रणाली के अनुसार वार का प्रारम्भ अंग्रेजी तारीख की भान्ति रात्रि के 12 बजे ही हो जाता है, जबकि भारतीय ज्योतिष के अनुसार वार का प्रारम्भ सूर्योदय के समय होता है। जैसे-14 अप्रैल सन् 2002 ई. को रविवार का प्रारम्भ, पाश्चात्य प्रणाली के अनुसार 14 अप्रैल को सूर्योदय से पहिले रात्रि के 12 बजे तभी मान लिया जाएगा, जबकि अप्रैल की 14 तारीख प्रारम्भ होगी। लेकिन भारतीय ज्योतिष के अनुसार इस दिन रविवार का प्रारम्भ 14 अप्रैल के सूर्योदय के समय ही माना जाएगा। इससे पहिले तो इस प्रणाली के अनुसार शनिवार ही होगा। क्योंकि सूर्योदय प्रत्येक स्थल पर भिन्न–भिन्न काल में होता है, अतः भारतीय प्रणाली के अनुसार प्रत्येक दिन वार का प्रारम्भ स्थानीय सूर्योदय के अनुसार, भिन्न–भिन्न स्थलों पर भिन्न–भिन्न समय पर हुआ करता है – यह स्पष्ट है। जैसे – 14 अप्रैल (सन् 2002 ई.) को शनिवार की समाप्ति व रविवार का प्रारम्भ चण्डीगढ में चण्डीगढ़ीय सूर्योदयकाल {6 घं. 01 मि. (भा. स्टैं. टा.)} पर होगा लेकिन वाराणसी में तो वह इससे पहिले ही वाराणसी के सूर्योदयकाल {5 घं. 41 मि. (भा. स्टैं. टा.)} पर प्रारम्भ हो जाएगा।

भारतीय ज्योतिष में (या हमारे पंचांगों में) स्थानीय सूर्योदय पर प्रारम्भ होने वाले वारों का ही प्रयोग होता है। कौन सी तिथि किस वार में प्रारम्भ या समाप्त हुई ? जातक का जन्म किस वार में हुआ ? सूर्य या चन्द्र ने राशि–नक्षत्र किस वार में बदला ? आदि सभी विषयों में स्थानीय सूर्योदय पर प्रारम्भ होने वाले वार का ही हमारे पञ्चांगों में प्रयोग होता है

ध्यान रहे– तिथि, नक्षत्र, योग की समाप्ति–प्रारम्भ, सूर्यादि ग्रहों का राशि–नक्षत्र, नक्षत्रचरण में प्रवेश आदि का काल (स्टैं. टा.) स्थानभेद से देश में कदापि बदलता नहीं है। वह देश के प्रत्येक स्थल (नगर–ग्राम) के लिए एक ही रहता है। **जैसे–** 24 अप्रै. (सन् 2002 ई.) बुधवार को चैत्र शुक्ल द्वादशी का समाप्तिकाल 18 घं. 58 मि. (भा. स्टैं. टा.) है। यह समाप्तिकाल चण्डीगढ़, जयपुर, जम्मू, वाराणसी, मुंबई आदि सभी भारतीयनगरों के लिए है। अर्थात् इन सभी नगरों में चैत्र शुक्ल द्वादशी की समाप्ति भा.स्टैं.टा. के अनुसार 18 घं. 58 मि. पर ही होगी। लेकिन स्थानीय सूर्योदयानुसार प्रारम्भ–समाप्त होने वाला वार स्थानभेद से बदलता है। जिसके परिणाम स्वरूप ऐसा तिथ्यादि का प्रारम्भ–समाप्तिकाल तथा ग्रह का राशि–नक्षत्रादि प्रवेशकाल, जो सूर्योदय के आसन्न घटित हो रहा हो, कई बार देश के विभिन्न स्थलों पर दो (पूर्वापरवर्ती) भिन्न–भिन्न वारों में चला जाता है। **जैसे**–18 अप्रैल 2002 ई. को शुक्र का कृत्तिका में प्रवेशकाल (भा.स्टैं.टा.) 5 घं. 40 मि. (प्रातः) है। इस 18 अप्रैल के दिन सूर्योदय पर भारतीय प्रणाली के अनुसार गुरुवार प्रारम्भ होगा। चण्डीगढ़, दिल्ली व जयपुर में इसदिन सूर्योदय 5 घं. 40 मि. (भा.स्टैं.टा.) के बाद ही होगा। अतः शुक्र का कृत्तिका में प्रवेश इन नगरों में बुधवार को ही माना जाएगा। लेकिन वाराणसी, कलकत्ता आदि में इसदिन सूर्योदय 5 घं. 40 मि. (भा.स्टै.टा.) से पहिले ही हो जाएगा, अतः वहां इस समय गुरुवार होगा।

अब देखिए इसवर्ष (सं. 2059 वि.) में सूर्य की मेष संक्रान्ति 14 अप्रैल (सन् 2002 ई.) को प्रातः 5 घं. 49 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर हो रही है। मेष संक्रान्ति का यह काल भारत के प्रत्येक नगर–ग्राम के लिए है। अर्थात् भारत के प्रत्येक नगर–ग्राम में इसवर्ष मेष–संक्रान्ति भा.स्टैं.टा. के अनुसार प्रातः 5 घं. 49 मि. पर ही होगी। लेकिन सूर्योदय तो प्रत्येक नगर–ग्राम में भिन्न–भिन्न काल में होगा; अतः जहां सूर्योदय 5 घं. 49 मि. (भा.स्टैं.टा.) से पहले हो जाएगा, वहां मेष–संक्रान्ति के समय रविवार होगा और तदनुसार वहां संवत् का मन्त्री सूर्य माना जाएगा। जहां सूर्योदय मेष संक्रान्तिकाल के बाद होगा, वहां मेष संक्रान्ति के समय शनिवार होगा, तदनुसार वहां संवत् का मन्त्री शनि माना जाएगा।

अगले पृष्ठ पर दिए गए भारत के मानचित्र में खींची गई **'क–ख'** रेखा से दाईं ओर स्थित देश के भाग में 14 अप्रैल 2002 ई. को सूर्योदय 5 घं. 49 मि. (भा.स्टैं.टा.) से पहिले हो जाएगा; अतः भारत के इस भाग में 2059 वि. संवत् का मन्त्री सूर्य होगा। क्योंकि देश के इस भाग में मेष–संक्रान्ति रविवार में होगी। इसीप्रकार इस **'क–ख'** रेखा से बाईं ओर स्थित देश के भाग में इसदिन (14 अप्रैल को) सूर्योदय 5 घं. 49 मि. (भा.स्टैं.टा.) के बाद होगा; अतः देश के इस भाग में सं. 2059 वि. का मन्त्री शनि ही माना जाएगा; क्योंकि देश के इस भाग में मेष–संक्रान्ति के समय शनिवार होगा।

इसी प्रकार इसवर्ष धनु सक्रान्ति भी भारत के दो अलग-अलग भागों में दो अलग-अलग वारों में घटित हो रही है। देखिए-इसवर्ष धनु संक्रान्ति 16 दिसम्बर (2002 ई.) को (भा.स्टैं.टा.) के अनुसार प्रातः 6 घं. 44 मि. पर हो रही है। जहां सूर्योदय इस दिन (16 दिसं. को) 6 घं. 44 मि.(भा.स्टैं.टा.)से पहिले हो जाएगा, वहां इस धनु संक्रान्ति के समय चन्द्रवार होगा और तदनुसार वहां इसवर्ष का धान्येश चन्द्रमा माना जाएगा। जहां इस दिन सूर्योदय 6 घं. 44 मि. (भा.स्टैं.टा.) के बाद होगा, वहां धनु संक्रान्ति के समय रविवार होने से धान्येश सूर्य होगा। यहां दाईं ओर दिए गए भारत के मानचित्र में खींची गई **'च-छ'** रेखा से दाईं ओर वाले भाग में इसदिन सूर्योदय 6 घं. 44 मि. (भा.स्टैं.टा.) से पहिले हो जाएगा, जिससे देश के इस भाग में धान्येश चन्द्रमा ही माना जाएगा। इस रेखा से बाईं ओर स्थित भाग में सूर्योदय 6 घं. 44 मि. के बाद होगा, अतः देश के इस भाग में धान्येश-सूर्य ही माना जाएगा।

इस विवेचन का सारांश यह है, कि- वर्ष के इन दस अधिकारियों का निर्धारण स्थानीय वारों पर ही निर्भर करता है। अतः स्पष्ट है;- किसी वर्ष का राजा, मन्त्री, रसेश किंवा अन्य अधिकारी भारत में जो ग्रह होगा, जापान, अमेरीका, इंग्लैण्ड आदि अन्य सभी देशों में भी वही हो;-ऐसा नहीं होता। विश्व के लगभग पचास प्रतिशत देशों में वर्षेश आदि के बारे में प्रतिवर्ष मतभेद अनिवार्यतः रहता ही है। भारत में भी ऐसा मतभेद दो-तीन वर्षों में एक-आध बार किसी न किसी वर्षाधिकारी के बारे में उत्पन्न होता ही रहता है।

मन्त्री और धान्येश के क्षेत्र

अथ वर्षराजादि फल विचार (सं. २०५९ वि.)

(सन् २००२-२००३ ई. की ग्रहपरिषद् का विवरण)

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९१०३, सृष्टिसंवत् १९५५८८५१०३, **श्री विक्रम संवत् २०५९,** शक संवत् १९२४, श्रीकृष्णजन्म संवत् ५२३८, कलिसंवत् ५१०३, श्रीजैनमहावीर निर्वाण संवत् २५२७-२८, श्रीबुद्ध सवत् २६२५-२६, हिजरी सन् १४२२-२३, फसली सन् १४०९-१४१०, **ईस्वी सन् २००२-०३ ई.।**

वर्षारम्भ में गुरुमान से विष्णुविंशति का **'मन्मथ'** नामक संवत्सर है; इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है:-

"मन्मथाब्देऽखिला लोकाः तस्करा अति लोलुपाः।
शालीक्षु - यव - गोधूमैर्नयनाभिनवा धरा ।।"

अर्थात् - प्रजा में नीच-मानसिकता वाले चोर,अतिलोभी व्यक्तियों की बहुलता रहे। धान, ईख, जौ एवं गेहूं आदि धान्यों से पृथ्वी पूर्ण रहे।

किञ्च - "मन्मथे शुक्रः स्वामी; राजविरोष; पूर्वदेशे लोकपीड़ा परं अतिवृष्टिः, रोग-बाहुल्यम्, धान्य-संग्रहः, चैत्रे वर्षा, भूमिकम्पः, वैशाखे समर्घता, ज्येष्ठाषाढ़योर्महर्घता, धान्ये षड्-गुणो लाभः। श्रावणेऽल्प-मेघः, भाद्रे महामेघोऽवृष्टिर्दिन१४। आश्विने रोगपीड़ा, अन्नं महर्घम्, धान्यमणं प्रतिद्रामा ६० लभ्यते; सर्वधातु-महर्घता। कार्त्तिके सुभिक्षं; गुर्जर देशापेक्षयान्न-समता। मार्गशीर्षादि मासत्रयेऽन्नं समर्घं, लोकसुखं, राजा सुस्थः, सर्वधातु समर्घं, वस्त्र महर्घता।"

इस संवत् का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) शनि, मन्त्री शनि, सस्येश (चौमासी फसलों के स्वामी) भौम, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी) सूर्य,मेघेश (मौसम-वर्षा-पानी के स्वामी) शनि, रसेश (गुड़-खाण्ड-रसकस आदि के स्वामी) गुरु,नीरसेश (सर्वविध धातु आदि व्यापार के स्वामी) मंगल, फलेश (फल-फूल आदि के स्वामी) शुक्र,धनेश (धन-दौलत एवम् खजाना के स्वामी) चन्द्र एवं दुर्गेश (सुरक्षा एवं प्रतिरक्षा के स्वामी) शुक्र हैं। वर्ष के उल्लिखित पदाधिकारियों का फल निम्नांकित है:-

(१) राजा शनि का फलः-

"शनैश्चरे भूमिपतौ सकृज्जलं प्रभूत रोगैःपरिपीड्यते जनः।
युद्धं नृपाणां गदतस्कराद्यैः भ्रमन्ति लोकाः क्षुधिताश्च देशान्।।"

अर्थात् - वर्षाकम हो, नानाविध रोगों से जनता पीड़ित हो। राजनीतिज्ञों में परस्पर वैमत्य किंवा राजाओं में युद्ध हो, रोग- चोर आदि से अशान्ति, कहीं अकाल की स्थिति से जनता स्थानान्तरण के लिए विवश हो।

(२) (क) मन्त्री शनि का फल-

"रविसुते यदि मन्त्रिणि पार्थिवा विनय-संरहिता बहुदुःखदाः।
न जलदा जलदा जनतापदा जनपदेषु सुखं न धनं क्वचित् ।।"

अर्थात् - शासकों के कठोर किंवा निर्दयतापूर्ण व्यवहार से जनता में दुःख किंवा असन्तोष रहे। वर्षा न होने से कुछ भूभाग अकाल-ग्रस्त हो, निर्धनता एवं दुःखमय वातावरण रहे।

विभिन्न स्थानों पर सूर्योदय में अन्तर होने से स्थान भेद से 'वार' में भी अन्तर हो जाता है। इसप्रकार इसवर्ष भारत के कुछ भागों (वाराणसी आदि) में वर्ष का मन्त्री सूर्य ही माना जाएगा। (पढ़ें -पृष्ठ 124 पर लेख — "**इसवर्ष का मन्त्री एवं धान्येश कौन है ?**")अतः यहां मन्त्रीसूर्य का फल देना भी प्रासंगिक समझते हैं।

(ख) - मन्त्री सूर्य का फल -

" नृपभयं गदतोपि हि तस्करात् प्रचुर धान्य धनादि महीतले।
रसचयं हि समर्घतमं तदा रविरमात्यपदं हि समागतः।। "

अर्थात् - सूर्य मन्त्री हो तो प्रजा में राजभय , चौर, ठग एवं नानाविध रोगों से भय व्याप्त हो। लेकिन धन-धान्य समृद्धि भी रहे। दूध, घी, गुड़ आदि रसों के संग्रह से लाभ रहे।

(३) सस्येश मंगल का फल :-

"प्रथम धान्यपतौ धरणीपतौ गज तुरग-खरोष्ट्र-गवामपि।
प्रभवदा बहुरोगघनो जलं न समसौख्यकरं तुष धान्यहृत्।।"

अर्थात् - हाथी-घोड़े-गधे-ऊँट और गाय-बैलों में रोग फैले, वर्षा की कमी व कहीं अवृष्टि रहे, गर्मी के धान्य (जौ, गेहूं एवं चावल आदि) की फसल को हानि पहुंचे।

(४) (क) - धान्येश-सूर्य का फल :-

"पश्चाद्धान्याधिपे सूर्ये पश्चाद्धान्यं तदा नहि।
विग्रहः भूभृतां धान्यं महर्घं ज्वरपीड़नम्।।"

अर्थात् - शरद् धान्यों (मूंग,मोठ,बाजरा आदि अनाजों) की फसल को हानि पहुंचे, राजनीतिज्ञों में परस्पर मतभेद किंवा देशों में परस्पर युद्ध का वातावरण रहे। धान्य मंहगे हों, प्रजा रोगों से पीड़ित रहे।

इसवर्ष विभिन्न प्रदेशों में सूर्योदय भेद से बार विभिन्नता के कारण धान्येश में भी अन्तर होने से उत्तरी भारत (पंजाब, हि.प्र.आदि) में तो धान्येश सूर्य ही माना जाएगा; लेकिन जहां धनु संक्रान्ति के दिन सूर्योदय ६ घं. ४४ मि. (भा.स्टैं.टा.) से पहिले होगा, वहां धनु संक्रान्ति के समय चन्द्रवार होने से धान्येश चन्द्र ही माना जाएगा। (पढ़ें पृ. 124 पर लेख **"इस वर्ष का मन्त्री एवम् धान्येश कौन ?"**) अतः इस दुविधा का अपाकरण करने के लिए हम धान्येश चन्द्र का फल दे देना भी प्रासंगिक समझतें हैं।

(४) (ख) धान्येश चन्द्र का फल :-

"चन्द्रे धान्यधिपे जाते प्रजावृद्धिः प्रजायते। गोधूमाः सर्षपाश्चैव गौषुक्षीरं तदा बहु ।।"

अर्थात् - चन्द्र के धान्याधिप होने पर प्रजा में वृद्धि, गेहूं, सरसों की फसल अच्छी हो, गऊएं अधिक दूध दें।

(५) मेघेश-शनि का फल :-

" रविसुते जलदस्य पतौ भवेद् विरलवृष्टिवती वसुधा तदा।
मनसि तापकरो नृपतिः सदा विविध रोगरता जनता मता।"

अर्थात् - वर्षा की बहुत कमी किंवा कहीं-कहीं अपर्याप्त वर्षा हो। शासकवर्ग चिन्ताग्रस्त (परेशान) रहें, जनता में अनेकविध रोग व्याप्त हों।

(६) रसेश-गुरु का फल :-

" यदि गुरु रसपो जन सौख्यदः कमलवन्ति सरांसि तृणानि च।
जनपदा द्विज-पूजन तत्परा गज सुवाजि-रथोष्ट्रयुता नृपाः।।"

अर्थात् - जनता सुखी रहे, कमल-तृणादि की उत्पत्ति अच्छी रहे। राष्ट्र (नगर-मण्डलों) में योग्य बुद्धिमान् व्यक्तियों का सम्मान हो, शासकवर्ग नानाविध वाहन व पशुधन से सुसज्जित रहें।

(७) नीरसेश-मंगल का फल :-

"नीरसेशो यदा भौमः प्रवाल-रक्त-वाससाम्। रक्तचन्दन ताम्राणामर्घ वृद्धिर्दिने-दिने।।"

अर्थात् - मूंगा, लालवस्त्र, लालचन्दन एवं ताम्बा आदि लालरंग की चीजों में प्रतिदिन मंहगाई का वातावरण रहे।

(८) फलेश शुक्र का फल :-

"यदि फलस्य पतौ भृगुजे धरा मृदुकुमार महीरुह राशयः।
बहुफला नरनाथ सुभोगदा द्विजवराः श्रुतिपाठ परायणाः।।"

अर्थात् - कोमल घास-फल-फूल-पौधे अधिक हों। राजालोग ऐश्वर्ययुक्त जीवन व्यतीत करें। वेद पुराण आदि के चिन्तन-पठन-पाठन की तरफ पण्डितों की प्रवृत्ति रहे।

(९) धनेश चन्द्र का फल :-

"धनपतिर्मृगलांछनको यदा रसचय-क्रय-विक्रयतो धनम्।
वसन-शालि-सुगन्ध रसं बहु द्रविण तैलयुतं नृपसौख्यदम्।।"

अर्थात् - रस (गुड़ आदि) के क्रय-विक्रय से धनलाभ हो। वस्त्र-चावल, सुगन्धित तेल-घी एवं रस के व्यापार से अच्छा लाभ हो, शासकों को सुख मिले।

(१०) दुर्गेश शुक्र का फल :-

" नगर देश विशेष पतिर्यदा भृगुसुतो बहु सौख्यकरो मतः।
विनयवणिज-गेहसमः सुखो नगवने निकटेऽपि च दूरतः।।"

अर्थात् - नगराधिप एवं देशाधिप सुखी रहें, व्यापारिक-क्षेत्र(विदेश), पर्वत एवं वनों में भी घर जैसा आनन्दप्रद वातावरण रहे।

सूचना - यद्यपि वर्ष के इन दशाधिकारियों का फल सर्वत्र होता है। किन्तु विशेषतः राजा का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं वराड़ देश में; मन्त्री का फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवं मालवा में; सस्येश का पौण्ड्र, विदर्भ में; धान्येश का गुजरात, नर्मदा के तटवर्ती प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में; मेघेश का मगध एवं बंगाल में; रसेश का कोंकण एवं गोवा में; नीरसेश का मालवा व बिहार में; धनेश का राजस्थान एवं बाड़मेर में; फलेश-दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है।

वर्षा आदि के विश्वामान

वर्षाविश्वा १३, धान्य ७, तृण ६, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह २, क्षुधा ६, तृषा ३, निद्रा १५, आलस्य ११, उद्यम ११, शांति ७, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ६, फल १३, उत्साह ११, उग्रता ५, पाप १, पुण्य ३, व्याधि १७, व्याधिनाश १३, आचार ११, अनाचार १५, मृत्यु ११, जन्म १, देशोपद्रव ५, देशस्वास्थ्य ६, चौर १५, चौरनाश ७, अग्नि ३, अग्निशांति ५, उद्भिज्ज ७, जरायुज ३, अण्डज १३, स्वेदज ६, टिड्डी ११, तोता १३, मूषक १३, सोना ५, तांबा १७, स्वचक्र १५, परचक्र १७, वृष्टि १६, वृष्टिनाश ६, एवं संवत् विश्वा ८ है।

आवर्तकादि चतुर्मेघ - चतुर्मेघों में **'पुष्कर'** नामक मेघ है।

फल- वर्षा अधिक हो, **"पुष्करे बहुलं तोयम्"**। बाढ़ आदि से विनाश लीला का दृश्य उपस्थित हो।

नवमेघ विचार - नौ मेघों में **'संवर्त'** नामक मेघ का फल :-

"कामाधिक्यं स्वल्पता धर्मकार्ये पृथ्वीपालास्तत्परा नान्यकार्ये।
संवर्ताख्यो नीरदः स्याद्धि यत्र प्राचो वायुर्वाति सर्वत्र तत्र।।"

अर्थात् - वासना जन्य अनैतिक घटनाएं अधिक हों, धर्मकर्म में रुचि कम हो, शासकवर्ग स्वकार्य किंवा आत्मतोषण में ही संल्लग्न रहें, अन्यकार्य में रुचि न लें। पूर्वदिशा में वायुवेग अधिक रहे।

अनन्तादि अष्टनाग - अनन्तादि अष्टनागों में **'शंख'** नामक नाग है।

फल :- जल-वायु एवं प्राकृतिक-प्रकोप से कहीं हानि हो। कहीं अकाल की स्थिति से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहे।

सुबुध्नादि बारह नाग - सुबुध्नादि बारह नागों में **'तक्षक'** नामक नाग का फल:-

"तक्षकाभिष नागेन्द्रो जायते यत्र वर्षके। तत्र तु मध्यमा वृष्टिः विग्रहो मरणं ध्रुवम्।।"

अर्थात् - वर्षा मध्यम हो, कुछ देशों में युद्ध से वातावरण अशान्त रहे, किसी विशिष्ट-व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त हो।

सप्तवायु ज्ञान - आवह आदि वायु-सप्तक में इस वर्ष **'वायु'** नामक वायु है।

फल:- भयंकर वायुवेग से कहीं जनधनहानि हो। खड़ी फसलों को हानि पहुंचे।

इसवर्ष का वाहन - वर्षेश शनि होने से इसवर्ष का वाहन **'महिष (भैंसा)'** है।

फल:- पूर्व-दक्षिण दिशाओं में स्थित-प्रान्तों एवं देशों में कहीं भयंकर रेल-वायुयान दुर्घटना व भूकम्प आदि प्राकृतिक-प्रकोप से भारी जनधन हानि के योग हैं। उड़ीसा-आसाम-बिहार-गुजरात एवं पूर्वी देशों के लिए यह वर्ष नेष्ट प्रतीत होता है।

इस वर्ष के चार स्तम्भ

(१) **जलस्तम्भ** - (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र) ६ प्रतिशत है।

(२) **वायुस्तम्भ** - (ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र) ८३ प्रतिशत है।

(३) **तृणस्तम्भ** - (वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र) का अभाव है।

(४) **अन्नस्तम्भ** - (आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र) ७२ प्रतिशत है।

उल्लिखित चार स्तम्भ देश के कुशल-क्षेम ज्ञानार्थ विशेष महत्व रखते हैं। क्योंकि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सत्ता जल, वायु, अन्न एवं तृण (जड़ी-बूटियों) आदि पर ही निर्भर है। संवत् का शुभाशुभ भी इन्हीं स्तम्भों के आधार पर जाना जा सकता है। जनमानस एवं देश-विशेष की खुशहाली के मूल ये चार स्तम्भ ही हैं। अतः इन चार स्तम्भों का प्रतिशतता के आधार पर सामूहिक फल इस प्रकार होगा :-

फल - इसवर्ष जलस्तम्भ केवल ६ प्रतिशत है एवं तृणस्तम्भ का अभाव है। अतः जल एवं तृण स्तम्भ विचार से यह वर्ष काफी कमजोर है। वायु एवं अन्नस्तम्भ प्रवल हैं। तृणस्तम्भ के अभाव से पूर्व-दक्षिणवर्ती भूभाग पर कहीं अकाल की छाया एवं पशुचारा भी उपलब्ध न होगा। जलस्तम्भ क्षीण होने से इसवर्ष अनेकत्र वर्षा की कमी होगी। अन्न एवं वायु स्तम्भ के सशक्त होने से यह वर्ष अनाज भण्डारण के लिए सुखद रहेगा। वायु सुखद एवं पर्याप्त सुख-समृद्धिप्रद रहेगी।

आर्षमान विचार (वर्षरक्षा के लिए चार दुर्ग) :-

(१) **प्रथम आर्ष** - (अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र) का अभाव है।

(२) **द्वितीय आर्ष** - (सं. २०५८ वि. में पौष अमा को मूल नक्षत्र) का अभाव है।

(३) **तृतीय आर्ष** - (श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र) ५ प्रतिशत है।

(४) **चतुर्थ आर्ष** - (कार्त्तिक पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र) ५३ प्रतिशत है।

फल - इसवर्ष की रक्षा के संकेतक तीन दुर्ग बहुत ही क्षीण हैं। राजनैतिक-दृष्टि से देश को अनेकविध आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। राजनीतिज्ञ नए शक्ति परीक्षण की तरफ बढ़ेंगे। कहीं धार्मिक उन्माद- जन्य एवं प्रान्तीय-समस्याएं उलझ कर सामने आएंगी। कहीं विरोधी देश की सीमाओं पर युद्धमय वातावरण से अशान्ति, किसी प्रान्त में भूकम्प-अग्निकाण्ड आदि प्राकृतिक-प्रकोप से जनधनहानि भी होगी।

दोहा :-

"अखैतीज रोहिणी न होई, पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणों हीन विचारो, कार्तिक पुण्यों कृत्तिका टारो।
महीमाह खलबली प्रकाशै, कहै भड्डली साख विनाशै।। "

रोहिणी का वास

इसवर्ष **रोहिणी** का वास **'तट'** पर है।

फल - **'तटेवृष्टिः सुशोभना'** वर्षा पर्याप्त हो। इसवर्ष बहुजलीय अन्न-चावल आदि की फसल अधिक होगी। न्यूनवर्षा वाले बागड़ादि प्रान्तों में भी आगे-पीछे वर्षा होने से कृषक लोगों को सहारा मिलेगा।

समय का वास - इसवर्ष समय का वास **'धोबी'** के घर है। तालाब, नदी, नाले एवं वावड़ियां जल से परिपूर्ण रहें। राजस्थान आदि में भी वर्षा हो।

शनि की दृष्टि

संवत् के प्रारम्भ से २२ जुलाई २००२ ई. तक शनि वृष राशि में ही रहेगा; तत्पश्चात् २३ जुलाई (२००२ ई.) से ७ जनवरी सन् २००३ ई. तक शनि मिथुन राशि में संचरण करेगा। इसके बाद ८ जनवरी सन् (२००३ ई.) से संवत् के अन्त तक शनि वक्र स्थिति में पुनः वृष राशि में आ जाता है और संवत् २०५९ वि. के अन्त तक वृष राशि में ही रहता है। वृष-मिथुन राशिस्थ शनि की दृष्टि पूर्वदिशा की तरफ ही रहती है।

